सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

सोमवार, 29 जुलाई, 2024 लखनऊ, महानगर, वर्ष 19, अंक 206, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



## कंपनियों की पूंजी 1.85 लाख करोड़ बढ़ी

सेंसेक्स की शीर्ष 10 मूल्यवान कंपनियों में से छह के बाजार पूंजीकरण में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 1,85,186.51 करोड़ की बढ़ोतरी हुई। } 14

## क्या वाल्मीकि समुदाय के पैसे की हेराफेरी करना न्याय है: सीतारमण

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मुख्यमंत्री सिद्धरमैया पर निशाना साधते हुए पूछा कि क्या आदिवासी वाल्मीकि समुदाय के पैसे की हेराफेरी करना न्याय है। } 16

### संक्षेप

## विधान सभा सत्र आज से

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने सोमवार से प्रारम्भ हो रहे विधानसभा के सत्र को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए सभी दलीय नेताओं से सहयोग के लिए अनुरोध किया है। विधान सभा अध्यक्ष ने दलीय नेताओं से कहा कि वह सदन में अपना पक्ष शालीनता एवं संसदीय मर्यादा के अन्तर्गत रखते हुए प्रेमपूर्ण वातावरण में सदन में बहस करें। सर्वदलीय बैठक के दौरान विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि संसदीय व्यवस्था में संवाद और सकारात्मक चर्चा-परिचर्चा के माध्यम से लोकतंत्र मजबूत होता है। (विस्तृत खबर पेज 2 पर)

## सीयूईटी यूजी का परिणाम घोषित

नई दिल्ली। इस साल 261 केंद्रीय, राज्य, डीम्ड और निजी विश्वविद्यालयों में स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए संयुक्त प्रवेश परीक्षा को लेकर 13.4 लाख से अधिक छात्रों ने पंजीकरण कराया था। 2022 में आयोजित परीक्षा के पहले संस्करण में तकनीकी गड़बड़ियों की वजह से परीक्षा प्रभावित हुई थी। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा-स्नातक (सीयूईटी-यूजी) के परिणाम घोषित कर दिए हैं। अब स्नातक दाखिला प्रक्रिया शुरू करने का रास्ता साफ हो गया है। दाखिला प्रक्रिया में इस साल काफी देरी हो चुकी है। इससे पहले एनटीए ने सात जुलाई को सीयूईटी-यूजी 2024 की उत्तर कुंजी जारी कर दी थी, जिससे नतीजों के एलान का रास्ता साफ हो गया है। लगभग एक हजार अभ्यर्थियों की शिकायत सही पाए जाने पर उनकी दोबारा परीक्षा 19 जुलाई को आयोजित की गई थी। राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (स्नातक) (नीट-यूजी) और राष्ट्रीय पात्रता ...शेष पृष्ठ 14 पर

## सिसोदिया की जमानत पर सुनवाई आज

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय कथित दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार और धनशोधन के मामलों में आम आदमी पार्टी (आप) के नेता मनीष सिसोदिया की जमानत याचिकाओं पर सोमवार को सुनवाई करेगा। दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री ने जमानत का अनुरोध करते हुए दलील दी कि वह 16 महीनों से जेल में हैं और उनके खिलाफ मुकदमे में पिछले साल अक्टूबर से अब तक कोई प्रगति नहीं हुई है। उच्चतम न्यायालय की वेबसाइट पर अपलोड 29 जुलाई की वाद सूची के अनुसार, न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति के. वी. विश्वनाथन की पीठ सिसोदिया की याचिकाओं पर सुनवाई करेगी। न्यायालय 16 जुलाई को याचिकाओं पर सुनवाई करने के लिए सहमत हो गया था।



### आज का मौसम

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 43.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 29.04 डिसे. |

### भीतर पढ़ें


- महाकुंभ में डेढ़ लाख अस्थायी शौचालय बनेंगे (पृष्ठ-02)
- श्री काशी विश्वनाथ धाम में बाबा के गौरीशंकर स्वरूप का होगा श्रृगार (पृष्ठ-02)
- एफपीआई ने शेयरों में 33,600 करोड़ डाले (पृष्ठ-14)
- इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश हुआ पांच गुना (पृष्ठ-14)
- कंपनियों के नतीजें तय करेंगे शेयर बाजार की दिशा (पृष्ठ-14)


# विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष होंगे माता प्रसाद पांडेय

विशेष संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानसभा में समाजवादी पार्टी (सपा) के वरिष्ठ सदस्य माता प्रसाद पांडेय नेता प्रतिपक्ष होंगे। यह पद सपा प्रमुख अखिलेश यादव के सांसद चुने जाने के बाद विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा देने की वजह से रिक्त हुआ था।

सपा प्रमुख यादव ने पांडेय को बधाई देते हुए उम्मीद जतायी है कि वह एक प्रकाश स्तंभ के रूप में संविधान की सशक्त परंपरा का मार्ग सदैव प्रकाशित करके, सही दिशा दिखाते रहेंगे। सोमवार को विधानसभा सत्र की कार्यवाही शुरू होने से एक दिन पूर्व रविवार को अखिलेश यादव ने विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना को भेजे एक पत्र में माता प्रसाद पांडेय (82) को नेता प्रतिपक्ष बनाये जाने का अनुरोध किया। सपा ने पत्र सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया है। यादव द्वारा विधानसभा अध्यक्ष को भेजे गये पत्र के मुताबिक, माता प्रसाद पांडेय विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष, महबूब अली ...शेष पृष्ठ 14 पर

# मनु भाकर ने भारत को दिलाया पहला कांस्य

## भारत ने निशानेबाजी के ओलंपिक पदक के 12 साल के सूखे को खत्म किया

एजेंसी

शेटराउ (फ्रांस)। स्टार निशानेबाज मनु भाकर ने रविवार को यहां महिला 10 मीटर एयर पिस्टल फाइनल में कांस्य पदक के साथ निशानेबाजी में ओलंपिक पदक के भारत के 12 साल के इंतजार को खत्म किया और पेरिस ओलंपिक में भारत के पदक का खाता खोला। वह ओलंपिक पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला निशानेबाज भी बनीं। पेरिस से लगभग 300 किमी की दूरी पर स्थित निशानेबाजी रेंज में राइफल निशानेबाजों रमिता जिंदल और अर्जुन बबूता ने भी क्रमशः महिला 10 मीटर एयर राइफल और पुरुष 10 मीटर एयर राइफल के फाइनल में जगह बनाकर पदक की उम्मीद जगाई। यहां के दृश्य तीन साल पहले तोक्यो ओलंपिक से बिल्कुल विपरीत थे जब भारत का प्रतिनिधित्व करने गए 15 निशानेबाजों में से केवल 10 मीटर एयर पिस्टल निशानेबाज सौरभ चौधरी ही फाइनल तक पहुंच पाए थे। मनु भी तोक्यो में भारतीय टीम का हिस्सा थी और पदक जीतने में नाकाम रहने के बाद निशानेबाजी रेंज से रोते हुए बाहर निकलीं थीं। इस निशानेबाज ने कहा, तोक्यो के बाद मैं बहुत निराश थी और मुझे इससे उबरने में बहुत लंबा समय लगा। सच कहूं तो मैं यह नहीं बता सकती कि आज मैं कितना अच्छा महसूस कर रही हूं। मनु का तोक्यो ओलंपिक में इसी स्पर्धा के क्वालिफिकेशन के दौरान पिस्टल में खराबी के कारण आंसुओं के साथ अभियान समाप्त हो गया था। (विस्तृत खबर पेज 15 पर)





## सिंधू ने फातिमाथ के खिलाफ जीत से अभियान शुरू किया

पेरिस। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू ने रविवार को यहां पेरिस ओलंपिक की महिला एकल स्पर्धा में अपने अभियान की शुरुआत ग्रुप एम के मैच में मालदीव की फातिमाथ अब्दुल रज्जाक के खिलाफ आसान जीत के साथ की। लगातार तीसरे ओलंपिक पदक के लिए चुनौती पेश कर रही सिंधू और फातिमाथ के बीच का अंतर साफ नजर आया। भारतीय खिलाड़ी ने अपने से कम रैंकिंग वाली खिलाड़ी को सिर्फ 29 मिनट में सीधे गेम में 21-9 21-6 से शिकस्त दी। सिंधू ने अपने ओलंपिक सफर के बारे में कहा, यह अच्छी शुरुआत थी, मैं खुश हूं। मैं कोर्ट और परिस्थितियों के साथ तालमेल बैठाने में सफल रही। यह एक लंबा समय रहा है, तीन साल बाद वापसी करना, यह बहुत खास है। 2016 (ओलंपिक) अलग था और 2020 (2021) पूरी तरह से अलग था। यह दोनों का एक तरह का मिश्रण है। उन्होंने कहा, मैं इसका आनंद ले रही हूं और दूसरे मैच को लेकर उत्सुक हूं। (विस्तृत खबर पेज 15 पर)

# विकसित भारत के लिए विरासत का विकास जरूरी

## नीति आयोग की बैठक के दूसरे दिन पीएम मोदी ने मुख्यमंत्रियों को किया संबोधित

एजेंसी





नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि केंद्र और राज्य सरकारें अधिक मजबूती से लोक कल्याण के समन्वित और मजबूत प्रयासों में जुट जाती हैं तो विकसित भारत का लक्ष्य निश्चित तौर से हासिल किया जा सकता है।

पार्टी के वरिष्ठ नेता और भारतीय जनता पार्टी के सुशासन प्रकोष्ठ के संयोजक विनय सहस्रबुद्धे की ओर से जारी एक बयान के मुताबिक मोदी ने कहा कि विरासत का विकास करना और विकास की विरासत का निर्माण करना विकसित भारत की संकल्पना में विशेष महत्व रखता है। प्रधानमंत्री यहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) शासित राज्यों के 13 मुख्यमंत्रियों और 15 उपमुख्यमंत्रियों की दो दिवसीय बैठक के दूसरे दिन उन्हें संबोधित कर रहे थे। मोदी ने देश को 5,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के अपनी सरकार के एजेंडे के बारे में विस्तार से चर्चा की और कल्याणकारी उपायों में जनता की भागीदारी के महत्व पर जोर दिया। सहस्रबुद्धे ने कहा कि प्रधानमंत्री ने विभिन्न समूहों को लक्षित करते हुए सरकारी योजनाओं की अधिकतम पहुंच सुनिश्चित करने के लिए सोशल मीडिया के उपयोग पर भी जोर दिया। केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, अमित शाह और जे पी नड्डा सहित वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने मुख्यमंत्री परिषद में भाग लिया। इसका आयोजन समय-समय पर होता रहता है और इसमें बड़े पैमाने पर शासन के मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया जाता है। शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने नई शिक्षा नीति और इसके क्रियान्वयन में राज्यों की भूमिका के बारे में बात की। बैठक के दौरान विभिन्न राज्यों ने अपनी कुछ प्रमुख व महत्वाकांक्षी योजनाओं पर प्रस्तुति दी। मुख्यमंत्रियों समेत भाजपा नेताओं के साथ बातचीत में मोदी ने अक्सर कल्याणकारी योजनाओं की कवरेज सुनिश्चित करने की जरूरत पर जोर दिया है और कहा है कि पार्टी शासित राज्यों को सुशासन के उदाहरण के तौर पर देखा जाना चाहिए। उन्होंने शनिवार को कहा कि हमारी पार्टी सुशासन को आगे बढ़ाने और लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए अथक प्रयास कर रही है। भाजपा द्वारा नियमित अंतराल पर आयोजित मुख्यमंत्री परिषद का उद्देश्य राज्यों में प्रमुख योजनाओं की समीक्षा करना, शासन के सर्वोत्तम तौर-तरीकों और केंद्र सरकार की कल्याणकारी पहल को लागू करना है। बैठक में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा, राजस्थान के भजनलाल शर्मा और ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी शामिल ...शेष पृष्ठ 14 पर

# सीएम योगी के 'बाघ मित्र' की पीएम ने की तारीफ

विशेष संवाददाता



लखनऊ। सोमवार को विश्व बाघ दिवस है। इसके पूर्व रविवार को 'मन की बात' के 112वें एपिसोड़ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पीलीभीत के 'बाघ मित्र कार्यक्रम' की चर्चा और तारीफ की। पीलीभीत में पहले आए दिन मानव वन्य जीव संघर्ष की घटनाएं होती थीं। इस पर काफी हद तक अंकुश लगाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में 2019 में पीलीभीत में 'बाघ मित्र कार्यक्रम' प्रारंभ किया गया। वहीं पिछले वर्ष अक्टूबर 2023 में सीएम योगी ने पीलीभीत में ही 'बाघ मित्र ऐप' का शुभारंभ किया। वर्तमान में पीलीभीत में 120 से अधिक बाघ मित्र बनाए जा चुके हैं।

- **सीएम योगी के मार्गदर्शन में 2019 में शुरू किया गया था 'बाघ मित्र कार्यक्रम'**
- **पीलीभीत टाइगर रिजर्व में आठ वर्ष में ही तीन गुना से अधिक हुए बाघ, 2014 में थे 24 बाघ-2022 में संख्या बढ़कर हुई 72**
- **पीलीभीत में अब तक बनाये गये 120 से अधिक बाघ मित्र, युवा से लेकर महिलाएं व बुजुर्ग तक शामिल**

इनमें चार महिलाओं समेत कई युवा, बुजुर्ग भी शामिल हैं। जो व्हाट्स ग्रुप पर बाघ या अन्य जानवरों की जानकारी उपलब्ध कराते हैं। इस पर तत्काल वन विभाग की टीम मुश्तैद होकर बाघ की लोकेशन लेते हुए आमजन की सुरक्षा में जुट जाती है। पीलीभीत टाइगर रिजर्व के प्रभागीय वनाधिकारी मनीष सिंह ने बताया कि पहले पीलीभीत में आए दिन मानव वन्यजीव संघर्ष की अप्रिय घटनाएं होती थीं। इसे देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में 2019 में पीलीभीत में बाघ ...शेष पृष्ठ 14 पर

# असुरक्षित निर्माण ले रहे लोगों की जान : राहुल

एजेंसी



नयी दिल्ली। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने दिल्ली के ओल्ड राजेंद्र नगर इलाके में एक कोचिंग संस्थान की इमारत के बेसमेंट में पानी भरने के कारण सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कर रहे तीन अभ्यर्थियों की मौत पर रविवार को शोक जताया।

राहुल गांधी ने कहा कि आम लोग असुरक्षित निर्माण, खराब नगर नियोजन और हर स्तर पर संस्थानों के गैर-जिम्मेदाराना रुख की कीमत अपनी जान गंवाकर चुका रहे हैं। कांग्रेस नेता ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, दिल्ली की एक इमारत के बेसमेंट में पानी भर जाने के कारण प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे तीन अभ्यर्थियों की मौत बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। कुछ दिन पहले बारिश के दौरान करंट लगने से एक अभ्यर्थी की मौत हो गई थी। सभी शोकाकुल परिजनों के प्रति भावपूर्ण संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। उन्होंने कहा, इस तरह का असुरक्षित निर्माण तंत्र की साझा असफलता है। असुरक्षित निर्माण, लचर नगर नियोजन और हर स्तर पर संस्थाओं के गैर-जिम्मेदाराना रुख की कीमत आम नागरिक अपना जीवन गंवाकर चुका रहे हैं। गांधी ने कहा कि एक सुरक्षित एवं आरामदायक जीवन हर नागरिक का अधिकार है और इसे सुनिश्चित करना सरकारों का दायित्व है। दिल्ली पुलिस ने रविवार को उस कोचिंग सेंटर के मालिक और समन्वयक को गिरफ्तार कर लिया, जिसके बेसमेंट में शनिवार को पानी भर जाने के कारण तीन अभ्यर्थियों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने उनके खिलाफ गैर-इरादतन हत्या समेत अन्य आरोपों के तहत मामला दर्ज किया है।

# दिल्ली के कोचिंग सेंटर में भरा पानी, तीन छात्रों की मौत

## बचाये गये 14 छात्र, मालिक और समन्वयक गिरफ्तार, नाराज छात्रों ने घेरा एमसीडी कार्यालय

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने रविवार को उस कोचिंग सेंटर के मालिक और समन्वयक को गिरफ्तार कर लिया, जिसके बेसमेंट में शनिवार को पानी भर जाने के कारण तीन छात्रों की मौत हो गई। जबकि 7 घंटे की मशक्कत के बाद 14 छात्रों को सुरक्षित निकाल लिया गया।

अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने उनके खिलाफ गैर-इरादतन हत्या समेत अन्य आरोपों के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस उपायुक्त एम हर्षवर्धन ने कहा, हमने राजेंद्र नगर पुलिस थाने में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 105 (गैर-इरादतन हत्या), 106 (1) (जल्दबाजी या लापरवाही में किए कार्य से किसी व्यक्ति की मौत का कारण बनना, जो आपराधिक मानव वध की श्रेणी में नहीं आता), 115 (2) (स्वेच्छा से चोट पहुंचाने की सजा), 290 (इमारतों को गिराने, मरम्मत करने या बनाने के संबंध में लापरवाही) और धारा 35 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।





उन्होंने कहा कि अब तक हमने दो लोगों-कोचिंग सेंटर के मालिक और समन्वयक को गिरफ्तार किया है। डीसीपी ने कहा, तलाश और बचाव अभियान समाप्त हो गया है। बेसमेंट से कुल तीन शव मिले हैं। सभी की पहचान कर ली गई है और हमने घटना के बारे में मृतकों के परिजन को सूचित कर दिया है। बचाव अभियान के दौरान दो छात्राओं और ...शेष पृष्ठ 14 पर

**विशेष खबर** खादी ग्रामोद्योग का कारोबार पहली बार डेढ़ लाख करोड़ रुपये के पार पहुंचा : मोदी

# नये रोजगार पैदा कर रही है खादी की बढ़ती बिक्री

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि खादी ग्रामोद्योग का कारोबार पहली बार डेढ़ लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गया है तथा खादी एवं हथकरघा की बढ़ती बिक्री बड़ी संख्या में रोजगार के नए अवसर पैदा कर रही है। आकाशवाणी पर प्रसारित अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात की 112वीं कड़ी में मोदी ने कहा कि जो पहले कभी खादी के उत्पादों का उपयोग नहीं करते थे, वह भी आज बड़े गर्व से खादी पहनते हैं। उन्होंने देशवासियों से खादी के कपड़े खरीदने का आग्रह भी किया।

उन्होंने कहा कि मुझे यह बताते हुए आनंद महसूस हो रहा है कि खादी ग्रामोद्योग का कारोबार पहली बार डेढ़ लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गया है। सोचिए, डेढ़ लाख करोड़ रुपयेउ और जानते हैं, खादी की बिक्री कितनी बढ़ी है? 400 प्रतिशत। प्रधानमंत्री ने कहा कि खादी एवं हैंडलूम उत्पादों की बढ़ती ब्रिक्री देश में रोजगार के नये अवसर भी पैदा कर रही है और चूंकि, इससे महिलाएं सबसे ज्यादा जुड़ी हैं तो सबसे ज्यादा फायदा भी उन्हीं को हो रहा है। अगस्त के महीने को आजादी का महीना करार देते हुए मोदी ने कहा कि लोगों के पास भांति-भांति के वस्त्र होंगे, लेकिन अभी तक उन्होंने यदि खादी के वस्त्र नहीं खरीदे हैं, तो वे इस साल से ही इनकी खरीदारी शुरू कर दें। उन्होंने कहा कि अगस्त का महीना आ गया है। यह आजादी मिलने का महीना है, क्रांति का महीना है। इससे बढ़िया अवसर और क्या होगा खादी खरीदने के लिए। मन की बात की इस कड़ी में प्रधानमंत्री ने मादक पदार्थों के सेवन से जुड़ी चिंताओं पर भी बात की। उन्होंने लोगों से भारत को नशा मुक्त बनाने की अपील की। मोदी ने कहा कि नशे की लत के शिकार लोगों की मदद के लिए सरकार ने मानस नामक अभियान की शुरुआत की है, जो मादक पदार्थों के खिलाफ लड़ाई में बहुत बड़ा कदम है। उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले ही मानस की हेल्पलाइन और पोर्टल को लॉन्च किया गया था और सरकार ने एक टोल फ्री नंबर 1933 भी जारी किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस पर कॉल करके कोई भी जरूरी सलाह ले सकता है या फिर पुनर्वास से जुड़ी जानकारी हासिल कर सकता है। उन्होंने लोगों से मादक पदार्थों से जुड़ी जानकारी इस नंबर पर साझा करने का आग्रह भी किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि पेरिस ओलंपिक की शुरुआत के साथ खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने का मौका मिलता है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि वे उन्हें प्रोत्साहित करें। कार्यक्रम के दौरान, मोदी ने उन भारतीय छात्रों के साथ बातचीत की जिन्होंने हाल ही में आयोजित गणित ओलंपियाड में बहुत अच्छा प्रदर्शन ...शेष पृष्ठ 14 पर



# भोजपुरी को आधिकारिक दर्जे के लिए विधेयक पेश

एजेंसी



नयी दिल्ली। भोजपुरी सुपरस्टार और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद रवि किशन ने भोजपुरी को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने के लिए लोकसभा में एक निजी सदस्य विधेयक पेश किया है ताकि इसे आधिकारिक भाषा का दर्जा दिया जा सके।

रवि किशन ने शुक्रवार को संविधान (संशोधन) विधेयक, 2024 पेश किया और कहा कि वह इस बात को रेखांकित करना चाहते हैं कि भोजपुरी भाषा बकवास गीतों के बारे में नहीं है, बल्कि इसका एक समृद्ध सांस्कृतिक इतिहास और साहित्य है जिसे बढ़ावा देने की आवश्यकता है। उत्तर प्रदेश के गोरखपुर से भाजपा सांसद ने पीटीआई-भाषा से बातचीत में कहा, इतने सारे लोग इस भाषा को बोलते और समझते हैं। यह हमारी मातृभाषा है। मैं इस भाषा को बढ़ावा देना चाहता हूं क्योंकि इस भाषा में फिल्म उद्योग भी ...शेष पृष्ठ 14 पर

# 'मन की बात' राष्ट्रीय चेतना व जनजागरण का सशक्त माध्यम : योगी

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'मन की बात' में इंटरनेशनल मैथमेटिक्स ओलंपियाड में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली भारतीय टीम के जज्बे का किया उल्लेख

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर लिखा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज मन की बात कार्यक्रम में इंटरनेशनल मैथमेटिक्स ओलंपियाड में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली भारतीय टीम और उनके जज्बे व प्रतिभा का गौरवपूर्ण उल्लेख किया है।

- **प्रधानमंत्री द्वारा उठाये गये विषय जनांदोलन का रूप लेकर भारत को प्रदान कर रहे नयी दिशा**
- **भारतीय टीम की उपलब्धि ने भारत की मेधा को वैश्विक मंच पर किया है प्रतिष्ठित : सीएम**

सीएम योगी आदित्यनाथ ने लिखा कि चार स्वर्ण और एक रजत पदक हासिल करते हुए ओवरऑल टैली में शीर्ष पांच में पहुंचकर समूचे विश्व में भारत का मान बढ़ाने वाली भारतीय टीम का हार्दिक अभिनंदन! इस उपलब्धि ने भारत की मेधा को वैश्विक मंच पर प्रतिष्ठित किया है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने लिखा कि टीम के सदस्य कनव तलवार ग्रेटर नोएडा, आदित्य वेंकट गणेश पुणे, सिद्धार्थ चोपरा पुणे, अर्जुन गुप्ता दिल्ली, रुशील माथुर मुंबई और आनंदो भादुरी गुवाहाटी के नेतृत्व में मिली यह ऐतिहासिक उपलब्धि असंख्य युवाओं के लिए अथाह प्रेरणा प्रदान करने वाली है। टीम का उत्साहवर्धन करने के लिए सीएम योगी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अभार जताया।



**स्वदेशी अभियान को नई ऊर्जा प्रदान करने वाली पहल भारतीयों के जीवन में लाएगी समृद्धिः मुख्यमंत्री**

सीएम योगी आदित्यनाथ ने 'एक्स' पर लिखा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज मन की बात कार्यक्रम में 'आत्मनिर्भर भारत' के संकल्प की सिद्धि की दिशा में स्वदेशी अभियान को नई ऊर्जा प्रदान करने वाली एक अभिनव पहल का आह्वान किया है। प्रधानमंत्री जी ने देशवासियों से अपने पसंदीदा स्थानीय उत्पादों को MyProductMyPride के साथ सोशल मीडिया पर साझा करने का आग्रह किया है। यह पहल लघु उद्योगों और कारीगरों को बढ़ावा देकर लाखों-करोड़ों भारतीयों के जीवन में समृद्धि लाएगी। सीएम ने आमजन से अपील की कि 'वोकल फॉर लोकल' के मंत्र को अंगीकार करते हुए अपने पसंदीदा स्थानीय उत्पादों की तस्वीरें MyProductMyPride के साथ पोस्ट कर प्रधानमंत्री जी के इस पहल को सफल बनाएं। सीएम योगी आदित्यनाथ ने लिखा कि इस प्रेरक पहल के लिए प्रधानमंत्री जी का हार्दिक आभार!

**सीएम की अपील- पीएम के आह्वान पर 'हर घर तिरंगा' अभियान से जुड़ें :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'मन की बात' में 15 अगस्त (स्वतंत्रता दिवस) पर 'हर घर तिरंगा' अभियान की भी चर्चा की। इससे जुड़ने का आह्वान करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर लिखकर राष्ट्रभक्तों की पावन स्मृतियों को नमन करने की अपील की।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने 'एक्स' पर लिखा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज मन की बात कार्यक्रम में 15 अगस्त 'स्वतंत्रता दिवस' के साथ जुड़े 'हर घर तिरंगा अभियान' को लेकर देशवासियों के अपार उत्साह की चर्चा की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हम सभी से देश की शान तिरंगे के साथ पूर्व की भांति इस वर्ष भी अपनी सेल्फी लेकर हर घर तिरंगा डॉट कॉम पर अपलोड करने का आह्वान किया है।

इस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार जताते हुए सीएम योगी आदित्यनाथ ने देशवासियों से अपील करते हुए लिखा कि आइए, भारत माता के सभी वीर सपूतों, ज्ञात/अज्ञात अमर बलिदानियों और राष्ट्रभक्तों की पावन स्मृतियों को नमन करते हुए इस जन-आह्वान से हम सब जुड़ें।

- **मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अपील- पीएम नरेंद्र मोदी के आह्वान पर 'हर घर तिरंगा' अभियान से जुड़ें देशवासी**
- **इंटरनेशनल मैथमेटिक्स ओलंपियाड में मेधा ने भारत को वैश्विक मंच पर प्रतिष्ठित किया: सीएम योगी**

# रितिक पाण्डेय के परिजनों से मिले सपा के प्रतिनिधि

**लखनऊ।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधिमण्डल ने आज लखनऊ के सरोजनीनगर के बंथरा निवासी रितिक पाण्डेय (22वर्ष) की दबंगों द्वारा हत्या किये जाने की घटना पर शोकाकुल परिवार से मिलकर सांत्वना दी। घटनास्थल से लौटकर प्रतिनिधिमण्डल के सदस्यों ने बताया कि मृतक का परिवार आतंक की छाया में जी रहा है। वे चाहते हैं कि बंथरा थाने से जांच हटाई जाए। प्रतिनिधिमण्डल की सदस्य सुश्री पूजा शुक्ला ने परिवार की महिलाओं से मिलकर उन्हें न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया। प्रतिनिधिमण्डल ने मांग की है कि अपराधियों को सख्त सजा दी जाए। परिवार के किसी सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए।

# सदन में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच सार्थक चर्चा हो : महाना

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने सोमवार से प्रारम्भ हो रहे विधानसभा के सत्र को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए सभी दलीय नेताओं से सहयोग के लिए अनुरोध किया है। विधान सभा अध्यक्ष ने दलीय नेताओं से कहा कि वह सदन में अपना पक्ष शालीनता एवं संसदीय मर्यादा के अन्तर्गत रखते हुए प्रेमपूर्ण वातावरण में सदन में बहस करें।

- **विस अध्यक्ष सतीश महाना की अध्यक्षता में हुई सर्वदलीय बैठक**



सर्वदलीय बैठक के दौरान विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि संसदीय व्यवस्था में संवाद और सकारात्मक चर्चा-परिचर्चा के माध्यम से लोकतंत्र मजबूत होता है। उन्होंने कहा कि सदन में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच सार्थक चर्चा होनी चाहिए। विधान सभा अध्यक्ष ने कहा कि यह देश की सबसे बड़ी विधान सभा है। स्वाभाविक रूप से उत्तर प्रदेश विधान सभा की कार्यवाही पूरे देश के विधान मण्डलों के लिए एक आदर्श भी उपस्थिति करती है।

इससे पहले विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने नवनियुक्त नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडे को बधाई देते हुए कहा कि उनके लम्बे राजनीतिक अनुभव का लाभ प्रदेश की विधानसभा को मिलेगा। इस मौके पर संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि अध्यक्ष ने अपनी विशिष्ठ कार्यशैली से देश में उत्तर प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। नई परम्पराओं के कारण यूपी विधानसभा अब देश के लिए एक रोल माडल बन चुकी है। इसलिए इसकी गरिमा बनाए रखने में सभी दलों से सहयोग की अपेक्षा है। उन्होंने सभी दलीय नेताओं को आश्वस्त किया कि सरकार पूरी गम्भीरता के साथ सदन में सदस्यों के प्रस्तावों को सकारात्मक रूप से तथा विकास को नई गति देने और उसे आगे बढ़ाने के लिए कार्य करेगी। सरकार सभी मुद्दों पर सकारात्मक कार्रवाही के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडे को संसदीय कार्यमंत्री सुरेश कुमार खन्ना, नेता विधानमंडल दल अपना दल सोनेलाल राम निवास मिर्धा, नेता विधानमंडल राष्ट्रीय लोकदल राजपाल बालियान, नेता विधानमंडल सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी ओमप्रकाश राजभर, नेता विधानमंडल निर्बल इंडियन शोषित हमारा अपना दल अनिल कुमार त्रिपाठी, नेता विधानमंडल दल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस आराधना मिश्रा, नेता विधानमंडल दल जनसत्ता दल लोकतांत्रिक रघुराज प्रताप सिंह राजा भइया ने भी बधाई दी। इससे पूर्व कार्य-मंत्रणा समिति की बैठक में विधानसभा के द्वितीय सत्र के उपवेशनों में लिए जाने वाले कार्यो के सम्बन्ध विचार विमर्श किया गया। कार्यमंत्रणा समिति की बैठक में संसदीय कार्यमंत्री सुरेश कुमार खन्ना, पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह, महिला कल्याण एवं बाल विकास पुष्टाहार मंत्री बेबी रानी मौर्य, उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय, कार्यमंत्रणा समिति सदस्य सुशील कुमार शाक्य, जयप्रताप सिंह, सिद्धार्थनाथ सिंह, श्रअताउर्रहमान, श्रविदास मेहरोत्रा तथा विशेष आमंत्रित सदस्य राम निवास वर्मा, राजपाल सिंह बालियान, अनिल कुमार त्रिपाठी, पंचायती राज मंत्री ओमप्रकाश राजभर, आराधना मिश्र मोना, कुंवर रघुराज प्रताप सिंह तथा रामनरेश अग्निहोत्री ने अपने अपने विचार रखें। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश विधान सभा के प्रमुख सचिव प्रदीप कुमार दुबे, व अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहें।

# महाकुंभ में डेढ़ लाख अस्थायी शौचालय बनेंगे

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** योगी सरकार प्रयागराज में महाकुंभ 2025 की तैयारियों को लेकर मिशन मोड में जुटी हुई है। 12 साल में एक बार होने वाले सनातन धर्म के इस सबसे बड़े आयोजन को दिव्य और भव्य बनाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार कोई कोर-कसर नहीं छोड़ना चाहती। महाकुंभ के दौरान विशेष अवसरों पर करोड़ों की संख्या में श्रद्धालुगण पुण्य की डुबकी लगाने प्रयागराज में संगम तट पर उमड़ेंगे। आस्थावानों की सुरक्षा और स्वास्थ्य के साथ ही योगी सरकार इस पूरे आयोजन को स्वच्छ बनाने पर भी विशेष जोर दे रही है।

- **10 हजार से अधिक कर्मचारी संभालेंगे साफ-सफाई और स्वच्छता की जिम्मेदारी**
- **क्यू आर कोड के माध्यम से होगी स्वच्छता की मॉनीटरिंग**
- **सफाई कर्मचारियों के लिए स्वच्छता कॉलोनी का होगा निर्माण**



**300 से अधिक सक्शन गाड़ियां होंगी :** महाकुंभ के दौरान 10 हजार से अधिक कर्मचारी स्वच्छता की जिम्मेदारी उठाएंगे। स्वच्छ कुंभ को समर्पित योगी सरकार पूरे मेला क्षेत्र में लगभग डेढ़ लाख अस्थाई सामुदायिक एवं शिविर शौचालयों और मूत्रालयों को स्थापित करेगी। इसके लिए 300 से अधिक सक्शन गाड़ियां और जेट स्प्रे सफाई प्रणाली का इस्तेमाल किया जाएगा। शौचालयों की सफाई के लिए क्यूआर कोड के जरिए सेवा स्तर की निगरानी की जाएगी।

**25 हजार से अधिक लाइनर बैग युक्त डस्टबिन :** कुंभ नगरी को स्वच्छ रखने के लिए 120 टिपर-हॉपर और 40 कॉम्पेक्टर ट्रक को लगाया जाएगा। इन वाहनों की जीपीएस से निगरानी की जाएगी। इसके अलावा 25 हजार से अधिक लाइनर बैग युक्त डस्टबिन भी कुंभ मेला क्षेत्र में रखी जाएंगी। इन्हें प्रतिदिन तीन बार बदला जाएगा।

**850 समूहों में काम करेंगे सफाई कर्मचारी :** बात सफाई कर्मचारियों की करें तो कुंभ के दौरान 10 हजार 200 कर्मियों की तैनाती होगी। ये 850 समूहों में काम करेंगे। योगी सरकार सभी सफाई कर्मचारियों के लिए स्वच्छता कॉलोनी का भी निर्माण कराएगी।

# सभी जिलों में न्याय समिति बनायेगी कांग्रेस

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री अजय राय ने कहा कि पार्टी ने न्याय दिलाने का एक कार्यक्रम शुरू करने जा रही है। शहरों में महत्वपूर्ण स्थानों पर न्याय पेटिका रखी जाएगी, जिसमें लोग अपनी समस्याएं लिखकर डाल सकेंगे। समस्याओं के निस्तारण के लिए पार्टी एक न्याय समिति का गठन करेगी।

वह रविवार को प्रदेश मुख्यालय पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सोशल आउटरीच कांग्रेस की ओर से यह पहल की गई है। न्याय समिति में सेवानिवृत्त अधिकारियों व कर्मचारियों, अधिवक्ताओं, कांग्रेस कार्यकताओं, पत्रकारों तथा समाजसेवियों को शामिल किया जाएगा। समिति में कांग्रेस के जिला व शहर अध्यक्ष विशेष आमंत्रित सदस्य होंगे। ह्यकांग्रेस दिलाएगी न्याय कार्यक्रम में सबसे पहले उन जिलों को शामिल किया गया है, जहां कांग्रेस के प्रत्याशी सांसद चुने गए हैं। इसके अलावा तीन अन्य जिलों वाराणसी, गोरखपुर व लखनऊ को भी इसमें जोड़ा गया है। उन्होंने कहा



कि यदि किसी समस्या का जिले स्तर पर न्याय समिति के द्वारा निस्तारण नहीं हो पा रहा है तो प्रांतीय न्याय समिति उसका निस्तारण कराएगी। इस समिति में कांग्रेस के सांसद, विधायक, प्रदेश पदाधिकारी तथा वरिष्ठ अधिवक्ता होंगे। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि सेवादल जिलेवार प्रशिक्षण की एक श्रृंखला शुरू करने जा रहा है। यह प्रशिक्षण तीन दिवसीय होगा और जिले व शहर के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता इसमें प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। प्रशिक्षण की शुरूआत गाजियाबाद से हो रही है जो छह अगस्त से आठ अगस्त तक चलेगा। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार के इशारे पर प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में कल दो होटलों (बनारस कोठी एवं रीवर पैलेस) को ध्वस्त कर दिया गया। जिस जगह ये होटल तोड़े गए हैं, उसी जगह पर भाजपा नेताओं के 25 होटल हैं जिन्हें छोड़ दिया गया है। उन्होंने होटल मालिक के भाई के बेटे को अपने सिर से मारने वाले एडीएम को तत्काल निलंबित करने की मांग की।

# बजट भविष्य में भारत की मजबूत नीव को स्थापित करेगा : सुधांशु त्रिवेदी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भाजपा लखनऊ महानगर द्वारा प्रदेश मुख्यालय में बजट पर आयोजित प्रेस वाताओं को संबोधित करते हुए राज्यसभा सांसद भाजपा राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ऐतिहासिक बजट लगातार तीसरी बार जन समर्थन के साथ सरकार गठित होने के अवसर के साथ 60 साल के बाद भारत के इतिहास में आया है, परंतु यह अवसर इसलिए और ऐतिहासिक हो जाता है की पिछली बार पंडित नेहरु जी के नेतृत्व में तीसरी बार सरकार बनी थी वह लोकतंत्र का शैशव काल था अब यह लोकतंत्र की परिपक्वता का काल है। परिपक्व लोकतंत्र में जन समर्थन के साथ सरकार बनाने का यह अभूतपूर्व अवसर है। यह बजट ऐतिहासिक इस लिए भी है कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भी लगातार सातवीं बार बजट पेश करके रिकॉर्ड बनाया है।

- **बजट पर आयोजित प्रेस वार्ता को राज्यसभा सांसद राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने संबोधित किया**



सुधांशु त्रिवेदी ने कहा यह बजट और महत्वपूर्ण इसलिए भी है कि इस बजट में वर्तमान वैश्विक परिदृश्य से लेकर भारत के आम, गरीब, युवा किसान और नारी शक्ति सभी को शक्ति प्रदान करने की सर्वस्पर्शी व्यवस्था को सुनिश्चित किया गया है। यह बजट भविष्य में भारत की मजबूत नीव को स्थापित करने के लिए मील का पत्थर साबित होगा। बजट में कैपिटल एक्सपेंडिचर के लिए 11 लाख, 11 हजार 111 रुपए का प्रावधान हुआ है। हमारी सरकार ने लगातार कैपिटल एक्सपेंडिचर को बढ़ाया है जिससे अर्थव्यवस्था को बल मिलता है। इस बजट में रोजगार परक व्यवस्था को सुनिश्चित करने की पूरी व्यवस्था की है। इसमें दो करोड़ लोग लाभान्वित होंगे। सरकार ने कहा है जो फर्स्ट टाइम रोजगार पाएंगे। उनके पीएफ का कॉन्ट्रिब्यूशन और जो पहली सैलरी है वह सरकार देगी जो की पांच पांच हजार की तीन किस्तों में होगी।

उन्होंने कहा कि रोजगार की बात हमारे विरोधी करते हैं तब नाना प्रकार की बातें वाद विवाद प्रपंच करना उनकी सहज व स्वाभाविक आदत हो गई है। कर्मचारी भविष्य निधि खाता में भी सरकार 2 साल तक 3000 रुपये प्रति माह देगी। इसलिए किया गया है कि अब जो नई भर्ती होगी उसमें रोजगार की अधिक से अधिक व्यवस्था की जाए। सरकार ने स्किल डेवलपमेंट पर भी बहुत ध्यान दिया है ताकि हमारे शिक्षित और प्रशिक्षित युवा को अधिक से अधिक रोजगार के अवसर प्राप्त हो सके। युवाओं के इंटर्नशिप के लिए 500 कंपनियों में व्यवस्था की जाएगी। इस समय चीन दुनिया में सबसे बड़ा मैन्युफैक्चरिंग हब है पश्चिमी देशों का विश्वास चीन के ऊपर से कम हुआ है भारत के लिए सुनहरा अवसर है कि हम भारत में मैन्युफैक्चरिंग का केंद्र स्थापित करें, जिससे कैपिटल एक्सपेंडिचर व रोजगार लंबे समय तक सुनिश्चित हो सके इसकी व्यवस्था करना, इसलिए कॉरपोरेट टैक्स 40 प्रतिशत से 35 प्रतिशत किया गया। हमारे विरोधी कॉरपोरेट टैक्स कम करने पर कहते हैं कि हमने कंपनियों को राहत दे दी मैं उनसे पूछना चाहता हूं कि कॉरपोरेट टैक्स कितना है अन्य देशों में क्योंकि हम वैश्विक अर्थव्यवस्था हैं चीन में 25 प्रतिशत, सिंगापुर में 22 प्रतिशत, साउथअफ्रीका में 27 प्रतिशत है अगर विपक्ष विरोध करना चाह रहा है तो क्या वह विदेशी कंपनियों की मदद करना चाह रहा है। हमारी सरकार आने के बाद देश में सबसे बड़ा प्रोडक्शन में मैन्युफैक्चरिंग परिवर्तन हुआ है वह डिफेंस में। डिफेंस के क्षेत्र में सबसे ज्यादा बजट दिया गया है। डिफेंस के निर्यात में भारत ने लंबी चलांग लगाई है। 80000 करोड़ डिफेंस का निर्यात किया गया। पहली बार बैलिस्टिक मिसाइल भी निर्यात करने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कृषि के क्षेत्र में प्रधानमंत्री ने व्यवस्थित ढंग से जो नीतियां बनाई। तिलहन का वर्ष मनाया गया, दलहन और तिलहन व दालों पर हमारी सरकार आने से पहले इंपोर्ट पर हमारी डिपेंटेबिलिटी 70 प्रतिशत थी जो अब घटकर 42 परसेंट हो गई है। ऑर्गेनिक फार्मिंग के लिए एक करोड़ किसानों को सहायता देने की व्यवस्था की गई है।

# बीसी सखियों ने 72 करोड़ से अधिक कमा कर पेश की मिसाल

## सुल्तानपुर की बीसी सखी प्रियंका मौर्या ने किया कमाल, 15 लाख से अधिक कमाया कमीशन

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** योगी सरकार की बीसी सखी (बैंकिंग कॉरेस्पोंडेंट) योजना न केवल महिलाओं को आत्मनिर्भर बना रही है, बल्कि वह देश और प्रदेश की अर्थव्यवस्था में अपना योगदान भी दे रही हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कोरोना काल के दौरान मई 2020 में बीसी सखी योजना की घोषणा कर महिलाओं को रोजगार देने और आत्मनिर्भर बनाने की बड़ी पहल की थी। सीएम योगी की दूरदर्शी पहल का असर भी दिखायी दे रहा है। योजना से जुड़ी महिलाएं खुद को आत्मनिर्भर करने के साथ ग्राम समाज की रीढ़ बनकर उभरी हैं। दरअसल, योजना के बाद से ग्रामीणों को अपना पैसे जमा और निकालने के लिए बैंक के चक्कर नहीं लगाने पड़ते हैं। इतना ही नहीं, अब उन्हें लोन के लिए भटकना भी नहीं पड़ता है।

- **अब तक बीसी सखियों ने 27 हजार करोड़ की धनराशि का किया ट्रांसजेक्शन**
- **10 करोड़ से अधिक ट्रांसजेक्शन कर ग्राम समाज की रीढ़ बनकर उभरीं बीसी सखियां**
- **योगी सरकार की योजना ने यूपी की महिलाओं को बनाया आत्मनिर्भर**

**बीसी सखियों ने अब तक 27 हजार करोड़ की धनराशि का किया ट्रांसजेक्शन :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा योजना का लाभ अधिक से अधिक महिलाओं को देने एवं हर गांव में बैंकिंग सुविधा प्रदान करने के लिए वन जीपी-वन बीसी का लक्ष्य रखा गया है। इसे जल्द से जल्द पूरा करने के लिए गांव-गांव में अभियान चलाया जा रहा है। सीएम योगी के निर्देश पर ग्रामीण क्षेत्र में वित्तीय सेवाओं की उपलब्धता के तहत एक ग्राम पंचायत एक बीसी कार्यक्रम के तहत अब तक 37 हजार से अधिक बीसी सखी द्वारा लगभग 27 हजार करोड़ की धनराशि का



ट्रांजेक्शन किया गया है। इसके जरिये बीसी सखियों ने अब तक 72.31 करोड़ की धनराशि कमीशन के रूप में अर्जित की है। अब तक बीसी सखियों द्वारा 10.58 करोड़ बार बैंकिंग ट्रांसजेक्शन किया गया है। वर्तमान में सीएम योगी की बीसी सखी योजना से ग्रामीण क्षेत्र की हर महिला जुड़ना चाहती है। इसका अंदाजा हम इससे लगा सकते हैं कि प्रदेश की 57,695 ग्राम पंचायतों में बीसी सखी के लिए सात राउंड में 7,71,967 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया। वहीं बीसी सखी के प्री-सलेक्टेड स्टैंडबाई अभ्यर्थियों की संख्या 2,91,146 है। योजना के तहत 51 हजार बीसी सखी को प्रशिक्षित करने के साथ आईआईबीएफ द्वारा सर्टिफाइड किया गया है। वर्तमान में बीसी ऑपरेशंस द्वारा 39,014 ग्राम पंचायतों में योजना का लाभ दिया जा रहा है।

**बीसी सखी योजना से जुड़ आत्मनिर्भर बन रहीं महिलाएं :** प्रदेश में बीसी सखी योजना में सबसे अच्छा प्रदर्शन सुल्तानपुर की बीसी सखी प्रियंका मौर्य का रहा है। वह 31 अगस्त 2021 को योजना से जुड़ी थीं। उन्होंने 929 बैंकिंग कार्य दिवस में 926 दिन में 60 करोड़ से अधिक धनराशि का ट्रांसजेक्शन किया। बीसी सखी प्रियंका मौर्य ने 1,32,393 ट्रांसजेक्शन कर 15,84,033 रुपये कमीशन अर्जित किया है। बीसी सखी प्रियंका मौर्य ने सीएम योगी की प्रशंसा करते हुए कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का सीएम योगी का सपना बीसी सखी योजना साकार कर रही है। वर्तमान में प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाएं इससे जुड़ना चाहती हैं। वह इससे जुड़ने पर अपने आप को गौरवान्वित महसूस करती हैं। वहीं इसका सबसे अधिक लाभ ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को मिल रहा है। उन्हे बैंक से पैसे निकालने और जमा करने के लिए बैंक जाने के साथ लाइन में लगने से छूटकारा मिल गया है। साथ ही आने-जाने में खर्च होने वाले पैसे भी बच रहे हैं।

# श्री काशी विश्वनाथ धाम में बाबा के गौरीशंकर स्वरूप का होगा श्रृगार

विशेष संवाददाता (vol)

**वाराणसी/लखनऊ।** श्रावण मास के दूसरे सोमवार को श्री काशी विश्वनाथ धाम में बाबा के गौरी शंकर स्वरूप का श्रृंगार होगा। महादेव के भक्त बाबा के शंकर पार्वती स्वरूप का दर्शन पाएंगे। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में श्रावण मास के हर सोमवार को विशेश्वर के अलग-अलग स्वरूप का श्रृंगार किया जा रहा है। श्रावण मास का आज दूसरा सोमवार है। इस वर्ष सावन में पांच सोमवार पड़ रहे हैं। बाबा हर सोमवार को अलग-अलग स्वरूपों में भक्तों को दर्शन दे रहे हैं। बाबा के भक्त श्री विश्वेश्वर के चौखट तक सरलता और सुगमता से पहुंच कर जलाभिषेक कर सकें, इसके लिए योगी सरकार लगातार व्यवस्थाओं में बढ़ोतरी और सुधार करती जा रही है। इसके तहत सावन के दूसरे सोमवार से दर्शनार्थियों को भीड़ से बचाने के लिए एक लाइन लगाई जाएगी और धाम की क्षमता के अनुसार ही बैरिकेडिंग कर भक्तों को धाम में प्रवेश दिए जाने की व्यवस्था बनाई गई है।

**श्रावण के प्रथम सोमवार का भी हुआ था श्रृंगार :** श्रावण मास के प्रथम सोमवार को भी बाबा विश्वनाथ के स्वरूप का श्रृंगार हुआ था। शिव भक्त सावन के दूसरे सोमवार को अपने बाबा के विशेष स्वरूप शंकर पार्वती के रूप में दर्शन पाएंगे। श्री काशी विश्वनाथ धाम के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्व भूषण मिश्र ने बताया कि आज श्रावण मास के दूसरे सोमवार को देवाधिदेव महादेव के गौरी शंकर (शंकर पार्वती) स्वरूप का श्रृंगार होगा। श्री विश्वेश्वर के भक्त बाबा के इस विशेष स्वरूप का दर्शन कर पाएंगे।

- **29 जुलाई को सावन का दूसरा सोमवार, भक्त करेंगे बाबा के विशेष स्वरूप का दर्शन**
- **श्रावण के हर सोमवार को बाबा के अलग-अलग स्वरूपों का होगा दर्शन**
- **बाबा के चौखट तक सरलता और सुगमता से पहुंचकर जलाभिषेक कर सकेंगे भक्त**

**सीएम के निर्देश पर आस्था व सुरक्षा का विशेष ध्यान :** सावन के दूसरे सोमवार को सभी प्रवेश मार्गों से कतार व्यवस्था को एकीकृत करते हुए सिंगल लाइन की व्यवस्था रखी गई है, जिससे दर्शनार्थियों को लाइन व्यवस्था में भीड़ का सामना न करना पड़े। प्रत्येक 50 मीटर पर लाइन व्यवस्था को नियंत्रित रखने के लिए बैरियर लगाया गया है। धाम में लगे बैरिकेडिंग की क्षमता के अनुसार ही दर्शनार्थियों को छोड़ा जाएगा। सावन के पहले सोमवार की भांति दूसरे सोमवार को भी नंदूफेरिया, सिल्को गली, ढुंढिराज गणेश, ललिता घाट, सरस्वती फाटक प्रवेश मार्ग से श्रद्धालु बाबा के चौखट तक पहुंच पाएंगे।

# बिजली विभाग के अवर अभियंता विजिलेंस व उपनिरीक्षक, प्रभारी प्रवर्तन दल निलंबित

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के अंतर्गत विद्युत चोरी के एक मामले में प्राथमिकी दर्ज न करने के लिए ग्राम व पोस्ट चंद्रावर, बलिया निवासी विवेक कुमार चौहान तथा अंकित कुमार यादव से

- **ऊर्जा मंत्री ने विद्युत चोरी के मामले में पैसे के लेनदेन का ऑडियो क्लिप का संज्ञान लेकर की कार्रवाई**
- **तत्कालीन मुख्य आरक्षी राजकुमार के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई के लिए पुलिस अधीक्षक, फिरोजाबाद को दिए निर्देश**
- **विद्युत चोरी के मामलो में विद्युत कार्मिकों की संलिप्तता बर्दाश्त नहीं की जायेगी**

पैसा मांगने का ऑडियो क्लिप का संज्ञान लेकर बलिया जनपद में तैनात अवर अभियंता विजिलेंस गोपीचंद गुप्ता तथा उप निरीक्षक प्रभारी प्रवर्तन दल अमित कुमार यादव को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है तथा बलिया के तत्कालीन मुख्य आरक्षी राजकुमार वर्तमान में फिरोजाबाद जनपद में तैनात के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई करने के लिए पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद को निर्देश दिए हैं। ऊर्जा मंत्री ने सभी विद्युत कार्मिकों को और विजिलेंस टीम के कार्मिकों को सख्त चेतावनी दी है की विभाग में भ्रष्टाचार में संलिप्त तथा कार्य दायित्वों के प्रति उदासीनता बरतने वाले कार्मिकों के विरुद्ध अब सख़्त कार्रवाई की जाएगी।



ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा रविवार को जल निगम के फील्ड हॉस्टल में सभी डिस्कॉम के प्रबंध निदेशकों, मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता तथा यूपीपीसीएल के उच्च अधिकारियों के साथ ऊर्जा विभाग के कार्यों की वर्चुअल समीक्षा कर रहे थे। इस दौरान विद्युत चोरी से संबंधित उक्त प्रकरण संज्ञान में आने पर उन्होंने 03 कार्मिकों के विरुद्ध तत्काल कार्रवाई की। उन्होंने कहा कि विद्युत चोरी के मामलो में विद्युत कार्मिकों की संलिप्तता किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विद्युत चोरी के मामलों में कार्मिकों की संलिप्तता सीधे-सीधे विभागीय राजस्व को नुकसान पहुंचाने के साथ ही विभाग की छवि को भी धूमिल कर रहे हैं। ऐसे कार्मिकों को चिन्हित कर उनके खिलाफ सख्त करवाई की जाए।

ऊर्जा मंत्री ने सभी डिस्कॉम के प्रबंध निदेशकों को निर्धारित शेड्यूल के अनुरूप ही सभी क्षेत्रों को विद्युत आपूर्ति करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विद्युत फॉल्ट, ट्रांसफार्मर जलने या अन्य किसी कारण से विद्युत आपूर्ति बाधित हुई हो, ऐसे प्रकरणों का त्वरित संज्ञान लिया जाए। अब उपभोक्ताओं की शिकायतों को नजर अंदाज करने वाले कार्मिकों को बहुत महंगा पड़ेगा। उन्हें अपनी लचर कार्य संस्कृति में शीघ्र सुधार लाना होगा। सभी विद्युत कार्मिक अपने-अपने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से लगातार संपर्क में रहेंगे, विद्युत समस्याओं के समाधान के लिए उनके द्वारा दिए गए सुझावों को अमल में भी लाएंगे।

ऊर्जा मंत्री ने कहा कि विद्युत सुदृढ़ीकरण के लिए कराए जा रहे कार्यों को लिए गए शटडाउन के दौरान कराया जाए, शटडाउन लेने से पहले क्षेत्रीय उपभोक्ताओं को इसकी

- **निर्धारित शेड्यूल के अनुरूप हो सभी क्षेत्रों को विद्युत आपूर्ति**
- **विद्युत फॉल्ट, ट्रांसफार्मर जलने से बाधित विद्युत आपूर्ति का त्वरित ले संज्ञान**
- **उपभोक्ताओं की शिकायतों को नजर अंदाज करना विद्युत कार्मिकों को पड़ेगा महंगा**
- **विद्युत समस्याओं के समाधान के लिए जनप्रतिनिधियों के सुझावों को अमल में लाएं : शर्मा**

जानकारी भी दें, जिससे किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो। बैठक में अध्यक्ष यूपीपीसीएल डॉ# आशीष कुमार गोयल एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे तथा सभी डिस्कॉम के प्रबंध निदेशक, मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता ने वर्चुअल प्रतिभाग किया।







लखनऊ गोल्फ क्लब मानसून कप एंड इंटर क्लब गोल्फ टूर्नामेंट में विजयी टीम को ट्राफी व चेक देते प्रेसिडेंट आईपीएस सुभाष चन्द्रा

# नजरबाग व अमीनाबाद में बिना नक्शे के बन रहीं इमारतें

## नियोजित विकास में रोड़ा बन रहे लखनऊ विकास प्राधिकरण के इंजीनियर



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश की योगी सरकार शहरों के सुनियोजित शहरीकरण, त्वरित व समेकित नियोजित विकास के लिए लगातार काम कर रही है। वहीं राजधानी में भू माफिया, बिल्डर लखनऊ विकास प्राधिकरण के अफसरों और इंजीनियरों की मिलीभगत सुनियोजित विकास के

- **1000 से 1200 वर्ग फीट पर बनाये जा रहे छह मंजिला अपार्टमेंट**

मंसूबे पर ही पानी फेर रहे हैं। रिहाइशी इलाकों में छोटे-छोटे भूखण्डों पर छह-छह मंजिला अपार्टमेंट बनाए जा रहे हैं तो वहां की अवस्थापना सुविधाओं को ध्वस्त किया जा रहा है। शहर में अवैध रुप से बन रहे ऐसे अपार्टमेंट व काम्प्लेक्सों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। मानकों के विपरीत बन रहे इन निर्माणों से सरकार को राजस्व का भी चूना लगाया जा रहा है।

लखनऊ विकास प्राधिकरण क्षेत्र में भवन निर्माण के लिए बकायदा उपविधि है मगर अवैध निर्माणकर्ताओं के लिए इसके कोई मायने नहीं हैं। वहीं बिना नक्शे व स्वीकृत नक्शे के विपरीत निर्माण करने पर एलडीए के प्रवर्तन विभाग की ओर से सीलिंग व ध्वस्तीकरण किए जाने का नियम है। मगर यहां भी नजरदांज किया जा रहा है। यही वजह है कि शहर में धडल्ले से अवैध निर्माण जारी हैं। थाना कैसरबाग के जोन छह के नजरबाग में पिछले कई सालों से पुराने मकानों को तोड़कर अपार्टमेंट खड़े किए जा रहे हैं। बिल्डर व भू माफिया प्राधिकरण के अफसरों व इंजीनियरों की मिलीभगत से बहुमंजिला अपार्टमेंट निर्माण करा रहे हैं। रिहाइशी इलाकों की तंग गलियों में बहुमंजिला अपार्टमेंट बनने से सुरक्षा का खतरा भी बन गया है। स्थानीय लोगों की मानें तो एक तरफ उनके घर के बगल में बहुमंजिला अपार्टमेंट बनने से उनकी निजी प्राइवेसी खतरे में है तो बिना मानकों को ध्यान में रखकर यह अपार्टमेंट कभी भी ढह सकते हैं जिससे बड़ी संख्या में लोगों की जान माल को नुकसान हो सकता है। कहीं आठ सौ तो कहीं 1200 वर्ग फुट पर छह-छह मंजिला अपार्टमेंट बनाए जा रहे हैं।

**सीएम से शिकायत, शासन ने वीसी से मांगी आख्या :** स्थानीय लोगों की ओर से मुख्यमंत्री से शिकायत की गई है कि नजरबाग में मकान नंबर 254, फूलबाग, जो कि मात्र 400-500 वर्ग फुट में है। अब इसे तोड़कर 6 मंजिला फ्लैट बनवाया जा रहा है जिसके तीन मंजिल तैयार हो चुके हैं और आगे का निर्माण कार्य तेजी से करवाया जा रहा है। लोगों ने इसकी जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है। शिकायत के बाद शासन ने एलडीए के उपाध्यक्ष को पत्र भेजकर बिंदुवार आख्या मांगी है। मजे की बात यह है कि जोनल अभियंता को इसकी जानकारी ही नहीं है। प्रवर्तन के क्षेत्रीय सुपरवाइजर व अवर अभियंता को सबकुछ जानकारी होने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

## अमीनाबाद की गलियों में बिना नक्शे के बहुमंजिला निर्माण

जोन छह में हर तरफ अवैध निर्माण हो रहे हैं। नजरबाग के अलावा अमीनाबाद भी अवैध निर्माणों का हब बनता जा रहा है। यहां भी खुले आम लगातार अवैध निर्माण बिना नक्शे के हो रहे हैं। अवैध रूप से व्यवसायिक कॉम्प्लक्स बनने से अमीनाबाद क्षेत्र का बुरा हाल हो रहा है। बताशे वाली गली हो या फिर आस पास के दूसरे इलाके। तंग गलियों में 1200 वर्ग फीट पर बहुमंजिला निर्माण हो रहे हैं। यही में बगल की बिल्डिंग बालाजी ज्वैलर्स को पूर्व सील किया जा चुका है लेकिन दूसरे अवैध निर्माणों पर इंजीनियरों की नजर नहीं है।



इसी तरह अजय ज्वैलर्स के सामने बर्तन वाली लाइन में 2100 वर्ग फीट में अवैध कंपलेक्स बन रहा है जिसमें बेसमेंट तक भी बनाया गया है। अमीनाबाद में मारवाड़ी गली निकट 520 वर्ग फिट भूखण्ड सख्या पर जो कि 99/005 (99/4क) का भाग है, बिना मानचित्र के अवैध काम्प्लेक्स का 5 मंजिल निर्माण करवाया जा रहा रहा है। एलडीए के प्रवर्तन जोन की तरफ से बीते मई महीने में राजेश गुप्ता को नोटिस भी जारी की गई, परंतु जेई संजय शुक्ला की तरफ से कोई कार्रवाई नहीं की गई बल्कि निर्माण तेज हो गया। आरोप है कि रसूख के चलते क्षेत्र में लगातार अवैध निर्माण कराया जा रहा है। पूरे मामले की शिकायत सीएम, शासन, कमिश्नर व एलडीए उपाध्यक्ष से की गई मगर कार्रवाई जीरो है।

### भ्रष्ट इंजीनियर की शह पर हो रहे अवैध निर्माण

पूरे जोन छह में अवैध निर्माण की यही स्थिति है। आरोप है कि जोन 6 के जेई संजय शुक्ला की मिलीभगत से अवैध निर्माण हो रहे हैं। प्राधिकरण के प्रवर्तन जोन में तैनात भ्रष्ट इंजीनियर योगी सरकार की छवि धूमिल कर रहे हैं तो एलडीए प्रशासन को भी कलंकित करने में जुटे हैं।

### क्या बोले विहित प्राधिकारी

विहित प्राधिकारी व अधिशासी अभियंता संजीव कुमार गुप्ता जोन छह में अवैध निर्माणों से अंजान हैं। उनका कहना है कि अमीनाबाद व नजरबाग में इन अवैध निर्माणों की जानकारी नहीं है। हालांकि उन्होंने कहा कि इनकी जांच करायी जाएगी, बिना नक्शे के होने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# अनियोजित कॉलोनियों में रजिस्ट्री पर लगेगी रोक, नहीं होगा विकास कार्य

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राजधानी में बड़े पैमाने पर अनाधिकृत और अनियोजित कॉलोनियां विकसित हो रही हैं। इसकी वजह से अवस्थापना सुविधाओं पर भी असर पड़ रहा है। नगर निगम और एलडीए को भी इन अनाधिकृत कॉलोनियों के विकास में समस्या आ रही है। ऐसे में अनियोजित कॉलोनियों की रजिस्ट्री पर रोक लगाने की तैयारी है। इसके लिए जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने एलडीए से सभी अनाधिकृत और अनियोजित कॉलोनियों की सूची मांगी है। इन प्रॉपर्टी डीलरों की अनियोजित कॉलोनियों के विकास पर आने वाले खर्च का आकलन कराया जाएगा। विकास पर जितनी रकम खर्च होगी, उसे प्रॉपर्टी डीलरों को नोटिस भेजकर मांगी जाएगी। इसके साथ राजस्व बकाएदार होने की सूचना भी निबंधन कार्यालय भेजी जाएगी। बकाया होने पर निबंधन कार्यालय से रजिस्ट्री नहीं हो पाएगी।

शहर के चारों ओर बिल्डर और प्रॉपर्टी डीलर किसानों से जमीन खरीद कर प्लाटिंग कर रहे हैं, रो हाउस बना रहे हैं। सड़क, नाली व बिजली तथा पानी की सुविधाएं नहीं दी जा रही हैं। बाद में लोग जल भराव और सड़क के लिए नगर निगम व एलडीए के चक्कर लगाते हैं। शनिवार को महापौर सुषमा खर्कवाल ने जिले के सभी बड़े अफसरों की बैठक बुलाई थी। इसमें इस पर भी चर्चा हुई तो रोकने के लिए डीएम ने राजस्व बकाएदार बनाकर रजिस्ट्री रोकने का सुझाव दिया। उन्होंने मीटिंग में कहा कि अनाधिकृत कॉलोनियों को रोकने के लिए इनकी रजिस्ट्री रोकना ही रास्ता है। डीएम ने एलडीए से सभी अनाधिकृत कॉलोनियों की सूची मांगी है। सूची के बाद सर्वे कर पता किया जाएगा किस डीलर की कॉलोनी के विकास पर कितना बजट खर्च होगा। इसके बाद डीलर को राजस्व बकाए का नोटिस भेजा जाएगा। वह विकास का पैसा नहीं देता है तो निबंधक कार्यालय को पूरा विवरण भेजकर राजस्व बकाएदार होने की सूचना दी जाएगी। राजस्व बकाया होने पर सम्बंधित सम्पत्ति, कालोनी, खसरा नम्बर और गाटा नम्बर की रजिस्ट्री नहीं होगी। इससे प्रॉपर्टी डीलरों पर अंकुश लगेगा। उन्हें हरहाल में कॉलोनी विकसित करनी होगी। फिर एलडीए से नक्शा भी पास कराएंगे।

मेयर सुषमा खर्कवाल ने अनाधिकृत कॉलोनियों में सड़कों, स्ट्रीट लाइट, नाले नाली न बनाने के आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा कि प्रॉपर्टी डीलरों की ओर से विकसित अनाधिकृत कॉलोनियों में जहां दो चार मकान बने होंगे, या बनाए जा रहे होंगे वहां किसी सूरत पर सड़क-नाली नाला और स्ट्रीट लाइट नहीं लगाई जाएगी। ऐसी कॉलोनियों में सड़क निर्माण की कई फाइलें उनके पास आईं, जिन्हें निरस्त कर दिया है। इंजीनियरों को भी निर्देश दिया है कि ऐसी सड़कों को बनाने की सिफारिश न करे, ये बिल्कुल नहीं बनाई जाएंगी।

# फैजुल्लागंज नौबस्ता में 10 डायरिया के नये पीड़ित मिले

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** साफ-सफाई न होने, गंदगी के माहौल के बीच रहने व गंदे पानी के इस्तेमाल से इन दिनों कई इलाकों में बड़ी संख्या में लोग उल्टी, जुखाम, बुखार व सिर दर्द से पीड़ित हैं। तकरोही व नौबस्ता में कई की मौत भी हो चुकी है। दूषित पानी के पीने से कई लोग बीमार हैं। फैजुल्लागंज के

- **तकरोही में स्वास्थ्य कैंप, तीन को अपच की शिकायत**

नौबस्ता में रविवार को करीब 12 डायरिया के नए मरीज मिले हैं। इनमें बच्चों की संख्या अधिक है। वहीं, मायावती कॉलोनी तकरोही में तीन मरीज एसिडिटी, अपच और गैस के मिले। यहां स्वास्थ्य विभाग की टीम ने 25 मरीजों का इलाज किया।



फैजुल्लागंज में डायरिया से प्रभावित नौबस्ता इलाके में सामाजिक कार्यकर्ता ममता त्रिपाठी ने रविवार को बाल महिला सेवा संगठन की टीम के साथ भ्रमण किया। ममता ने बताया कि भ्रमण के दौरान निखिल (सात), नमिता (10), अबरार (12), मोबिन (13), सुमन (16), नमित (20), गीता (22), सलीम (23), इदरीश (25), जहीर (32) उल्टी, दस्त और बुखार से पीड़ित मिले। कई लोगों ने बताया कि पैसे के अभाव में इलाज नहीं करा पा रहे हैं। सरकारी स्वास्थ्य कर्मी एक-दो दिन की खानापूर्ति के बाद नहीं आते हैं। ममता के मुताबिक बीमारी के डर से कई परिवार पलायन कर गांव चले गए हैं। टीम के साथ में जलकल के जेई आरपी सिंह, नगर निगम के सुपरवाइजर भी रहे। भ्रमण के दौरान संगठन के मीडिया प्रभारी अखिलेश अवस्थी, मुरली प्रसाद वर्मा, अमित शुक्ल, एसके श्रीवास्तव, अभिषेक मिश्र, मो. नासिर, राम बिलास शर्मा, पप्पू, फिरदौस जहां, तारा श्रीवास्तव, गुड़िया सिंह प्रमुख रूप से मौजूद रहीं। इंदिरा नगर के तकरोही, मायावती कॉलोनी और डूडा कॉलोनी में डायरिया से लोगों की मौत के बाद स्वास्थ्य विभाग लगातार तीन दिन से स्वास्थ्य शिविर लगा रहा है। सीएमओ डॉ. मनोज के मुताबिक सीएचसी इंदिरा नगर से डॉक्टरों व स्टाफ की टीम ने मायावती कॉलोनी तकरोही में 25 लोगों की जांच कर उन्हें इलाज मुहैया कराया। इनमें तीन मरीज एसिडिटी, गैस, अपच के मिले। उसके अलावा सर्दी, जुकाम, बुखार, आंखों में जलन के मरीज थे। दावा है कि इलाके में डायरिया का कोई भी नया मरीज नहीं मिला। इलाके में मोबाइल मेडिकल यूनिट भी मरीजों को इलाज दे रही है।

**सफाई व छिड़काव से हालात पर पाया गया काबू :** शहीद भगत सिंह प्रथम की पार्षद योगिता यादव के प्रतिनिधि अरविन्द यादव ने बताया कि तकरोही में अब हालात स्थिर है। घर घर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सम्पर्क कर दवाई वितरण का काम किया है। कॉलोनी में लगातार सफाई कराई जा रही है। ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव पूरे क्षेत्र में कराया जा रहा है। मेडिकल कैंप भी लगा हुआ है। अब उल्टी, दस्त व बुखार से पीड़ित लोगों की संख्या में कमी आयी है। अरविंद यादव ने बताया जल्द ही इसमें सुधार आ जाएगा। वहीं क्षेत्रीय निवासी राजेन्द्र शर्मा, विजय शंकर पाण्डेय, नंदलाल शर्मा, कल्पेश द्विवेदी, अमित पाण्डेय, काशीराम रावत ने बताया कि सफाई न होने व गंदे पानी की सप्लाई की शिकायत सामने आ रही थी। पार्षद की ओर से इसका निराकरण कराया गया है।

# अयोध्या मस्जिद के लिए आवंटित भूमि के स्वामित्व पर दावे से निर्माण में आ सकती है अड़चन

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद मामले में उच्चतम न्यायालय के आदेश पर अयोध्या में आवंटित की गई जमीन पर मस्जिद और अन्य सुविधाएं विकसित करने की परियोजना के क्रियान्वयन में एक नयी अड़चन पैदा होती नजर आ रही है।

दिल्ली की रहने वाली एक महिला ने मस्जिद के लिए आवंटित जमीन पर अपना मालिकाना हक होने का दावा करते हुए, उच्चतम न्यायालय का रुख करने की बात कही है। हालांकि, मस्जिद के निर्माण के लिए उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड के तहत गठित इंडो-इस्लामिक कल्चरल फाउंडेशन ट्रस्ट का कहना है कि यह कोई समस्या नहीं है और इसी साल अक्टूबर से मस्जिद समेत पूरी परियोजना पर काम शुरू हो जाएगा। दिल्ली की रहने वाली रानी पंजाबी नाम की महिला का दावा है कि प्रशासन ने राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद मामले में उच्चतम न्यायालय के आदेश पर, सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड को अयोध्या के धन्नीपुर गांव में जो पांच एकड़ जमीन आवंटित की है वह



उसके मालिकाना हक वाले 28.35 एकड़ जमीन का ही एक हिस्सा है। रानी ने दावा किया कि मस्जिद के लिए आवंटित की गई जमीन उनके परिवार की है और उनके पास इसके मालिकाना हक के सभी दस्तावेज भी हैं।

रानी का कहना है कि उनके पिता ज्ञानचंद पंजाबी देश के विभाजन के समय पाकिस्तान से फैजाबाद (अब अयोध्या जिला) आ गए थे और उन्हें वहां (पाकिस्तान स्थित पंजाब में) छोड़ी गई जमीन के एवज में धन्नीपुर में 28.35 एकड़ भूमि आवंटित की गई थी। इस जमीन पर उनका परिवार खेती-बारी किया करता था। वर्ष 1983 में उनके पिता की तबीयत खराब होने पर उनके इलाज के लिए परिवार दिल्ली में बस गया। उसके बाद से फैजाबाद स्थित उनकी जमीन पर कब्जा होता चला गया। रानी का कहना है कि उन्हें मस्जिद निर्माण से कोई एतराज नहीं है लेकिन वह चाहती हैं कि प्रशासन उनके पास मौजूद अभिलेखों के आधार पर उनकी जमीन की माप करवाकर उनके साथ न्याय करे। शरीयत (इस्लामी कानून) के लिहाज से भी यह मामला महत्वपूर्ण बताया जा रहा है क्योंकि उलेमा (इस्लामी धर्म गुरुओं) के मुताबिक, इस्लाम में, किसी विवादित जमीन पर मस्जिद बनाना जायज नहीं माना जाता है।

हालांकि, सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष और मस्जिद निर्माण के लिए गठित इंडो-इस्लामिक कल्चरल फाउंडेशन ट्रस्ट के प्रमुख जुफर फारूकी का कहना है कि यह कोई समस्या नहीं है क्योंकि इलाहाबाद उच्च न्यायालय वर्ष 2021 में ही रानी पंजाबी का दावा खारिज कर चुका है और अब मस्जिद निर्माण में कोई अड़चन नहीं है। उन्होंने कहा, परियोजना में कोई अड़चन नहीं है। जहां तक जमीन पर महिला के (मालिकाना हक होने के) दावे की बात है तो उसे इलाहाबाद उच्च न्यायालय 2021 में ही खारिज कर चुका है। कुछ छोटी-मोटी समस्याएं हैं जिन्हें सुलझाया जा रहा है और उम्मीद है कि अक्टूबर तक परियोजना पर काम शुरू कर दिया जाएगा।

यह पूछे जाने पर कि बोर्ड ने पहले कहा था कि मस्जिद तथा अन्य इमारतों का निर्माण इसी साल मई से शुरू होगा, फारूकी ने कहा, हां, कुछ देर जरूर हुई है क्योंकि पूरी परियोजना का डिजाइन नये सिरे से तैयार किया जा रहा है। इसके अलावा, धन जुटाने के लिए एफसीआरए (विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम) प्रमाण पत्र भी अभी नहीं मिल पाया है। परियोजना निर्माण समिति के एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने बताया कि उन्होंने रानी पंजाबी से उनके दावे के संबंध में उनसे कई बार मुलाकात की और उनसे कहा कि इस्लाम में किसी विवादित जमीन पर मस्जिद बनाना जायज नहीं है। साथ ही, अगर उनके पास अपने दावे के समर्थन में पुख्ता सबूत है तो उन्हें पेश करना चाहिए था, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। उच्चतम न्यायालय ने राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद मामले में नौ नवंबर 2019 को अपने ऐतिहासिक फैसले में, विवादित स्थल पर राम मंदिर के निर्माण तथा मस्जिद के निर्माण के लिए मुसलमानों को अयोध्या में किसी अन्य प्रमुख स्थान पर पांच एकड़ जमीन आवंटित किये जाने का आदेश दिया था।

सरकार ने आदेश पर सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड को अयोध्या के रौनाही स्थित धन्नीपुर गांव में जमीन आवंटित की थी। मस्जिद निर्माण के लिए गठित इंडो-इस्लामिक कल्चरल फाउंडेशन ट्रस्ट ने आवंटित जमीन पर मस्जिद के साथ-साथ एक अस्पताल, सामुदायिक रसोई, पुस्तकालय और शोध संस्थान बनाने का ऐलान किया था। यह उम्मीद जताई जा रही थी कि राम मंदिर के साथ-साथ मस्जिद का निर्माण कार्य भी पूरा हो जाएगा। इस साल जनवरी में, राम मंदिर में रामलला के नवीन विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा भी हो चुकी है। हालांकि, पहले नक्शा मंजूर होने में दिक्कतों और फिर निर्माण कार्य के लिए पर्याप्त धन उपलब्ध नहीं होने तथा अन्य समस्याओं की वजह से मस्जिद व अन्य इमारतें के निर्माण का इंतजार बढ़ता जा रहा है।

# स्वयं सेवकों ने गोमती नदी की सफाई की



**लखनऊ।** स्वच्छ पर्यावरण आंदोलन सेना ने रविवार को गोमती नदी में गहराई से लगभग 15 कुंतल कचरा बाहर निकाला। बड़ी संख्या में मूर्तियों को निकालकर उनका भू विसर्जन किया। स्वच्छता अभियान की शुरुआत हनुमान सेतु निकट झूले लाल पार्क गोमती नदी किनारे प्रातः 5 बजे से की गई। लगभग 3 घंटे चले इस अभियान में स्वयं सेवकों ने गोमती नदी की तलहटी से जलकुंभी पॉलिथीन, कांच के टुकड़े, मलबा, बड़ी मात्रा में डायपर हजारों की संख्या में मिट्टी के दिए तथा कलश एवं सैकड़ों की संख्या में देवी देवताओं की मूर्तियों को बाहर निकाला। स्वच्छ पर्यावरण आंदोलन सेना का सफाई अभियान का यह 320 वां रविवार था। संयोजक रणजीत सिंह के नेतृत्व में सरिता जैसवाल, बबिता यादव, श्रुति वाजपेई, प्रार्थना वर्मा, प्रीती जैन विवेक जोशी इत्यादि स्वयं सेवको ने सफाई की। अभियान के बाद सरकार से नदी में जा रहे गंदे नालों को बंद करके एसटीपी में ले जाने की मांग की।

महत्वपूर्ण नंबर
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

फायर स्टेशन
हजरतगंज- कंट्रोल रूम 9454418642
गोमती नगर-9454418657

एम्बुलेंस
मेडिकल सेवा- 102, 108



# पिता के थप्पड़ मारने से नाराज किशोर ने दी जान



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बाजारखाला थाना क्षेत्र में पिता के थप्पड़ मारने से नाराज किशोर ने फांसी लगाकर जान दे दी। बेगम खेड़ा निवासी राजेश एक प्लाईवुड फैक्ट्री में काम करते हैं। उनका बेटा वैभव वर्मा (14) सरकारी स्कूल से कक्षा सात का छात्र था। पिता राजेश ने बताया कि शनिवार रात वह ड्यूटी से लौटे तो देखा कि बेटा वैभव मोबाइल चलाकर व्हाट्सएप पर चैटिगं कर रहा है। जिस पर उसे डांटते हुए गुस्से में थप्पड़ मार दिया। इसके बाद परिवार के सभी लोग खाना खाकर सो गये। देर रात किसी समय वैभव ने पंखे में साड़ी के सहारे फांसी लगा ली। देर रात मां रूबी बेटे के कमरे में पहुंची तो देखा कि वैभव का शव फंदे से लटक रहा था। जिससे उससे होश उड़ गये। शोर मचाने पर परिजन वैभव को ट्रामा सेंटर पहुंचाया। जहां उसकी मौत हो गई।

**इकलौते बेटे की मौत से मचा कोहराम:** वैभव परिवार में इकलौता बेटा था। उसके एक छोटी बहन मिष्ठी है। वैभव की अचानक मौत से परिवार में कोहराम मच गया। मोहल्ले वालों को जब घटना का पता चला तो लोगों की भीड़ वैभव के घर जमा हो गई। लोगों ने बेहाल राजेश और उनकी पत्नी रूबी को संभाला। मृतक अपनी माता के साथ बाजारखाला थाना क्षेत्र में किसी साडी की दुकान पर काम करता था।

**रुपये के विवाद में टेलर ने की आत्महत्या:** ठाकुरगंज में टेलर ने पत्नी से रुपये को लेकर हुए विवाद के बाद फांसी लगा ली। महानगर के अकबरनगर से विस्थापित किए गए अजीज (24) महानगर में रोड के किनारे कपड़े की सिलाई का काम करता था। भाई नजीर ने बताया कि अजीज ठाकुगंज बसंत कुंज योजना में चौथी मंजिल पर पत्नी सनोवर एक बेटी अनाया के साथ रहते थे। शनिवार रात पति-पत्नी में पैसे को लेकर कहासुनी हुई। इसके बाद पत्नी बेटी के साथ कमरे के बाहर सो गई। रविवार तड़के लोगों ने अजीज का शव खिड़की के जाल में दुपट्टे के सहारे लटकता देखा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## ई-रिक्शा चालक समेत बिजली मैकेनिक ने लगायी फांसी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** कृष्णानगर इलाके में एक ई रिक्शा चालक ने खुदकुशी कर ली। इसके अलावा बिजनौर में बिजली मैकेनिक ने जान दे दी। हरदोई के बालामऊ का रहने वाले रमेश विश्वकर्मा कृष्णानगर के बल्दीखेड़ा में पत्नी किरन, बेटे आकाश व बेटी सोनी के साथ रहकर ई-रिक्शा चलाते थे।

बेटे आकाश ने बताया उसके पिता ने शनिवार सुबह कमरे में फांसी लगा ली। घरवालों उनको लोकबंधु अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची कृष्णानगर पुलिस ने छानबीन के बाद रमेश के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उधर विजय कुमार सिंह चौधरी निवासी त्रिवेणी बिहार कालोनी मुल्लाही खेडा थाना बिजनौर ने बताया कि उसके पुत्र संजय सिंह चौधरी उम्र करीब 32 वर्ष ने घर के द्वितीय तल पर छत पर लगी लोहे के सीढी में पैराशूट की रस्सी का फंदा बनाकर उसमे लटक कर जान दे दी। जब वह छत पर गया तो यह देखकर उसके होश उड़ गये। जिसने तत्काल रस्सी काटकर अपने पुत्र को नीचे उतारा तो देखा कि उसकी मौत हो चुकी थी। उपनिरीक्षक तेजबहादुर सिंह ने बताया कि मृतक सीसीसीटीवी कैमरे एवं अन्य इलेक्ट्रानिक उपकरण लगाने का कार्य करता था। मृतक के एक पुत्र है।

**मांझे की चपेट में आकर युवक की गर्दन कटी:** शनिवार को हजरतगंज कोतवाली अंतर्गत विधानसभा के समीप मांझे की चपेट में आने से एक स्कूटी सवार की गर्दन कट गई। चौराहे पर मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने स्कूटी सवार को जख्मी हालत में सिविल अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां, प्राथमिक उपचार के बाद युवक के अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। प्रभारी निरीक्षक विक्रम सिंह के मुताबिक, विधानभवन के पास एक स्कूटी सवार युवक की गर्दन में पतंग का मांझा उलझ गया। जिससे स्कूटी सवार की गर्दन धारदार मांझे से कट गई। गर्दन कटने के बाद स्कूटी सवार अचानक सड़क पर गिर पड़ा। उसकी गर्दन से खून निकलता देखता मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने फौरन रुमाल लगाकर खून रोकने की कोशिश की। इसके बाद स्कूटी सवार को ई-रिक्शा में बैठकर कर सिविल अस्पताल में पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद जख्मी युवक को अस्पातल से छुट्टी दे दी गई।

## वाहनों के फाइनेंस के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले छह गिरफ्तार

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। दोपहिया वाहनों के फाइनेन्स में फजीर्वाड़ा कर करोड़ो रुपये की धोखाधड़ी करने वाले गैंग के सरगना समेत छह सदस्यों को यूपी एसटीएफ ने लखनऊ कमिश्नरेट के इंदिरा नगर थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया है।जिनके पास से बीस दो पहिया वाहन बरामद हुए है।एडीजी यूपी एसटीएफ/कानून व्यवस्था अमिताभ यश ने बताया कि पकड़े गए आकिब खान और अभिषेक सिंह व मो0 इब्राहिम तथा जुनैद खान और अब्दुल दानिश खान तथा मो० उस्मान उर्फ बाबू सभी लखनऊ के रहने वाले है।इनके पास से दो पहिया वाहनों के अलावा छह मोबाइल और नकद 9570 रुपए बरामद हुए है।पकड़े गए आरोपी अभिषेक ( हीरो फाइनेंस ) तथा शशांक श्रीवास्तव ( चोला मण्डलम बैंक में एक्जीक्यूटिव ) के साथ मिलकर यह काम करते हैं ।जिसमें मो० इब्राहिम किसी गरीब और बेरोजगार आदमी को विश्वास में लेकर उसके आधार कार्ड की व्यवस्था करता है तथा उसे आकिब खान को देता है । आकिब खान उस आधार कार्ड को इस प्रकार एडिट करके हुए फर्जी पता दर्ज कर देता है कि बैंक वाले उस पते को खोज न पायें । यदि किसी तरह वह उस फर्जी पते पर पहुंचे भी तो उन्हें वह आदमी व वाहन न मिले ।इसके लिए आकिब खान अलग अलग साइबर कैफे से आधार कार्ड की एडिटिंग करता हैं । आकिब खान उस एडिट किये हुए आधार कार्ड को लेकर अभिषेक सिंह को देता है । जिस पर अभिषेक सिंह आकिब को बताता है कि वह किस शोरूम पर जाकर मोटरसाइकिल और स्कूटी फाइनेंस करवा सकता है।आकिब उस शोरूम पर जाता है जहां से अभिषेक तथा शशांक श्रीवास्तव के कारण आसानी से फाइनेंस हो जाता है और मोटरसाइकिल और स्कूटी तुरन्त मिल जाती है । आकिब उस मोटरसाइकिल और स्कूटी को लेकर मो० इब्राहिम , जुनैद खान , अब्दुल दानिश को दे देता है ।जिसके बाद मो0 इब्राहिम , जुनैद खान , अब्दुल दानिश उन मोटरसाइकिल और स्कूटियों को अलग अलग जिलों में वास्तविक दाम से कम दाम पर बेच देते हैं ।

## विधानमंडल सत्र के चलते गंज के पास आज बदला रहेगा यातायात

**लखनऊ।** विधानमंडल का द्वितीय सत्र 29 जुलाई से शुरू होने के कारण हजरतगंज के आसपास बंदरियाबाग, राजभवन, विधान भवन, लोकभवन के आसपास का रास्ता बदला रहेगा। इस दौरान नौ रास्तों पर डायवर्जन लागू रहेगा। वाहन सवार वैकल्पिक रास्ते से आवागमन कर सकेंगे। इस दौरान बंदरियाबाग चौराहे से वाहन राजभवन, डीएसओ चौराहा, हजरतगंज चौराहा, जीपीओ मोड़, विधानसभा नहीं जा सकेगे। डीएसओ चौराहा से हजरतगंज, जीपीओ पार्क, विधानसभा मार्ग की ओर वाहन नही जा सकेगे। रॉयल होटल चौराहे से विधानसभा के सामने से हजरतगंज चौराहा की ओर नहीं जा सकेगे। संकल्प वाटिका पुल के नीचे से आने वाले वाहन सिकन्दरबाग चौराहा, हजरतगंज चौराहा, विधानसभा की ओर नही आ सकेगे। केकेसी तिराहे से चारबाग की तरफ से आने वाले बसें हुसैनगंज चौराहा, रॉयल होटल चौराहा, विधानसभा की ओर नही आ सकेगे। गोमतीनगर की तरफ से आने वाले बसें सिकन्दरबाग चौराहा, हजरतगंज चौराहा, विधानसभा की ओर नही जा सकेगी। सिकन्दरबाग चौराहे से हजरतगंज, विधानसभा की ओर वाहन हजरतगंज चौराहा की तरफ नही जा सकेगी। परिवर्तन चौक, हिन्दी संस्थान तिराहे से हजरतगंज चौराहा होकर विधानसभा की ओर वाहन नही जा सकेगे। डीएसओ चौराहा से सिसेंडी तिराहा, रॉयल होटल चौराहे की तरफ वाहन नहीं आ-जा सकेगा।

## सर्राफा के साथ हुई टप्पेबाजी

गोसाईगंज। गंगागंज में सरार्फा दुकान में जेवरात खरीदने गए एक महिला और दो लड़कों दो जोड़ी झाले पर हाथा साफ कर दिया। दुकानदार ने जब जेवरातों का मिलान किया तो उसने से दो जोड़ी झाले कम मिले। बाराबंकी के लोनीकटरा थाना क्षेत्र के जौरसा गाँव निवासी अमन रस्तोगी ने पुलिस को बताया कि शनिवार को एक महिला दो लड़कों के साथ दुकान पर आई और झाले देखने लगी। इसबीच उसने साढ़े पाँच ग्राम के दो झालो पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

## मेड़ बांधने को लेकर दो पक्षों में मारपीट

मोहनलालगंज। मेड बांधने के विवाद में दो पक्षो में मारपीट हो गयी। निगोहां के दखिना शेखपुर गांव निवासी रमजान ने बताया कि रविवार को उसके गांव के ही नफीस अपने परिवारीजनों के साथ उसके खेत में जबरन मेड़ बांध रहे थे। जिसका विरोध करने पर सभी ने मिलकर उसपर पत्थर से हमला कर सर फोड़ दिया। एसओ अनुज कुमार तिवारी ने बताया कि घायल को उपचार के लिए सीएचसी भेजा गया है।

## ब्राम्हण महासभा ने बंथरा थाने में किया प्रदर्शन

लखनऊ। बंथरा में सप्ताह भर पहले मामूली विवाद में हुए रितिक (20) हत्याकांड को लेकर अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा द्वारा रविवार को दारोगा इब्ने हसन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए थाना परिसर में धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रहे ब्राह्मण महासभा के लोग इब्ने हसन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए उसे बर्खास्त करने के साथ ही उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने की मांग कर रहे थे। उनका कहना था कि जब यह घटना हुई और परिजन थाने पहुंचे तो उस समय दारोगा इब्ने हसन ने पीड़ित परिजनों की बात को नजरअंदाज कर दिया और खुद मोबाइल पर लूडो खेलते रहे। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित राजेंद्र नाथ त्रिपाठी के नेतृत्व में करीब ढाई घंटे तक चले प्रदर्शन के दौरान एसीपी कृष्णा नगर विनय द्विवेदी ने प्रदर्शनकारियों को काफी समझाने की कोशिश की। लेकिन वह उनकी बात मानने को तैयार नहीं हुए, बल्कि सक्षम अधिकारी को मौके पर बुलाने की मांग पर अड़े रहे।

## नारायण सेवा संस्थान ने किया नि:शुल्क शिविर का आयोजन

**लखनऊ।** नारायण सेवा संस्थान, उदयपुर के तत्वावधान में रविवार को लखनऊ के किसान बाजार, विभूति खंड स्थित एक होटल में निःशुल्क ऑपरेशन जांच-चयन और नारायण लिंब व केलिपर्स माप केम्प आयोजित हुआ। इसमें 212 लोगों को ऑपरेशन और 690 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षणा कया गया। शिविर का उद्घाटन यूपी के दिव्यांगजन सशक्तिकरण व पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री नरेंद्र कश्यप, मेयर सुषमा खर्कवाल, एमएलसी रामचंद्र प्रधान एवं गौरी शंकर गुप्ता ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस मौके पर दिव्यांगों, उनके परिजनों और लखनऊ के सम्मानित सदस्यों को सम्बोधित करते हुए मंत्री कश्यप ने कहा मैं संस्थान की सेवाएं देखकर अभिभूत हूं।

## आग में फंसे चार लोगों को दमकल कर्मियों ने बचाया





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** कैसरबाग में रविवार को भानुमति चौराहे पर स्थित चार मंजिला बिल्डिंग में आग लगने से वहां पर मौजूद चार युवक फंस गए। दमकल कर्मियों ने चार गाड़ियों ने चारों को बाहर निकाल कर आग पर काबू पा लिया।

भानुमति चौराहे के पास मनीष पॉल की चार मंजिला बिल्डिंग है। रविवार दोपहर बिल्डिंग के भूतल पर बनी दुकान में लगे एसी का कंप्रेसर अचानक फट गया और आग लग गई। धमाका इतना तेज था कि लोग सहम गए। घटना के समय दुकान अंदर से बंद थी। देखते ही देखते आग विकराल हो गई और पूरी बिल्डिंग में धुआं भर गया। इस बीच वहां रह रहे मो. शारिक, अभिषेक मिश्रा, अभिषेक कुमार और अभिषेक सिंह फंस गए।

चारों छत पर पहुंच गए और चीखने लगे। शोर सुन आसपास के लोगों ने घटना की जानकारी दमकल को दी। वे खुद भी आग बुझाने लगे मगर लपटें तेज होने के कारण वह असफल रहे। इस बीच दमकल कर्मी भी चार गाड़ियों के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए। आग की भयावहता देख दमकल कर्मी आनन-फानन दो टीमों में बट गए। पहली टीम आग पर काबू पा लगी। वहीं दूसरी टीम में दो दमकल कर्मियों को ब्रीदिंग आपरेटस सेट पहनाकर चौथी मंजिल पर भेजा गया। साथ ही हाइड्रोलिक प्लेटफार्म मंगाई गई, इसके जरिये चारों युवकों को सुरक्षित नीचे उतार लिया गया। लोगों को बचाने के बाद दमकल ने बोल्ट कटर से ताला काटकर दुकान के अंदर पहुंचे और स्मोक एग्जॉस्ट से धुआं निकाला। फिर कर्मियों ने एक घंटे में आग पर काबू पाया। दमकल कर्मियों ने एक-एक कार अन्य कमरों में भरे धुएं को भी बाहर निकाला। सीएफओ मंगेश कुमार के मुताबिक बिल्डिंग में कई दुकानें बनी हुई हैं। गनीमत रही कि आज साप्ताहिक अवकाश था। नहीं तो बड़ी घटना हो सकती थी। साथ ही जनहानि की भी संभावना थी। वहीं बिल्डिंग के मालिक से दस्तावेज मांगे जाएंगे, जो न देने पर बड़ी कार्रवाई होगी।

## दूध टैंकर में घुसने से पिकअप चालक की मौत

काकोरी। रविवार की सुबह बबुरिया खेड़ा गांव के पास आउटर रिंग रोड पर तेज रफ्तार पिकअप सड़क किनारे खड़ी दूध टैंकर से पीछे से जाकर घुस गयी। जिससे पिकअप चालक की मौत हो गयी। प्रभारी निरीक्षक काकोरी नवाब अहमद के मुताबिक आउटर रिंग रोड के पास एक तेज रफ्तार पिकअप चालक समेत दूध के टैंकर से पीछे से जाकर अन्दर घुस कर बुरी तरह से फंस गई। जिसमें पिकअप चालक फैसल निवासी कबीर नगर थाना नौबस्ता जनपद कानपुर उसमें फंस गसा। मौके पर पहुचीं पुलिस ने क्रैन की मदद से दूध टैंकर में फंसी पिकअप को बाहर निकाल कर चालक को बाहर निकाला। लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। इंस्पेक्टर काकोरी के मुताबिक टैंकर गुजरात का है। दोनों वाहनों को कब्जे में लिया गया है। तहरीर के आधार पर कार्रवाई होगी। मृतक फैसल के पिता नफीस दिल्ली में टेलर हैं। परिवार में पत्नी रुखसाना और एक बेटा है।

## युवक का शव मिलने से मचा हड़कंप

लखनऊ। आलमबाग कोतवाली इलाके स्थित चंदर नगर पार्किंग के पास शनिवार शाम 40 वर्षीय युवक का शव मिलने से हडकंप मच गया। लोगों की सूचना पर पहुचीं पुलिस ने शव को लोकबंधु अस्पताल पहुंचाया। जहाँ जांच के बाद डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। प्रभारी निरीक्षक शिव शंकर महादेवन ने बताया कि मृतक ने काही रंग का लोवर, हल्की ग्रीन रंग की टी शर्ट पहन रखा था। देखने में वह मजदूर लग रहा था। मृतक की पहचान नहीं हो सकी है।

## छात्र पर धारदार हथियार से हमला

लखनऊ। आशियाना थाना क्षेत्र में संचालित बीबीएयू यूनिवर्सिटी के पीएचडी छात्र पर स्टूल के विवाद को लेकर धारदार हथियार से हमला कर फरार हो गए। प्रभारी निरीक्षक छत्रपाल सिंह ने बताया कि मूल रूप से झांसी के रहने वाले छात्र राजेश कुमार ने बताया कि वह बीबीएयू यूनिवर्सिटी से शोधकार्य पर पीएचडी कर रहा है। बीते शुक्रवार की शाम को अपने दोस्त नाथू भारती और विवेक के साथ कैम्पस के बाहर चाय पीने गोपाल टी स्टाल पर गया था। आरोप है कि उस दौरान चाय दुकान पर मौजूद शाकीब, आकीब और उवैद स्टूल उससे जबरदस्ती छीनने लगे।

## रुपये छीनने के विरोध पर युवक को पीटा, केस दर्ज

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। पीजीआई के कल्ली पश्चिम में शनिवार शाम रुपये छीनने के विरोध पर दबंगो ने एक युवक की पिटाई कर दी। चीख पुकार पर आसपास के लोगों को जुटता देखकर आरोपित धमकाते हुए भाग निकले। कल्ली पश्चिम के अमोल निवासी आदर्श तिवारी के मुताबिक शनिवार शाम पास की दुकान पर सामान खरीदने गए थे। इस बीच वहां बच्चन रावत, रघुराज और बलजीत आ धमके। तीनों ने उनकी जेब से पांच सौ रुपये निकाल लिए। विरोध पर लाठी डंडे से पिटाई कर दी। इंस्पेक्टर पीजीआई ब्रजेश चंद्र तिवारी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

**दुराचार का आरोपी गिरफ्तार:** छेड़खानी और दुराचार के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। विगत 12 जुलाई की शाम निगोहा क्षेत्र निवासी महिला के साथ पड़ोसी संतोष उर्फ शेरा ने शराब के नशे में धुत होकर छेड़छाड़ की। विरोध करने पर मारपीट करते हुए उसके साथ दुराचार किया था। महिला के शोर मचाने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुये फरार हो गया था। थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने बताया कि पीड़िता की भाभी की शिकायत पर आरोपी संतोष उर्फ शेरा को घेराबंदी कर उसके गांव से ही गिरफ्तार कर उसे जेल भेज दिया गया।

**मोबाइल चोरी:** मोबाइल चोरी की रिपोर्ट 15 दिन बाद दर्ज की गयी है। मूल रूप से पंडारा नवाबगंज बाराबंकी निवासिनी शबीना के अनुसार वह सेक्टर एल एलडीए कालोनी कानपुर रोड़ में रहती है। बीती 12 जुलाई की तडके चोरों ने उनके घर से मोबाइल फोन चोरी कर लिया।

## पांच लाख की फिरौती मांगने वाले आरोपी गिरफ्तार

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** बिजनौर पुलिस ने अपहरण कर पांच लाख रुपए की फिरौती मांगने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। एडीसीपी शंशाक सिंह ने बताया कि आरोपी की पहचान पवन यादव निवासी ग्राम विधौली थाना सहायल जनपद औरया के रूप मे हुयी है। जो वर्तमान में थाना रावतपुर जनपद कानपुर नगर में रह रहा है। जिसे औरंगाबाद अण्डरपास के पास से गिरफ्तार किया गया है। बिजनौर इंस्पेक्टर अरविंद कुमार राणा के मुताबिक नई दिल्ली के उत्तम नगर में रहने वाली हिमांशी ने बीते दिनों रिपोर्ट दर्ज कराई थी की 12 जुलाई की रात वह अपने पति महेंद्र कालरा के साथ बिजनौर के औरंगाबाद स्थित एसआर होटल के पास थी। तभी एक्सयूवी कार सवार अज्ञात लोगों ने महेंद्र के साथ गाली गलौज और मारपीट की। बाद में उसे अपनी कार से अगवा कर लिया। बदमाशों ने महेन्द्र को छोड़ने की एवज में पांच लाख रुपये की फिरौती मांगी थी। जिसे न देने पर उसे मार कर शव गंगा नदी में फेंकने की धमकी दी थी। बदमाशों की धमकी से दहशत में आकर हिमांशी ने उनके पेटीएम और मोबाइल नंबर पर 50 हजार रुपये भेज दिए। लेकिन बदमाश इसके बाद भी पांच लाख रुपए की फिरौती मांगते रहे। उसी दिन शाम को जब बदमाश कानपुर स्थित झकरकटी बस स्टॉप के पास कार रोक कर चाय पीने लगे। तभी महेंद्र उनसे बचकर लखनऊ चला आ गया था।

**पांच अन्य बदमाशों के नाम आये सामने:** इस मामले में बिजनौर पुलिस और क्राइम टीम ने मिलकर बिजनौर के कैथी गांव के पास एक्सयूवी कार सहित कानपुर के कल्याणपुर निवासी हिमांशु यादव, कन्नौज के ठठिया स्थित फखरपुर बरेवा निवासी संदीप सिंह, कन्नौज के ही मतौली ने श्यामजी कुशवाहा और कानपुर नगर के कल्याणपुर स्थित विकास नगर निवासी सौरभ यादव को पकड़कर उन्हें जेल भेज दिया। लेकिन पकड़े गए चार आरोपियों के बाद भी पुलिस जांच में पांच अन्य बदमाशों पुष्पेंद्र सिंह, विकास कुमार, पवन यादव, राना गुप्ता और लाखन के नाम सामने आए थे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत भरथुआ, वि.ख. दोस्तपुर, जनपद-सुलतानपुर**

पत्रांक-मेमो/ग्रा0पं0/निविदा/कोटेशन सूचना/2024-25 दिनांक-28.07.2024

**अल्पकालीन निविदा/कोटेशन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत भरथुआ, वि0ख0 दोस्तपुर, सुलतानपुर में राज्य वित्त/पंचम वित्त/15वां वित्त/मनरेगा योजनान्तर्गत वर्ष 2024-25 में प्राप्त धनराशि से होने वाले निर्माण कार्य हेतु सामग्री आपूर्तिकताओं/ठेकेदारों से निविदा/कोटेशन दरें आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म निविदा प्रकाशन तिथि दिनांक 29.07.2024 से दिनांक 05.08.2024 तक कार्यालय ग्राम पंचायत भरथुआ पर ग्राम प्रधान/सचिव को दोपहर 02:00 बजे तक उपलब्ध करा सकते है। निविदा दिनांक- 05.08.2024 को निविदादाताओं की उपस्थिति में शाम 03:00 बजे खोली जाएगी। दरें पी.डब्ल्यू.डी. द्वारा जारी दरों से अधिक नहीं होनी चाहिए। विवरण निम्न प्रकार है-

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रुपये में) | सामग्री विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | मोतिगरपुर पिचरोड से कल्लू के घर तक इण्टरलॉकिंग कार्य। | 2.50 लाख। | ईंट, गिट्टी, बालू, मोरंग, सीमेंट, इण्टरलॉकिंग ईंट व अन्य सामग्री। |
| 2. | रामतीरथ के हैण्डपम्प से प्रा.पा. हटियवां तक नाली निर्माण कार्य। | 2.50 लाख। | ईंट, बालू, मोरंग, सीमेंट व अन्य सामग्री। |
| 3 | दिलीप के घर से प्रदीप के घर तक इण्टरलॉकिंग कार्य। | 2.30 लाख। | ईंट, गिट्टी, बालू, मोरंग, सीमेंट, इण्टरलॉकिंग ईंट व अन्य सामग्री। |
| 4 | मेन सड़क पुलिया से रमेश के घर से होते हुए अच्छेलाल के घर तक इण्टरलॉकिंग कार्य। | 3.99 लाख। | ईंट, ईंट गिट्टी, बालू मोरंग, इण्टरलॉकिंग ईंट व अन्य सामग्री। |

**नोट**- समस्त नियम व शर्तें लागू होंगी। कार्यालय के किसी भी कार्यदिवस में देखी जा सकती है।

ग्राम प्रधान/सचिव
ग्रा.पं.- भरथुआ, वि.ख.- दोस्तपुर
जनपद-सुलतानपुर

## चोरों ने बंद घरों और दुकानों पर बोला धावा

- जेवरात समेत नगदी व अन्य सामान चोरी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** ठाकुरगंज में चोरों ने शिक्षिका के बंद घर को निशाना बनाकर लाखों के जेवर पार कर दिए। उधर अलीगंज में चोरों ने सेवानिवृत्त पुलिसकर्मी के बंद घर से जेवर और 25 हजार रुपये चोरी कर ले गए। जबकी दुबग्गा में चोरों ने दुकान के ताले तोड़कर सामान चोरी कर लिया। सरफराजगंज निवासी शाजिया निजी स्कूल में पढ़ाती हैं। शाजिया के मुताबिक नौ जुलाई को हुसैनाबाद स्थित ससुराल गई थीं। जब वह बीती 25 जुलाई को लौटी तो देखा कि अलमारी में रखे करीब 17 लाख के जेवर गायब थे। उन्होंने किरायेदार अंशु और पत्नी समरीन पर केस दर्ज कराया है। उधर अलीगंज के त्रिवेणीनगर में रहने वाले विष्णु सिंह पुलिस विभाग से रिटायर हैं। विष्णु कुमार के मुताबिक बीती 24 जुलाई की रात वह दोस्त के घर रुके थे। अगले दिन सुबह घर लौटे तो घर का ताला टूटा था। अलमारी में रखे दो लाख के जेवर और 25 हजार चोरी हो गए थे। वहीं मोहित जायसवाल निवासी अमन बिहार न्यू हैदरगंज तालकटोरा ने दुबग्गा कोतवाली पर सूचना दिया कि झाकरबाग चौराहे पर स्थित बीयर की दुकान पर सेल्समेन के पद पर कार्यरत है। जहां से चोरों ने दुकान का ताला तोड़कर करीब 10 हजार की नगदी समेत दो पेटी बीयर चोरी कर ले गये। वहीं चोरों ने बियर की दुकान के बगल में स्थित चोकर की दुकान से आठ हजार रुपये चोरी कर लिये। दुकान सनी निवासी जमालनगर दुबग्गा की है। लोगों ने बताया कि यहां देर रात तक पुलिस की 112 नम्बर की गाड़ियां खड़ी रहती है। इसी चौराहे पर एक कोल्ड ड्रिंक-चाय की दुकान है जो रात भर खुलती है। इसके बाद पुलिस यहां गश्त करने का दावा कर रही। इसके बावजूद चोरी की घटनाएं हो रही। इंस्पेक्टर अभिनव कुमार वर्मा का कहना है कि एफआईआर दर्ज कर चोरों की तलाश की जा रही है। घटना स्थल के आस-पास की सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे है।

**चोरी की दस बाइकों के साथ दो गिरफ्तार:** पुलिस ने चोरी की दस बाइकों के साथ दो चोरों को गिरफ्तार किया है। एडीसीपी शंशाक सिंह ने बताया कि चेकिंग के दौरान किसान पथ के पास हरिकंश गढ़ी अंडर पास के पास से दो संदिग्धों को पकड़ा गया। जिनके पास से चोरी की बाइक बरामद की गयी। प्रभारी निरीक्षक आलोक राव ने बताया कि पकड़े गए युवकों से कड़ी से पूछने पर बताया कि बाइकें चोरी की है। पकड़े गए युवकों ने अपना नाम जयप्रकाश उर्फ प्रकाश उर्फ बाबादीन व नागेंद्र गौतम निवासी छुलामऊ थाना पुरवा जनपद उन्नाव बताया। चोरों ने बताया कि बरामद बाइक खुझौली व बरकत नगर सहित अन्य इलाकों से रैकी करके चोरी की है। इसके अलावा चोरों ने आशियाना, कृष्णा नगर, सरोजनीनगर ,पीजीआई व तेलीबाग सहित कई इलाकों पिछले छह महीने में चोरी की घटनाओं को दिया दिया है। चोरों ने बताया कि बाइको को आने साथी आरिफ उर्फ शरीफ के साथ मिलकर नेपाल में अच्छे दामों में बेचते है। पुलिस बाइक चोरी के गिरोह के अन्य सदस्यों की धरपकड़ के लिए जांच कर रही है।

## विवाहिता की मौत पर प्रेमी पर लगाया हत्या का आरोप

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। जिसके महिला के पति ने उसके प्रेमी पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच कर रही है। बाजारखाला थाना क्षेत्र के मोतीझील कालोनी निवासी कमल कुमार ऐशबाग में एक आरा मशीन में मिस्त्री का काम करता है। जिसने बताया कि पचीस वर्ष पूर्व उसका विवाह संजय नगर निवासी दीपमाला (43) के साथ हुआ था। जिससे उसके चार बेटे व एक बेटी है। कमल कुमार ने बताया कि संजय नगर निवासी राज कुमार से कोरोनाकाल में उसकी पत्नी दीपमाला से नजदीकियां बढ़ गयी थी। जिसका विरोध करने पर अक्सर दीपमाला उससे झगड़ा करती रहती थी। इसी साल अक्टूबर महीने में दीपमाला झगड़ा करके सबसे छोटे मासूम बेटे बाला उम्र डेढ़ वर्ष को लेकर घर से चली गयी। जब उसके मायके में जाकर पता किया तो वंहा भी नहीं मिली। काफी तलाश करने पर पता चला कि वह राजकुमार के साथ बाजारखाला के गुलजार नगर में किराये पर कमरा लेकर रह रही है। जब उसे खोजते हुयें वहां पहुचां तो दोनों वहां पर साथ मिले थे। जिस पर उसका दोनों में झगड़ा हो गया। मौके पर पहुचीं पुलिस सभी को थाना बाजारखाला ले आयी थी। जहां हम लोगों को रातभर थाने पर बैठाये रखा। जिसके बाद दीपमाला और राजकुमार ने मिलकर मुझ पर पारिवारिक न्यायलय में वाद दाखिल कर दिया था। काउंसलिंग के बाद दीपमाला फिर से मेरे मोतीझील कालोनी वाले घर पर रहने लगी थी। जो दोपहर 12 बजे घर से चली जाती थी, और रात आठ बजे आती थी। पूछने पर कहती थी कि आलमबाग में किसी के घर खाना बनाने का काम करती है। पीड़ित कमल के अनुसार बीते शनिवार की रात साली वर्षा ने उसकी बेटी दिव्या के मोबाईल पर फोन कर जानकारी दी कि तुम्हारी माँ दीपमाला का एक्सीडेंट हो गया है। वह बलरामपुर हॉस्पिटल में एडमिट है, तुरंत हैदरगंज चौराहे पर आ जाओ। दिव्या ने बताया कि जब हम और हमारा भाई सौरभ वहां पहुंचे तो मेरी मौसी वर्षा, नाना और मेरी माँ का प्रेमी राज कुमार मेरे डेढ़ साल के भाई बाला को मुझे देते हुए बताया कि तुम्हारी माँ दीपमाला बाईक से गिर गयी है। जिसे बलरामपुर अस्पताल में एडमिट किया था। जहाँ उसकी मौत हो गयी है। मृतका के पति कमल कुमार ने राजकुमार पर पत्नी दीपमाला की हत्या करने का आरोप लगाया है।

# सावन का दूसरा सोमवार आज, शिवजी का होगा विशेष श्रृंगार





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सावन माह के दूसरे सोमवार को लेकर राजधानी के सभी शिव मंदिरों में तैयारी पूरी हो गई हैं। देर रात से ही मंदिर रोशनी से जगमगा उठे। श्रद्धालुओं की कतार भी रात से लग गई। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस के साथ सेवादार भी मुस्तैद रहेंगे। राजेन्द्रनगर स्थित महाकाल मंदिर में रात 12 बजे कपाट खुल जाएंगे। बाबा का भस्म और अश्वगंध से श्रृंगार होगा। इसके बाद उज्जैन स्थित महाकाल की तर्ज पर भस्म आरती होगी। आरती के बाद भक्त जल व दुग्धाभिषेक कर सकेंगे।

चौक स्थित कोतवालेश्वर मंदिर में रोज की तरह जलाभिषेक से पूजन की शुरूआत होगी। बाबा का फल फूल और मेवे से श्रृंगार होगा। सुबह और शाम भोलेनाथ की भव्य आरती होगी। उधर, सदर स्थित द्वादश ज्योतिर्लिंग के कपाट सुबह पांच बजे खुल जाएंगे। भोलेनाथ का भव्य श्रृंगार होगा। भक्त भोलेनाथ, मां पार्वती और गणेश जी के एक साथ दर्शन कर सकेंगे। डालीगंज स्थित मनकामेश्वर मंदिर में देर रात से ही भक्तों की भीड़ जुटने लगी। 51 लीटर दुग्ध से भोलेनाथ का अभिषेक होगा। भोर में चार बजे भोलेनाथ की आरती के साथ मंदिर के कपाट खुलेंगे। भोलेनाथ नग जणित पगड़ी पहन कर दर्शन देंगे। भीड़ को काबू में करने के लिए सेवादार तैनात रहेंगे। भक्त, जल, दुग्ध, बेलपत्र, धतूरा अर्पित कर भोलेनाथ का पूजन करेंगे।

**मंदिरों में तड़के से होंगे दर्शन:** सावन के दूसरे सोमवार पर शिव मंदिर भव्य सजाए गए हैं। डालीगंज के प्राचीन मनकामेश्वर मंदिर में रविवार देर रात ही भक्त लाइन लगाने लगते हैं। मंदिर में 501 लीटर दूध से बाबा महादेव का अभिषेक होगा। उसी दूध से खीर का प्रसाद बनाकर दिनभर बंटेगा। शहर के मंदिरों में सोमवार रात 12 बजे तक भक्त महादेव के दर्शन कर सकेंगे। चौक के कोनेश्वर मंदिर के संयुक्त मंत्री राजीव मेहरोत्रा ने बताया कि विजय प्रदोष मंडल की ओर से पं. दिनेश झिंगरन के नेतृत्व में 30 ब्राह्मण दो माह तक रोज शाम 7:30 बजे से रात 9:30 बजे तक शिवार्चन करेंगे। सोमवार को पुजारी अमरनाथ मिश्रा 21 दीपों से महाआरती करेंगे। हर सोमवार को ढाई कुंतल ठंडाई बांटी जाएगी।

**रोजाना अलग रूप में श्रृंगार:** राजेंद्र नगर के महाकाल मंदिर संयोजक अतुल मिश्रा ने बताया कि सावन के सभी सोमवार पर तड़के उज्जैन महाकाल मंदिर की तर्ज पर भस्म आरती और रूद्राभिषेक होगा। रोजाना बाबा महाकाल का अलग रूप में श्रृंगार होता है। सदर स्थित द्वादश ज्योतिर्लिंग धाम के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, अंकुर अग्रवाल ने बताया कि सोमवार 12 ज्योतिर्लिंग पर रूद्राभिषेक किया जाएगा।

**भस्म आरती आज:** पुलिस लाइन स्थित हरि ऊं शिव मंदिर मे सावन के दूसरे सोमवार को भगवान भोलेनाथ की भस्म आरती होगी। मन्दिर के पुजारी जितेन्द्र जी महाराज ने बताया कि भस्म आरती प्रातः 5:30 बजे होगी। उसके बाद जलाभिषेक और फिर रुद्राभिषेक का आयोजन किया जायेगा। शाम को प्रवचन होगा। इसी प्रकार राजेन्द्रनगर के महाकाल शिव मन्दिर में भस्म आरती, रुद्राभिषेक का आयोजन होगा। मन्दिर के व्यवस्थापक अतुल मिश्रा ने बताया कि सावन के सभी सोमवार को उज्जैन के महाकालेश्वर की तर्ज पर भस्म आरती होगी। उन्होंने बताया कि भोर के 4 बजे भस्म आरती और 4:20 पर उज्जैन से लाया गया हरिहर जल से भोलेनाथ का पंचामृत स्नान होगा।

**यहां भी होंगे आयोजन:** चैपटिया स्थित प्राचीन बड़ा शिवाला के भक्त ऋद्धि किशोर गौड़ ने बताया की पूरे सावनभर भोलेनाथ का फूलों से श्रृंगार होगा। तथा आचार्यो द्वारा रुद्राभिषेक का आयोजन किया जायेगा। नादान महल रोड पर स्थित सिद्धनाथ मन्दिर सजावट व भोलेनाथ का श्रंगार देखने वाला होता है। प्राचीनकाल से चला आ रहा यहां का रुद्राभिषेक प्रसिद्ध है। प्रत्येक सोमवार को करीब 50 लीटर दुध से भोलेनाथ का अभिषेक करेंगे। चौक स्थित कोनेश्वर महादेव मन्दिर में कई कुंटल फूलों से भोलेनाथ का श्रृंगार और रुद्राभिषेक होगा। आगामीढ़ द्योढ़ी सुभाष मार्ग स्थित महामंगलेश्वर महादेव मन्दिर सावन के दूसरे सोमवार को गेंदा, गुलाब, चांदनी आदि फलों से मन्दिर को सजाया जाएगा। मोहान रोड स्थित बुद्धेश्वर महादेव मन्दिर में पूरे सावन भर तथा सावन के बुधवार को यहां मेला लगेगा। खदरा के आशुतोष शिव मन्दिर के महंत सुरेन्द्र दास ने बताया कि सावन के सभी सोमवार को ओम नमः शिवाय का संगीतमय पाठ होगा।

## सदर मंदिर में होंगे शिव जी के 12 स्वरूपों के दर्शन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** भगवान शिव को समर्पित सावन माह में भोलेनाथ के दर्शन की कामना कर भक्त शिव मंदिरों की ओर से रुख करते हैं। देश के कोने-कोन में कुल 12 ज्योतिर्लिंग स्थित हैं। यदि आप सुदूर यात्रा नहीं कर पा रहे हैं तो सदर इलाके में द्वादश ज्योतिर्लिंग मंदिर आएं। यहां भोलेनाथ के 12 स्वरूपों के दर्शन कर सकते हैं। यह मंदिर जल संरक्षण के प्रति भी जागरूक भी करता है। शिवार्चन और रुद्राभिषेक के साथ ही भगवान शिव को चढ़ने वाला जल सीधे जमीन में जाकर भूजल स्तर बढ़ाता है।

मंदिर में द्वादश ज्योतिर्लिंग के दर्शन का पुण्य एक स्थान पर मिलता है। राजधानी में अपनी तरह का ऐसा पहला मंदिर है, जहां जल चढ़ाने के लिए आपको गंगाजलयुक्त शुद्ध जल शिवलिंग के पास ही मिल जाता है। शिवलिंग पर चढ़ा जल नालियों के बजाय सीधे रीचार्जिंग के लिए जमीन में चला जाता है। मंदिर कमेटी के पदाधिकारी राजेश अग्रवाल ने बताया कि मंदिर में परिवार के साथ रुद्राभिषेक करने की पूरी व्यवस्था रहती है। एक साथ 12 परिवार मंदिर में बैठकर रुद्राभिषेक करते हैं। सावन के चारों सोमवार व नागपंचमी पर मंदिर में बड़ी संख्या में भक्त दर्शन के लिए आते हैं।

**भोले बाबा का होगा विशेष श्रृंगार:** सदर बाजार स्थित द्वादश ज्योतिर्लिंग धाम में सावन के दूसरे सोमवार पर भोलेनाथ का विशेष श्रृंगार होगा तथा 13 परिवारों द्वारा महारुद्राभिषेक पूजन पं. मगलू पाधा के सानिध्य में होगा। मन्दिर समिति के अध्यक्ष राजेश चन्द्र अग्रवाल ने बताया कि मन्दिर सुबह पांच बजे खुल जायेगा और भक्तों के लिए सभी ज्योर्तिलिंगों पर गंगाजल से अभिषेक करने की सुविधा रहेगी। उन्होने बताया भोलेनाथ पर चढ़ा हुआ दुध बाद में भक्तों को प्रसाद के रुप में बांट दिया जाता है। रविवार को बड़ी संख्या में लोगों ने रुद्राभिषेक कराया।

## दूसरे सोमवार पर बन रहे चार शुभ योग

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** हिंदू धर्म में हर महीने का विशेष महत्व है। वहीं सावन माह को बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है। सावन माह में पड़ने वाली सभी तिथि और व्रत को सौभाग्य का कारक माना गया है। सावन माह भगवान शिव को बेहद प्रिय है। इस माह में अगर आप शिव जी की कृपा पाना चाहते हैं, तो विधिवत रूप से उनकी पूजा करें। वहीं इस साल सावन की शुरूआत हो गई है और इसका समापन भी सोमवार के दिन ही होगा। इस बार सावन में 5 सोमवार व्रत हैं। जिसके कारण सावन को और भी अधिक महत्वपूर्ण माना गया है। सावन माह का दूसरा सोमवार का व्रत 29 जुलाई को है। इस दिन कृष्ण पक्ष की नवमी तिथि सुबह से लेकर शाम 05 बजकर 55 मिनट तक है। उसके बाद षष्ठी तिथि शुरू हो जाएगी। सावन के दूसरे सोमवार पर भरणी नक्षत्र सुबह 10 बजकर 55 मिनट तक है और उसके बाद से कृत्तिका नक्षत्र आरंभ हो जाएगा। वहीं गण्ड योग सुबह से लेकर शाम 05 बजकर 55 मिनट तक है, फिर वृद्धि योग प्रारंभ होगा। उस दिन ब्रह्म मुहूर्त 04 बजकर 17 मिनट से लेकर 04 बजकर 59 है। वहीं अभिजीत मुहूर्त दोपहर 12 बजे से लेकर 12 बजकर 55 मिनट तक है। इस दिन अमृत काल का समय सुबह 06 बजकर 17 मिनट से लेकर सुबह 07 बजकर 50 तक रहेगा।

**इस दिन कालसर्प दोष पूजा का समय:** सावन माह के दूसरे सोमवार के दिन कालसर्प दोष के निवारण के लिए पूजा राहुकाल में करना शुभ माना जाता है। सावन के दूसरे सोमवार पर राहुकाल सुबह 07 बजकर 23 मिनट से लेकर सुबह 09 बजकर 04 मिनट तक है।

**दूसरे सोमवार के दिन रुद्राभिषेक का समय:** आप सावन के हर दिन रुद्राभिषेक कर सकते हैं। क्योंकि सावन का महीना भगवान शिव की पूजा के लिए उत्तम माना जाता है। बता दें, रुद्राभिषेक के लिए शिववास देखा जाता है। दूसरे सावन सोमवार पर शिववास सुबह से लेकर शाम 05 बजकर 55 मिनट तक है।

**सावन सोमवार का महत्व:** कहा जाता है कि सावन सोमवार का व्रत रखने से माता पार्वती को भगवान शिव पति रूप में प्राप्त हुए थे। इसलिए मनचाहे वर की प्राप्ति के लिए अविवाहित लोग ये व्रत रखते हैं। वहीं, विवाहित लोग अपने खुशहाल दांपत्य जीवन के लिए यह व्रत रखते हैं। सभी जानते हैं कि सावन का महीना भगवान शिव को प्रिय माना जाता है। सावन के सभी सोमवार बहुत शुभ होते हैं। इस दिन पूरी श्रद्धा के साथ सोमवार का व्रत रखा भगवान शिव की पूजा करने से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।

**सावन सोमवार की पूजा विधि :** सावन सोमवार व्रत के दिन सुबह उठकर स्नान कर साफ वस्त्र धारण करें। इसके बाद मंदिर की सफाई कर गंगाजल के छिड़काव से शुद्ध करें। इसके पश्चात भगवान शिव का गुड़, दही, गंगाजल, दूध, घी और शक्कर समेत आदि चीजों से रुद्राभिषेक करें। अब उन्हें बेलपत्र, चंदन, अक्षत, फल इत्यादि अर्पित करें। दीपक जलाकर आरती करें और मंत्रों का जप करें। साथ ही शिव चालीसा का पाठ करें। इसके बाद महादेव को सफेद मिठाई, हलवा, दही, पंचामृत, भांग का भोग लगाएं और लोगों में प्रसाद का वितरण करें।



सावन के दूसरे सोमवार के लिए रंग–बिरंगी लाइटों से जगमग हुआ कोनेश्वर मंदिर

# बिना विचारे जो करे सो पाछै पछताये...

### श्री बंदी माता मंदिर के 42वें वार्षिक समारोह में रोली शास्त्री ने सुनाये श्रीमद-भागवत के प्रसंग






वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मथुरा की लोक कथा वाचक रोली शास्त्री ने श्रीमद्भागवत कथा सुनाकर भाव-विभोर कर दिया। उन्होंने शिवचरित्र प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया।

दक्ष का यज्ञ, सती जी का जलना, शिव पार्वती विवाह की कथा सुनाई। उन्होंने संगीतमयी कथा में गिरिधर कवि की कुंडली बिना विचारे जो करे सो पाछै पछताए, काम बिगाड़े आपुनौ जग में होय असहाय...की प्रस्तुति से आनंदित कर दिया। वरिष्ठ समाजसेवी राधा वर्मा ने श्रीमद भागवत गीता का पूजन किया। इसके बाद मथुरा के ही पं नित्यानंद सह कलाकारों की गीत संगीतमय रासलीला में देर रात तक भीड़ रही। श्री बंदी माता मंदिर डालीगंज के 42वें वार्षिक समारोह के दूसरे दिन श्रधालु शामिल रहे। सुबह मंदिर की यज्ञशाला पर सप्तचंडी महायज्ञ चला। आचार्य शिवानंदपुरी व सहाचार्यों ने सामूहिक मंत्रोच्चार से आहुतियां देकर मंगलकामनाएं की। मुख्य मंच पर श्रीमद्भागवत गीता, रासलीला और संत-सम्मलेन हुआ।

रविवार को शाम को मुख्य मंच पर हुए समारोह में साधु-संतों, पार्षद रणजीत सिंह समेत डालीगंज की जनता ने लखनऊ की मेयर सुषमा खर्कवाल के श्री बन्दी माता मन्दिर के मुख्यद्वार की घोषणा किए जाने पर हर्ष व्यक्त किया। समारोह में बाराबंकी, कन्हईपुर हनुमान मंदिर कुटी के सहयोगी, जनप्रतिनिधि पं दुर्गेश कुमार तिवारी मुख्य समारोह के अतिथि थे। उनका स्वागत हुआ। महन्त देवेंद्रपुरी महाराज, महन्त मनोहपुरी के सानिध्य में हुए इस समारोह में महंत पूजापुरी, महंत मनोहरपुरी व महंत पूजापुरी, भास्करपुरी, राजूपुरी जी, महंत सावनपुरी जी, पार्षद रणजीत सिंह, डालीगंज के अनेक निवासी मौजूद रहे।

# सिद्धेश्वर मंदिर में 15 वर्षों से जल रही अखंड ज्योति, नाग देवता देते हैं दर्शन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** गोसाईंगंज स्थित सिद्धेश्वर महादेव धाम मंदिर बहुत प्राचीन है। करीब सात सौ वर्ष पुराने मंदिर का शिवलिंग स्वयंभू है। इस मंदिर में बीते 15 वर्षों से अखंड ज्योति निरंतर जल रही है। ऐसी मान्यता है कि नाग पंचमी और रक्षाबंधन पर इस मंदिर में नाग देवता भक्तों को दर्शन भी देते हैं।

गोसाईंगंज कस्बा निवासी पंडित अंबिका प्रसाद मिश्रा बताते है कि मंदिर का शिवलिंग स्वयंभू है। ऐसा कहा जाता है कि मुगलशासन काल में कस्बे में एक मस्जिद का निर्माण कराया जा रहा था। इसके लिए कुछ दूरी पर मजदूर मिट्टी खोद कर ले जा रहे थे। इस दौरान एक जगह पर जब मजदूर मिट्टी खोद रहे थे तो उन्हें शिव लिंग सी आकृति दिखाई दी। देखते ही देखते वहां से सांप निकलने शुरू हो गए। यह देख मजूदर वहां से भाग खड़े हुए। इसकी जानकारी तत्कालीन मुगल शासक को दी गई। इसके बाद लोगों ने इस स्थान पर मंदिर का निर्माण कराया। स्थानीय लोग बताते है कि मंदिर और कस्बे के मध्य बनी मस्जिद के गुम्बदों की बनावट लगभग एक जैसी है।

### भक्त दूर-दूर से आते हैं शिवलिंग के दर्शन के लिए

मंदिर के पुजारी रामकरन गिरी बताते है मंदिर में बीते 15 वर्षों से निरंतर अखंड ज्योति जल रही है। वहीं करीब 20 वर्ष पहले कुछ भक्तों ने इस शिवलिंग को पारा व तांबे धातु के पत्तर से मढ़ाया था। इस सिद्ध शिवलिंग के दर्शन के लिए भक्त दूर दूर से आते हैं। ऐसी मान्यता है कि सुखी दाम्पत्य जीवन की कामना के साथ कस्बे समेत गांव-गांव से नव विवाहित जोड़े सिद्धेश्वर बाबा के दर्शन के लिए जरूर आते हैं।

### नागपंचमी को नाग देवता देते हैं दर्शन

मंदिर के पुजारी श्री गिरी बताते हैं कि नागपंचमी और रक्षाबंधन को मंदिर में नाग देवता अपने भक्तों को दर्शन देते हैं। वह बताते हैं कि हर माह शुक्लपक्ष की त्रयोदशी को मंदिर में रुद्राभिषेक किया जाता है। मंदिर परिसर में राम दरबार, शीतला माता , शनिदेव का भी मंदिर स्थित है। मंदिर में प्रत्येक शनिवार को भंडारे का आयोजन भी होता है।

# बैठी सोचे बृज बाम, सूनो लागे मेरो धाम...



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय के गायन विभाग द्वारा सुजान सभागार में आयोजित त्रिदीवासीय कजरी कार्यशाला के आखिरी दिन में अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कलाकार पद्मश्री मालिनी अवस्थी को आमंत्रित किया गया।

कार्यशाला के प्रथम दिन विदुषी मालिनी अवस्थी जी ने राग तिलक कामोद में अद्धा ताल में निबद्ध ठुमरी अंग की कजरी छात्रा-छात्राओं को सिखाई जिसके बोल थे बैठी सोचे बृज बाम, सुनो लागे मेरो धाम...। साथ ही राग पीलू में दादरा अंग की ठुमरी सिखाई जिसके बोल थे हरि बिनु कारी बदरिया छाई। द्वितीय सत्र में दादरा कौन रंग मूँगवा कौन रंग मोतिया से कार्यशाला के प्रथम दिवस का समापन किया। कार्यशाला के प्रथम सत्र में विदुषी मालिनी अवस्थी जी ने विद्यार्थियों को कजरी के अलग-अलग रंगों से अवगत कराया। द्वितीय सत्र में राग देश में दादरा ताल में निबद्ध बहुप्रसिद्ध कजरी बरसन लागी बदरिया में निहित सौंदर्यतत्व एवं भावनात्मक दृष्टिकोण विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को समझाया। साथ ही राग पहाड़ी में कहरवा ताल में निबद्ध झूला सिया संग झूले से द्वितीय दिवस का समापन किया। हारमोनियम पर संगत किया पंडित धर्मनाथ मिश्र जी ने, तबले पर संगत किया श्री अनंत प्रजापति ने, ढोलक पर संगत किया। हर्षित शर्मा ने और तानपूरे पर साथ दिया विश्वविद्यालय की छात्रा मोनिका और निकिता ने। कार्यक्रम में गायन विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. सृष्टि माथुर, वाद्य विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. मनोज मिश्र, डॉ. सीमा भारद्वाज, सभी शिक्षक एवं विद्यार्थीगण मौजूद थे।

# कलाकारों ने कथक गुरु को नमन किया






वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रसिद्ध कथक गुरु पण्डित अर्जुन मिश्रा की जयंती पर उनके शिष्यों ने उन्हें नृत्य की मोहन संरचनाओं से नमन किया। अनुज अर्जुन मिश्रा डांस अकादमी की ओर से रविवार को एसएनए की वाल्मीकि रंगशाला में जयंती समारोह में शहर के अलावा कई अन्तरराष्ट्रीय कथक कलाकारों ने उन्हें नृत्यांजलि पेश की। इस दौरान स्व. अर्जुन मिश्रा पर आधारित एक डाक्यूमंट्री का प्रदर्शन किया गया।

कथक गुरु स्व. अर्जुन मिश्रा के पुत्र अनुज मिश्रा के अलावा उनकी बहू नेहा मिश्रा ने कैंसर जैसी बीमारी से ग्रसित होने के बावजूद सुन्दर कथक की विविध संरचनाओं का शानदार प्रदर्शन किया। अकादमी के बाल कलाकारों ने स्व. पंडित बिरजू महाराज को याद करते हुए कृष्ण वंदना पेश की। इसके बाद तीन ताल में अकादमी के किशोर वर्ग के कलाकारों ने पारम्पिरक कथक नृत्य का प्रदर्शन किया। इसके उपरांत स्कॉटलैण्ड से आई अनुज मिश्रा की शिष्या अन्तरराष्ट्रीय कलाकार श्वेता और आकृति ने कान्हा रे नंद नंदन, ठुमरी पर भावपूर्ण नृत्य के जरिये सभी की तालियां बटोरी। श्वेता और आकृति ने स्व. अर्जुन मिश्रा को याद करते हुए पण्डित अनुज मिश्रा की कोरियोग्राफी में ताल चक्र प्रस्तुत किया। अकादमी की छात्राओं ने अपनी माताओं के साथ मिलकर ठुमरी पर नृत्य किया। स्व. अर्जुन मिश्रा का स्मरण करते हुए अनुज मिश्रा की ही कोरियोग्राफी में बुद्धम शरणम गच्छामि, शीर्षक से नृत्य नाटिका का प्रदर्शन कलाकारों ने किया। कार्यक्रम में आरती, विवेक, प्रीतम, यशस्वी, प्रतिष्ठा, मन्नत, प्रज्ञांशी और हरनिका आदि ने नृत्य किया। वहीं संगत के लिए पण्डित विकास मिश्रा, उस्ताद आरिफ खान, नीलांचल पाण्डेय और शुभ सिन्हा आदि मौजूद रहे।

# नॉन इंटरलॉक कार्य के कारण तीन दर्जन ट्रेनें निरस्त



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री सुविधा में उन्नयन एवं परिचालनिक सुगमता हेतु शाहजहांपुर-लखनऊ खंड पर रोजा स्टेशन के यार्ड रिमाडलिंग एवं रोजा-सीतापुर सिटी के मध्य दोहरीकरण कार्य के परिप्रेक्ष्य में प्री-नॉन इंटरलॉक एवं नॉन इंटरलॉक कार्य किये जाने के कारण गाड़ियों का निरस्तीकरण, मार्ग परिवर्तन, पुनर्निर्धारण एवं नियंत्रण किया जायेगा।

जिन ट्रेनों को निरस्तकिया गया है उनमें पूर्णिया कोर्ट से 27 जुलाई से 07 अगस्त तक चलने वाली 14617 पूर्णिया कोर्ट-अमृतसर एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। अमृतसर से 28 जुलाई से 05 अगस्त तक चलने वाली 14618 अमृतसर-पूर्णिया कोर्ट एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। जम्मूतवी से 02 अगस्त को चलने वाली 12492 जम्मूतवी-बरौनी एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। बरौनी से 28 जुलाई एवं 04 अगस्त को चलने वाली 12491 बरौनी-जम्मूतवी एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। दरभंगा से 28 जुलाई से 04 अगस्त तक चलने वाली 15211 दरभंगा-अमृतसर एक्सप्रेस निरस्त रहेगी।

अमृतसर से 28 जुलाई से 06 अगस्त तक चलने वाली 15212 अमृतसर-दरभंगा एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। गोरखपुर से 29 जुलाई एवं 05 अगस्त को चलने वाली 22423 गोरखपुर-अमृतसर एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। अमृतसर से 28 जुलाई एवं 04 अगस्त को चलने वाली 22424 अमृतसर-गोरखपुर एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। सहरसा से 02 अगस्त को चलने वाली 14603 सहरसा-अमृतसर एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। अमृतसर से 31 जुलाई को चलने वाली 14604 अमृतसर-सहरसा एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। दरभंगा से 03 अगस्त को चलने वाली 22551 दरभंगा-जलन्धर सिटी एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। जलन्धर सिटी से 28 जुलाई एवं 04 अगस्त को चलने वाली 22552 जलन्धर सिटी-दरभंगा एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। लखनऊ जं. से 28, 29, 31 जुलाई एवं 01, 02 तथा 04 अगस्त, को चलने वाली 15043 लखनऊ जं.-काठगोदाम एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। काठगोदाम से 29, 30, जुलाई एवं 01, 02, 03 तथा 05 अगस्त को चलने वाली 15044 काठगोदाम-लखनऊ जं. एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। चंडीगढ़ से 31 जुलाई एवं 04 अगस्त को चलने वाली 15904 चंडीगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। डिब्रूगढ़ से 29 जुलाई एवं 02 अगस्त को चलने वाली 15903 डिब्रूगढ़-चंडीगढ़ एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। बनारस से 29 जुलाई से 04 अगस्त तक चलने वाली 15119 बनारस-देहरादून एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। देहरादून से 29 जुलाई से 05 अगस्त तक चलने वाली 15120 देहरादून-बनारस एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। लखनऊ जं. से 31 जुलाई से 04 अगस्त तक चलने वाली 15011 लखनऊ जं.-चंडीगढ़ एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। चंडीगढ़ से 01 से 05 अगस्त तक चलने वाली 15012 चंडीगढ़-लखनऊ जं. एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। बनारस से 31 जुलाई से 04 अगस्त तक चलने वाली 15127 बनारस-नई दिल्ली एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। नई दिल्ली से 01 से 05 अगस्त तक चलने वाली 15128 नई दिल्ली-बनारस एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। सहरसा से 04 एवं 05 अगस्त को चलने वाली 12203 सहरसा-अमृतसर एक्सप्रेस निरस्त रहेगी।

अमृतसर से 03 एवं 04 अगस्त को चलने वाली 12204 अमृतसर-सहरसा एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। लालगढ़ से 01 से 04 अगस्त तक चलने वाली 15910 लालगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। डिब्रूगढ़ से 29 जुलाई से 01 अगस्त तक चलने वाली 15909 डिब्रूगढ़-लालगढ़ एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। जम्मूतवी से 02 अगस्त को चलने वाली 15654 जम्मूतवी-गुवाहाटी एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। गुवाहाटी से 31 जुलाई को चलने वाली 15653 गुवाहाटी-जम्मूतवी एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। जम्मूतवी से 03 अगस्त को चलने वाली 12588 जम्मूतवी-गोरखपुर एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। गोरखपुर से 04 अगस्त को चलने वाली 12587 गोरखपुर-जम्मूतवी एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। सहरसा से 28 जुलाई एवं 04 अगस्त को चलने वाली 15531 सहरसा-अमृतसर एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। अमृतसर से 29 जुलाई एवं 05 अगस्त को चलने वाली 15532 अमृतसर-सहरसा एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। न्यू जलपाईगुडी से 31जुलाई एवं 07 अगस्त को चलने वाली 12407 न्यू जलपाईगुडी -अमृतसर एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। अमृतसर से 02 अगस्त को चलने वाली 12408 अमृतसर-न्यू जलपाईगुडी एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। कामाख्या से 28 जुलाई को चलने वाली 15655 कामाख्या-श्रीमाता वैष्णो देवी कटरा एक्सप्रेस निरस्त रही।

श्रीमाता वैष्णो देवी कटरा से 31 जुलाई को चलने वाली 15656 श्रीमाता वैष्णो देवी कटरा-कामाख्या एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। जिन ट्रेनों के मार्ग परिवर्तन किये गये हैं उनमें सहरसा से 31 जुलाई को चलने वाली 15529 सहरसा-आनन्द विहार टर्मिनस एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग बुढ़वल-बाराबंकी-लखनऊ-कानपुर सेंट्रल-गाजियाबाद के रास्ते चलाई जायेगी। फलस्वरूप यह गाड़ी सीतापुर, चंदौसी, मुरादाबाद, हापुड़ स्टेशनों पर नही रूकेगी। आनन्द विहार टर्मिनस से 01 अगस्त को चलने वाली 15530 आनन्द विहार टर्मिनस-सहरसा एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग गाजियाबाद-कानपुर सेंट्रल-लखनऊ-बाराबंकी-बुढ़वल के रास्ते चलाई जायेगी। फलस्वरूप यह गाड़ी हापुड, मुरादाबाद, चंदौसी, सीतापुर स्टेशनों पर नही रूकेगी। कामाख्या से 01 अगस्त को चलने वाली 15621 कामख्या-आनन्द विहार टर्मिनस एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग बुढ़वल-बाराबंकी-लखनऊ-कानपुर सेंट्रल-गाजियाबाद के रास्ते चलाई जायेगी। फलस्वरूप यह गाड़ी सीतापुर, चंदौसी, मुरादाबाद, हापुड़ स्टेशनों पर नही रूकेगी।

आनन्द विहार टर्मिनस से 03 अगस्त को चलने वाली 15622 आनन्द विहार टर्मिनस-कामाख्या एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग गाजियाबाद-कानपुर सेंट्रल-लखनऊ-बाराबंकी-बुढ़वल के रास्ते चलाई जायेगी। फलस्वरूप यह गाड़ी हापुड, मुरादाबाद, चंदौसी, सीतापुर स्टेशनों पर नही रूकेगी। बापूधाम मोतिहारी से 28, 30 जुलाई, 01 एवं 04 अगस्त को चलने वाली 14009 बापूधाम मोतिहारी-आनन्द विहार टर्मिनस एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग बुढ़वल-बाराबंकी-लखनऊ-कानपुर सेंट्रल-गाजियाबाद के रास्ते चलाई जायेगी। फलस्वरूप यह गाड़ी सीतापुर, चंदौसी, मुरादाबाद, हापुड़ स्टेशनों पर नही रूकेगी। आनन्द विहार टर्मिनस से 29, 31 जुलाई एवं 03 अगस्त को चलने वाली 14010 आनन्द विहार टर्मिनस-बापूधाम मोतिहारी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग गाजियाबाद-कानपुर सेंट्रल-लखनऊ-बाराबंकी-बुढ़वल के रास्ते चलाई जायेगी। फलस्वरूप यह गाड़ी हापुड, मुरादाबाद, चंदौसी, सीतापुर स्टेशनों पर नही रुकेगी।

## इण्डिया इण्टरनेशनल मैथमेटिक्स कम्पटीशन में पदक जीतने की होड़



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर प्रथम कैम्पस के तत्वावधान में सी.एम.एस. कानपुर रोड ऑडिटोरियम में आयोजित किये जा रहे पाँच दिवसीय इण्डिया इण्टरनेशनल मैथमेटिक्स कम्पटीशन (इण्डिया आईएमसी-2024) में आज का दिन गणित की व्यक्तिगत व टीम स्पधाओं के नाम रहा। इण्डिया आईएमसी-2024 के 30 देशों के प्रतिभागी बाल गणितज्ञों के बीच अधिक से अधिक पदक जीतने की होड़ लगी रही और देश-विदेश के सभी छात्रों ने अपने पूरे जोर-शोर व उत्साह से इन प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। इन प्रतियोगिताओं में गणित की विभिन्न शाखाओं से जैसे अंकगणित, बीजगणित, रेखा गणित, सांख्यिकी इत्यादि से प्रश्न पूछे गये। अधिकतर सवाल रोजमर्रा के जीवन से सम्बन्धित थे जिससे छात्रों में गणित के प्रति और अधिक रुचि उत्पन्न हो। इससे पहले, आज प्रातःकालीन सत्र की शुरूआत सर्वधर्म एवं विश्व शान्ति प्रार्थना से हुई, जिसके माध्यम से ईश्वरीय एकता व आध्यात्मिकता का आलोक प्रवाहित हुआ। इसके उपरान्त प्रतियोगिताओं का सिलसिला आरम्भ हुआ जिसके अन्तर्गत व्यक्तिगत प्रतियोगिता में विभिन्न देशों के बाल गणितज्ञों ने प्रतिभाग कर अपनी गणित क्षमता का जोरदार प्रदर्शन किया।

## चारबाग स्टेडियम में फुटबॉल टूर्नामेंट शुरू

**लखनऊ।** उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल के चारबाग स्थित रेलवे स्टेडियम में शनिवार को अंतर्विभागीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया, जिसमें मंडल रेल प्रबंधक एस.एम. शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने भाग लेने वाली सभी टीमों के खिलाड़ियों का मनोबल ऊंचा करते हुए इस टूनामेंट का उद्घाटन किया। इस प्रतियोगिता में पूल अ और पूल इ दोनों में कुल मिलाकर 13 टीमें भाग ले रही हैं। जिनमें कॉमर्शियल, सिग्नल एवं टेलीकॉम, कैरिज एवं वैगन वर्कशॉप तथा ब्रिज वर्कशॉप, ऑपरेटिंग, इलेक्ट्रिकल, इंजीनियरिंग, डी. आर.एम.इलेवन, लेखा, आर.पी.एफ., मेडिकल, इरिटेम, मेकेनिकल तथा लोको वर्कशॉप की टीमें हैं।



## तीन नये विश्वविद्यालयों में कुलपति की नियुक्ति जल्द

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार जल्द ही तीनों नए राज्य विश्वविद्यालयों में कुलपति की नियुक्ति कर सकती है। ये तीनों नए विश्वविद्यालय मिर्जापुर, देवीपाटन और मुरादाबाद मंडल में बन रहे हैं। पिछले वर्ष बजट में इन तीनों विश्वविद्यालयों के निर्माण के लिए 150 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया था। राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम के अनुसार विश्वविद्यालय की स्थापना के बाद पहले कुलपति की नियुक्ति प्रदेश सरकार करती है। इसके बाद कुलपति की नियुक्ति विश्वविद्यालय के कुलाधिपति के रूप में राज्यपाल करते हैं। इससे पहले योगी सरकार ने आजमगढ़ में स्थापित महाराजा सुहेलदेव विश्वविद्यालय, सहारनपुर में स्थापित मां शाकुंभरी देवी विश्वविद्यालय और अलीगढ़ में स्थापित राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय में कुलपति की नियुक्ति की थी। मिर्जापुर मंडल में स्थापित विश्वविद्यालय मां विन्ध्यासिनी देवी और देवीपाटन में स्थापित विश्वविद्यालय मां पाटेश्वरी देवी के नाम पर होगा, जबकि मुरादाबाद में स्थापित विश्वविद्यालय का अभी नामकरण नहीं किया गया है। ऐसी संभावना है कि मुरादाबाद में स्थापित विश्वविद्यालय का नामकरण गुरु जम्भेश्वर के नाम पर किया जा सकता है। फिलहाल, उच्च शिक्षा विभाग इन तीनों विश्वविद्यालयों में कुलपति की नियुक्ति करने की तैयारी में है। माना जा रहा है कि कुलपति की नियुक्त होने के बाद विश्वविद्यालयों के निर्माण कार्य में तेजी आएगी। इन विश्वविद्यालयों में कुलसचिवों की तैनाती की जा चुकी है।

## भारतीय एकता समिति ने किया गया पौधरोपण

लखनऊ। पेड़ लगावो-पेड़ बचाओ जन अभियान के अन्तर्गत भारतीय एकता समिति, लखनऊ द्वारा आज गोमती नगर विस्तार सेक्टर 6 में कई प्रजातियों के पेड़ व पौधो जैसे पीपल , बरगद, नीम, गुडहल, कनेर, सफेद गुडहल, इमली, अमरूद, आंवला, जामुन, गुलाब, रबर पलान्ट सहित कई पेड़, पौधां का रोपण किया गया। जिसमें प्रधानमंत्री के जन संदेश के अनुरूप एक पेड़ अपने मॉ के नाम से लगाये गये। समिति के अध्यक्ष रविन्द सिह बिश्ट, महासचिव हेमवन्त सिह गडिया, समाज सेवी जानकी अधिकारी व सभी पदाधिकारियो के साथ सामुहिक रूप से कई पेड़ो को लगाया गया । स्मिति के अध्यक्ष रविन्द्र सिह ने कहा हमें पर्यावरण को बजाये रखने के लिए अपने आस पास पेड़ पौधो को लगाना चाहिए, महासचिव हेमवन्त सिह ने बताया कि पेड़ पौधे हमारे अमूल्य धरोहर है जिससे कि हम आक्सीजन ले पा रहे है हमें पेड़ लगाने के साथ-साथ पेड़ो की देखभाल भी करनी चाहिऐ, सभी से आग्रह किया कि एक पेड अवष्य लगाये और पर्यावरण संरक्षण में सहयोग करे।

## शहीद मोहित राठौर के परिजनों को 50 लाख की आर्थिक सहायता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जम्मू और कश्मीर में कर्तव्य पालन के दौरान वीरगति को प्राप्त हुए बदायूं निवासी सेना के जवान मोहित राठौर को भावभीनी श्रद्धांजलि दी है। मुख्यमंत्री ने शहीद के परिजनों को 50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करने की घोषणा की है। उन्होंने शहीद के परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने तथा जनपद की एक सड़क का नामकरण शहीद मोहित राठौर के नाम पर करने की भी घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने शहीद मोहित राठौर के परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि शोक की इस घड़ी में राज्य सरकार उनके साथ है। प्रदेश सरकार द्वारा शहीद के परिवार को हर सम्भव मदद प्रदान की जाएगी।

## लविवि : बीबीए, बीसीए, बीकॉम के लिए अभिलेख सत्यापन कल से

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लविवि में नए सत्र 2024-25 की प्रवेश प्रक्रिया तेजी से की जा रही है। सोमवार से बीबीए, बीबीए टूरिज्म, बीसीए, डीफार्मा, एलएलबी इंटीग्रेटेड, बीकॉम, बीकॉम आनर्स, बीवोक रिनुएबल एनर्जी की मेरिट सूची में चयनित अभ्यर्थियों का अभिलेख सत्यापन 30 और 31 जुलाई को होगा।

अभिलेख सत्यापन के लिए मेरिट सूची से जिन अभ्यर्थियों को सीट आवंटित हुई है उन्हे प्रोविजनल अलॉटमेंट लेटर के साथ अपने मूल अभिलेखों, मूल प्रमाण पत्र, अंकपत्रों एवं चरित्र प्रमाण पत्र, टीसी और उसकी एक छायाप्रति साथ लाना होगा। बीबीए एवं बीबीए टूरिजम का अभिलेख सत्यापन 30 एवं 31 जुलाई को सुबह 10 बजे से इंस्टीट्यूट ऑफ मैनजमेंट साइंस, द्वितीय कैम्पस एलयू में होगा। बीसीए का अभिलेख सत्यापन फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग द्वितीय कैम्पस, डीफार्मा का इंस्टीट्यूट ऑफ फामेर्सी द्वितीय कैम्पस, एलएलबी इंटीग्रेटेड फैकल्टी ऑफ लॉ, द्वितीय कैम्पस में 30 और 31 जुलाई को सुबह 10 बजे से होगी। वहीं बीकॉम और बीकॉम आनर्स के लिए अभिलेख सत्यापन एलयू मुख्य कैम्पस स्थित फैकल्टी ऑफ कामर्स एवं बीवोक रिनुएबल एनर्जी का अभिलेख सत्यापन फैकल्टी ऑफ साइंस मुख्य कैमपस में 30 और 31 जुलाई को सुबह 10 बजे होगा।

## लविवि के चार छात्र मल्टीनेशनल कंपनी में चयनित

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लविवि के केंद्रीय प्लेसमेंट सेल द्वारा हाल ही में आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव के दौरान, प्रमुख कंपनी जेनपैक्ट ने चार छात्रों का चयन किया है। चयनित छात्रों में कोमल कुमार, विश्वराज सिंह, अर्पिता उपाध्याय और मोहम्मद उजैर बेग शामिल हैं। इनका चयन 2.5 लाख प्रति वर्ष पर हुआ है।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति, प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने कहा जेनपैक्ट कंपनी में चयनित हमारे चार छात्रों को ढेरों शुभकामनाएं और आशीर्वाद भेजता हूँ। यह उपलब्धि न केवल छात्रों की व्यक्तिगत मेहनत और प्रतिभा का प्रतीक है, बल्कि हमारे विश्वविद्यालय की शिक्षा की गुणवत्ता और प्लेसमेंट सेल की प्रभावशीलता का भी प्रमाण है। हमारे छात्रों ने यह साबित कर दिया है कि वे किसी भी चुनौती का सामना करने में सक्षम हैं। मैं विश्वास करता हूँ कि वे अपने पेशेवर करियर में भी इसी तरह उत्कृष्टता और समर्पण का प्रदर्शन करेंगे। उनके उज्जवल भविष्य की कामना करता हूँ।

इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर केंद्रीय प्लेसमेंट सेल के निदेशक, प्रोफेसर अनुप कुमार भारतीय ने छात्रों को हार्दिक बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रोफेसर भारतीय ने कहा जेनपैक्ट कंपनी में चयनित हमारे चार छात्रों को मैं दिल से बधाई देता हूँ। उनकी मेहनत, लगन और समर्पण ने इस सफलता को संभव बनाया है। यह हमारे विश्वविद्यालय और प्लेसमेंट सेल की सामूहिक मेहनत का परिणाम है। मैं आशा करता हूँ कि ये छात्र अपनी नई भूमिकाओं में भी इसी प्रकार की सफलता प्राप्त करेंगे और अपने संस्थान का नाम रोशन करेंगे। जेनपैक्ट कंपनी द्वारा किए गए इस चयन ने लखनऊ विश्वविद्यालय की प्लेसमेंट प्रक्रिया को और भी प्रभावी और सफल साबित किया है। चयनित छात्रों ने अपनी प्रतिभा और कठिनाईयों का सामना करके इस उपलब्धि को प्राप्त किया है। विश्वविद्यालय का केंद्रीय प्लेसमेंट सेल भविष्य में भी इसी प्रकार के सफल प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

हम सभी चयनित छात्रों को उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं भेजते हैं और आशा करते हैं कि वे अपने करियर में नई ऊंचाइयों को छुएंगे।

## बीबीएयू छात्रों की चाय के विवाद में पिटाई

**लखनऊ।** बाबा साहब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय के पास दुकान पर चाय पीने के विवाद में तीन छात्रों पर कुछ युवकों ने धारदार हथियार से हमला कर दिया। पुलिस की गाड़ी आती देखकर आरोपित धमकी देकर भाग निकले। तहरीर पर आशियाना पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है। झांसी निवासी राजेश कुमार भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय से पीएचडी कर रहे हैं। शुक्रवार शाम वह साथी नाथू भारती, विवेक के साथ चाय पीने नजदीक की दुकान पर गए थे। यहां पास ही रहने वाले शाकिब, आकिब और उवैद से जबरदस्ती स्टूल छीनने लगे। विरोध पर आरोपित गालियां देकर धमकाने लगे। इस पर छात्र डर कर विश्वविद्यालय आ गए। एक घंटे बाद वह वापस चाय पीने दुकान पर गए थे तभी शाकिब, आकिब और उवैद साथियों के साथ आ धमके। राजेश के मुताबिक आरोपित पिस्टल और धारदार लिए थे। धारदार हथियार से हमला कर दिया। वह बेसुध होकर जमीन पर गिर पड़े। बीच बचाव पर दोनों साथियों की भी पिटाई कर दी। साथियों ने पुलिस कंट्रोल रूम फोन किया। पुलिस की गाड़ी आती देखकर आरोपित भाग निकले। इंस्पेक्टर आशियाना के मुताबिक मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## 6 अगस्त से होगा सेवादल का प्रशिक्षण



विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। उत्तर प्रदेश कांग्रेस सेवादल की बैठक आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर सम्पन्न हुई। बैठक के मुख्य अतिथि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय जी रहे। बैठक में सेवादल द्वारा किये जा रहे कार्यों की समीक्षा हुई और भविष्य की रणनीति तय हुई। बैठक में उप्र कांग्रेस सेवादल द्वारा जिलेवार प्रशिक्षण कार्यक्रम को शुरू किये जाने का निर्णय लिया गया। यह प्रशिक्षण तीन दिवसीय होगा जिसमें जिले/शहर के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। सेवादल प्रशिक्षण की शुरूआत प्रदेश के जनपद गाजियाबाद से करेगी जो आगामी 06 अगस्त से शुरू होकर 08 अगस्त तक चलेगा। बैठक को सम्बोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय ने कहा कि सेवादल का 100 साल एक गौरवशाली इतिहास रहा है और अनुशासित सिपाही की तरह सेवादल के कार्यकताओं ने हमेशा पार्टी को बल दिया है। श्री राय ने कहा कि अब वो वक्त गया जब कार्यकर्ता पिछली पंक्ति में बैठता था, अब नई चुनौतियों को स्वीकार कर अपनी पूर्ण शक्ति से अग्रिम पंक्ति में आकर नेतृत्व करना होगा। सेवादल द्वारा शुरू किये जा रहे प्रशिक्षण शिविरों की श्रृंखला पर बोलते हुए श्री राय ने कहा कि इनके माध्यम से पार्टीजनों को अनुशासित करते हुए हमें 2027 का रण फतेह करना होगा, तभी हमारा समाज सुरक्षित रह सकेगा। अपने सम्बोधन में सेवादल कांग्रेस के मुख्य संगठक डॉ. प्रमोद कुमार पाण्डेय ने कहा कि समय समय पर जो भी नेतृत्व द्वारा कार्य दिये जाते हैं, सेवादल अपनी पूर्ण शक्ति एवं समर्पण से उसका निर्वहन करता है। सेवादल समाज को तोड़ने वाली शक्तियों के सामने चट्टान की तरह अडिग रहकर समाज को जोड़ने का काम करता है। वर्तमान परिवेश में नई पौध को जोड़ने का काम सेवादल द्वारा पूरी शिद्दत किया जा रहा है।

## अनिल दुबे पहुंचे ऋतिक पांडे के घर, दी सांत्वना

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे आज लखनऊ के बंथरा कस्बे में हुए बहुचर्चित हत्याकांड में मारे गए ऋतिक पांडे के घर पहुंचे कर परिजनों को सांत्वना दीऔर मृतक के पिता को हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

श्री दुबे ने मृतक के पिता श्री इंदु कुमार पाण्डे तथा परिजनों को सांत्वना देते हुए कहा कि वे सभी अभियुक्तों की अविलंब गिरफ्तारी, परिवार की पूर्ण कालिक सुरक्षा, उचित मुआवजा, परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने व मृतक के परिजनों से अभद्रता पूर्ण व्यवहार कर थाने से भगाने वाले पुलिस उप निरीक्षक इब्ने हसन को बर्खास्त करने के लिए उच्चाधिकारियों से मिलेंगे । श्री दुबे के साथ सोमेंद्र नाथ शुक्ला, दयाशंकर पांडे, देवेश पांडे, आशीष पांड, प्रवीण त्रिवेदी सहित सैकड़ों लोग शामिल रहे।

# पुरस्कार पाकर खिले मेधावियों के चेहरे

- एसकेडी एकेडमी में सभी बोर्ड के मेधावियों को किया गया सम्मानित

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। एसकेडी एकेडमी में रविवार को यूपी बोर्ड, आईसीएसई बोर्ड, आईएससी बोर्ड एवं सीबीएसई बोर्ड के प्रतिभावान छात्रों एवं शिक्षकों को सम्मानित किया गया। एसकेडी एकेडमी में आज आईसीएसई, आईएससी, यूपी बोर्ड और सीबीएसई बोर्ड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं, उनके शिक्षकों एवं प्रधानाचार्यों को सम्मानित किया गया। इसके बाद सम्मानित मुख्य अतिथियों कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, मनोज सिंह, सेवानिवृत्त एडीजी (आईपीएस), शबाबा हरदेव सिंह, पूर्व अध्यक्ष, यूपीपीसीएस एसोसिएशन द्वारा दीप प्रज्वलन करके सम्मान समारोह का उद्घाटन किया गया। एसकेडी ग्रुप के चेयरमैन एसकेडी सिंह, निदेशक मनीष सिंह, उप निदेशक निशा सिंह, सहायक निदेशक कुसुम बत्रा और डीके सिंह द्वारा सभी सम्मानित अतिथियों को शॉल और बुके भेंट किए गए।

मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने भारत के सशक्तिकरण में युवाओं की भूमिका पर चर्चा करते हुए और इस कार्य में माता-पिता एवं शिक्षकों के सहयोग पर जोर दिया। उन्होंने इस संबंध में एसकेडी एकेडमी के महत्वपूर्ण योगदान की सराहना की। चेयरमैन एसकेडी सिंह ने सभी छात्रों को आशीर्वाद दिया और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रोत्साहित किया। एसकेडी एकेडमी के निदेशक मनीष सिंह ने कहा कि ह्ये उपलब्धि आपके छात्र जीवन का एक महत्वपूर्व पड़ाव है जहाँ से आपको भविष्य की सफलता का एक लंबा रास्ता तय करना है. जीवन में निरंतर उत्कृष्टता की ओर बढ़ने का प्रयास करते रहें और संसार से प्राप्त अनुभवों से सदैव सीखते रहें। मनीष ने बताया कि एसकेडी ग्रुप ऑफ एजुकेशन इंटरनेशनल स्कूल के माध्यम से ग्लोबल शिक्षा की ओर कदम बढ़ा रहा है जहाँ अंतर्राष्ट्रीय मानकों पर उच्च गुणवत्तावाली शिक्षा समाज के सभी वर्गों को सुलभ होगी। आईएससी बोर्ड परीक्षाओं में श्रेया ने 98% अंकों के साथ उत्तीर्ण होकर अखिल भारतीय स्तर पर आठवां स्थान प्राप्त किया है। तन्वी मिश्रा ने 97.75% अंक प्राप्त किये जो अखिल भारतीय स्तर पर नौवां स्थान है। आईसीएसई बोर्ड के लिए, अविका और निष्कर्ष दोनों ने 98.4% अंकों के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इन दोनों ने अखिल भारतीय स्तर पर आठवां स्थान प्राप्त किया। अवंतिका ने 98% अंक प्राप्त किये, जिसने उन्हें अखिल भारतीय रैंकिंग में दसवां स्थान दिलाया। यूपी बोर्ड टॉपर्स में, कौशल ने 96.6% अंकों के साथ इंटरमीडिएट स्तर पर राज्य में सातवां स्थान हासिल किया। हर्ष राज ने 95.6% स्कोर के साथ लखनऊ में सातवां स्थान प्राप्त किया। हाई स्कूल में, निशांत ने 95.7% अंक प्राप्त किये, जिससे उन्हें लखनऊ में छठा स्थान मिला। सीबीएसई बोर्ड परीक्षाओं में हाई स्कूल की आस्था ने 97.8% अंक प्राप्त करके स्कूल में टॉप किया। नंदिनी ने कक्षा बारहवीं में 97.4% अंक प्राप्त किये, जिससे वह कक्षा बारहवीं में स्कूल की टॉपर बन गईं।

उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले इन सभी छात्र छात्राओं को मोबाइल फोन, स्ट्रॉली बैग, घड़ियां, प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। प्रिंसिपल, वाइस प्रिंसिपल, शिक्षकों और निरीक्षकों को भी बोर्ड परीक्षाओं 2024 में छात्रों की सफलता में उनके असाधारण योगदान के लिए चेक और उपहार देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित अतिथियों ने छात्रों की उत्कृष्ट उपलब्धियों की प्रशंसा की और एसकेडी एकेडमी प्रबंधन, प्रिंसिपल और शिक्षकों को उनके समर्पण और मार्गदर्शन के लिए बधाई दी। कार्यक्रम का समापन एसकेडी एकेडमी की प्रिंसिपल डॉ. शैली श्रीवास्तव द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

## स्वामी नारायन छपिया स्टेशन का हो रहा कायाकल्प

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के बस्ती-गोंडा खंड पर स्थित स्वामी नारायन छपिया स्टेशन एक प्रमुख रेलवे स्टेशन है। यहाँ से स्वामी नारायण मंदिर, छपिया की दूरी 0.5 किमी. है। स्वामी नारायण सम्प्रदाय के प्रवर्तक श्री स्वामी नारायण जी का जन्म उत्तर प्रदेश के गोंडा जनपद के अंतर्गत छपिया नामक गाँव में हुआ था तथा यहाँ पर श्री स्वामी नारायण जी का भव्य मंदिर है, जहाँ देश-विदेश से श्रद्धालु वर्ष पर्यन्त आते रहते हैं। ह्यअमृत स्टेशन योजनाह्न के अंतर्गत रू. 12.13 करोड़ की लागत से स्वामी नारायन छपिया रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास किया जा रहा है।

स्वामी नारायन छपिया स्टेशन के मुख्य प्रवेश द्वार पर सकुर्लेटिंग एरिया के विकास तथा स्थानीय कला एवं संस्कृति को सम्मिलित करते हुये स्टेशन भवन का सौंदर्यीकरण, प्लेटफॉर्म सरफेस का उन्नयन, स्टेशन परिसर में उन्नत लाइटिंग, वाटर बूथ, ट्रेन डिस्प्ले बोर्ड, डिजिटल घड़ियाँ, यात्री उद्घोषणा प्रणाली, सोलर प्लांट, वाटर कूलर, एयर कंडीशनर तथा स्टेशन पर स्थित यात्री प्रतीक्षालय एवं शौचालयों का आधुनिकीकरण इत्यादि कार्य सम्पन्न किये जा रहे हैं।

अमृत स्टेशन योजना के अंतर्गत स्वामी नारायन छपिया स्टेशन के सकुर्लेटिंग एरिया के विस्तार का 80 प्रतिशत तथा पोर्टिको, आधुनिक प्रसाधन एवं एग्जीक्यूटिव लाउन्ज का 70 प्रतिशत निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। प्लेटफॉर्म संख्या 1 एवं 2 का उच्चीकरण एवं सतह में सुधार का कार्य पूरा कर लिया गया है। कवर्ड एरिया में ग्रेनाइट लगाने का कार्य 85 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है। यात्री सुविधाओं के अंतर्गत यात्रियों के बैठने हेतु यात्री छाजन (स्मॉल शेल्टर), एफ.ओ.बी. एवं प्लेटफॉर्म पर शेड का कार्य पूर्ण हो चुका है। 250 वर्गफीट में वेटिंग हॉल, 01 एग्जीक्यूटिव लाउन्ज, महिलाओं एवं पुरुषों के लिये एक-एक ट्वायलेट ब्लॉक बनाने का कार्य अंतिम चरण में है। दिव्यांग यात्रियों के अनुकूल इस रेलवे स्टेशन पर रैम्प, पार्किंग, दिव्यांग ट्वायलेट, नल एवं टिकट आरक्षण खिड़की की सुविधा उपलब्ध होगी। इन कार्यों के पूरा होने से स्वामी नारायन छपिया स्टेशन पर आने वाले यात्रियों को उन्नत यात्रा सुविधा मिलेगी तथा सुखद यात्रा का अनुभव होगा। वर्तमान में स्वामी नारायन छपिया स्टेशन पर विभिन्न नगरों एवं महानगरों को जाने वाली 01 जोड़ी एक्सप्रेस ट्रेन तथा 03 सवारी गाड़ियों का ठहराव है।

संक्षेप

## कोटेदार पर सरकारी राशन बेचने का आरोप

कसया, कुशीनगर। **शनिवार** को सरकारी राशन की कालाबाजारी का वीडियो वायरल हो रहा है। कोटेदार के गोदाम से सरकारी राशन की बोरिया ऑटो में लादते विडियो वायरल हुआ है। सरकारी राशन को कोटेदार द्वारा बेचने का आरोप है।

मिली जानकारी के मुताबिक, कसया तहसील क्षेत्र के हाटा ब्लॉक के ग्राम परसहवा के एक कोटेदार पर सरकारी राशन बेचने का आरोप है। जिसका एक विडियो जिसमे कोटे के गोदाम से सरकारी राशन की बोरिया ऑटो में लादते वायरल हो रहा है।

उक्त गांव निवासी सूरज यादव पुत्र दहारी यादव का आरोप है कि हाटा ब्लॉक के ग्राम परसहवा की कोटेदार गरीबों की राशन को अवैध रुप से खुलेआम बेचती है। सूरज यादव का आरोप है कि दिनांक 24 जुलाई को कोटेदार अपने गोदाम से सरकारी राशन की बोरी स्वयं खड़ी होकर एक वाहन पर लदवा रही थीं। तभी उसी समय उसने वीडियो बना लिया। कोटेदार द्वारा गरीब जनता के राशन को गबन किया गया है।वायरल वीडियो और आरोपों से फिर राशन की कालाबाजारी का मामला प्रकाश में आया है।

# बजट लोक हितैषी और जनभावनाओं के अनुरूप

### वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रखा उत्तर प्रदेश के समग्र विकास का ध्यान: डॉ. समीर सिंह

जिला संवाददाता(vol)

**देवरिया** । भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता डॉ. समीर सिंह ने मंगलवार को संसद में पेश आम बजट को जनकल्याणकारी, लोकहितैषी एवं जनभावनाओं के अनुरूप बताया। यह बातें उन्होंने रविवार को पी डब्लू डी डाक बंगले पर पत्रकार वार्ता में कहीं । उन्होंने कहा है कि आम बजट में सरकार ने गरीब कल्याण, युवा कल्याण, किसान कल्याण एवं महिला कल्याण पर अधिक रकम खर्च कर अपनी प्राथमिकताएँ स्पष्ट कर दी हैं। यह भारत को विकसित भारत की यात्रा पर ले जाने वाला बजट है।

उन्होंने जनकल्याणकारी बजट के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी एवं वित्तमंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी को लोककल्याणकारी बजट के लिए धन्यवाद ज्ञापित करते हुए करते हुए प्रदेश की जनता जनार्दन की तरफ से आभार प्रकट किया।

श्री सिंह ने बताया की केंद्र सरकार के बजट में वित्त मंत्री ने उत्तर प्रदेश के विकास हेतु ?2.44 लाख करोड़ का आवंटन किया है। इस बजट से राज्य में इंफ्रास्ट्रक्चर, उद्योग और ऊर्जा के क्षेत्रों में महत्वपूर्ण प्रगति होगी। बजट में कर्ज गारंटी योजना से उत्तर प्रदेश को 20 लाख इकाइयों को जीवनदान मिलेगा व 22 लाख नए उद्यमी तैयार होंगे। केंद्र सरकार की ओर से 1,000 आईटीआई को हब और स्पोक व्यवस्था में अपग्रेड करने की घोषणा में उत्तर प्रदेश के लगभग 100 आईटीआई कॉलेज अपग्रेड होने की उम्मीद है। इससे 3.5 लाख युवाओं को फायदा मिलेगा। केंद्र सरकार की इंटर्नशिप योजना प्रदेश के 2 लाख युवाओं को लाभान्वित करेगी।

**● योजना का लाभ भी अगले पांच साल तक प्रदेश के 15 करोड़ लोगों को मिलता रहेगा**

उन्होंने बताया कि प्रदेश में हाईवे के लिए चालू वित्त वर्ष में करीब 40 हजार करोड़ रुपये दिये गये हैं। प्रदेश को 10 नए राष्ट्रीय राजमार्ग मिलेंगे। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों की 2,000 नई सड़कों का निर्माण होगा। बजट में ग्रामीण सड़कों पर खास ध्यान रखा गया है। वहीं प्रदेश में रेलवे के डेवलपमेंट के लिए 19,848 करोड़ रुपये दिए गए हैं । झांसी से दतिया तक 23 किमी की लाइन पर 3 ट्रैक बनाए जाएंगे पूर्वांचल के औड़िहार से सादात तक 19.2 किमी लाइन का दोहरीकरण किया जाएगा। 22 किमी रुदौली से सुहावल तक की रेलवे लाइन को डबल किया जाएगा। श्री सिंह बताया कि केंद्रीय बजट में 12 नए औद्योगिक पार्क बनाने की बात कही गई है। इसका सबसे बड़ा लाभ उत्तर प्रदेश को मिलने की उम्मीद है। यूपी में दो से तीन नए इंडस्ट्रियल पार्क बनने की उम्मीद है। वहीं पीएम सूर्य योजना के तहत, प्रदेश के 20 लाख परिवारों को लाभ मिलने की उम्मीद है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत प्रदेश में कुल 20 लाख शहरी और 25 लाख ग्रामीण प्रधानमंत्री आवास के साथ ही मुफ़्त राशन योजना का लाभ भी अगले पाँच साल तक प्रदेश के 15 करोड़ लोगों को मिलता रहेगा। प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं के लिए उत्तर प्रदेश को अपेक्षित 7 हजारकरोड़ रुपये के बजाय 11,500 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं वहीं केंद्र द्वारा प्रायोजित योजनाओं के लिए अपेक्षित 90,हजार करोड़ रुपये के बजाय 96,000 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। कहा कि विपक्ष द्वारा बजट में उत्तर प्रदेश को कुछ नहीं मिलने पर सरकार को घेरा जा रहा है लेकिन बजट में उत्तर प्रदेश को सबसे अधिक अंश मिला है।

केंद्र सरकार ने उत्तर प्रदेश के इंफ्रास्ट्रक्चर और उद्योग को उभारने के लिए ?2.44 लाख करोड़ का आवंटन किया है, जो राज्य की प्रगति में मील का पत्थर साबित होगा। केंद्र सरकार से सहायता प्रदेश की आर्थिक स्थिरता को मजबूती प्रदान करेगी एवं प्रदेश वन ट्रिलियन ईकानमी के संकल्प को हासिल करेगा। यह बजट रामराज्य के संकल्प को साकार करने वाला बजट है। उत्तर प्रदेश में रेलवे के डेवलपमेंट के लिए दी गई राशि यूपीए सरकार के 10 वर्ष के कार्यकाल के तुलना में 18 गुना है। बेरोजगारी के मुद्दे पर लोगों में भ्रम फैला रही विपक्षी पार्टियों के लिए यह बजट उन्हे मुद्दा विहीन बनाने का काम करेगा। । बजट में उत्पादन और इंफ्रास्ट्रक्चर पर भी बल है, इससे आर्थिक विकास को नई गति और निरंतरता मिलेगी। इस बजट में लघु उद्योगों के लिए ऋण की आसानी बढ़ाने वाली नई योजनाओं का ऐलान किया गया है। विनिर्माण और निर्यात पारिस्थितिकी तंत्र को हर जिले तक ले जाने के लिए बजट में अहम घोषणा की गई है। कहा कि, पिछले 10 वर्षों में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। नौजवानों को अनगिनत नए अवसर देने वाला बजट है। इस बजट से शिक्षा और स्किल को नई ऊंचाइ मिलेगी, यह मध्यम वर्ग को नई ताकत देने वाला बजट है। इस बजट में टूरिज्म क्षेत्र पर भी विशेष बल दिया गया है। एनडीए सरकार ने पिछले 10 साल में ये सुनिश्चित किया है कि मध्यम और गरीब वर्ग को टैक्स से राहत मिलती है। स्टैंडर्ड डिडक्शन की छूट बढ़ाने से टैक्सपेयर्स को अतिरिक्त बचत होने वाली है।

भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि रोजगार और स्वरोजगार के लिए अभूतपूर्व अवसर बढ़ाना एनडीए सरकार की पहचान रही है, आज का बजट इसे और सुदृढ़ करता है। इस बजट में सरकार ने रोजगार से जुड़े प्रोत्साहन स्कीम की घोषणा की है, इससे देश में करोड़ो नए रोजगार बनेंगे, इससे जीवन में पहली नौकरी पाने वाली युवा की पहली तन्ख्वाह हमारी सरकार देगी।

श्री सिंह ने कहा कि आम बजट जनजातीय समाज, पिछड़ों को सशक्त करने की मजबूत योजना के साथ आया है। कौशल विकास और उच्च शिक्षा के लिए मदद हो या फिर 1 करोड़ नौजवानों को इंटर्नशिप योजना से गांव, गरीब के नौजवान देश की टॉप कंपनियों में काम करेंगे। इस दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष अजय शाही, राजेश मिश्रा, महामंत्री रविंद्र कौशल, प्रमोद शाही, जिला मंत्री अरविंद पांडे, निशिरंजन तिवारी, प्रभाकर तिवारी, संतोष मिश्रा सहित अन्य लोग भी मौजूद रहे ।

## चर्चित स्कॉर्पियो को पुलिस ने किया सीज



**कुशीनगर**। चर्चा में आई स्कार्पियो की खबर चलने के बाद हाटा कोतवाली में यातायात उपनिरीक्षक ने सीज कर खड़ा करा दिया है। कुछ दिनों से जिला मुख्यालय में स्थित कलेक्ट्रेट के भीतर खड़ी एक सफेद स्कार्पियो जिसका फोटो और विडिओ सोशल मीडिया पर भी खूब वायरल हो रहा था। जिसकी खबर *दैनिक भास्कर* ने खबर चलाया। खबर के बाद जागा विभाग ने शीशों पर लगे ब्लैक फिल्म वाली सफेद स्कार्पियो की तलाश कर हाटा से बरामद किया। जानकारी के मुताबिक शीशे पर लिखी ₹उत्तर प्रदेश सरकार₹ और ₹सीएम हाऊस लखनऊ यूपी₹ के साथ गाड़ी पर लगे हूटर को निकलवा दिया। हाटा नगर में स्कार्पियो ड्राइवर ने यातायात पुलिस और पुलिस को देख गाड़ी छोड़ फरार हो गया। जिसके बाद पुलिस ने कागजो के अभाव में स्कॉर्पियो को हाटा कोतवाली में खड़ा कर दिया है।आपको बता दे कि ब्लैक फिल्म वाले शीशे लगी सफेद स्कॉर्पियो जिस पर सीएम हाउस लखनऊ अप लिखा हुआ था। जिसे अक्सर फरार्टे भरते या जिले के बड़े अधिकारियों के ऑफिस के बाहर खड़ी मिलती थी। वहीं इसका फोटो और सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। जिसकी खबर *दैनिक भास्कर* ने प्रमुखता से चलाया था जिसमे कुशीनगर जिले की रजिस्ट्रेशन नंबर वढ57 इद2999 वाली सफेद स्कॉर्पियो की पुलिस ने तलाश शुरू की। जिसके बाद पता चला वह गाड़ी हाटा थानाक्षेत्र स्थित किसी समाजसेवी का हैं इलाके में दबदबा के लिए गाड़ी पर हूटर, शीशे पर काली फिल्म और उत्तर प्रदेश सरकार के साथ सीएम हाउस लखनऊ यूपी लिखवा रखा था।

## पत्रकार को पितृ शोक

**भटनी(देवरिया)**। स्थानीय ग्राम सकरापार निवासी पत्रकार अनिल कुमार मिश्र के 63 वर्षीय पिता मार्कण्डेय मिश्र का असामयिक निधन शनिवार की रात्रि हो गया। अन्तिम संस्कार भागलपुर में सरयू नदी के घाट पर किया गया। जहाँ उनके एखलौते पुत्र अनिल कुमार मिश्र ने मुखाग्नि दिया । इनके असामयिक निधन की खबर सुनकर पत्रकार जगत में शोक की लहर दौड़ गई। पत्रकार रामनवल सिंह, विजय प्रताप सिंह, संपूणानंद दीक्षित, मारूतनंदन मिश्रा, आफताब अहमद, युगेश तिवारी यादव लाल कुशवाहा अनिल दुबे अनिल चौरसिया प्रमोद तिवारी व विरेन्द्र यादव आदि पत्रकार साथियों ने शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित किया। पत्रकारो ने दो मिनट मौन धारण कर मृतात्मा की शान्ति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया । विदित हो कि कुछ माह पहले पत्रकार अनिल मिश्रा की पत्नी का भी निधन हो गया था। अभी परिवार उस दुख की घड़ी से उबर भी नही पाया था कि यह दूसरी बड़ी विपत्ति परिवार पर पड़ गई है।

## कांवड़ यात्रा की पहचान बनता कानफोडू डीजे , आस्था से खिलवाड़



**रूद्रपुर, देवरिया**। सावन का पवित्र महीना, बाबा भोलेनाथ के जलाभिषेक का महीना,शाकाहार अपनाने का महीना, पूजन अर्चन का महीना। इसी बीच कांवरियों का डीजे रॉक धर्म से खिलवाड़ की पराकाष्ठा। डीजे रॉक पर जबरदस्त फुहड़पन व नंगा नाच। पुलिस व प्रशासन बेबस। अब शायद यही सावन के पवित्र महीने की पहचान बन गई है। भगवान भोलेनाथ को जल अर्पित कर उन्हें जलाभिषेक करने और बेलपत्र से पूजन अर्चन करने के नाम पर कांवरियों का अनियंत्रित रेला साथ में डीजे का कानफोडू आवाज। जिससे हृदय गति रुकने का खतरा उत्पन्न हो रहा है।

पहले मां दुर्गा की प्रतिमाओं के विसर्जन में आवश्यक रूप से प्रयोग किए जाने वाला डीजे अब हर धार्मिक कार्य में धर्म का पूरक बन गया है। बिना डीजे की कानफोडू आवाज और अश्लील गानों के कोई भी धार्मिक समारोह संपन्न नहीं हो रहा है। क्या वास्तव में यही हिंदू धर्म भक्तों की पहचान है। क्या आस्था के नाम पर खिलवाड़ करने वाले इन धर्म भक्तों को खुली छूट मिल गई है। क्या प्रशासनिक अधिकारियों को पुलिस के अधिकारियों को धर्म गुरुओं को पुजारियों को और महंतों को युवाओं को यह नहीं समझाना चाहिए कि धर्म का खिलवाड़ नाजायज मन जाएगा ।कांवरियो के साथ चल रहे डीजे के ऐसे धुन जिससे तन मन कौन कहे बड़ी-बड़ी बिल्डिंगों में भी कंपन होना शुरू हो जाता है। पशु पक्षी भयाक्रांत हो जाते हैं। कमजोर दिल वालों को हार्ट अटैक का खतरा उत्पन्न हो जाता है। क्या यही है हमारा धर्म। पवित्र नदियों से जल लेकर पैदल चलते हुए हर-हर महादेव और बम बम भोले की मधुर आवाज के साथ बाबा भोलेनाथ को जल चढ़ाएंगे तो भगवान भोलेनाथ उन्हें आशीर्वाद नहीं देंगे, अवश्य देंगे। मंदिरों में भगवान से साक्षात्कार के लिए अनहद नाद है मंदिरों में बजने वाला घंटा, ना की कानफोडू और हृदय घातक डीजे रॉक। निश्चित रूप से यह डीजे रॉक हमेशा के लिए प्रतिबंधित होना चाहिए और धर्म का नंगा नाच बन्द होना चाहिए।

## पुलिस मुठभेड़ में गोंडा के दो हिस्ट्रीशीटरों के पैर में लगी गोली

**कुशीनगर**। जिले की पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पडरौना कोतवाली पुलिस ने शनिवार की आधी रात शहर से सटे परसौनी के सुखपुरा के टोला लौगपुरा के गंडक नहर पुल के समीप से दो साइबर संगठित गिरोह के वांछित हिस्ट्रीशीटर को मुठभेड़ में धर दबोचा है। यह दोनों हिस्ट्रीशीटर गोंडा जिले के निवासी हैं और साइबर संगठित गिरोह के वांछित हिस्ट्रीशीटर हैं। घायल हिस्ट्रीशीटरों को पुलिस ने मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। वहीं, इनके पास से पुलिस ने इटली की बनी पिस्टल, 45 हजार रुपए नकदी, 42 फर्जी एटीएम व अपराध में प्रयुक्त बाइक को बरामद किया है। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर पुलिस इस मामले में कार्रवाई में जुटी हुई है। शनिवार की आधी रात कोतवाली पडरौना के इंस्पेक्टर सुशील कुमार शुक्ल को सूचना मिली कि दो संदिग्ध व्यक्ति बाइक से कोतवाली क्षेत्र के परसौनी के समीप सुखपुरा गांव के टोला लौंगपुरा के पास गंडक नहर की पुल पर हैं। इनकी गतिविधियां पूरी तरह से संदिग्ध हैं और ऐसा प्रतीत हो रहा है कि यह किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने वाले हैं। इस सूचना के बाद इंस्पेक्टर सुशील कुमार शुक्ल, साइबर थाने के इंस्पेक्टर मनोज कुमार पंत व स्वॉट टीम के प्रभारी आलोक यादव टीम के साथ सूचना वाले स्थान की तरफ निकल गए। वहां पहुंचने के बाद पुलिस ने घेराबंदी की तो अपने को पुलिस से घिरा देख संदिग्धों ने पुलिस टीम पर फायर झोंकते हुए भागने का प्रयास करने लगे। पुलिस की ओर से जवाबी कार्रवाई की गई। मुठभेड़ के दौरान दोनों संदिग्धों को पैर में गोली लगी और वह घायल हो गए। इसके बाद पुलिस ने उन्हें हिरासत में लेकर इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज भेजवा दिया, जहां उनका इलाज चल रहा है। गिरफ्तार दोनों संदिग्धों की पहचान रतन कुमार कुंडू निवासी तेलियानी रोड थाना इटिया थोक जिला गोंडा व कुलदीप कुमार शुक्ल निवासी बेनदुली थाना इटिया थोक जिला गोंडा के रुप में हुई। दोनों के पास से इटली की बनी पिस्टल, कारतूस, फायर कारतूस, एक तमंचा, 45 हजार रुपये नकद, 42 फर्जी एटीएम कार्ड व अपराध में प्रयुक्त बाइक को बरामद किया गया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में इंस्पेक्टर सुशील कुमार शुक्ल, साइबर थाने के इंस्पेक्टर मनोज कुमार पंत व स्वॉट टीम के प्रभारी आलोक यादव के अलावा सर्विलांस सेल के प्रभारी एसआई शरद भारतीय, सिधुआ चौकी इंचार्ज धीरेन्द्र कुमार राय, मिश्रौली चौकी इंचार्ज विवेक कुमार पांडेय, एसआई रविकान्त कुमार, स्वॉट टीम के हेड कांस्टेबल सनातन सिंह, संतोष सिंह, चन्द्रशेखर यादव, राहुल सिंह, अभिषेक यादव, कांस्टेबल शिवानन्द सिंह, राहुल यादव शामिल रहे।

**● साइबर अपराध में चलाते हैं संगठित गिरोह**



## बाढ़ विस्थापित भूखण्ड की चौहद्दी का राजस्व टीम ने किया सीमांकन

**कुशीनगर**। जिले के तमकुहीराज तहसील क्षेत्र के ग्राम बभनौली अजयनगर में सीलिंग भूमि में 42 वर्षों से बसे ग्रामीणों के आवासीय भूखंड को सामूहिक आबादी दर्ज कराकर घरौनी दिलाने के संबंध में जिलाधिकारी उमेश मिश्र द्वारा एसडीएम तमकुहीराज को दिए गए निर्देश के क्रम में रविवार को राजस्व निरीक्षक व लेखपालों की टीम ने बभनौली के टोला अजयनगर की सम्पूर्ण पैमाइश की। राजस्व टीम ने गाटा संख्या 501 की चौहद्दी उत्तर दक्षिण व पूरब पश्चिम की लंबाई व चौड़ाई का निर्धारण किया।

गौरतलब है कि ग्रामीणों के प्रत्यावेदन के आधार पर डीएम उमेश मिश्र के निर्देश पर एसडीएम तमकुहीराज विकास चंद गुरुवार को गांव में आये थे और बाढ़विस्थापित अजयनगर का निरीक्षण किया था। एसडीएम तमकुही श्री चंद ने राजस्व निरीक्षक को निर्देशित किया था कि जिस भूखंड में बाढ़ विस्थापित बसे हुए हैं, उसका नक्शे के आधार पर चिन्हांकन कर नजरी नक्शे के साथ विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करें। जिसके क्रम में राजस्व निरीक्षण तमकुही अश्विनी राय, हल्का लेखपाल दिव्या श्रीवास्तव रविवार को सुबह 10 बजे गांव में ।पहुंचे। फिर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि संजय कुमार राय, रोजगार सेवक उपेंद्र राय, चुन्ना राय व ग्रामीणों के सहयोग से राजस्व टीम ने पैमाइश शुरू की। राजस्व टीम को प्रधान प्रतिनिधि संजय राय ने बताया कि वर्ष 1981 में तत्कालीन पडरौना तहसील अंतर्गत ग्रामसभा अमवाखास के विस्थापित बाढ़पीड़ितों को तमकुहीराज तहसील अंतर्गत बभनौली स्थित सेवरही चीनी मिल, सेवरही से अतिरिक्त घोषित यानी भूमि अराजी नंबर 501/7.9240 में बसाया गया था। पैमाइश में पाया गया कि हर विस्थापित परिवार के दरवाजे तक आने-जाने के लिए उत्तर-दक्षिण 20 कड़ी पूरब-पश्चिम 40 कड़ी चौड़ा मार्ग ग्रामीणों की सुविधा के लिए आरक्षित है। वर्तमान में अजयनगर, बभनौली पूरी तरह से व्यवस्थित हो चुका है। हर व्यक्ति के दरवाजे पर पहुंचने के लिए सड़क व जलनिकासी के लिए नाली का निर्माण हो चुका है। राजस्व टीम ने उक्त गाटे का पश्चिम से पूरब व उत्तर दक्षिण सीमांकन किया गया। जिसमें यह स्पष्ट हुआ उक्त गाटे के सम्पूर्ण रकबे पर बाढ़ विस्थापित बसाए गए हैं। गांव की सभी सड़के आरसीसी व पिच के साथ सभी संपर्क मार्ग पर पीडब्लूडी सड़क पर पुलिया के निर्माण हो चुका है। राजस्व निरीक्षक अश्विनी राय ने बताया कि इस गाटे से जुड़ा किसी भी न्यायालय में कोई विवाद नहीं है। यह विवाद रहित गाटा है। जिसके संबंध में एसडीएम साहब को विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत कर दिया जाएगा।



## संशोधित नीट परीक्षा परिणाम में प्रणव ने रचा इतिहास, हासिल किया 18 वा रैंक

**कुशीनगर**। जनपद के पडरौना नगर के ख्यातिप्राप्त चिकित्सक दंपति डा.संदीप अरुण श्रीवास्तव और डा. श्रीमती सुरभि श्रीवास्तव के होनहार और मेधावी पुत्र प्रणव श्रीवास्तव ने अपनी प्रतिभा का लोहा पूरे देश में मनवाया है।सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद जांच हुई उत्तर पुस्तिका के बाद संशोधित परीक्षा परिणाम में प्रणव श्रीवास्तव ने जबरदस्त छलांग लगाते हुए आल इंडिया रैंकिंग में 18वां रैंक प्राप्त किया है जबकि पूर्व में जारी परिक्षा परिणाम में प्रणव का आल इंडिया में 71वां रैंक था।बतादे कि एनटीए ने 26 जुलाई को आधिकारिक वेबसाइट पर नीट यूजी 2024 के संशोधित स्कोरकार्ड जारी कर दिया हैं। प्राधिकरण ने संशोधित नीट 2024 की उत्तर पुस्तिका भी जारी की है। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा आईआईटी दिल्ली को नीट यूजी पेपर में भौतिकी के एक प्रश्न के सही उत्तर की जाँच करने के लिए विशेषज्ञों की तीन सदस्यीय टीम बनाने का निर्देश दिया गया था जिसके अनुपालन में नीट यूजी 2024 स्कोरकार्ड को संशोधित किया गया है। इसके बाद पूरे भारत मे 18 वा रैंक प्राप्त कर प्रणव ने कुशीनगर का नाम राष्ट्रीय फलक पर पहुचा दियासंशोधित परीक्षा परिणाम आने के बाद चिकित्सक दंपति डा संदीप एवं डा सुरभि ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत किया है।खास तौर पर सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ के प्रति हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया है। चिकित्सक दंपति ने कहा कि अंततः जीत सत्य की ही होती है। परीणाम आने के बाद नगर में हर्ष का माहौल है और परिवार के सदायों में प्रणव की दादी विमला श्रीवास्तव,बड़े पिता आलोक श्रीवास्तव,चाचा डा वैभव ज्योति श्रीवास्तव,अलंकार श्रीवास्तव, चाची दीपाली श्रीवास्तव, रश्मि एवं शालू श्रीवास्तव ने हर्ष व्यक्त करते हुए प्रणव के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। उनकी इस उपलब्धि पर राज्य सभा सांसद कुंवर आरपीएन सिंह,सांसद कुशीनगर विजय कुमार दुबे, नपा अध्यक्ष विनय जायसवाल,जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रदीप जायसवाल, चिकित्सक डा.अरुण गौतम, डा.राजीव मिश्रा, डा.पीएन राय, डा.अभिषेक शुक्ला, डा.देव शरण सिंह, श्री पिंजरा पोल गौशाला के अध्यक्ष अखिलेश गोयल,विमर्श साहित्यिक एवं सामाजिक संस्था के अध्यक्ष आर.के.भट्ट ₹बावरा₹ आदि ने अपनी शुभकामनाएं देते हुए उनके सफल और उज्ज्वल भविष्य की कामना व्यक्त की है।

## 50 लाख से अधिक का सामान खाक



देवरिया । शहर में रविवार को रेणुका इन होटल के पिछले हिस्से के पास कंप्यूटर की दुकान में आग लगने से 50 लाख से अधिक कीमत के लैपटाप, प्रिंटर और एसेसरीज आदि जलकर राख हो गए। सूचना पर मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने दो घंटे से अधिक प्रयास के बाद आग पर पूरी तरह से काबू कर लिया। वहीं रविवार का दिन होने से चहल पहल भी कम थी।शहर के भुजौली कालोनी निवासी सुरेश सिंह के पुत्र आशुतोष सिंह की रेनुका इन होटल के पिछले हिस्से में शिव शक्ति ट्रेडिंग के नाम से कंप्यूटर लैपटॉप की दुकान है। कचहरी के नजदीक होने के कारण आमतौर पर यहां काफी चहल पहल रहती है। रविवार के नाते आम दिनों से कम आवाजाही थी।सायं चार बजे के आसपास दुकान से धुंआ निकलता देखकर आसपास के लोग जुट गए। इसी बिच दुकान स्वामी भी पहुंचे। उन्होंने फायर सर्विस को फोन किया। कुछ ही देर में फायर ब्रिगेड की गाड़ियां फायर फाइटर के साथ पहुंच गई। आग तेजी से ऊपर की मंजिल की ओर जाने लगी। कुछ ही देर में आग रेणुका होटल की ओर पहुंचने लगी। आग की भयावहता देखते हुए फायर ब्रिगेड की 5 गाड़ियां बुलानी पड़ी। दो घंटे से अधिक प्रयास के बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया। वहीं दुकान स्वामी ने बताया कि आग लगने ने उन्हें 50 लाख से अधिक का सामान जलकर राख हो गया।अग्निशमन अधिकारी राज मंगल सिंह ने बताया कि सूचना पर त्वरित गति से फायर ब्रिगेड पहुंची। समय आग पर काबू पा लिया गया अन्यथा आग के फैलने पर अन्य व्यवसायिक प्रतिष्ठानों और होटल को बड़ा नुकसान हो सकता था।

# अवर्षण ने किसानों की चिंता बढ़ाई गर्मी और उमस से जनजीवन बेहाल

जिला संवाददाता(vol)

**देवरिया** । एक तरफ जहां देश के पश्चिमोत्तर राज्यों महाराष्ट्र,गुजरात,मध्य प्रदेश , राजस्थान ,सहित पर्वतीय राज्यो में भारी बारिश से तबाही मची है वही विहार समेत पूर्वांचल की जिलों में पिछले एक पखवाड़े से जारी अवर्षण से जहां खेतों में लगाई गई धान की फसल सूखने लगी है । तेज धूप व उमस से शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक लोग बेहाल हैं ।

जुलाई के दूसरे सप्ताह में हुई झमाझम बारिश से उत्साहित किसानों ने खेतों में धान की रोपाई कर जहां खुश दिख रहे थे अब एक पखवाड़े से वर्षा न होने से खेतों में मुरझा रही फसल देख चिंतित हो रहे हैं ।

महंगी जुताई,रोपाई,खाद बीज और मेहनत अवर्षण से दांव पर लग गयी है । खेतों में सुख रही फसल को बचाने के लिये किसान डीजल पम्पसेट, मोटर लगाकर रातदिन सिचाई करने को मजबूर हो रहे हैं। वहीं ते चिलचिलाती गर्मी और उमस से शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक लोग पसीने पसीने होकर विमार पड़ रहे हैं । इसबीच बिजली की कटौती, लोबोल्टेज ,लाइनों में खराबी ,ट्रांसफार्मरों का जलना जले पर नमक साबित हो रहा है । प्रदेश सरकार द्वारा विफ्यूट पम्पों पर छूट के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में वैध ,अवैध मोटर पम्पों से सिचाई कर फसल बचने के लिए रात रात भर खेतों में बिजली आने के इंतजार में जग रहे हैं लेकिन बिजली कटौती ,लोबोल्टेज से निराश हो रहे हैं ।

**● बिजली कटौती जले पर नमक साबित हो रही**

महंगे डीजल से सिचाई करने को मजबूर हो रहे हैं ।इसबीच मोटर पम्प चोर भी सक्रिय हो गए हैं और मोटर चोरी की घटनाएं बाद4 गयी हैं ।पिछले दिनों भटनी पुलिस द्वारा रात्रिगशत के दौरान कई मोटर चोरों को पकड़ने की सूचना मिली है । एक तरफ जहां बिजली कटौती ,लौ बतेज लाइनो की खराबी को लेकर उपभोक्ताओं में आक्रोश बढ़ रहा है वहीं विभाग बिजली की अचानक बढ़ी मांग और अवैध कनेक्शनों, कटिया कनेक्शन, के कारण आपूर्ति में आ रही बढ़ से परेशान है । क्षेत्र में काम करने वाले वाले गांव गांव फैले प्राइवेट लाइनमैनों की मनमानी भी विभग पर भारी पड़ रही है ।

इसबीच बिजली की अच्छी आपूर्ति से ग्रामीण क्षेत्रों मे गैस बचाने के लिए बड़े पैमाने पर हीटर का बढ़ता उपयोग भी बिजली आपूर्ति पर भारी पड़ रहा है ।

शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक लोग मोबाइल से वर्षा ,मौसम की जानकारी ,भविष्यवाणी देखने मे जूटे हैं ।मन जा रहा है कि जल्द बारिश नही हुई तो पूर्वांचल में धन की खेती बुरी तरह प्रभावित होगी । भगवान भोले के पूजन के महीने में भक्त जलाभिषेक कर वर्षा की लप्रार्थना कर रहे हैं ताकि फसल बचने के साथ ही गर्मी और उमस से राहत मिल सके।

## भ्रष्टाचार की शिकायत पर टीम ने दोबारा पूरी की जांच

जिला संवाददाता(vol)

**कुशीनगर**। जिले के विकासखंड मोतीचक में स्थित ग्राम सभा भुड़ाडीह में कुछ दिन पूर्व भष्टाचर्चार की जांच में गयी टीम के सामने मारपीट हुई थी। जिसके बाद जांच रोक कर टीम लौट गई थी। फिर शनिवार को मुख्य विकास अधिकारी के निर्देश पर विशेष जांच टीम ने ग्राम सभा में प्रधान द्वारा कराए तीन कार्यों की गहनता से जांच की। जिसमें कार्यों को जेसीबी से कराने तथा जाब कार्ड धारकों को रोजगार न देने की शिकायत प्रमोद कुमार पाण्डेय द्वारा की गई थी। जांच टीम ने इस बार जांच पूरी कर वापस गयी है। वही अब रिपोर्ट जिले के अधिकारियों को भेजा जाएगा। बताते चले विकासखंड मोतीचक के ग्राम सभा भुड़ाडीह में ग्राम प्रधान द्वारा कराए गए तीन कार्यों में शिकायत की गई थी। जिसमें अशोक के पोखरे की खुदाई, खलिहान की भुमि पर खेल मैदान का निर्माण व सुशीला के पोखरे की खुदाई का कार्य था। जेसीबी द्वारा कराए जाने वाले कार्य तथा जाब कार्ड धारकों को रोजगार न देने की शिकायत की गई थी । खैरटवां निवासी प्रमोद कुमार पाण्डेय द्वारा मुख्य विकास अधिकारी तथा डीसी मनरेगा से आवेदन पत्र के माध्यम से किया गया था। पुर्व में जब उक्त ग्राम सभा में डीसी मनरेगा के नेतृत्व में जांच टीम जांच के लिए पहुंची तो जांच के दौरान दबंग ग्राम प्रधान व उसके साथियों द्वारा जांच टीम के सामने ही शिकायतकर्ता के साथ अभद्रता व मारपीट की गई। जिसके बाद जांच टीम बिना कोई जांच किए ही चली गई। इसके बाद घटना को संज्ञान में लेते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने फिर दुबारा जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय कुमार के नेतृत्व में टीम गठित कर जांच के लिए भेजा। इसी क्रम में दिन शनिवार को जांच टीम ने ग्राम सभा में उक्त कार्यों की एक-एक बिंदु पर गहनता से जांच किया। जांच के दौरान डीसी मनरेगा ने कार्यों में अनियमितता पाए जाने पर ग्राम प्रधान, सचिव व तकनीकी सहायक को फटकार लगाई। जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय कुमार ने बताया कि सभी शिकायतों की बिंदुवार जांच की गई है ।सभी साक्ष्य इकट्ठा कर लिया गया है जल्द ही रिपोर्ट प्रस्तुत किया जाएगा। इस दौरान जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय कुमार तथा डीसी मनरेगा राकेश कुमार एवं जिला अवर अभियंता राजेश कुमार अवर अभियंता (डीआरडीए)के के मिश्रा, एपीओ आलोक यादव,ग्राम सचिव समरजीत सिंह, ग्राम प्रधान संतोष सिंह, प्रमोद पाण्डेय,मनीष पाण्डेय सहित ग्रामसभा के सदस्य व ग्रामीण उपस्थित रहे।

**● पहली बार जांच में डीसी मनरेगा के सामने ही प्रधान ने शिकायतकर्ता से की थी मारपीट**

## मरीजों को मिलेंगी बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं और सुविधाएं

**कुशीनगर**। हाटा अस्पताल परिसर में एक और ब्लॉक बनाया गया है। जिसका लोकार्पण शनिवार को भाजपा सांसद विजय दुबे और हाटा के क्षेत्रीय विधायक मोहन वर्मा ने संयुक्त रूप से किया है। नया ब्लॉक बन जाने से अब मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं और सुविधाएं मिलेंगी ।सांसद विजय दुबे ने कहा कि सूबे के मुखिया मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सोच है कि जन समुदाय को त्वरित और बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं और सुविधाएं प्रदान की जाएं। गंभीर बीमारियों से पीड़ित मरीजों के इलाज के लिए भारत सरकार ने आयुष्मान भारत योजना चला रही है।

## नपा अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं के साथ सुनी पीएम मोदी के मन की बात

**कुशीनगर**। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम के 112वें संस्करण का सीधा प्रसारण रविवार को नगरपालिका परिषद पडरौना के अध्यक्ष विनय जायसवाल के अगुवाई में उनके आवास पर चलाया गया। इस दौरान पीएम मोदी ने 65 करोड़ मतदान के साथ विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र की महत्ता, आदिवासियों को समर्पित हुल दिवस, माँ के नाम वृक्ष लगाने, स्थानीय उत्पाद, ओलिम्पिक खेलों, हिंदी भाषा की वैश्विक पहुंच, योग परम्परा, संस्कृत के प्रति लोगों की बढ़ती रुचि सहित विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की ।पीएम के मन की बात कार्यक्रम के समापन के पश्चात नपाध्यक्ष विनय जायसवाल ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत ने विगत 10 वर्षों में अभूतपूर्व कार्य किया है जिसमें कृषि से लेकर अंतरिक्ष, शिक्षा से लेकर खेलकूद आधारभूत ढांचे से लेकर रक्षा मजबूती सहित आर्थिक विकास जैसे अनगिनत बेमिसाल कार्य शामिल हैं।

संक्षेप

## फरार आरोपी गिरफ्तार

पाटन, उन्नाव। मार पीट की धाराओं में लंबे समय से न्यायालय में अनुपस्थित चल रहे आरोपी को गैर जमानती वारंट के तहत पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर जेल भेजा। बिहार थाना क्षेत्र के कस्बा भगवंत नगर निवासी राजकुमार पुत्र महावीर लगभग 27 वर्ष पूर्व मारपीट की घटना में आरोपी है न्यायालय में जिसके विरुद्ध मुकदमा चल रहा है मुकदमा पेशी में लंबे समय से गैरहाजिर रहने पर न्यायालय द्वारा जारी वारंट के तहत पुलिस ने रविवार को उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया।

## बदमाशों ने छीना मोबाइल फोन

सीतापुर। महोली कोतवाली के भुड़कुड़ा गांव निवासी प्रेम कुमार तिवारी पुत्र कमलेश प्रसाद तिवारी किसी काम से महोली तहसील आए थे। यहां पर काम निपटाने के बाद वे पैदल ही अपने गांव के लिए चल दिए। इसी बीच बाईपास पर पीछे से आ रहे बाइक सवार दो बदमाशों ने उनका मोबाइल हाथ से छीन लिया। इससे पहले कि प्रेम कुमार तिवारी कुछ समझ पाते, बदमाश मोबाइल लेकर फरार हो गए। पीड़ित ने इस संबंध में अज्ञात बाइक सवार के खिलाफ महोली कोतवाली में तहरीर दी है। घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है।

## गन्ने के खेत में मिली लावारिस हालत में बच्ची

सीतापुर। शनिवार को अल्लीपुर गांव के कुछ लोगों खेतों की तरफ गए थे। इसी बीच ग्रामीणों ने गांव के निवासी सर्वजीत के गन्ने के खेत में एक बच्ची के रोने की आवाज सुनी। पुकार सुनते ही लोग खेत में जुट गए। मौके पर देखा तो एक नवजात बच्ची लावारिस हालत में पड़ी हुई थी। भीड़ मौजूद क्षेत्र के ग्राम लखनापुर निवासी बिट्टो देवी पत्नी माता प्रसाद बच्ची का रुदन सुनकर खुद को न रोक सकीं। उन्होंने फौरन बच्ची को गोद में उठाया और उसे दुलारते हुए घर लेकर चली गईं। इधर रविवार को सकरन थाना क्षेत्र में लहरपुर - तम्बौर मार्ग पर गडौसा गांव स्थित गैस एजेंसी के पास बने यात्री प्रतीक्षालय में लोगों ने एक लावारिश बच्ची को पड़ा देखा। बच्ची बिलख रही थी, इसी बीच पड़ोस के गांव ईरापुर निवासी सन्तोषी पत्नी सन्तोष वहां पहुंची। उन्होंने नवजात को उठा लिया। संतोषी बच्ची को लेकर घर पहुंची ही थीं, कि पीछे से पुलिस उनके घर पहुंच गई। पुलिस ने नवजात को अपने कब्जे में लेकर उसे बाल शिशु गृह भेजा है। एसओ कृष्ण कुमार ने बताया कि नवजात को बाल शिशु गृह भेजा गया है। उसकी हालात सामान्य है।

## ईओ सचिन कुमार का कन्नौज स्थानांतरण

सोहावल-अयोध्या। चेयरमैन और सभासदों के साथ ताल मेल न बैठा पाने से विवादो में फंसे नौ सृजित नगर पंचायत खिरौनी सुचित्तागंज के ईओ सचिन कुमार पटेल को अंततः जनपद छोड़ना ही पड़ा। शासन स्तर तक की गई उनकी शिकायतों को लेकर चल रहे मंथन के बाद शनिवार को ईओ का स्थानांतरण कन्नौज जनपद की एक नगर पंचायत में कर दिया गया। शासन स्तर से आए इस स्थानांतरण आदेश में ईओ को तत्काल गंतव्य स्थल पर ज्वाइन करने के निर्देश दिए गए हैं।

## भाजपा किसान मोर्चा ने 51 पौधों का किया रोपण

अयोध्या। भाजपा महानगर किसान मोर्चा द्वारा पूरा बाजार ब्लाक के तिहुरा मांझा स्थित श्री गुरू वशिष्ठ गुरूकुल विद्यापीठ में एक वृक्ष मॉ के नाम अभियान के तहत 51 पौधों का रोपण किया गया। रोपित किए गए पौधों में पीपल, पाकड़, आम, नीम, अशोक व आवंला शामिल है। विद्यापीठ के छात्रों ने पौधरोपण किया। कार्यक्रम में पूर्व महानगर अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा ने कहा कि पर्यावरण को शुद्ध रखने के लिए पेड़-पौधे जरूरी हैं। ये हमें जीवन के लिए आक्सीजन, खाने के लिए फल और गर्मी में छांव देते हैं। धरा को हरा-भरा करने एवं जीवन को बचाने के लिए सबको पौधारोपण का संकल्प लेने की जरूरत है। महानगर अध्यक्ष किसान मोर्चा विशाल सिंह बाबा ने कहा कि पौधरोपण सबकी जिम्मेदारी है। हम सबको अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए। पर्यावरण स्वच्छ है तभी जीवन स्वस्थ्य है। पौधे जब बड़े होते हैं, तो यह हमें फल, फूल व छाया सहित जीवन जीने के लिए ऑक्सीजन देते हैं। प्रत्येक व्यक्ति अपने आस-पास ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाएं। इससे हमें स्वच्छ हवा मिलेगी।

# लूट के रुपये, डेबिट कार्ड सहित 4 अभियुक्त गिरफ्तार



जिला संवाददाता(vol)

उन्नाव। पीड़ित शिवम वर्मा पुत्र बुद्धीपाल निवासी हुलाशखेड़ा थाना अचलगंज ने थाने में शिकायतीपत्र देकर बताया कि बाबाखेड़ा चौराहा रायबरेली रोड पर किशन यादव के मकान में विगत दो वर्षों से जनसेवा केन्द्र चलाता है। बीती 22 जुलाई की शायं करीब 9.15 बजे रोजाना की तरह दुकान बन्द कर अपने घर जा रहा था।

रास्ते में संदीप होटल बह्द ग्राम पोटरिहा के पास मोटरसाइकिल सवार कुछ अज्ञात लोगों द्वारा मेरे साथ मारपीट कर हाथ में पहने कड़े से घायल कर दिया तथा जमीन पर गिरने पर पीठ पर टंगा बैग जिसमें रखे 30,000 रुपये, डेबिट कार्ड, पैन कार्ड, पर्स एवं मोटर साइकिल की चाभी लेकर फरार हो गये थे। जिसके सम्बन्ध में धारा 309(6) बीएनएस पंजीकृत किया गया तथा मामले की विवेचना उ0नि0 अरविन्द कुमार गुप्ता चौकी प्रभारी ललऊखेड़ा द्वारा की जा रही है। पकड़े गए अभियुक्तगण में अंकित दीक्षित पुत्र विश्वकांत दीक्षित नि0 कोरारी कलां थाना अचलगंज जनपद उन्नाव हाल पता 454 मोतीनगर थाना कोतवाल सदर उन्नाव उम्र करीब 23 वर्ष, आकाश तिवारी उर्फ मोनू पुत्र रज्जन लाल नि0 कोरारी कलां थाना अचलगंज जनपद उन्नाव उम्र करीब 29 वर्ष, अंशुल गौतम पुत्र धर्मेन्द्र गौतम नि0 कोरारी कलां थाना अचलगंज जनपद उन्नाव उम्र करीब 20 वर्ष, विशाल निषाद पुत्र राजू निषाद नि0 सरैया थाना गंगाघाट जनपद उन्नाव उम्र करीब 19 वर्ष को गिरफ्तार किया गया है। उनके पास से लूट के 15,150 रुपये, एक अदद काले रंग का पिट्ठू बैग, एक अदद काले रंग का पर्स, दो अदद पैन कार्ड, एक अदद डेबिट कार्ड, एक अदद मोटर साइकिल टीवीएस की चाबी, घटना में प्रयुक्त ए अदद कड़ा रंग पीला, दो अदद मोटर साइकिल हाण्डा साइन व अपाचे बरामद की गयी।

जब कि अभियुक्त अंकित दीक्षित पर धारा 13 जुंआ अधि0 थाना अचलगंज में पहले से मामला दर्ज है। जबकि अंशुल गौतम धारा 308/323/354ख भादवि व 7/8 पाक्सो एक्ट के तहत मामला पंजीकृत है। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्र0नि0 प्रमोद कुमार मिश्र, उ0नि0 अरविन्द कुमार गुप्ता, उ0नि0 प्रवीण पुंज, हे0का0 भालचन्द्र, हे0का0 अख्तर अली, हे0का0 भइयालाल, हे0का0 संजीव कुमार, का0 राजेश सिंह, का0 शेर सिंह शामिल रहे।

## दहेज में कार न मिलने पर किया शादी से इनकार

पाटन, उन्नाव। शादी में लेनदेन तय होने के बाद अधिक कीमत वाली कार की मांग किए जाने तथा लड़की पक्ष द्वारा मांग पूरी न करने की असमर्थता व्यक्त करने पर लड़के पक्ष की ओर से शादी से इनकार किए जाने पर पीड़िता ने थाना पुलिस में प्रार्थना पत्र देकर कानूनी कार्यवाही की मांग की है।

पुत्री की शादी लड़का पक्ष द्वारा इनकार किए जाने पर थाना बारासगवर के गांव अमन खेड़ा की फुल कली पत्नी महेश कुमार ने रविवार को बिहार थाना पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसने अपनी पुत्री की शादी बिहार थाना क्षेत्र के ग्राम दुबाई निवासी जीवन दास सत्यार्थी के पुत्र अमोल प्रिय सत्यार्थी के साथ तय की थी जिसमें लेनदेन की भी बात तय की गई थी तथा हैसियत के अनुसार चार पहिया कार की भी देने की बात तय हुई थी किंतु अमोल व उनके पिता जीवन दास सत्यार्थी द्वारा ऊंची कीमत की कार की मांग की जा रही है। जिसे पीड़िता देने में असमर्थ है। पुत्री की मां फूल कली द्वारा हैसियत से अधिक कीमत की कार देने से जब असमर्थता व्यक्त की गई तब उपरोक्त लोगों ने शादी करने से मना कर दिया। दिए गए प्रार्थना पत्र में पीड़िता ने बताया कि पुत्री का तिलक 17 नवंबर विवाह 24 नवंबर को होना निश्चित हुआ था लड़का पक्ष द्वारा पुत्री की गोद भराई व दिखाई सुनाई का संपूर्ण कार्य संपन्न हो चुका है। लड़की पक्ष के लोगों द्वारा गेस्ट हाउस के साथ अन्य अनौपचारिकताएं पूरी की जा चुकी हैं। ऐसी स्थिति में शादी से इनकार करने पर पीड़ित मां ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कानूनी कार्यवाही की गुहार लगाई है। थाना प्रभारी शिव प्रकाश पांडे ने बताया की प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ है जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

## कार समेत चालक शारदा सहायक नहर में गिरा, गोताखोर तलाश में जुटे



सीतापुर। कोतवाली लहरपुर कोतवाली इलाके के पोंगलीपुर पुल के निकट बायीं नहर पटरी से एक कार शारदा सहायक नहर में गिर गई। बताया जा रहा है कि लखीमपुर खीरी के निघासन थाना क्षेत्र के ग्राम बुद्धी पुरवा निवासी नसीम पुत्र यूसुफ 45 वर्ष व उसका दोस्त सगीर पुत्र बाबू 35 वर्ष खीरी से लहरपुर अलमारी खरीदने आ रहे थे। बताया जा रहा है कि हादसे के दौरान सगीर चलती कार से कूद गया। जिससे मामूली चोट आई है। चालक नसीम कार समेत शारदा नहर के गहरे पानी में शमां गया। सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी मुकुल प्रकाश वर्मा भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। स्थानीय गोताखोरों की सहायता से नहर में कार व चालक की तलाश की जा रही है। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी मुकुल प्रकाश वर्मा ने बताया कि एनडीआरएफ टीम को मदद के लिए बुलाया गया है।

## हजरत मखदूम शाह सफी के उर्स का आयोजन

पुरवा, उन्नाव। पुरवा नगर पंचायत के एक मदरसे की जानिब से मस्जिद में अदब और एहतराम के साथ हजरत मखदूम शाह सफी के उर्स का आयोजन हुआ। जहां फातिहा के बाद हिंदुस्तान में अमन, चैन और खुशहाली की दुआ मांगी गई। रविवार को नगर के मोहल्ला खानजादा स्थित मदरसा हजरत ने अमतुल्लाह शाह की जानिब से मस्जिद नेअमतुल्लाह शाह में अदब और एहतराम के साथ हजरत मखदूम शाह सफी के उर्स के मौके पर कुल का आयोजन किया गया। फातिहा के बाद देश में अमन, चैन और खुशहाली की दुआएं मांगी गई और मौजूद लोगों में शीरनी बांटी गई. वहीं मौजूद लोगों को मौलाना दिलदार ने मखदूम शाह सफी के जीवन के बारे में बताते हुए कहा कि मखदूम पाक अपने वक्त के बहुत बड़े वली गुजरे हैं। आज उनकी सफीपुर स्थित दरगाह पर हजारों लोग हाजिरी देकर अपनी अकीदत का इजहार करते हैं और दरगाह पर हिंदू मुस्लिम एकता की मिसाल देखने को मिलती हैं। इस दौरान मौलाना नजर मोहम्मद, कारी महेंदी हसन, हाफिज गुलाम वारिस, हाफिज आसिफ, कमेटी सदर मेराज अहमद, अंसार अहमद, जहांगीर खान, फैसल खान, नूरुल, कैफुल, जमालू बाबा, शादाब कुरैशी आदि मौजूद रहें।

## अमृत योजना में की जा रही अनियमियता की जांच के लिए समिति गठित

मीरजापुर। जिला अधिकारी मीरजापुर ने नमामि गंगे 2024 अमृत योजना में की जा रही है अनियमित और ग्रामीणों में चल रहे ग्रामीण जला पूर्ति योजना की जांच हेतु समिति गठित कर एक सप्ताह में करने का आदेश दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कांग्रेस पार्टी के जिला महासचिव मनीष दुबे ने 6 माह पूर्व से ही लगातार जिलाधिकारी को पत्रक सौप कर उनसे नमामि गंगे और ग्रामीण पेयजल आपूर्ति में की जा रही है अनियमित की जांच का आग्रह किया था जिस पर एक्शन लेते हुए जिलाधिकारी ने अमृत योजना में की जा रही अनियमियता की विंदुवार शिकायतों की जांच हेतु अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति मीरजापुर, अधिशासी अभियंता निर्माण खंड 2 लोक निर्माण विभाग मीरजापुर, एवं अधिशासी अभियंता मीरजापुर नहर प्रखंड की तीन सदस्य सीमित का गठन करते हुए उनको निर्देश दिया कि आप सीमित बनाकर एक सप्ताह में पेयजल की स्थिति क्या है जहां-जहां पाइपलाइन गई है वहा पर रोड की स्थिति क्या है उसकी बिंदु वार जांच कर शासन को रिपोर्ट एक सप्ताह में सौंपे जिसको संज्ञान में लेते हुए उपरोक्त सीमित ने सात ब्लॉक में सात अभियंताओं को नामित किया है जो कि पेयजल की स्थिति की जांच करके अपनी रिपोर्ट समित के समक्ष प्रस्तुत करेंगे।

## चाय पर हुई खैराबाद के विकास की चर्चा



जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। खैराबाद कस्बे में विकास कार्यों को लेकर नगर पालिका खैराबाद अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता, अधिशासी अधिकारी प्रेम शंकर गुप्ता ने सभासदों के साथ चाय पर चर्चा की। इस दौरान खैराबाद के विकास कार्यों का खाका खींचा गया।

नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता ने सभासदों से कहा कि आप सभी अपने अपने वार्डो की समस्याओं व विकास कार्यो से अवगत करवाएं। जो कार्य अभी बाकी हैं, उनकी कार्य योजना प्रशासन को भेजेंगे व खैराबाद का चहुंमुखी विकास कराने में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। पालिका द्वारा लगातार विकास कराने और स्वच्छता पर फोकस किया जा रहा है। वहीं, जनता की परेशानियों को प्राथमिकता से लिया जा रहा है। खैराबाद नगर क्षेत्र में सुविधाओं को उपलब्ध कराने के उद्देश्य को नगर पालिका की सभागार में एक अनौपचारिक बैठक निकाय बोर्ड के सभासद गण एवं उनके प्रतिनिधियों व नगर के सम्भ्रान्त व्यक्तियों के साथ की गई। इस दौरान सभासदों ने कई समस्याएं बताई और सुझाव भी दिए। नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता द्वारा नगर के लोंगो को अश्वस्त किया गया। बैठेक में विष्णु कुमार, हबीब, श्रीमती मुन्नी, युसुफ खॉ, उमेश, श्रीमती शबेनाज, सुनील, फरजन्द अली, आलोक बाजपेई, राकेश चन्द्र, मो मुर्सलीन, जफरयाब बेग, शकील अहमद, मो नसीम खॉ, मो जावेद, सऊद अहमद, साबिर अली, हसीन अहमद, कविता दिलीप जोशी, रिजवान सबेनाज, मुन्नी गढ़ी दरवाजा प्रभु, कविता दिलीप जोशी, राशिद निशा अलाउद्दीन, शाहरून्निसा रफी, नासर बानो सगीर अहमद, मेहरुन्निसा सफीउद्दीन, रोशन जहां चुना उर्फ फारूक व प्रेम शंकर गुप्ता अधिशासी अधिकारी, मनोज राना सफाई एवं खाद्य निरीक्षक उपस्थित रहें।

## शोकसभा कर दी श्रद्धांजलि

जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। कमलापुर क्षेत्र के बम्हेरा निवासी अनुपम सिंह के मंझले पुत्र




दिव्यकर प्रताप सिंह बिक्कू का 26 वर्ष की अल्प आयु में बीमारी के चलते निधन हो गया। दिव्यकर रामगढ़ चीनी मिल में केन डेवलपमेंट ऑफिसर के पद पर कार्यरत थे।

इस मौके पर धीरज सिंह ने शोकसभा की। कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर ने दिवंगत आत्मा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर शोक संवेदना व्यक्त की। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा एक पिता के लिए सबसे बड़ा दुख अपने ही बेटे को अर्थी को कंधा देना होता है। यह दुख पहाड़ से भी बड़ा होता है। हम सब आज संकल्प में स्वर्गीय दिव्यकर सिंह के प्रत्येक पुण्यतिथि पर स्कूल में बच्चों को प्रोत्साहित करने वाले कार्यक्रम करेंगे। शोकसभा में कुंवर दिनकर प्रताप सिंह, प्रदीप सिंह चैहान, आरपी सिंह चैहान ने शोक जताया। स्वर्गीय दिव्यकर सिंह के बड़े भाई दुर्गेश सिंह व भूपेंद्र सिंह, रामखेलावन चैधरी, विद्याधर पांडेय, सुनीत सिंह, प्रभाकर पूर्व प्रधान, सत्यप्रकाश तिवारी, प्रमोद तिवारी, राघवेन्द्र सिंह, अनिकेत सिंह, गिरेन्द्र सिंह, अभय सिंह, नीरज सिंह आदि मौजूद रहे।

## पर्यावरण में संतुलन स्थापित करने में वृक्षों का बड़ा योगदानः लल्लू सिंह

अयोध्या। पूर्व सांसद लल्लू सिंह की संस्था श्री अयोध्या न्यास द्वारा चलाए जा रहे पौधरोपण अभियान में रविवार को मिल्कीपुर तहसील के मीठे गांव में 121 पौधे रोपित किए गये। रोपित किए गये पौधों में हरिशंकरी के साथ नीम, पीपल, बरगत समेत अन्य पौधे सम्मलित है। पौधों की सुरक्षा के लिए सभी में ट्रीगार्ड लगाए गये है। पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि पौधरोपण करके उसकी सुरक्षा की जिम्मेदारी लेना हर व्यक्ति का दायित्व बना है। वृक्ष का हमारें जीवन में बड़ा महत्व है। पर्यावरण में संतुलन स्थापित करने में वृक्षों का बड़ा योगदान रहता है। पौराणिक महत्व वाले हरिशंकरी समेत अन्य पौधों का रोपण किया जा रहा है। सनातन धर्म में वृक्षों को पूजनीय माना जाता है। पौधे रोपित करना पुण्य का कार्य है। वृक्षों की उपस्थिति हमारें भीतर मौजूद नकारात्मक उर्जा को दूर करने में सहायक होती है। अध्यात्मिक दृष्टि से वृक्षों का काफी महत्व है। प्राचीन काल से हमारे ऋषि मुनि अपने शिष्यों को पौधों के धार्मिक व अध्यात्मिक महत्व बताते हुए उसे रोपित करने के लिए प्रेरित करते रहे है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन में अधिक से अधिक पौधे लगाने के प्रति संकल्पित हो। पौध रोपण के साथ उसके सुरक्षा व पोषण की जिम्मेदारी भी ले। इस अपने जीवन में एक अभियान की तरह से ले। इस अवसर पर अर्जुन सिंह, अनिल सिंह प्रधान, अशोक मिश्रा, संजय पाठक, श्याम नारायन पाठक, नवल जायसवाल, रविन्द्र सिंह, राजकुमार तिवारी, अरविंद सिंह, संतोष श्रीवास्तव, सत्य प्रकाश शुक्ल, मनोज तिवारी, सुरेन्द्र गिरी सहित भाजपा पदाधिकारी व कार्यकताओं व स्थानीय लोगो की मौजूदगी रही।

## हत्यारोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। रेउसा थाना क्षेत्र के ग्राम गुड़रुवा देवरिया निवासी राजू की पत्नी संगीता देवी शुक्रवार की रात घर में सो रही थी। अचानक ही राजू ने धारदार हथियार से सो रही पत्नी पर ताबड़तोड़ प्रहार करने शुरू कर दिए।

चीख पुकार सुनकर जब ग्रामीण मौके पर पहुंचे। तब तक आरोपी राजू पत्नी की हत्या करके वहां से निकल भागा था। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर क्षेत्र के मंगू के चौराहे पर छापेमारी की। यहां पर पुलिस ने राजू को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से नोकदार राड बरामद की है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया है।

## हर-हर महादेव के जयकारों के साथ रवाना हुए कांवड़िये



सीतापुर। शनिवार को ओम शिव कांवरिया समिति नेरी के नेतृत्व में कांवड़ यात्रा नेरी से पांचाल घाट के लिए रवाना हुई। इस जत्थे में 150 कांवड़िया शामिल है। सोमवार को छोटी काशी गोला में जलाभिषेक करके यात्रा का समापन होगा।

सिद्धेश्वर नाथ मंदिर प्रांगण में कावरियों को विदा करने परिजन एकत्रित हुए, तो बोल बम के नारों से वातावरण गूँज उठा। समिति के मुकेश मिश्रा ने बताया कि रविवार की सुबह गंगाजल भरकर यात्रा का शुभारम्भ होगा। इसके बाद गोला गोकरण नाथ, टेढेनाथ, पारसनाथ बाबा, कारेदेव बाबा पहुचेंगे। कांवड़ यात्रा में अमित मिश्रा, विनोद मिश्र, संजय मिश्र, निजामुद्दीन, रैना आदि मौजूद रहे।

## मोदी सरकार ने बजट में रखा सभी का ध्यानः शिवभूषण




सीतापुर। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार बनी भाजपा सरकार ने पहला बजट पेश किया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत बजट में हर वर्ग का ध्यान रखा गया। इस बजट से देश के विकास का खाका खींचा गया है। यह बात रविवार को भाजपा जिला कार्यालय पर भाजपा के प्रदेश मंत्री शिवभूषण सिंह ने प्रेस वार्ता के दौरान पत्रकारों से कही।

इस अवसर पर प्रदेश मंत्री शिव भूषण सिंह ने कहा कि बजट में उत्तर प्रदेश को सरकार बड़ी योजनाएं दी हैं। यह बजट सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के मूल मंत्र पर आधारित है। जिसमें किसी की उपेक्षा नहीं की गई है। व्यापारी से लेकर किसान तक नौजवान से लेकर महिलाओं तक सभी को यह बजट लाभान्वित कर रहा है। जबकि विपक्ष अनर्गल प्रलाप करता देखा जा रहा है। इस अवसर पर पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब देते हुए मुख्य अतिथि शिव भूषण सिंह ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी का बजट किसी भी तुष्टिकरण के लिए नहीं होता है। बल्कि यह बजट सभी भारतवासियों के कल्याण के लिए समर्पित होता है। प्रेसवार्ता के बाद जिला कार्यालय पर केंद्रीय बजट संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश मंत्री शिव भूषण सिंह ने बजट पर अपने विचार रखें। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने बताया कि 2024 -25 का बजट देश के गांव गरीब, किसान, महिलाओं नौजवानो को समर्पित बजट है। राष्ट्र को आर्थिक रूप से सफल बनाने वाला बजट है। ऐसे में देश की व्यवस्थाएं सुदृढ़ होगी, जिससे भारत विश्व गुरु बनने के मार्ग पर प्रशस्त हो रहा है। कार्यक्रम को वित्तीय एवं प्रशासकीय विलंब समिति के सभापति पवन सिंह चौहान, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रद्धा सागर, पूर्व जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा, राकेश त्रिपाठी, रामनरेश मिश्रा, अध्यक्ष अजय गुप्ता ने भी संबोधित किया। इस मौके पर विश्राम सागर राठौर, रोहित सिंह, नैमिष रतन तिवारी, रमेश भार्गव दीपू, अनूप विश्वकर्मा, जया सिंह, उदित बाजपेई आदि उपस्थित रहे।

## दक्ष प्रजापति की जयंती मनायी

जौनपुर। नगर के रशीदाबाद में चक्रदूत प्रजापति समाज द्वारा भगवान महाराजा दक्ष प्रजापति की जयंती मनायी गयी। इस मौके पर उपस्थित जनों ने भगवान दक्ष प्रजापति के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित करते हुये माल्यार्पण करके पूजनकृअर्चन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुये अध्यक्ष बसन्त प्रजापति उर्फ अनिल सभासद ने भगवान दक्ष के इतिहास पर प्रकाश डालते हुये कहा कि हम एकजुट होकर कोई भी कार्य करेंगे तो समाज में एकता की क्रांति आएगी। महासचिव अजय प्रजापति एडवोकेट ने शिक्षा व एकता पर बल दिया। वहीं वरिष्ठ उपाध्यक्ष मोहन लाल प्रजापति ने कहा कि संगठन को और मजबूत बनाया जाएगा। अगले वर्ष विशाल रूप से भगवान दक्ष प्रजापति की जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। संस्थापक महेन्द्र प्रजापति, संरक्षक चन्द्रशेखर प्रजापति, उपाध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रजापति, संतोष प्रजापति, कोषाध्यक्ष जितेन्द्र प्रजापति, मीडिया प्रभारी आनन्द प्रजापति, विकास प्रजापति भागीदारी पार्टी पीके, कोषाध्यक्ष सावन प्रजापति, रीता प्रजापति, प्रीति प्रजापति, सुषमा प्रजापति, सोनी प्रजापति, सार्थक प्रजापति सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# निवर्तमान जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा ने सुनी प्रधानमंत्री के मन की बात



सीतापुर। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 112वें एपिसोड के तहत रविवार को मन की बात की। भाजपा के निवर्तमान जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा ने सीतापुर नगर 1 के शक्ति केंद्र बिजवार की बूथ संख्या 135 पर इस कार्यक्रम को सुना। मन की बात के कार्यक्रम को सुनने के पश्चात निवर्तमान जिला अध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा ने कहा की आज के मन की बात के कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री जी ने कई महत्वपूर्ण विषयो पर प्रकाश डाला है।

प्रधानमंत्री ने खादी वस्त्रों की खरीद मे जिस तरह से पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष 400 गुना अधिक व्यापार हुआ हैं। उससे लोकल फॉर वोकल को अधिक प्रोत्साहन मिला हैं। उन्होंने कहा की पूरी दुनिया में पेरिस ओलंपिक की चर्चा हैं। प्रोजेक्ट परी से आर्ट का बढ़ावा के साथ प्रोजेक्ट परी में नए कलाकारों को मौका मिलने की बात कही। देशवासी अपने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया है। मैथ्स ओलिंपियाड में 4 गोल्ड मेडल जीते, प्रधानमंत्री जी ने अपील की कि भारत को ड्रग्स फ्री बनाना हमारा लक्ष्य हैं। उन्होंने कहा कि बाघों को संरक्षण के लिए प्रयास जारी हैं। प्रधानमंत्री जी ने देश वासियो से अपील कि कि आने वाली 15 अगस्त को एक बार हम सबको पिछली बार कि भाँती हर घर तिरंगा अभियान को व्यापक तौर पर करना हैं। इस दौरान उत्तम पांडे, सत्येंद्र सिंह, अविरल अवस्थी, अंकुर तिवारी, हरि कृष्ण मिश्रा, अंबुज पांडे आदि उपस्थित रहे।

संक्षेप

## जनपद में बारिश से बांधों का जलस्तर बढा

**ललितपुर।** जनपद में लगातार बारिस का दौर जारी है, जनपद के एक दर्जन से अधिक बांधों में से कुछ तो निर्धारित जल भण्डारण के स्तर पर पहुंच गये हैं, और अतिरिक्त जलराशि की निकासी कर रहे हैं। गोविन्द सागर बांध ललितपुर, शहजाद बांध, भावनी, कचनौंदा बांध आदि भर चुके हैं। अब उत्तर प्रदेश एवं मध्यप्रदेश की संयुक्त परियोजना के तहत निर्मित राजघाट बांध भी बेतवा में आ रहे अथाह जलराशि के कारण भर गया है। जनपद में शनिवार की रात हुई बारिश से राजघाट व भावनी बांध का जल स्तर बढने से अधिकारियों द्वारा बांध के गेट खोलकर जल की निकासी की गई। राजघाट बांध के अवर अभियंता जनक भदौरिया ने बताया कि ऊपर क्षेत्र में हो रही बारिश से रविवार की दोपहर बांध का जल स्तर बढने से 8 गेट खोलकर जल निकासी की गई। जिसमें छह गेट ढाई मीटर एवं दो गेट डेढ मीटर खोलकर 84720 क्यूसिक पानी छोडा गया। उन्होंने बताया कि अगर रात में बांध में जल स्तर बढ़ता है, तो और भी गेट खोलने की संभावना है। 8 गेट खोलकर की जा रही निकासी से राजघाट चंदेरी मार्ग का पुल सुरक्षित है। आवागमन चालू है। इसी प्रकार भावनी बांध के अवर अभियंता ने बताया कि रविवार की दोपहर बारिश होने से बांध का जल स्तर बढने से 10 गेट दो फिट खोलकर दस हजार क्यूसिक जल निकासी की जा रही है।

# यूपी की प्रगति में मील का पत्थर साबित होगा बजट



जिला संवाददाता(vol)

**बांदा।** केन्द्र सरकार ने संसद में पेश किए गये बजट में उत्तर प्रदेश के इन्फ्रास्ट्रक्चर और उद्योगों को उबारने के लिए 2.44 लाख करोड़ रुपये का आवंटन किया है यह राज्य की प्रगति में मील का पत्थर साबित होगा। यह बात प्रदेश सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, हथकरघा, वस्त्रोद्योग मंत्री राकेश सचान ने जिला भाजपा कार्यालय में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कही। उन्होने विपक्ष द्वारा बजट में उत्तर प्रदेश को कुछ नही मिलने के आरोप पर कहा कि बजट में उत्तर प्रदेश को सबसे ज्यादा अंश मिला है। यह बजट रामराज्य के संकल्प को साकार करने वाला बजट है। बजट गरीबों, किसानों, महिलाओं और युवाओं के लिए समर्पित है। इस बजट के जरिए उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने की एक मजबूत नीव रखने का काम किया है। बेरोजगारी के मुद्दे पर लोगों में भ्रम फैला रहीं विपक्षी पार्टियों के लिए यह बजट उन्हे मुद्दा विहीन बनाने का काम करेगा। केन्द्र सरकार की 1000 आई टी आई को हब और स्पोक व्यवस्था में अपग्रेड करने की घोषणा में उत्तर प्रदेश के करीब 100 आई टी आई कॉलेज अपग्रेड होंगे इससे 3.5 लाख युवाओं को फायदा मिलेगा। इंटर्नसिप योजना प्रदेश में 2 लाख युवाओं को लाभान्वित करेगी और यहां 10 राष्ट्रीय राजमार्ग मिलेंगे। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों की 2000 नयी सड़कों का निर्माण होगा। पीएम सूर्य योजना के तहत प्रदेश के 20 लाख परिवारों को लाभ मिलेगा। बजट में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का प्राविधान किया गया है। महिलाओं के लिए 3 लाख करोड़ पास किए गये हैं मत्री संचान ने सरकार के बजट की उपलब्धियों गिनाते हुए कहा कि सरकार की ओर से जारी बजट में युवा, महिला, व्यापारी, औद्योगिक सभी वर्गों का ख्याल रखा गया है। उन्होने कहा कि सरकार 2047 के मिशन पर काम कर रही है। जिसका फायदा देश के अधिकांश लोगों को मिलेगा। कहा कि सोने-चांदी पर भी सरकार ने वैट घटाया है जिससे इनकी कीमतों में कमी आयी है। इस अवसर पर सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी, पूर्व सांसद आर के पटेल, पूर्व जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष प्रेम नारायण द्विवेदी, महामंत्री अखिलेश नाथ दीक्षित, जिला उपाध्यक्ष ममता मिश्रा, जिला मीडिया प्रभारी आनंद स्वरूप द्विवेदी, उत्तम सक्सेना, निखिल सक्सेना, दीपक राजपूत, मौजूद रहे।

## बजट देश के साथ यूपी के लिए ऐतिहासिकः राकेश सचान



**बांदा।** प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री राकेश सचान ने मोदी सरकार के तीसरे बजट की सराहना की और इसे विकसित भारत का आधार बताया। जिला भाजपा कार्यालय में रविवार को आयोजित केन्द्रीय बजट संगोष्ठी को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री राकेश सचान ने कहा कि मोदी सरकार ने 15वां बजट पेश किया है। यह देश के साथ-साथ उत्तर प्रदेश के लिए ऐतिहासिक है। इस बजट में गरीब से लेकर अमीर तथा किसान से लेकर मजदूर तक का ख्याल रखा गया है।

उन्होने विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस के लोग भ्रष्टाचार के मामले में जेल जा रहे हैं और राहुल व सोनिया गांधी भ्रष्टाचार के मामले में जमानत पर हैं। कांग्रेस के लोग झूठ बोलने की राजनीति कर रहे हैं। कहा कि दूसरे देशों को भारत हथियार सप्लाई कर रहा है। बजट में किसानों का विशेष ध्यान रखा गया है साथ ही भारत पहली बार रक्षा के क्षेत्र में निर्यात भी कर रहा है। जबकि अभी तक देश रक्षा के क्षेत्र में दूसरे देशों पर निर्भर था। यह आम बजट नये भारत के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

उन्होंने कहा कि बजट प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरदर्शिता एवं नये भारत के निर्माण को समर्पित है। संगोष्ठी को निवर्तमान सांसद आर के पटेल, सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी, पूर्व जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता व अखिलेश श्रीवास्तव ने संबोधित किया। जिला उपाध्यक्ष ममता मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित संगोष्ठी का संचालन जिला महामंत्री विवेकानंद गुप्ता ने किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक राजकरण कबीर, पूर्व जिला अध्यक्ष लवलेश सिंह, महिला आयोग सदस्य प्रभा गुप्ता, चेयरमैन मालती बासू, जिला महामंत्री अखिलेश नाथ दीक्षित, जिला उपाध्यक्ष प्रेम नारायण द्विवेदी, नरेन्द्र सिंह नन्ना, कल्लू सिंह राजपूत, जागृति वर्मा, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष वंदना गुप्ता, मीडिया प्रभारी आनंद स्वरूप द्विवेदी, पूर्व चेयरमैन राजकुमार राज, मनोज जैन आदि भाजपा नेता मौजूद रहे।

## राशन कार्डो के ई-केवाईसी का कार्य धीमी गति से चलना चर्चा का विषय बना

**नगीना, बिजनौर।** शासन के दिशा निर्देश के बावजूद राशन कार्डो का ई-केवाईसी (सत्यापन) का काम बेहद धीमी गति से किया जा रहा है। प्रदेश सरकार ने अधिकारियों को निर्देश देकर राशन कार्ड धारकों के कार्डो का सत्यापन ई-केवाईसी यानी की प्रत्येक राशन कार्ड धारक बायोमैट्रिक मशीन पर अपना अंगूठा लगाकर खाद्य सामग्री प्राप्त करने के सख्त निर्देश दिए हैं ताकि अपात्र कार्डधारको द्वारा लिया जा रहा योजनाओं का लाभ पर अंकुश लग सके लेकिन शासन और जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल के निर्देश के बाद भी यहां अधिकारियों की अदेखी के चलते क्षेत्रों में ई-केवाईसी का सत्यापन कछुआ चाल से भी कम चाल में चल रहा है।

## शरारती तत्व ने किया शिवलिंग खंडित, हड़कंप

**नगीना, बिजनौर।** शरारती तत्वों ने माहौल खराब करने की नीयत से गांव के मंदिर स्थित शिवलिंग को खंडित कर दिया। नगीना थाना क्षेत्र के गांव खुशालपुर गढ़ी में बीती रात्रि शिवलिंग खंडित करने की सूचना पर पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। पुलिस की सूझबूझ एवं लोगों की समझदारी से मामले में नवीन शिवलिंग की स्थापना करा दी गई। घटना किसी सिरफिरे व्यक्ति अथवा शरारती तत्व द्वारा की गई। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। घटना की सूचना मिलते ही अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) पुलिस क्षेत्राधिकारी नगीना राकेश वशिष्ठ, थाना प्रभारी प्रवेश पाठक पुलिस फोर्स के साथ आनन-फानन में मौके पर पहुंचे। पुलिस ने माहौल खराब करने वाले शरारती तत्व को सबक सिखाने के लिए सीसीटीवी कैमरों में खंगालने शुरू कर दिए है।

## रोटी बैंक ने असहायों, बच्चों को बांटे कपड़े व किताबें



**बांदा।** बड़ोखर खुर्द ब्लाक में केन नदी के किनारे बसे दरदा गांव में बांदा रोटी बैंक सोसायटी ने असहाय लोगों व बच्चों को कपड़े, जूते व किताबें वितरित कीं। इस दौरान सोसायटी की महिला उपाध्यक्ष तरन्नुम फातिमा व संगठन मंत्री सुनील सक्सेना ने गांव के लोगों को कानूनी अधिकारों तथा बाढ़ से बचने के लिए जागरूक किया। उन्होने लोगों को बाढ़ से निपटने के लिए कंट्रोल रूम नंबरों के बारे में जानकारी दी साथ ही टीम के सदस्यों ने बाढ़ पीड़ितों की हर संभव मदद करने का भरोसा दिया। बीते 19 जुलाई को जिलाधिकारी नगेन्द्र प्रताप ने बाढ़ आपदा की संभावनाओं को देखते हुए तैयारी बैठक में रोटी बैंक सोसायटी की टीम को आपदा में मदद करने के लिए चिन्हित किया था। गांव के गरीब लोगों व बच्चों ने कपड़े, जूते पाकर प्रसन्नता जताई। रविवार को सोसायटी के संरक्षक शेख सादी जमा व रिजवान अली की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान शाखा प्रमुख गिरधारी लाल चैरसिया, प्रधान प्रतिनिधि सुनील यादव, कार्यालय प्रभारी मोहम्मद शमीम, उपाध्यक्ष मोहम्मद हलीम, कोषाध्यक्ष इरफान खान, मोहम्मद अजहर महामंत्री, रेणुका गुप्ता, नग्गो खातून आदि मौजूद रहीं।

## किसानों के लिए सोलर पंप की ऑनलाइन बुकिंग जारी

**बांदा।** कृषि विभाग के माध्यम से पीएम-कुसुम योजना के तहत बीती फरवरी से किसानों के लिए सोलर पंप की ऑनलाइन बुकिंग चल रही है। उप कृषि निदेशक विजय कुमार ने कहा कि जरूरतमंद किसान ऑनलाइन बुकिंग करा सकते हैं। 10 एचपी को छोड़कर अन्य सभी प्रकार के सोलर पंपों में 60 प्रतिशत अनुदान दिया जा रहा है। क्षमतावार सोलर पंपों के लक्ष्य के अनुसार 2 एचपी एवं 3 एचपी सर्फेस, सबमर्सिबल का लक्ष्य 530, 5 हॉर्सपावर का लक्ष्य 360, 7.5 हॉर्सपावर का लक्ष्य 80 एवं 10 हॉर्सपावर का लक्ष्य 60 है। इस प्रकार जिले को 1030 का लक्ष्य शासन से निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि योजना का लाभ उठाने के लिए किसानों का विभागीय वेबसाइट पर पंजीकरण कराना अनिवार्य है। अनुदान पर सोलर पंप की ऑनलाइन बुकिंग के लिए विभागीय वेबसाइट पर अनुदान पर सोलर पंप के लिए बुकिंग कराई जाए। नियम व शर्तें विभागीय पोर्टल पर उपलब्ध हैं। कृषि उपनिदेशक विजय कुमार ने किसानों से अपील की कि वह आवश्यकतानुसार उपलब्ध बोरिंग साइज के आधार पर सोलर पंप की बुकिंग तत्काल कराकर योजना से लाभान्वित हों।

# भाजपा ने केंद्रीय बजट को लेकर किया संगोष्ठी का आयोजन

जिला संवाददाता(vol)



**ललितपुर।** भारतीय जनता पार्टी की जिला इकाई ने आज जिला कार्यालय पर केन्द्रीय बजट को लेकर बौद्धिकों के बीच एक संगोष्ठी का आयोजन किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार की राज्यमंत्री बाल विकास पुष्टाहार श्रीमती प्रतिभा शुक्ला उपस्थित रहीं।

- बाल विकास पुष्टाहार राज्यमंत्री रहीं मौजूद

गोष्ठी की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राजकुमार जैन ने की एवं संचालन कानपुर बुन्देलखण्ड क्षेत्र के क्षेत्रीय सदस्य धर्मेन्द्र गोस्वामी ने किया। इस अवसर पर बुन्देलखण्ड विकास बोर्ड के सदस्य प्रदीप चैबे ने कहा कि हम लोगों का गोष्ठी के माध्यम से बजट पर चर्चा करने का मुख्य उद्देश्य यह है कि हम यह समझ सकें कि यह बजट किस तरह राष्ट्र हित, किसान हित, मजदूर हित, युवा हित, किसान हित, रोजगार परक, कृषि अर्थव्यवस्था को ध्यान में रख कर वनाया गया इस अवसर पर मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार की बाल एवं पुष्टाहार राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिभा शुक्ला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस बार 2.44लाख करोड़ का वृहत्तम बजट दिया है। यह रोजगार परक बजट है जिसमें बेरोजगारों को बीस लाख तक का लौन विना किसी गारंटी के दिया गया है। किसानों को वीज और फ्री बिजली देने के साथ साथ और भी सुविधाये देने की व्यवस्था वजट में है, महिलाओं को सुरक्षा देने के साथ उन्हें अपने उत्पाद बेचने हेतु बाजार देने का काम भारतीय जनता पार्टी की केन्द्रीय सरकार ने बजट में किया है यह सर्वस्पर्शी बजट है।

किस तरह पांच सौ बड़ी कम्पनियों में युवाओं को इन्टर्नशिप करा कर उन्हें अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर रोजगार प्राप्त करने हेतु प्रशिक्षित करने की दिशा में कार्य किया जायेगा। अन्त में जिला अध्यक्ष राजकुमार जैन ने कहा कि इस सर्वस्पर्शी बजट की चर्चा सब जगह हो और समाज के हर वर्ग को उसके हित में होने के बारे में जानकारी मिल सके। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राजकुमार जैन, जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन, बुन्देलखण्ड विकास बोर्ड के सदस्य प्रदीप चैबे, पूर्व विधायक रमेश कुशवाहा, पूर्व अध्यक्ष हरीराम निरंजन, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मुन्ना लाल जैन, क्षेत्रीय सदस्य धर्मेन्द्र गोस्वामी, जिला कोषाध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद सड़ैया, जिला महामंत्री बंशीधर श्रीवास, बलराम सिंह लोधी, महेश श्रीवास्तव, शिक्षक विधायक प्रतिनिधि केदारनाथ तिवारी, शिक्षक प्रकोष्ठ अध्यक्ष ओमशंकर श्रीवास्तव, सहकारी बैंक उपाध्यक्ष श्रीकांत कुशवाहा, जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र गुरु, विलास पटैरिया, श्रीमती लक्ष्मी रावत, रुचिका बुन्देला, चांदनी कोरी, रजनी अहिरवार, राजेश लिटौरिया, अनुपमा जैन आदि उपस्थित रहे।

## पेट्रोल की कालाबाजारी कर भेजा जा रहा था मध्य प्रदेश

ललितपुर। उत्तर प्रदेश की अपेक्षा मध्य प्रदेश में पेट्रोल के दाम काफी अधिक हैं और ललितपुर जिला उत्तर प्रदेश का आखिरी जिला होने के साथ-साथ मध्य प्रदेश की सीमाओं से घिरा हुआ है। लिहाजा पेट्रोल की कालाबाजारी कर मध्य प्रदेश में बेचकर अधिक मुनाफा कमाने का एक जरिया बना हुआ है। ऐसे प्रकरण में जांच करते हुये महरौनी में तैनात पूर्ति निरीक्षक चन्द्रशेखर सहाय ने सौजना थाना पुलिस की मदद से बॉर्डर एरिया में चैकिंग कर भारी मात्रा में कालाबाजारी कर मध्य प्रदेश ले जाये जा रहे पेट्रोल को पकड़ा है तो वहीं

- पेट्रोल पम्प संचालक ओमप्रकाश भदौरा व सेल्समैन रूपेश कुमार यादव समेत चार पर एफआईआर दर्ज
- महरौनी के पूर्ति निरीक्षक व पुलिस ने पकड़ा पूरा प्रकरण

दूसरी ओर प्रकरण में मध्य प्रदेश की सीमा से सटे ग्राम जगारा में पेट्रोल पम्प के संचालक ओमप्रकाश भदौरा और सेल्समैन रूपेश कुमार यादव पर एफआईआर दर्ज करायी गयी है। पूर्ति निरीक्षक महरौनी चन्द्रशेखर सहाय ने तहरीर में बताया कि उन्हें प्रभारी डीएसओ ने बताया कि थाना सौजना क्षेत्र में करीब 60-70 लीटर पेट्रोल कालाबाजारी कर ले जाते समय संदिग्धावस्था में पकड़ा गया है, जिसकी जांच किये जाने के निर्देश प्राप्त हुये हैं। जांच के लिए उन्होंने रात करीब 8 बजे थाना सौजना पहुंच कर प्रकरण की जांच की गयी, जहां इंजार्च थाना प्रभारी ने बताया कि बॉर्डर चैकिंग के दौरान भदौरा के.एस. के जगारा पेट्रोल पम्प (जो मध्य प्रदेश बॉर्डर के पास है) से 100 मीटर की दूरी पर एक बाइक पर दो व्यक्ति अपने साथ नीले रंग के प्लास्टिक कंटेनर (ड्रम) व 5 लीटर की एक कुप्पी लिये थे। बताया कि मध्य प्रदेश के जिला टीकमगढ़ अंतर्गत थाना बुड़ेरा के ग्राम पुरैनिया निवासी जीतू अहिरवार पुत्र काशीराम बाइक संख्या एम.पी. 36 एम.एल. 4658 हीरो डीलक्स चला रहा था। इसमें रखे ड्रम की जानकारी करने पर पता चला कि ड्रम में करीब 63 लीटर पेट्रोल है व दूसरी कुप्पी में भी पेट्रोल है। इतनी अधिक मात्रा में ज्वलनशील पेट्रोल ले जाने की जानकारी करने पर कोई संतोषजनक उत्तर नहीं दिया गया। बाइक सवार दूसरे व्यक्ति उसी गांव के चन्द्रप्रकाश कुम्हार पुत्र बारेलाल ने बताया कि उक्त 63 लीटर पेट्रोल उसका है, जिसे उसने के.एस. के जगारा पेट्रोल पम्प से खरीदा है, जिसका बिल नं. 402628 व बिल नं. 402637 प्रस्तुत की। जबकि पेट्रोल पम्प के सेल्समैन रूपेश कुमार यादव ने बताया कि दोनों ने पेट्रोल यहीं से लिया है। पकड़े गये दोनों युवकों को थाने लाया गया, जहां उनके बयान दर्ज कराये गये। पूछताछ में चन्द्रप्रकाश कुम्हार ने बताया कि उसने यह पेट्रोल खरीदा था, उसके पास ट्रक या बड़ी गाड़ी नहीं है, वह गुमटी में रखकर पेट्रोल को बेचते हैं। वहीं जीतू अहिरवार ने बताया कि वह अपने दोस्त चन्द्रप्रकाश के साथ ग्राम जगारा पेट्रोल पम्प पर आया था। सेल्समैन रूपेश कुमार यादव ने बताया कि चन्द्रप्रकाश कुम्हार व जीतू अहिरवार ने उनके पेट्रोल पम्प से 63 लीटर पेट्रोल कंटेनर में व 8 लीटर कुप्पी में खरीदा था। पूर्ति निरीक्षक ने बताया कि उक्त लोग पेट्रोल का अवैध कारोबार व कालाबाजारी कार्य में संलग्न हैं। यही नहीं मेसर्स भदौरा के.एस. पेट्रोल/डीजल पम्प के संचालक ओमप्रकाश भदौरा पुत्र गुलाबचन्द्र भदौरा व सेल्समैन रूपेश कुमार यादव से मिलीभगत कर पेट्रोल के अवैध कारोबार/कालाबाजारी में लिप्त हैं। पूर्ति निरीक्षक ने जब्त किये गये पेट्रोल पम्प को ग्राम सौजना स्थित मेसर्स मेहरवान फिलिंग स्टेशन की सुपुदर्गी में दे दिया, जब सक्षम प्राधिकारी व न्यायालय द्वारा मांगे जाने पर यथा स्थिति प्रस्तुत किया जायेगा। जिलाधिकारी की अनुमति लेकर पूर्ति निरीक्षक चन्द्रशेखर सहाय ने थाना सौजना में चन्द्रप्रकाश कुम्हार, जीतू अहिरवार, पेट्रोल/डीजल पम्प संचालक भदौरा मशीनरी स्टोर ललितपुर रोड महरौनी निवासी ओमप्रकाश भदौरा पुत्र गुलाबचंद्र भदौरा व जगारा निवासी रूपेश कुमार यादव पुत्र प्रकाश यादव के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत एफआईआर दर्ज करायी है।

# किसान के खेत में जबरन ब्लास्टिंग कर ग्रेनाइट निकाल रहा है दबंग

**ललितपुर।** जमीन पर अवैध खनन किये जाने का आरोप लगाते हुये दबंग के खिलाफ किसान ने एक शिकायती पत्र जिलाधिकारी को भेजा है। कोतवाली क्षेत्रांतर्गत ग्राम करगन नयाखेरा निवासी साहब सिंह पुत्र हनुमत सिंह ने डीएम को भेजे शिकायती पत्र में बताया कि उसकी गांव में स्थित जमीन आराजी संख्या 2902/1 के बगल में दबंग व्यक्ति द्वारा ग्रेनाइट की खदान संचालित की जाती है।

बताया कि प्रभावशाली होने के कारण उक्त व्यक्ति द्वारा उसके खेत की जमीन पर अवैध तरीके से कब्जा कर अवैध खनन किया जा रहा है। विरोध करने पर पुलिस द्वारा उत्पीड ? भी कराये जाने का आरोप किसान द्वारा लगाया गया है। पीड़ित ने बताया कि उसके खेत में आये दिन ब्लास्टिंग की जा रही है, जिससे जानमाल का खतरा बना हुआ है। पीड़ित ने बताया कि इस सम्बन्ध में विगत 29 जून 2024 को भी एक शिकायती पत्र जिला प्रशासन से लेकर शासन स्तर तक भेजा गया था, लेकिन कार्यवाही नहीं की गयी। पीड़ित ने बताया कि उक्त लोग उसे उसके ही खेत में खेती नहीं करने दे रहे हैं और फसल बोने पर फसल को डम्फर या ट्रैक्टर से निकाल दिया जाता है, जिससे काफी नुकसान भी किया जा रहा है। पीड़ित ने जिलाधिकारी से मामले की जांच करायी जाकर उसकी जमीन वापस दिलाये जाने की मांग उठायी है।

## नदी में बहे युवक का अभी तक नहीं मिल पाया शव

**ललिपपुर।** गोविन्द सागर बांध के गेटों के नजदीक शहजाद नदी में मछली का शिकार करने गया एक युवक अभी भी लापता है। पुलिस को खोजबीन के दौरान दूसरे दिन गोबिंद सागर बाँध पर कपड़े और बाइक रखी मिली। पुलिस युवक की लगातार तलाश कर रही है। गोविंद सागर बांध के गेट के पास से मछली पकड़ते समय बाँध के गेट खुलने से युवक पानी के तेज बहाव में बह गया था। युवक शनिबार को चार दोस्तों के साथ मछली पकड़ने गया था।

उक्त चारों लोग तो गेट खुलते ही वापस लौट आये जबकि युवक लापता हो गया। प्रबल सम्भावना बनी हुई है कि उक्त युवक मछली का शिकार करते समय नदी में अंदर तक चला गया और बांध के गेट खुलने से तो पानी के तेज बहाव की चपेट में आ गया होगा। सूचना पर सदर एसडीएम चंद्रभूषण प्रताप एवं क्षेत्राधिकारी सदर पुलिस अभय नारायण राय, कोतवाली प्रभारी सहित मौके पर पहुंचे और मौका मुआयना किया।

## लापरवाही बरतने पर विद्युत विभाग के दो अधिकारी निलंबित

***बिजनौर।*** उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष के निर्देश पर प्रबंध निदेशक मेरठ ने धामपुर विद्युत वितरण खंड द्वितीय के अधिशासी अभियंता शेखर चंद और बिजनौर डिविजन टेस्ट मीटर के अधिशासी अभियंता मनोज कुमार शर्मा को निलंबित कर दिया है। भ्रष्टाचार पर अंकुश न लगाने और कार्य में लापरवाही पर यह कार्रवाई की गई है। जानकारी के अनुसार जनपद बिजनौर के धामपुर सर्किल अधीक्षण अभियंता उदय प्रताप सिंह ने बताया कि धामपुर में निलंबित हुए अधिशासी अभियंता शेखर चंद पर यह कार्रवाई भ्रष्टाचार पर अंकुश न लगा पाने और राजस्व वसूली को गंभीरता से न लेने के आरोप में की गई है। साथ ही उन्हें जिला सहारनपुर एसई निगम कार्यालय में संबद्ध किया गया है। उनके स्थान पर एमडी ऑफिस मेरठ में कार्यरत अधिशासी अभियंता धीरेंद्र प्रताप सिंह को धामपुर विद्युत वितरण खंड द्वितीय का अधिशासी अभियंता नियुक्त किया है। इसके अलावा एमडी ने बिजनौर मीटर टेस्ट अधिशासी अभियंता मनोज कुमार शर्मा को भी लापरवाही करने पर निलंबित किया है। मीटर लगाने के कार्य में लगातार लापरवाही की शिकायत मिलने पर यह कार्रवाई की गई है। अधीक्षण अभियंता ने बताया कि 15 हजार की रिश्वत लेने के आरोप में निलंबित विकास कुमार के स्थान पर स्योहारा उपखंड में कार्यरत दीपक कुमार को धामपुर द्वितीय डिवीजन में तैनाती दी गई है। गौरतलब है कि तीन दिन पहले एंटी करप्शन टीम ने संविदा पर कार्यरत कर्मचारी रविंद्र कुमार को 15 हजार की रिश्वत लेने के आरोप में पकड़कर जेल भेज था। वरिष्ठ बाबू विकास कुमार को भी इस मामले में निलंबित कर दिया गया था।

## रेलवे स्टेशन से मोबाइल चोर गिरफ्तार




**ललितपुर।** रेलवे स्टेशन से आवागमन करने वाले यात्रियों का सामान व मोबाइल फोन इत्यादि चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले शातिर बदमाश को राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) ने बीती देर रात करीब 11.25 बजे रेलवे स्टेशन से ही चैकिंग के दौरान धर दबोचा। पकड़े गये बदमाश के पास से चोरी किये हुये दो अलग-अलग कम्पनियों के मोबाइल फोन्स बरामद किये हैं, जिनकी अनुमानित कीमत 20 हजार रुपये बतायी जा रही है। जीआरपी उप निरीक्षक दिलीप कुमार ने बताया कि एसपी जीआरपी के आदेश व उपाधीक्षक जीआरपी नईम खान मंसूरी के निकट पर्यवेक्षण में ललितपुर जीआरपी द्वारा समय-समय पर ट्रेनों में यात्रियों के सामान व मोबाइल फोन चोरी करने वाले शातिर बदमाशों के खिलाफ अभियान चलाया जाता है। इस अभियान के तहत जीआरपी पुलिस ने 27 जुलाई की रात करीब 11.25 बजे रेलवे स्टेशन से शातिर बदमाश मध्य प्रदेश के जिला टीकमगढ़ अंतर्गत ग्राम हनुमान सागर निवासी वीरेन्द्र अहिरवार पुत्र हरनाम को धर दबोचा है। बदमाश के पास से एक ओप्पो व एक वीवो कम्पनी के दो मोबाइल फोन्स बरामद किये गये हैं। दोनों बदमाशों के खिलाफ जीआरपी पुलिस ने धारा 380 व 411 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। जीआरपी पुलिस ने बताया कि पकड़े गये शातिर बदमाश वीरेन्द्र अहिरवार के खिलाफ पहले भी दो मामले दर्ज हैं। इसके अलावा अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी जुटायी जा रही है। शातिर बदमाश को पकड ? वाली टीम में जीआरपी से उप निरीक्षक दिलीप कुमार, हे.कां.अशोक कुमार, हे.कां.योगेन्द्र कुमार, कां.प्रभात कुमार, आरपीएफ पोस्ट से उप निरीक्षक अंकित कुमार व हे.कां. पी.के. सोनी शामिल रहे।

# किसी भी उद्यमी को अनावश्यक परेशान करने पर होगी कार्रवाईः जिलाधिकारी



**बिजनौर।** जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि औद्योगिक विकास में गतिशीलता लाने के उद्देश्य से उद्यमियों के सम्मुख आने वाली समस्याओं का तत्परता के साथ निराकरण सुनिश्चित किया जाए। ताकि जनपद का औद्योगिक विकास और अधिक तेजी से आगे बढ़ सके। उद्योग बंधुओं द्वारा बैठक में उद्योग हित के साथ जनहित से जुड़े कई मसले जैसे सड़क, स्वास्थ्य, बिजली, स्वच्छता, पर्यटन, भूमि, एमओयू आदि से जुड़े मसले उठाए गए, जिस पर जिलाधिकारी द्वारा संबंधित को जल्द से जल्द निस्तारण करने के निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल बीती शाम कलेक्ट्रेट सभागार में जिला उद्योग बंधु समिति एवं पीएम विश्वकर्मा योजना से संबंधित बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को यह भी निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में औद्योगिक माहौल को अनुकूल बनाए रखने के दृष्टिगत इंडस्ट्रियल एरिया में विद्युत की निर्बाध व्यवस्था, सुरक्षा, साफ-सफाई के साथ ही सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित रहे। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि निवेश मित्र पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों का ससमय निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने औद्योगिक विकास से जुड़े मामलों को गंभीरता से लेने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी उद्यमी को अनावश्यक परेशान न होना पड़े, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने बैठक में एमओयू क्रियान्वयन, मुख्यमंत्री शिक्षुता प्रोत्साहन योजना शिशुक्षुओं का पंजीकरण की समीक्षा के अंतर्गत कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी द्वारा पीएम विश्वकर्मा योजना की समीक्षा की गयी। उन्होंने बताया कि पीएम विश्वकर्मा योजना भारत सरकार द्वारा संचालित महत्वाकांक्षी योजना है, इस योजना के अंतर्गत विभिन्न व्यवसायों का चिन्हीकरण किया गया है। जिलाधिकारी ने उक्त योजना के बेहतर क्रियान्वयन के लिए संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि योजना के तहत लक्ष्य को पूर्ण सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिकारियों को उपरोक्त योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश की योजना में अवशेष आवेदन पत्रों का जल्द सत्यापन कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी हर्ष चावला, उपायुक्त उद्योग सहित जिले के उद्योग बन्धु एवं व्यापार बन्धु विकास कुमार अग्रवाल, रॉयल वुड क्राफ्ट के स्वामी जुल्फिकार आलम, मुनीश त्यागी, अभिषेक गोयल सहित अन्य उद्योग बन्धु मौजूद थे।

# जीआरपी पुलिस उपाधीक्षक ने किया निरीक्षण



**ललितपुर।** जीआरपी पुलिस उपाधीक्षक झाँसी ने नगर में आकर थाना जीआरपी सहित रेलवे स्टेशन सहित विभिन्न स्थानों का निरीक्षण किया और मातहतों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किये। रविवार को ललितपुर आये पुलिस उपाधीक्षक जीआरपी नईम खान मंसूरी द्वारा थाना जीआरपी ललितपुर का अर्धवार्षिक निरीक्षण किया गया।

इस दौरान सीओ ने बैरेक व थाना की साफ सफाई एवं मैस का निरीक्षण किया। वहीं उन्होंने शस्त्रागार, मालखाना, व अभिलेखों को चेक किया। उनके द्वारा मेस में भोजन किया गया तथा रेलवे स्टेशन ललितपुर पर संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु की निगरानी हेतु चेकिंग भी की गई। इस दौरान उन्होंने संदिग्धों से पूछतांछ कर उनकी तलाशी भी ली। इस दौरान उन्होंने जीआरपी थानाध्यक्ष से टेज्नों में चढ़ने वाले अवैध वेंडरों पर कार्यवाही करने के भी निर्देश दिये। इस अवसर पर जीआरपी के सभी इंस्पेक्टर एवं पुलिस बल मौजूद रहा।

# छात्रों के जीवन से खिलवाड़

इसे हादसा मानें, लापरवाही कहें या फिर आपराधिक साजिश, जिस तरह दिल्ली के कोचिंग सेंटर में यूपीएससी की तैयारी कर रहे तीन प्रतिभावान छात्रों की जान चली गयी, वह देश को और विशेषकर उन अभिभावकों को स्तब्ध करने वाली है जिनके बच्चे अपने घरों से दूर रहकर पढ़ाई कर रहे हैं। छात्रों के साथ जानलेवा लापरवाही की यह पहली घटना नहीं है। हर साल गर्मियों में होने वाले अग्निकांड की घटनाओं में कोचिंग छात्रों की मौत की घटनाएं होती रहती हैं। फिर भी बिना फॉयर एनओसी के, अग्नि सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम के बिना कोचिंग की कक्षाएं चलती रहती हैं। बरसात के मौसम में अक्सर ऐसे दुखद समाचार सामने आते हैं कि शैक्षिक टुअर पर गये छात्रों की नदी या झरने में झूबने से मौत हो गयी। दिल्ली की घटना तो इससे इससे भी अधिक हृदय विदारक है। दिल्ली में कोई बाढ़ नहीं आयी थी और न ही इतनी अधिक वर्षा हुई है कि चारों तरफ जल-प्रलय आ गया हो और छात्र बाढ़ में डूब गये हों। यह दरअसल सिर्फ आपराधिक लापरवाही है जिसने तीन छात्रों और उनके परिवार के सपनों का कत्ल कर दिया। अब लाख तमाशा कर ले प्रशासन, एमसीडी लेकिन छात्रों की जिंदगी तो वापस मिल नहीं सकती। जिन घरों के चिराग बुझ गये, उनके गम को कम तो किया नहीं जा सकता। तो फिर जांच, कार्रवाई, गिरफ्तारी सब कुछ हमारी लापरवाह व्यवस्था से निकले एक 'पारंपरिक प्रशासनिक कुसंस्कार हैं' जिनका उद्देश्य भविष्य में गलतियों को दूर करने का प्रयास करना नहीं है बल्कि लोगों के आक्रोश को शांत करने की चाल अधिक है। दिल्ली की घटना तो किसी भी कीमत पर बर्दास्त करने वाली नहीं है। आखिर चार दिन पहले ही तो दिल्ली के पटेल नगर में यूपीएससी की तैयारी करने वाले एक छात्र की करंट लगने से मौत हुई थी। अगर प्रशासन छात्रों के जीवन के प्रति संवेदनशील होता, कोचिंग सेंटर्स पैसे बनाने के बजाय छात्रों के जीवन के प्रति भी चिंतित होते, तो इस हादसे को टाला जा सकता था। पानी कई दिनों से जमा हो रहा था और कोचिंग सेंटर का बेसमेंट उससे काफी नीचे था। हालांकि जब छात्रों को खतरे का अहसस हुआ तो उन्होंने पुलिस से मदद भी मांगी लेकिन मदद तत्काल पहुंचने के बजाय दो घंटे से अधिक लगे और तब तक सड़क से बहुत नीचे बेसमेंट में 12 फिट तक पानी भर गया और स्थिति यह हो गयी कि जब एनडीआरएफ की टीम ने मौके पर पहुंचकर बचाव अभियान शुरू किया तब तीन छात्र छापता हो चुके थे। बाद में लापता छात्रों की तलाश के लिए गोताखोर लगाये जिन्होंने देर रात तीनों छात्रों के शव निकाले। इस हृदय विदारक हादसे के बाद ड्रेनेज की सफाई, बेसमेंट से पाने निकालने आदि का काम भी शुरू हुआ लेकिन यह तब किया गया जब इतनी बड़ी दुर्घटना हो गयी। पानी पहले से जमा था, ऐसे में एमसीडी या फिर कोचिंग के कर्ता-धर्ता दिमाग लगाते, तो इस हादसे से बचा जा सकता था। लेकिन किसी ने छात्रों की सुरक्षा को लेकर संवेदनशीलता नहीं दिखायी। यह हादसा दिल्ली के ओल्ड राजेंद्र नगर की है। दिल्ली में मुखर्जी नगर, राजेंन्द्र नगर, ओल्ड राजेन्द्र नगर में बड़े पैमाने पर कोचिंग के छात्र रहते हैं। यहां पूरे देश से यूपीएससी, बैंक, एसएससी आदि परीक्षाओं की तैयारी करने आते हैं। छात्र यहीं पर कोचिंग करते हैं और प्राइवेट हॉस्टल में रहते हैं। इस क्षेत्र में कई कोचिंग हैं। कोचिंग के साथ ही निजी तौर पर भी यहां बड़ी संख्या में लाइब्रेरी संचालित हैं, जहां छात्र अपने लक्ष्य को पाने के लिए, अपने सपनों को आकार देने के लिए दिन-रात तैयारी करते हैं। कोचिंग संस्थानों और स्थानीय प्रशासन की आपराधिक लापरवाही प्रायः इन छात्रों के जीवन और सपनों पर भारी पड़ती है।



दिल्ली में कोचिंग के बेसमेंट में डूबकर तीन छात्रों की दुखद मौत, कोचिंग सेंटर व प्रशासन की लापरवाही का परिणाम है।

### विचार

प्राणी अकेला जन्मता है, अकेला ही मरता है और अपने पाप-पुण्यों का फल अकेला ही अनुभव करता है।

-वेदव्यास.

जितना ही हम अध्ययन करते हैं, उतना ही हमको अपने अज्ञान का आभास होता जाता है।

-शैले.

जब तक मन नहीं जीता जाता और राग-द्वेष शान्त नहीं होते, तब तक मनुष्य इन्द्रियों का गुलाम बना रहता है।

-विनोबा भाव.

बिना अनुभव के कोरा शाब्दिक ज्ञान अंधा है।

-स्वामी विवेकानन्द.

जिस प्रकार भौंरा फूलों की रक्षा करता हुआ मधु को ग्रहण करता है, उसी प्रकार मनुष्य को हिंसा न करते हुए अर्थों को ग्रहण करना चाहिए।

-आचार्य विदुर.

# राज्यपालों की भूमिका पर उठते सवाल



विजय कपूर

> राज्यपाल का पद हमेशा विवाद का विषय रहा है। माना जाता है कि राज्यपालों की नियुक्ति का उद्देश्य वरिष्ठ नेताओं को 'एडजस्ट' करने या उन्हें अपने गृह राज्य की राजनीति से दूर रखने का होता है। लेकिन अगर विधानसभा चुनाव में किसी भी पार्टी को स्पष्ट बहुमत न मिला हो, तो राज्य सरकार के गठन में राज्यपाल की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है और तब उन पर पक्षपात करने के आरोप लगने की आशंका भी बढ़ जाती है।

यह बात सर्विदित है कि अगर केंद्र व राज्य में एक ही राजनीतिक दल सत्तारूढ़ है, तो संबंधित राज्य के राज्यपाल अक्सर 'सजावटी रबड़ की मोहर' जैसी भूमिका में होते हैं। लेकिन अगर राज्य में केंद्र से अलग राजनीतिक दल की सरकार है, तो उस राज्य के राज्यपाल अक्सर 'सक्रिय पोलिटिकल एक्टिविस्ट' मोड में आ जाते हैं, जिससे राज्यपाल और राज्य सरकार के बीच तकरार व तनाव की स्थिति भी बन जाती है, कई बार तो विवाद अदालत तक भी पहुंच जाता है। दशकों से यही हालात देखने को मिलते रहे हैं, केंद्र में सरकार चाहे जिस भी दल या गठबंधन की रही हो राज्यपाल की नियुक्ति प्रधानमंत्री की सिफारिश पर राष्ट्रपति द्वारा की जाती है।

इस पृष्ठभूमि में राज्यपाल का पद हमेशा ही तीखी बहस का विषय रहा है और इस पद को अनावश्यक बताते हुए इस पर विराम लगाने की भी बातें उठती रही हैं। माना जाता है कि राज्यपालों की नियुक्ति का उद्देश्य अपनी पार्टी के वरिष्ठ सदस्यों को 'एडजस्ट' करने या उन्हें अपने गृह राज्य की राजनीति से दूर रखने का होता है। लेकिन अगर विधानसभा चुनाव में किसी भी पार्टी को स्पष्ट बहुमत न मिला हो, तो राज्य सरकार के गठन में राज्यपाल की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती और तब उन पर पक्षपात करने के आरोप लगने की आशंका भी बढ़ जाती है, जैसा कि भगत सिंह कोश्यारी के समय में हुआ। उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री (2001-2002) रहे कोश्यारी को 2019 में महाराष्ट्र का राज्यपाल नियुक्त किया गया था, तब उन्होंने नियमों को ताक पर रखते हुए देवेन्द्र फडनवीस को मुख्यमंत्री की और अजीत पवार को उप-मुख्यमंत्री की शपथ दिला दी थी, जबकि उनके पास बहुमत नहीं था। इसके बाद कोश्यारी ने महा विकास अघाड़ी की सरकार गिराने में भी ऐसी भूमिका निभायी जिसे सुप्रीम कोर्ट ने 11 मई 2023 को अवैध घोषित किया।

इस किस्म की अन्य अनेक मिसालें हैं और संभवतः इन्हें ही मद्देनजर रखते हुए 26 जुलाई 2024 को राज्यसभा में एक सदस्य ने एक निजी विधेयक पेश करने का प्रयास किया, जिसमें आग्रह किया गया था कि राज्यपालों को राज्य मंत्रिमंडल की सलाह मानने के लिए संवैधानिक रूप से पाबंद किया जाये। केरल से माकपा सांसद जॉन ब्रिटटास के इस विधेयक पर राज्यसभा में जबरदस्त हंगामा हुआ। हालांकि एक दुर्लभ घटना में संविधान (संशोधन) विधेयक के प्रस्तुतिकरण को ट्रेजरी बेंचों ने वाइस वोट से पराजित कर दिया, लेकिन उप-सभापति हरिवंश ने जॉन ब्रिटटास को प्रस्तावित विधेयक पर संक्षिप्त टिप्पणी करने की अनुमति दी। प्रस्तावित विधेयक में यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया गया है कि अपनी संवैधानिक जिम्मेदारी का निर्वाह करते हुए राज्यपाल सख्ती से संविधान के प्रावधानों के दायरे में रहें और राज्य मंत्रिमंडल की सलाह के पाबंद रहें। विधेयक में यह भी प्रस्तावित है कि राज्यपाल चांसलर बनने या कोई अन्य गैर-संवैधानिक भूमिका हासिल करने का प्रयास न करें। जॉन ब्रिटटास ने आरोप लगाया कि केंद्र 'सहकारिता संघवाद की दुहाई' तो देता है लेकिन राज्यपालों की भूमिका फेडरल स्ट्रक्चर को ही डेंट कर रही है। उनके अनुसार, 'हो यह रहा है कि चुनी हुई सरकारों पर राज्यपालों को छोड़ा जा रहा हैं। जॉन ब्रिटटास के विरोध में बीजेपी सांसद सुधांशु त्रिवेदी का जवाब था कि भारत का संविधान अर्ध-संघवाद है और राज्यपाल को राष्ट्रपति का प्रतिनिधि समझा जाता है। अगर राज्यपाल को राज्य मंत्रिमंडल की सलाह का पाबंद कर दिया जायेगा तो राष्ट्रपति के अधिकार का क्या होगा? इसे लेकर पक्ष व विपक्ष में तीखी बहस हुई और सदन में हंगामा भी खूब हुआ। बहरहाल, तथ्य यह है कि राज्यपालों के जरिये केंद्र अपने से अलग पार्टी की राज्य सरकारों को नियंत्रित करने का प्रयास करता है। इसलिए जो भी पार्टी केंद्र में सत्ता में आती है, वह राज्यपालों की वर्तमान स्थिति की पक्षधर हो जाती है और जब वही पार्टी विपक्ष में होती है तो राज्यपालों की भूमिका पर सवाल उठाती है। इसलिए अक्सर मामले अदालत तक भी पहुंचते हैं। गौरतलब है कि 26 जुलाई 2024 को सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह राज्यपालों के लिए दिशा-निर्देश गठित करने पर विचार करेगा कि वह कब विधानसभा द्वारा पारित विधेयक को मंजूरी देना होल्ड कर सकते हैं या उसे राष्ट्रपति को रेफर कर सकते है। इससे एक सप्ताह पहले सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि आपराधिक मुकदमों से जो राज्यपालों को पूर्ण संवैधानिक इम्युनिटी मिली हुई है, उसकी वैधता की वह जांच करेगा।



विमर्श

यहां यह बताना भी आवश्यक है कि 26 जुलाई 2024 को ही केरल व पश्चिम बंगाल भी तेलंगाना व तमिलनाडु के साथ यह आरोप लगाने में शामिल हो गये कि राज्यपाल विधेयकों से संबंधित अपनी शक्तियों का मनमाना प्रयोग करते हैं। केरल व पश्चिम बंगाल की तरफ से पेश होते हुए वरिष्ठ वकीलों के के वेणुगोपाल, एएम सिंघवी और जयदीप गुप्ता ने कहा कि राज्यपालों ने यह ट्रेंड बना लिया है कि विधानसभा द्वारा पारित विधेयकों को मंजूरी देने में देरी करें और फिर उन्हें राष्ट्रपति के संज्ञान के लिए आरक्षित कर दें। मुख्य न्यायाधीश डीव्हाई चंद्रचूड़, न्यायाधीश जेबी पार्दिवाला और न्यायाधीश मनोज मिश्रा की खंडपीठ ने गृह मंत्रालय और राज्यपालों के सचिवों को नोटिस जारी किया है कि वह विधेयकों से संबंधित राज्यपालों की शक्तियों के उपयुक्त संवैधानिक प्रावधानों की विस्तृत व्याख्या प्रस्तुत करें। वेणुगोपाल का कहना है, 'विधेयकों को मंजूरी देने के संदर्भ में राज्यपाल अपने अधिकारों को लेकर असमंजस में हैं। केरल में आठ विधेयकों में से दो 23 माह से लम्बित हैं, एक 15 माह से, एक अन्य 13 माह से और तीन 10 माह से लम्बित हैं। यह बहुत दुखद व चिंताजनक स्थिति है। संविधान को ही निष्क्रिय बनाकर रख दिया गया है। राज्यपाल ने कुछ विधेयक राष्ट्रपति को रेफर किये हैं, हमने उसको भी चुनौती दी है। पश्चिम बंगाल की सरकार ने जब लम्बित पड़े कुछ विधेयकों का उल्लेख सुप्रीम कोर्ट में दायर अपनी याचिका में किया तो राज्यपाल कार्यालय ने सूचित किया कि कुछ विधेयक राष्ट्रपति के संज्ञान के लिए आरक्षित हैं। तमिलनाडु में भी यही ट्रेंड है, सिंघवी का सवाल है, सुप्रीम कोर्ट में मामला पहुंचने पर ही राज्यपाल कार्यालय हरकत में क्यों आता है?

इस नोटिस को जारी करने से एक सप्ताह पहले सुप्रीम कोर्ट ने उस महिला की याचिका को स्वीकार कर लिया था जिसने पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस पर यौन उत्पीड़न के आरोप लगाये हैं। सुप्रीम कोर्ट यह जांच करेगा कि संविधान के अनुच्छेद 361 के तहत राज्यपालों को जो अपराधिक मामलों से इम्युनिटी मिली हुई है, उसकी संवैधानिक वैधता क्या है? महिला ने आरोप लगाया था कि पश्चिम बंगाल की पुलिस केस की जांच इसलिए नहीं कर रही है क्योंकि राज्यपाल को इम्युनिटी प्राप्त है। जब इस महिला का मामला उठा था तो मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा था कि महिलाओं ने उनसे कहा था कि वह राजभवन में जाने से डरती हैं। इस पर राज्यपाल बोस ने बनर्जी व अन्यों के विरुद्ध मानहानि का मुकदमा दायर किया था और कलकत्ता हाईकोर्ट ने बनर्जी पर राज्यपाल के विरुद्ध बोलने पर रोक लगा दी थी, जिसे 26 जुलाई 2024 को इस शर्त पर हटा दिया गया कि बनर्जी बोस के विरुद्ध बोल तो सकती हैं लेकिन कोई बात अपमानजनक न हो। दरअसल, जब तक केंद्र के विपक्षी दलों द्वारा शासित राज्यों में राज्यपाल एक्टिविस्ट की भूमिका में रहेंगे तब तक उनसे संबंधित विवाद पर विराम नहीं लगेगा।

### सोशल मीडिया

भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रभात झा जी का निधन दुखद है, वे एक कुशल राजनीतिज्ञ व समाज सेवी थे, वे मूल रूप से बिहार के सीतामढ़ी के कोरियाही गांव रहने वाले थे। नीतीश कुमार.



सत्ता में आते ही 24 घंटे में रद होगी, देश के सुरक्षा से समझौता करने वाली व सैनिकों के भविष्य से खिलवाड़ करने वाली अल्प कालिक अग्निवीर सैन्य भर्ती। अखिलेश यादव.



मुख्यमंत्री योगी जी के नेतृत्व में इस वर्ष पौध रोपण का रिकॉर्ड बना, जनसहभागिता से इस वर्ष 36.51 पौधों का रोपण का प्रदेश में नया कीर्तिमान स्थापित किया गया। उप्र. सरकार.



# कर्म का फल

अंतर्दृष्टि

भगवान से मांगने योग्य वस्तुएं श्रद्धा, हिम्मत, श्रमनिष्ठा, सच्चरित्रता, करुणा, ममता, पवित्रता और विवेकशीलता जैसी वे सद्भावना एवं सत्प्रवृत्तियां हैं जो विपन्नता को सम्पन्नता में बदल देती हैं और अभाव रहते हुए जिनके कारण विपुल सम्पन्नता का सुख अनुभव होता रहता है। प्रगति और सफलता का सारा आधार सद्गुणों पर अवलम्बित है। उनके बिना अकस्मात् किसी प्रकार कोई लाभ मिल भी जाये तो उसे संभालना और स्थिर रखना संभव न होगा। सदुपयोग केवल उस वस्तु का किया जा सकता है जो उचित मूल्य देकर उपार्जित की गयी है। अनायास बिना परिश्रम के मिली हुई सम्पत्ति का उपव्यय ही होता है और उससे अनेक व्यसन और उद्वेग पैदा होते हैं जिनके कारण वह उपलब्धि सुखदायक न होकर अनेक विपत्तियां और विकृतियां उत्पन्न करने का कारण बन जाती है। भगवान जिस पर प्रसन्न होते हैं उस सद्गुणों का उपहार देते हैं क्योंकि वे अपने आप में इतने महान हैं कि यदि साधन सम्पन्ता न भी हो, तो भी केवल उन सद्गुणों की सम्पदा के आधर पर मनुष्य सुखी समुन्नत और सम्मानित जीवन जी सकता है। यही दिव्य संपदाएं भगवान से मांगनी चाहिए। यही हैं वे विभूतियां जिन्हें वे अपने भक्तों को दिया करते हैं। भौतिक सफलताएं हमें अपनी भुजाओं और कलाइयों से मांगनी चाहिए। अपनी अकल को तेज करना चाहिए और सूझ बूझ से काम लेना चाहिए। अवरोध उत्पन्न करने वाली त्रुटियों को सुधारना चाहिए। सफलता का द्वारा खुल जायेगा। भगवान स्वयं अपनी विधि व्यवस्था में बंधे हुए हैं। उन्होंने इस संबंध में अपने आपके साथ तक कोई रियायत नहीं की, अपने सगे संबंधियों तक को छूट नहीं दी।

कर्मफल की व्यवस्था को ही सर्वत्र प्रधान रखा। ऐसा न होता तो कोई पुरुषार्थ करने के लिए ही क्यों होता और कुकर्मों से बचने के लिए किसी को आवश्यकता ही क्या पड़ती? प्रार्थना मात्र से सारी सुविधाएं मिल जाती तों फिर कठोर, कर्मठता के लिए कठिबद्ध होने की इच्छा ही क्यों होती? जिन मनुष्यों की वासनाएं शांत हो गयी हैं, उनके मन मंदिर में आठोयम प्रेम ज्योति प्रज्जवलित है। वे इन्द्रियों के दास नहीं, इन्द्रियां स्वयं उनकी दासता में रहती हैं। सांसारिक प्रपंच किसे कहते हैं, इससे उन्हें कोई प्रयोजन नहीं। वे समय पर धर्म की बेदी पर प्राण न्यौछावर करने के लिए तत्पर रहते हैं और धर्म संस्थापन के लिए ही जीवन है। सरलता, नम्रता, सहनशीलता, सम्प्रति ही उनके जीवन के मुख्य साधन हैं। उनमें अहं भव का नाम-मात्र भी नहीं होता। ऐसे मनुष्य सत्य की शीतल छाया में जीवन व्यतीत करते हैं।

# नेतागिरी का हौसला पैदा करो

व्यंग्यलोक

वे दहाडें मारकर रोते हुए मेरे घर आये। बोले- मैं बर्बाद हो गया शर्मा, मुझे बचा लो। मैं बोला-आखिर हुआ क्या है बलराम जी? वे और जोर से रोने लगे। रोते-रोते ही बोले-मैं चुनाव हार गया? मैंने कहा-देखिये चुनाव में एक ही जीतता है। दूसरों को तो हारना ही होता है। आप धैर्य रखें, आगे और चुनाव हैं। मौके खत्म थोड़े ही हुये हैं। सब ठीक हो जायेगा। मैंने सब कुछ दांव पर लगा दिया शर्मा। मैं कंगाल हो गया। जीप वाला, ढाबे वाला, माइकवाला और उधारी मांगने वाले मुझे ढूंढ रहे हैं। मैं करूं तो क्या करूं? वे बोले। उन्हें कहो कि पार्टी से पैसा मिलेगा तब चुका दूंगा उधारी। कोई ज्यादा ही दादागिरी करे तो आप भी गुण्डई पर उतर आयें। मांगना भूल जायेगा। मैंने कहा मुझे कहीं छिपा दो शर्मा। मैं किस मुंह से जनता केसामने जाऊं। मैंने सब्जबागों के वादे किये थे, लेकिन वोटरने मेरी जमानत जब्त करा दी। बलराम जी बोले। राजनेता होकर कैसी कायरों वाली बातें कर रहे हो? थोड़ा तो नेतागिरी का हौंसला पैदा करो और सबको धताबता दो। आप तो जब प्रधान थे तो मनरेगा में लाखों का घोटाला कर चुके हैं। घबराने की क्या बात है। मैंने कहा तो वे बोले- सब डूब गया। मेरी काली कमाई सब निकल गई। सोचा था, चुनाव बाद कई गुना कमाकर घर भर लूंगा। शर्मा मेरे सपनों पर पानी फिर गया। जीतने वाला चांदी काटेगा। आपको निराश होने की जरूरत नहीं है बलराम जी, दिन आपके भी फिरेंगे। देखना मध्यावधि चुनाव होंगे। ये गठबंधन चलने वाला नहीं है। हिम्मत से काम लें। मैंने कहा तो उन्होंने अपनी रोनी सूरत को शांत किया और बोले आपको पक्का विश्वास है कि मध्यावधि होंगे! सच मजा आ जायेगा। अबकी बार मैं सारे पैंतरे काम में ले लूंगा। देखना जनता को मूर्ख बनाने में मैं कोई कमी नहीं छोड़ूंगा। दरअसल सामने वाले ने खुलकरनोट बांटे थे और मैं पार्टी से मिला पैसा बचाने मैं मारा गया। वैसे शराब का तो मयखाना मैंने भी वोटर के लिए खोल दिया था। लेकिन भाई आजकल नोट के बदले वोट का जमाना है। मंहगाई के मारे वोटरों को नकद चाहिए। वह सब तो ठीक है, लेकिन मध्यावधि में मान लो पार्टी आपको टिकट नहीं दिया तो क्या करोगे? मैंने पूछा तो वे हौंसले से बोले निर्दलीय लड़ पड़ूंगा। आजकल निर्दलियों की भी चांदी है। आयडिया तो बुरा नहीं है बलराम जी। लेकिन चुनावजीतना जरूरी है, इस तरह माल मारने के लिए। मैंने कहा तो वे उछल पड़े, चिंता मत करो शर्मा। खजाना खोल दूंगा। अभी मैंजो रो रहा था न, वे घड़ियाली आंसू थे। चिंता की बात नहीं है, देखना मध्यवधि में मैं क्या गुल खिलाता हूँ। यह कहकर वे चल दिये। मैंने राहत की सांस ली कि आयी बला टली। नेता का दिल वाकई बहुतपक्का होता है। वह रोता भी है तो उसका कोई मकसद होताहै।



पूरन सरमा

# श्रावणी मेले धर्म और संस्कृति से हैं सराबोर



धर्म/संस्कृति

धीरज बसाक

यूं तो सावन के महीने में पूरे देश में हजारों जगह श्रावणी मेले लगते हैं, मगर इनमें चार मेले सबसे बड़े और खास होते हैं। छोटी काशी के नाम से मशहूर उत्तर प्रदेश में लखीमपुर खीरी स्थित गोला गोकर्णनाथ में सावन के महीने की छठा निराली होती है। यहां पूरे महीने शिव भक्त कांवड़िये भोलेबाबा का जलाभिषेक करते हैं और पूरे महीने यहां धर्म और आध्यात्म से सराबोर श्रावणी मेले की रौनक रहती है।

दूसरा बड़ा श्रावणी मेला बाबा विश्वनाथ की नगरी काशी यानी बनारस में लगता है, जहां देश ही नहीं दुनिया के कोने कोने से शिवभक्त सावन के महीने में आकर बाबा विश्वनाथ का जलाभिषेक करते हैं और उनसे आशीर्वाद पाते हैं। तीसरा बड़ा श्रावणी मेला हरिद्वार में लगाता है, यह मेला भी पूरी दुनिया में प्रसिद्ध है और यहां भी देश के कोने कोने से तो शिवभक्त पहुंचते ही हैं, दुनिया के दूसरे देशों से भी बड़ी संख्या में शिवभक्त इस महीने में भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए यहां आते हैं। देश का चौथा और दुनिया का सबसे बड़ा श्रावणी मेला झारखंड के देवघर जिले में लगता है। वास्तव में यह श्रावणी मेला करीब 130 किलोमीटर लंबे जन सैलाब की शक्ल में होता है और पूरे महीने इस मेले में भक्ति और आध्यात्म के रिमझिम बारिश होती रहती है। जिस तरह प्रयाग में लगने वाले माघ मेले और कुंभ मेले की कई महीनों पहले से ही तैयारी की जाती है, उसी तरह से बिहार और झारखंड के दर्जनों अधिकारी देवघर के इस श्रावणी मेले की महीनों पहले से तैयारी करते हैं। क्योंकि यहां भी पूरे सावन माह में 1 करोड़ से ज्यादा शिवभक्त पहुंचते हैं। यही वजह है कि दोनो प्रदेशों के अधिकारियों को क्राउड मैनेजमेंट के लिए महीनों पहले से माथापच्ची शुरू कर देनी होती है। झारखंड और बिहार भले अब दो अलग अलग राज्य हो गए हों, लेकिन यह मेला दोनों ही राज्यों की पुलिस की कानून और व्यवस्था के मामले में कड़ा इम्तिहान लेता है। क्योंकि इस मेले में कांवड़िये बिहार के सुल्तानगंज से उत्तरवाहिनी गंगा का जल लेकर देवघर पहुंचते हैं। इस तरह सुल्तानगंज से लेकर देवघर तक एक इंसानी सैलाब पूरे सावनभर बहता नजर आता है। पूरे सावन लगने वाला यह मेला इस साल 22 जुलाई से शुरू होकर 19 अगस्त 2024 तक चलेगा। हाल ही में हाथरस में घटी दुर्घटना से सबक लेते हुए इस साल बाबा बैजनाथ श्रावणी मेले के प्रबंधक क्राउड मैनेजमेंट के मामले में पुलिस फोर्स के साथ साथ आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस और इंफोर्मेशन एप का भी इस्तेमाल करने जा रहे हैं।

मेला शुरू होने के एक सप्ताह पहले तक दिन रात अधिकारियों के बीच बैठकें हुई हैं और दोनो राज्यों के अधिकारियों ने मेले के सफलतापूर्वक आयोजन के लिए इस साल क्राउड मैनेजमेंट को पूरी तरह से आधुनिक बनाने का निर्णय लिया है। इस बार मेले में बाबाधाम एप के जरिये श्रद्धालुओं को मेले से संबंधित पल पल की हर सूचना पूरे 24 सौ घंटे दी जायेगी। इस संबंध में सारे निर्णयों पर अंतिम रूप से मोहर बिहार और झारखंड के मेला क्षेत्र स्थित जिलाधिकारियों और पुलिस कप्तानों द्वारा लगायी जा चुकी है। जिन अधिकारियों के जिम्मे यह व्यवस्था है, उसमें बिहार के भागलपुर प्रमंडल के आयुक्त दिनेश कुमार, मुंगेर प्रमंडल के आयुक्त संजय कुमार और संथाल परगना के प्रमंडलीय आयुक्त लालचंद डाडेल हैं, जो कि बाबा वैद्यनाथ धाम/वासुकीनाथ तीर्थ क्षेत्र के विकास प्राधिकार भी हैं। लालचंद डाडेल कहते हैं, विश्व के इस सबसे बड़े श्रावणी मेले में इस बार इंसान और मशीन मिलकर भीड़ को संभालने का सौ फीसदी सुरक्षित काम करेंगे। गौरतलब है कि इस श्रावणी मेले में सभी धर्मों के लोग शामिल होते हैं। यह मेला कितना बड़ा आयोजन होता है, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि सुल्तानगंज से गंगा जल लेकर बाबा बैजनाथ धाम के लिए जो कांवड़िये निकलते हैं, उन्हें चलने में किसी तरह की परेशानी न हो इसलिए पूरे रास्ते में गंगा की मिट्टी बिछाकर उसे सुडोल और आरामदायक रास्ता बनाया जाता है। यही नहीं कांवड़ियों के लिए बिछाये गये इस मिट्टी के रास्ते के दोनों तरफ सौंदर्यीकरण किया जाता है। यह मेला अपने आपमें एक दर्शनीय आयोजन होता है। यही वजह है कि जितने कांवड़िये या जलाभिषेक के लिए भक्त बाबा बैजनाथ धाम पहुंचते हैं, उससे कई गुना ज्यादा श्रद्धालु इस मेले की छटा देखने के लिए पहुंचते हैं।

## आप की बात

### स्टार्टअप की मिले प्रोत्साहन

तकनीकी प्रधान इस युग में स्टॉर्टअप कंपनियों ने लोगों के जीवन को आसान बनाने में महती भूमिका निभाई है। आज ये आम जनजीवन के लिए इतनी जरूरी हैं कि इनके विकास जीवन कठिन हो जायेगा। इसलिए सरकार को स्टाटॅअप कंपिनयों की मदद करनी चाहिए ताकि वे डूबने न पायें। अगर स्टॉर्टअप फेल होते हैं, तो इससे लोगों का भरोसा कमजोर होगा और देश तेजी से आगे बढ़ रहे स्टॉर्टअप के सामने चुनौतियों बढ़ेंगी। स्टॉर्टअप के महत्व और भारत की आर्थिक प्रगति में इनकी भूमिका को देखते हुए सरकार ने स्टॉर्टअप नीति लागू की है। आईआईटी और अन्य तकनीकी संस्थानों में स्टॉर्टअप को मदद के लिए, प्रौद्योगिकी एवं वित्तीय सहायता के लिए योजनाएं शुरू की गयी हैं। इसका परिणाम आज देश को एक बेहतर स्टॉर्टअप इको-सिस्टम के रूप में मिल रहा है। प्रौद्योगिकी के सहारे आइडिया के बाजीगरों ने तमाम स्टॉर्टअप खड़े किये। इनसे करोड़ों को लोगों को रोजगार मिला है और भारत की आर्थिक प्रगति की कहानी लिखने में आज स्टॉर्टअप सबसे आगे हैं। लेकिन हाल के वर्षों में स्टॉर्टअप को लेकर अनेक चिंताएं भी पैदा हुई हैं। अचानक स्टॉर्टअप के लुप्त हो जाने, लंबे समय तक घाटे में रहने और आक्रामक विस्तार के लिए अत्यधिक कर्ज लेने के कारण कई बार स्टॉर्टअप मुसीबत में आये हैं। यह भी कि स्टॉर्टअप जब शुरू होते हैं, तो सरकार उनको कई तरह के नियमों-कानूनों एवं रेग्युलेटरी कंप्लायंस में राहत देती है ताकि ये अपनी ऊर्जा का उपयोग प्रगति के लिए कर सकें। लेकिन जब स्टॉर्टअप बड़े हो जाते हैं, तो उनको नियमों का पालन ठीक से करना चाहिए। स्टार्टअप हमारी अर्थव्यवस्था को विकसित बनाने और देश को दुनिया की आर्थिक महाशक्ति बनाने की संभावनाओं से भरे हुए हैं। इसलिए सरकार को नवोदित उद्यमियों, नवाचार को संकल्पित युवाओं को हर तरह से मदद देनी चाहिए।

**वीरेन्द्र कुमार सिंह, लखनऊ.**

### रेल यात्रों को सुरक्षित बनायें

देश में लगातार रेल दुर्घटनाएं हो रही हैं जो चिंता का विषय है। अभी गोण्डा में एक दुर्घटना हुई। इसी तरह पिछले महीने पश्चिम बंगाल में बड़ी दुर्घअना हुई थी। दुर्घटना कोई भी हो, दुखद होती है। बीते साल ओडिशा के बालासोर में इतनी भयानक दुर्घटना हुई थी कि प्रधानमंत्री मोदी घटनास्थल पर गए थे। रेल मंत्री का तो यह फर्ज बनता है। उसकी तुलना में इस बार मृतकों की संख्या बहुत कम है। बालासोर हादसे के बाद यही त्रासदी सामने आई है। दुर्घटना की शुरूआती रपटें इसे 'मानवीय चूक' करार दे रही हैं। संभव है कि ऐसा ही हो, लेकिन रेलवे सुरक्षा आयुक्त की सम्यक जांच के बाद ही किसी निष्कर्ष पर पहुंचा जा सकता है कि टक्कर का बुनियादी कारण क्या था? जांच में यह तथ्य भी विचाराधीन होना चाहिए कि मालगाड़ी का लोको पायलट लगातार चार रातों से सोया नहीं था। यह भी अमानवीय नौकरी है। नियम अधिकतम दो रात लगातार ड्यूटी करने की अनुमति देते हैं। यह भी अमानवीय नियम है। वैकल्पिक लोको पायलटों की व्यवस्था होनी चाहिए। यह कैसे होगा, क्योंकि रेलवे में बीते 10 सालों से करीब तीन लाख पद खाली पड़े हैं। उनमें 21 फीसदी लोको पायलट के पद हैं। उन्हें कब भरा जाएगा? वे तो स्वीकृत और अधिकृत पद हैं, फिर सरकार को इन पदों को भरने में क्या दिक्कत रही है? खुद रेलवे बोर्ड का मानना है कि लोको पायलट की लगातार कई घंटों, दिनों की नौकरी भी बड़े हादसों का बुनियादी कारण है। कवच एक ऑटोमैटिक रेल सुरक्षा सिस्टम है, जिसे स्वदेशी तौर पर ही विकसित किया गया है। सवाल है कि बालासोर रेल हादसे के बाद एक भी रूट किलोमीटर कवच प्रणाली स्थापित क्यों नहीं की जा सकी? इसका जवाब रेल मंत्री देंगे अथवा जांच के बाद कोई यथार्थ सामने आएगा! अभी तक 1465 रूट किमी और 139 रेल इंजनों पर ही कवच स्थापित किया गया है। सुरक्षा के ऐसे उपाय सभी ट्रेनों में होने चाहिए।

**सुरेन्द्र कुमार वर्मा, लखनऊ.**

संक्षेप

## लोढ़ा ग्रुप की अयोध्या में नहीं है कोई शाखा

अयोध्या। रामनगरी अयोध्या में लोढ़ा ( मैक्रोटेक डेवलपर्स लिमिटेड ) का नाम गलत तरीके से लिया जा रहा है। लोढ़ा ग्रुप की ओर से कहा गया है इस ग्रुप की अयोध्या में कोई शाखा नहीं है उसकी अयोध्या में कोई प्लॉट/भूमि विकास या होटल परियोजना नहीं है। लोढा विशेष रूप से मुंबई( एमएमआर ), पुणे और बैंगलोर में काम करता है। अयोध्या या गोवा में कोई परियोजना नहीं है।

इसके अतिरिक्त, हमारा हाउस ऑफ अभिनंदन लोढ़ा या समान नाम या लोगो का उपयोग करने वाली किसी भी संस्था से कोई संबंध नहीं है। ग्रुप ने अयोध्या में प्रभावित पक्षों और किसानों से अनुरोध किया है कि वह अपनी चिंताओं को सही/जिम्मेदार डेवलपर की ओर इंगित करें ।लोढा ग्रुप जिसकी विकास करने में 40 वर्षों से अधिक की विरासत है।

गुणवत्ता और पारदर्शिता के लिए प्रतिबद्ध है। यह सुनिश्चित करता हुए कि हमारी सभी परियोजनाएं नैतिकता और व्यावसायिकता के उच्चतम मानकों का पालन करती हैं। उक्त जानकारी लोढ़ा ग्रुप की मोनिशा कंवर द्वारा दी गयी।

# समाज के हर वर्ग का रखा गया है केंद्रीय बजट में ध्यानः स्वतंत्रदेव

जिला संवाददाता(vol)




**अयोध्या।** प्रदेश सरकार में जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह का कहना है कि इस वर्ष का बजट सर्वसमावेशी है। बजट में समाज के हर वर्ग का ध्यान दिया गया है। सभी को साथ लेकर चलने वाला बजट सरकार

**● विकास के लिए हुआ है 2.44 लाख करोड़ का आवंटन**

के संकल्पों को दिखाता है। महिला, युवा, किसान व गरीब के लिए बजट में सम्भावनाएं है। उक्त बातें उन्होंने रविवार को सर्किट हाउस में कही। बजट को लेकर आयोजित पत्रकार वार्ता को वह सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बजट में वित्त मंत्री ने उत्तर प्रदेश में विकास के लिए 2.44 लाख करोड़ का आवंटन किया है। इस बजट से राज्य में इंफ्रास्ट्रक्चर, उद्योग व उर्जा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रगति होगी। बैंक कर्ज गारंटी योजना से उत्तर प्रदेश की 20 लाख इकाईयों को जीवनदान मिलेगा व 22 लाख नए उद्यमी तैयार होंगे। केन्द्र सरकार की ओर से एक हजार आईटीआई को हब और स्पोक व्यवस्था में अपग्रेड करने की घोषणा में उत्तर प्रदेश के 100 आईटीआई कालेज अपग्रेड होने की उम्मीद है। इससे 3.5 लाख युवाओं को फायदा होगा। इंटर्नशिप योजना उत्तर प्रदेश में दो लाख युवाओं को लाभान्वित करेगी। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा राष्ट्रीय औद्योगिक कारीडोर विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत 12 औद्योगिक पार्कों को मंजूरी दी जाएगी। देश के 100 बड़े शहरों के लिए जलापूर्ति सीवेज ट्रीटमेंट और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन परियोजनाएं एवं सेवाएं उपलब्ध करायी जायेगी। एक लाख करोड़ के वित्तीय कोष से निजी क्षेत्र में वार्णिजिक स्तर पर अनुसंधान एवं नवाचार को बढ़ावा मिलेगा। मोदी सरकार ने उच्च शिक्षा हेतु छात्रों को 10 लाख रुपये तक ऋण के लिए वित्तीय सहायता देने का निर्णय लिया है। नयी टैक्स व्यवस्था में वेतन भोगी कर्मचारियों को आयकर में 17 हजार 500 रुपये तक का टैक्स लाभ देने का प्राविधान बजट में दिया गया है। खरीफ फसलों का डिजटल सर्वेक्षण किया जाएगा। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चैथे चरण की शुरूआत की जाएगी। जिसके तहत 25 हजार ग्रामीणों बस्तियों को सभी मौसमों के अनुकूल सड़के उपलब्ध करायी जाएगी। मौके पर पूर्व सांसद लल्लू सिंह, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, युवा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री हर्षवर्धन सिंह मौजूद रहे। बजट को लेकर सहादतगंज स्थित भाजपा कार्यालय में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह ने बजट की विशेषताओं के बारें में पदाधिकारियों व कार्यकताओं को अवगत कराया।

## स्वास्थ्य राज्य मंत्री ने सुनी पीएम के मन की बात

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** उत्तर प्रदेश सरकार के स्वास्थ्य राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह रविवार को मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र के शक्ति केंद्र कहुआ पहुंचे जहां उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का 112 एपिसोड कार्यकताओं एवं ग्रामीणों के साथ सुना। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात खत्म होने के बाद मौजूद ग्रामीणों एवं भाजपा कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी पार्टी के नेता एवं विधायक से जब मीडिया सवाल पूछता है, तो अजीबोगरीब स्थित हो जाती है। क्योंकि हिंदुत्व का केंद्र कहे जाने वाले अयोध्या धाम से हम लोक सभा का चुनाव हार गए, 400 वर्षों के बाद भव्य र के बाद लोगों ने भाजपा को वोट किया और जिन्होंने वोट नहीं दिया वह भी अब पछता रहे हैं ।उन्होंने जनता से कहा कि अयोध्या हार की भरपाई करने का मौका आपके पास है।

क्योंकि मिल्कीपुर में उपचुनाव है भारी से भारी संख्या में घरों से निकलकर भाजपा को वोट करें उन्होंने कहा कि मिल्कीपुर के लिए कुछ अच्छा सरकार करेगी मिल्कीपुर का उत्थान होगा। कार्यक्रम का आयोजन सेक्टर संयोजक अखिलेश दुबे की अध्यक्षता में किया गया था।

## फिल्म ऑडिशन के विजयी प्रतिभागी पुरस्कृत



**बाराबंकी।** सरगम म्यूजिक डांस एकेडमी एण्ड सिद्धि रिकार्डिंग स्टूडियो के तत्वाधान मे फिल्म ऑडिशन आयोजित किया गया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि फिल्म डायरेक्टर कुलजीत श्रीवास्तव व विशिष्ट अतिथि एक्टर गौरव कोहली, संदीप कुमार श्रीवास्तव, कुलदीप यादव, जुनेद आलम, शिवनंदन द्वारा आडिशन देने आये बच्चो का उत्साहवर्धन किया। तथा पुरस्कृत किया। फिल्म डायरेक्टर कुलजीत श्रीवास्तव ने कहा अभी जल्द ही ह्यबोल बमह्न का गाना शूट किया गया है। तथा जनपद के कलाकारो को फिल्म में काम करने का अवसर भी देंगे। कार्यक्रम मे प्रथम प्रतिभागी आकांक्षा राजपूत, गौरी मिश्रा, द्वितीय अंशिका श्रीवास्तव, अविका वर्मा, कोमल श्रीवास्तव, तृतीय प्रतिभागी पीयूष वर्मा को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम संचालक हरीश शर्मा नौटियाल, डान्स मास्टर राहुल भास्कर, राम नरायण मिश्रा, अदिति श्रीवास्तव, दुर्गेश यादव, श्रेया शर्मा आदि मौजूद रहे।

## अपहृता सकुशल बरामद

**बाराबंकी।** थाना सतरिख पुलिस ने मु0अ0सं0 321/2024 धारा 137( 2 )/87 भारतीय न्याय संहिता से सम्बन्धित अपहृता को सकुशल बरामद किया गया।

## 54 अभियुक्तों पर शांतिभंग की कार्रवाई

**बाराबंकी।** जनपद में संदिग्ध व्यक्तियों, वांछित अभियुक्तों, वारंटियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान में 1 वारंटी, 9 वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। तथा 54 अभियुक्तों के विरुद्ध शांतिभंग की धाराओं में कार्यवाही की गयी।

## धर्मसेवकों ने किया पेठा-जल का वितरण



**बाराबंकी।** स्टेशन पर अपरिचित रेलयात्रियों की प्यास बुझाने का प्रयास धर्मसेवक अपने रिश्तेदारो की तरह करते हैं। इसीलिए इसका नाम रेलमेध यज्ञ पड़ा है। उक्त विचार धर्मजागरण धाम संस्था संयोजक अधिवक्ता अमित अवस्थी के नेतृत्व मे सफदरगंज रेलवे स्टेशन पर यात्रियो मे जल वितरण कार्यक्रम के दौरान आरएसएस खण्ड संघ चालक अरविंद राजपूत ने सेवारत धर्मसेवकों से कही। आज सफदरगंज रेलवे स्टेशन पर धर्मसेवकों ने अयोध्या से लखनऊ जाने वाली जम्मूतवी, सियालदह एक्सप्रेस के यात्रियों मे पेठा, गुड़ सहित शीतल जल का वितरण किया। इस मौके पर अभिजित नरायन वर्मा, नरेंद्र त्रिपाठी, अर्जित सिंह, दीपक शर्मा, अरुण द्विवेदी, बालचंद राजपूत, शुभम सिंह, आशीष द्विवेदी आदि धर्मसेवक मौजूद रहे।

## चौदह व पंचकोसी परिक्रमा मार्ग पर भी दिखेगी फसाड लाइट

**अयोध्या।** रामनगरी अयोध्या में वह दिन दूर नहीं जब रामपथ और भक्तिपथ की तरह 14 व पंचकोसी मार्ग भी चमचमाएंगे। दोनों ही मार्गो को खूबसूरत बनाने के लिए फसाड का इस्तेमाल किया जाएगा। दोनों ही मार्गों पर कार्निस, शॉप साइनेज व शटर पेंट आदि ठीक रामपथ की तरह दिखेंगे।

**● एडीए ने 30 करोड़ का प्रोजेक्ट किया तैयार**

इसके अलावा अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन और नाका रोड भी फसाड के सौंदर्यीकरण से लकदक नजर आएंगी। इसके लिए अयोध्या विकास प्राधिकरण ने लगभग 30 करोड़ रुपये का प्रोजेक्ट तैयार किया है। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से पहले केंद्र व प्रदेश कि योगी सरकार ने अयोध्या के लिए खजाना खोल दिया था। इस दौरान तमाम परियोजनाएं धरातल पर उतरीं और उन्हें पंख लग गए। इन्हीं परियोजनाओं में अयोध्या के कुछ मार्ग भी शामिल हैं। रामपथ, भक्तिपथ व जन्मभूमिपथ। तीनों ही मार्गों पर अयोध्या विकास प्राधिकरण का फसाड चार चांद लगा रहा है। अब फैसला किया गया है कि निमार्णाधीन 14 व पंचकोसी परिक्रमा मार्ग पर भी फसाड सौंदर्यीकरण कराया जाएगा। अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन रोड व नाका रोड पर भी फसाड का इस्तेमाल करने के लिए विकास प्राधिकरण में योजना तैयार कर ली गई है। फसाड सौंदर्यीकरण का कार्य विकास प्राधिकरण ही कराता है। रामपथ पर फसाड के लिए 30.93 करोड़ की लागत आई थी। 13 किमी में कार्निस, बाउंड्रीवॉल शॉप साइनेज व शटर पेंट आदि का कार्य हुआ था। वहीं 750 मीटर वाले भक्तिपथ पर 4.20 करोड़ रुपये की लागत आई ह।

## समाज को उत्कर्ष योजना बनाने की जरूरत : वेंकटेश्वर लू

जिला संवाददाता(vol)

**अयोध्या।** समाज को उत्कर्ष योजना बनाने की जरूरत है और गांवो को वास्तविक परिदृश्य दिखाने में ग्रामीण पत्रकारों के अहम भूमिका रहती है। यही नही खबरों की सच्चाई ग्रामीण पत्रकार ही लिखते हैं। उक्त उद्गार प्रमुख सचिव परिवहन विभाग उत्तर प्रदेश शासन वेंकटेश्वर लू ने पूर्वांचल ग्रामीण पत्रकार संगठन जनपद अयोध्या द्वारा आयोजित ग्रामीण पत्रकारिता का राष्ट्रीय महत्व विषय पर आचार्य नरेंद्र देव सभागार बार एसोसिएशन फैजाबाद बतौर मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त करते हुए कहा। श्री लू ने कहा कि सच्चाई के साथ वही खड़ा हो सकता है। जो निस्वार्थ हो। दिखावा आडंबर जिस संस्था में होगा। वह आगे नहीं बढ़ सकता है ।कोई झूठ के आधार पर बड़ा नहीं हो सकता। इस समय हर क्षेत्र में झूठ का भंडार है। श्री लू ने आगे कहा कि पाखंड का हर क्षेत्र में बोलबाला है। इसका तात्कालिक लाभ तो मिलता है। परंतु टिकता नहीं है। मुख्य अतिथि श्री लू ने कहा कि भगवान के प्रति आजकल आस्था नहीं है। उन्होंने कहा कि देश में सही कार्य करने के लिए श्रेष्ठ व्यक्ति का चयन नहीं हो पा रहा है। श्रेष्ठ

**● समाज को बेहतर बनाने का होना चाहिए प्रयास**

व्यक्ति ही विकास कर सकता है। उन्होंने सुरक्षा को लेकर कहा कि पत्रकार ही नहीं सभी व्यक्तियों की सुरक्षा होनी चाहिए। श्री लू ने सम्मेलन में आए हुए सभी पत्रकारों व ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन अयोध्या के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि असली मुद्दों पर चिंतन होना चाहिए। तभी विकसित देश बनेगा। विशिष्ट अतिथि सेवा निवृत जज डीपी सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि भारत में पहले जातियां नहीं थी। बाद में हमें जातियों में बांटा गया। हम सत्य वचन कहते हैं। ग्रामीण पत्रकारिता गांव में बसती है। इन्हीं पत्रकारों की वजह से छोटी-छोटी खबरें जो जन सरोकारों से जुड़ी हुई होने के साथ प्रकाशित होती हैं। जिसे शासन सत्ता संज्ञान में लेती है। विशिष्ट अतिथि श्री सिंह ने ग्रामीण पत्रकारों की सराहना करते हुए अपने कर्तव्य पर डटे रहने का आवाह्न भी किया। अंत में हनुमान जी को अयोध्या का राजा बताते हुए उनको नमन भी किया। प्रदेश महामंत्री ग्रापए देवी प्रसाद गुप्ता ने गोष्ठी के विषय पर बोलते हुए कहा कि चाहे विकसित भारत हो या फिर चाहे विकासशील भारत हो। बिना ग्रामीण पत्रकारता के संभव नहीं है। विकसित भारत को बनाने में ग्रामीण पत्रकार की माहिती भूमिका है। श्री गुप्ता ने श्रम व साधना की आवश्यकता बताते हुए कहा कि ग्रामीण पत्रकार ही तय करेगा कि भारत का विकास कैसे हो। आगे कहा आपको अंधकार के विरुद्ध लड़ना होगा। आज जो राजनीतिक हो रही है वह व्यवस्थाओं पर भारी पड़ रही है। सम्मेलन को संभागीय परिवहन अधिकारी रितु सिंह,हरिद्वार राय जिला अध्यक्ष मऊ,ओमप्रकाश कुशीनगर, रामकृष्ण गोस्वामी मथुरा, गौरव मिश्रा बनारस, नागेश्वर सिंह बनारस, श्रवण कुमार द्विवेदी जालौन, ओमप्रकाश द्विवेदी कुशीनगर, शंकरदेव तिवारी आगरा, हृदय राम मिश्र, बार एसोसिएशन फैजाबाद अध्यक्ष पारसनाथ पांडेय,मंत्री विपिन कुमार मिश्र आदि ने संबोधित किया। इसके पूर्व मुख्य अतिथि ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर आए हुए सभी अतिथियों को ग्रापए के मंडल अध्यक्ष राजेंद्र तिवारी ह्ल राजनह्न,जिला अध्यक्ष देववक्स वर्मा, उपाध्यक्ष मिश्रा, दिनेश तिवारी, अखिलेश यादव, कुमकुम भाग्या लगाकर माल्यार्पण, अंग वस्त्र, स्मृति चिन्ह, बुकें तथा सम्मान पत्र आदि देकर सम्मानित किया।

## बीस वर्ष से दर-दर भटक रही विधवा को कृषि के पट्टे पर नहीं मिला कब्जा

**सोहावल-अयोध्या।** तहसील में राजस्व विभाग के अजब गजब कारनामा सामने आता रहता है। ऐसा ही एक मामला सारंगापुर ग्राम पंचायत के मजरे चत्तुर पुरवा निवासी एक भूमिहीन विधवा महिला उषा देवी पत्नी बुद्धि राम को 2002 में ग्राम पंचायत की ओर से कृषि कार्य हेतु पट्टा मिला था। लेकिन उस पट्टे को विभाग कब्जा दिलाने में 20 वर्ष से हांफ रहा है। और विधवा महिला आए दिन जिम्मेदार अधिकारियों के चैखट पर दौड़ लगा लगाकर हताश और निराश है। पट्टाधारक उषा देवी ने बताया कि गाटा संख्या 907 मि0 रकबा 0,0890 हेक्टेयर का कृषि कार्य हेतु बाबा बगिया के पास पट्टा मिला है। विभाग ने नाप किया लेकिन गांव के दबंग लोग कब्जा नहीं करने दे रहे हैं। इस कारण से पीड़िता कब्जे से वंचित है। बाजार से अनाज खरीद खरीद कर खाने पर मजबूर है। उप जिलाधिकारी सोहावल अशोक कुमार सैनी ने शिकायती पत्र मिलने की पुष्टि करते हुए बताया कि अब दोबारा नाप कराकर कब्जा दिलाया जायेगा।

# विश्व हेपेटाइटिस दिवस पर जिला जेल में कार्यशाला आयोजित




जिला संवाददाता(vol)

**बाराबंकी।** विश्व हेपेटाइटिस दिवस पर जिला कारागार मे एक कार्यशाला एंव संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यशाला मे निरुद्ध बंदियो को हेपेटाइटिस जैसी गम्भीर बीमारी के प्रति जागरुक करते हुये अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 डी0के श्रीवास्तव ने कहा कि इस बीमारी को जड़ से खत्म करने के लिये सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। तथा सभी

**● निरुद्ध बंदियो को हेपेटाइटिस जैसी गंभीर बीमारी के प्रति किया जागरुक**

सुविधाये बीमारी से ग्रसित व्यक्ति को दी जा रही है। जेलर जे0पी तिवारी ने कहा कि किसी तरह के मादक पदार्थ का सेवन का पूर्ण रुप से परहेज कर इस बीमारी को हराया जा सकता है। इस अवसर पर जेल अधीक्षक कुंदन कुमार, चिकित्साधिकारी कारागार डा0 राशिद जमाल, सीएमएस डा0 राजेश कुशवाहा, डिप्टी जेलर मनीष सिंह, विजय नारायण, एल0टी अरविन्द कुमार, , भानूप्रताप, अमित अवस्थी, गजराज सिंह, दीपक आदि मौजूद रहे।

## विरोध के अगले ही दिन शुरू हुआ सड़क निर्माण कार्य

**सोहावल-अयोध्या** ।सोहावल रेलवे फाटक से सी एच सी तक जाने वाली लोक निर्माण विभाग कि जिस सड़क पर आक्रोशित ग्रामीणों के साथ कांग्रेस कार्यकताओं ने विरोध प्रदर्शन करते हुए सड़क के कीचड़ में धान की रोपाई किया था ।जब इस बात की जानकारी लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को हुई।

तब इसका निर्माण अगले दिन की सुबह ही शुरू हो गया। लोग निर्माण विभाग के अभियंता खुद अपने मौजूदगी में सड़क निर्माण में जुट गए हैं ।लगभग 6 महीने से सड़क निर्माण को लेकर भाकियू सहित कई सामाजिक संगठनों ने मांग करते हुए मोर्चा खोल रखा था। उच्च अधिकारियों सहित सत्ता रूढ़ दल के नेताओं से भी केवल आश्वासन मिलता रहा लेकिन सड़क निर्माण की नौबत नहीं आई।

## दिसंबर तक पूरा हो जायेगा राममंदिर निर्माणः नृपेन्द्र मिश्र

जिला संवाददाता(vol)

**अयोध्या।** श्रीराम मंदिर निर्माण समिति अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र मन्दिर समिति की बैठक में हिस्सा लेने रविवार को अयोध्या पहुंचे। सर्किट हाउस में पत्रकारों से बातचीत में राम

**● राम मंदिर समिति की बैठक में भाग लेने अयोध्या पहुंचे निर्माण समिति के चेयरमैन**
**● दक्षिण और पश्चिम दिशा में शेषावतार मंदिर का निर्माण भी शुरू, हुआ भूमि पूजन**

मंदिर के निर्माण पर कहा कि राम मंदिर के प्रथम तल पर जो भी व्यवस्थाएं हैं उसको सुनिश्चित करना है। प्रथम तल पर इस तरह की रेलिंग लगाई जाएगी ताकि कोई बालक पहुंचता है तो उसके गिरने की संभावना न हो। वहां पर वर्टिकल बाड़ लगाया जाए या फिर जाली लगाई जाए इसका निर्णय होना है। बताया कि आज की बैठक में सारे निर्णय पूर्ण कर लिए जाएंगे ।राम मंदिर निर्माण समिति अध्यक्ष ने कहा कि एक मात्र लक्ष्य है कि 31 दिसंबर तक राम मंदिर का निर्माण पूरा हो जाए। शेषावतार मंदिर का निर्माण शुरू हो चुका है, शेषावतार मंदिर की नई ड्राइंग बनाई गई है। उसी अनुसार शेषावतार मंदिर का निर्माण शुरू हुआ है। शेषावतार लक्ष्मण जी के अवतार से जुड़े हुए हैं। उसको इस प्रकार से प्रयास किया जा रहा है कि जो ऊंचाई है मंदिर के भगवान के जो पेडेस्टल है उसकी ऊंचाई के बराबर रहे। वास्तु की दृष्टि से भी उसे उचित माना जा रहा है। बताया कि मूर्ति बनने के आदेश दिए जा चुके हैं वह नवंबर तक पहुंच जाएगी। जो भी मूर्तियां बन रही है वह सफेद मार्बल की बन रही है।

## अधिवक्ता का बेटा न्यूक्लियर पावर कारपोरेशन में बना वैज्ञानिक



**सोहावल-अयोध्या।** तहसील क्षेत्र के बड़ागांव के मजरे लोधे उपाध्याय का पुरवा निवासी अधिवक्ता संजय पांडे के पुत्र प्रज्जल पांडेय ने इंजीनियरिंग की राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा गेट में बी. टेक इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन ब्रांच परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक में 75 प्रतिशत अंक पाकर गेट के रैंक में प्रज्वल पांडेय को भारतीय परमाणु ऊर्जा विभाग में वैज्ञानिक अधिकारी ग्रेट ए के पद पर न्यूक्लियर पावर कॉरपोरेशन आफ इंडिया के पद पर तैनाती मिली है। पिता संजय पांडेय ने बताया कि राजस्थान के रावत भाटा प्लांट में ज्वाइनिंग मिली है। प्रज्जल ने हाई स्कूल इंटर की परीक्षा अयोध्या व इंजीनियरिंग कानपुर से की थी। वैज्ञानिक पद पर मिली तैनाती से उत्साहित प्रज्जल पांडेय ने बताया कि इस बड़ी उपलब्धि का श्रेय माता-पिता वह गुरु जनों को जाता है। इस उपलब्धि पर कृष्ण बिहारी पांडेय ,प्रधान योगेंद्र सिंह फौजी,राजेश मिश्रा,महेश पांडेय ,सुरेश पांडेय ,पूर्व प्रधान पिंटू सिंह,प्रधान नदीम मलिक, राहुल पांडेय ,डी,बी,सिंह,गोरख नाथ पांडेय ,स्वतंत्र पांडेय ,डा0 विजय पांडेय ,कपिल पांडेय ,राम शंकर जायसवाल,बसंत देव पांडेय आदि लोगों ने खुशी व्यक्ति की है।

## छुट्टा मवेशी धान की फसलों को कर रहे बर्बाद



**मिल्कीपुर- अयोध्या।** आवारा जानवरों से किसानों को राहत मिलने के आसार नजर नहीं आ रहे हैं। बारिश न होने के बावजूद भी किसान वैकल्पिक संसाधनों से किसी तरह खेतों में धान की रोपाई तो करा दिए, लेकिन अब उस को आवारा जानवर चट करने में जुटे हुए हैं। मिल्कीपुर,

**● किसानों की गाढ़ी कमाई एवं मेहनत पर फेर रहे पानी**
**● प्रशासन का दावा केवल कागजों तक सिमटा**

अमानीगंज और हैरिग्टनगंज ब्लॉक के राम पारा धमथुवा, जोरियम, पूरब गांव, बड़ी नहर, गोकुला, मसेढ़ा, मंजनाई सहित हर क्षेत्र में आवारा मवेशी किसान की फसल को खाने में जुटे हैं, लेकिन प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। दर्जनों दर्जन जानवर किसानों के खेतों में घुस कर रोपे गए धान की फसलों को बर्बाद कर रहे हैं। बारिश न होने के बावजूद किसानों ने वैकल्पिक साधनों से किसी तरह रोपाई तो करा दी, लेकिन अब उनकी मेहनत भगवान भरोसे ही है। दिन रात मेहनत करके किसान अपने खेतों में फसल लगाने के बाद आवारा जानवरों से निजात दिलाने की मांग कर रहे हैं। झुंड के झुंड आवारा जानवर किसानों के खेतों में घुसकर उनकी फसलों को साफ करते जा रहे हैं। सरकार छुट्टे मवेशियों को पकड़वाकर गौशालाओं में भिजवाने का निर्देश तो देती है लेकिन संबंधित अधिकारी कर्मचारी उस आदेश को नजर अंदाज कर उसकी हवा ही निकाल दे रहे हैं। जिसके चलते मवेशी किसानों की फसलों को बर्बाद कर रहे हैं।

जिलाधिकारी अथवा किसी मंत्री का दौड़ा होता है तो छुट्टे मवेशियों को मार्गो से हटकर यह साबित किया जाता है कि क्षेत्र में एक भी छुट्टे मवेशी नहीं है। मिल्कीपुर उपचुनाव कहीं भाजपा की जीत में रोड़ा न पड़ जाए, क्योंकि किसान सबसे ज्यादा परेशान छुट्टे मवेशियों से ही हैं। एडीओ पंचायत मिल्कीपुर सुरेंद्र कुमार राव का कहना है कि छुट्टे मवेशियों को पकड़वाने के लिए गाड़ी की मांग की गई है, जैसे ही विभाग से गाड़ी उपलब्ध हो जाएगी। मवेशियों को पकड़वा कर गौशाला भिजवा दिया जाएगा। जब तक गाड़ी उपलब्ध नहीं हो पा रही है, तब तक तो परेशानी ही है।

# संचालित योजनाओं की डीएम ने की समीक्षा

जिला संवाददाता(vol)



**बहराइच।** सभी प्रकार की पेंशन, छात्रवृत्ति, पारिविारिक लाभ योजना, राशन कार्डों का सम्यापन, कौशल विकास मिशन, आईटीआई चलो अभियान, एकलव्य विद्यालय, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, कन्या सुमंगला एवं शादी अनुदान सहित समाज कल्याण सेक्टर अन्तर्गत अन्य

**● सत्यापन की कार्रवाई समय से पूर्ण करने के दिये गये निर्देश**

योजनाओं की समीक्षा हेतु शनिवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान जिलाधिकारी मोनिका रानी ने खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिया कि सत्यापन से सम्बन्धित प्रकरणों की सचिववार साप्ताहिक समीक्षा की जाय। डीएम ने कहा कि सत्यापन से सम्बन्धित प्रकरणों को अनावश्यक लम्बित न रखा जाय बल्कि समयबद्धता के साथ इनका निस्तारण कर आख्या सम्बन्धित विभाग को भेज दी जाय जिससे लाभार्थियों को समय से लाभ मिल सके। शहरी क्षेत्रों में सत्यापन से सम्बन्धित प्रकरणों की समीक्षा के दौरान नगर निकायों के अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि समयबद्धता के साथ कार्यवाही की जाय। इस सम्बन्ध में डीएम ने सीडीओ व एडीएम को निर्देश दिया कि क्रमशः ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों के सत्यापन से सम्बन्धित मामलों की अपने स्तर पर नियमित समीक्षा करते रहें। डीएम ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में सत्यापन से सम्बन्धित मामलों का समयबद्धता के सत्यापन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी व अधिशासी अधिकारियों के साथ समन्वय कर कार्यवाही को पूर्ण कराया जाय।

परिवारिक लाभ योजना की समीक्षा के दौरान समाज कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया गया कि 02 दिवस में पेंडेंसी समाप्त कराएं। राशन कार्ड सत्यापन की समीक्षा के दौरान बीडीओ शिवपुर व पूर्ति निरीक्षक तथा नगर पालिका परिषद नानपारा के ई.ओ. व पूर्ति निरीक्षक से स्पष्टीकरण प्राप्त करने के साथ साथ अग्रिम आदेशों तक वेतन बाधित करने के निर्देश दिये गये। आईटीआई चलो अभियान की समीक्षा के दौरान नोडल प्रधानाचार्या को निर्देश दिये गये कि अभियान से सम्बन्धित लिफलेट छपवाकर प्रचार-प्रसार कराएं तथा इस बात के प्रयास किये जाएं कि विभिन्न ट्रेडों में प्रशिक्षित युवक-युवतियां सेवायोजित भी हो सकें। कन्या सुमंगला योजना की समीक्षा के दौरान जिला प्रोबेशन अधिकारी को निर्देश दिया गया कि जो आवेदन पत्र सत्यापित होकर आ गये हैं उन्हें एक सप्ताह के अन्दर निस्तारित करा दिया जाय। डीएम ने निर्देश दिया कि विभागीय अधिकारी नियमित रूप से बैठकें आयोजित कराएं। पीएम विश्वकर्मा योजना की समीक्षा के दौरान उपायुक्त उद्योग को निर्देश दिया गया कि जिन ट्रेडों में सत्यापन की कार्यवाही पूर्ण हो गई उनमें समय से अग्रेत्तर कार्यवाही प्रारम्भ करें। डीएम ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि शासन की मंशानुसार सोशल सेक्टर से सम्बन्धित योजनाओं का लाभ पात्रों तक पहुंचाया जाय।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर, अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय कुमार शर्मा उप जिलाधिकारी सदर राकेश कुमार मौर्या, पयागपुर के दिनेश कुमार, कैसरगंज के पंकज दीक्षित, जिला पंचायत राज अधिकारी राघवेन्द्र द्विवेदी, उपायुक्त उद्योग केशव राम वर्मा सहित खण्ड विकास अधिकारी, नगर निकायों के अधिशासी अधिकारी, पूर्ति निरीक्षक व सम्बन्धित विभागों के अधिकारी मौतूद रहे।

## सिन्धु एकता मंच ने सांस्कृतिक प्रकोष्ठ का किया गठन

**अयोध्या।** सिन्धु एकता मंच ने सांस्कृतिक प्रकोष्ठ का गठन किया मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कोटवानी महाराष्ट्र के शहर पूना से गुरूवार को पत्र भेजकर सांस्कृतिक अध्यक्ष साक्षी वासवानी को घोषित किया साक्षी ने रविवार को ग्यारह सदस्यीय कमेटी बनाकर सभी को जिम्मेदारी सौंपी इस अवसर पर मुख्य रूप से मौजूद समाजसेविका ज्योति बतरा ने सभी का माला पहनाकर स्वागत किया मंच के राष्ट्रीय जनसंपर्क अधिकारी ओमप्रकाश ओमी ने नवनियुक्त टीम को बधाई देते हुए कहा कि मंच को पूरी उम्मीद है कि नवनियुक्त टीम पूरे उत्साह के साथ कार्य करेगी नवनियुक्त अध्यक्ष साक्षी वासवानी ने कहा कि जो जिम्मेदारी सौंपी गई है पूरी ईमानदारी के साथ टीम से मिलकर कार्य करूंगी और सिंधी संस्कृति के लिए पूरे उत्साह के साथ टीम को साथ लेकर कार्य करूंगी, नवनियुक्त टीम में नेहा माखेजा, कपिल हासानी, कुशल बत्रा, पल्लवी केवलरामानी, वर्षा साहित्या, काम्या मध्यान, चहक मध्यान, रितिका सावलानी, सागर तलरेजा ,लक्ष्मी अंदानी, सिमरन को जिम्मेदारी सौंपी गई।

संक्षेप

## रोडवेज बस की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**मुसाफिरखाना, अमेठी ।** कोतवाली अंतर्गत नगर में रोडवेज बस ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। सड़क दुघर्टना में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। बाइक पर दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। अमेठी कोतवाली थाना क्षेत्र के जंगलराम नगर का रहने वाला महेश प्रजापति ( 21 ) शनिवार रात लगभग नौ बजे मुसाफिरखाना आया हुआ था, जहां रोडवेज बस ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। इस घटना में महेश और उसका दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने दोनों घायलों को मुसाफिरखाना के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ( सीएचसी ) पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने महेश को मृत घोषित कर दिया, जबकि उसके दोस्त को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल, सुल्तानपुर रेफर कर दिया। पुलिस के अनुसार, टक्कर मारने वाली बस को कब्जे में ले लिया गया है। पुलिस क्षेत्राधिकारी अतुल कुमार सिंह ने बताया कि महेश के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। और घटना की जांच जारी है।

## फरार अभियुक्त के खिलाफ नोटिस जारी

**सुलतानपुर।** धनपतगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत बेनीपुर गांव में स्थानीय पुलिस ने बांछित अभियुक्त के खिलाफ मुनादी कराई गई। धनपतगंज थानाक्षेत्र गांव के पुष्पेंद्र दुबे जिनके विरुद्ध संबंधित न्यायालय द्वारा सीआरपीसी धारा-82 के अनुसार नोटिस जारी कर अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए एक माह का समय दिया गया था। लेकिन अभियुक्त न्यायालय से निर्धारित समय में हाजिर नहीं हुआ। पुलिस ने गांव में जाकर ढोल बजाकर लोगों को सूचित किया कि न्यायालय आदेश के समयानुसार यदि हाजिर न होने पर उसकी सारी संपत्ति की कुर्की कर दी जाएगी। मामला धनपतगंज क्षेत्र में 22 फरवरी 2024 ग्राम सभा खरीकाहिया लोहंगी में एक लड़की द्वारा खुदकुशी करने का मामला दर्ज है जिसमें अभियुक्त पुष्पेंद्र दुबे फरार चल रहे है। पुलिसिया कार्रवाई उनके विरुद्ध न्यायालय द्वारा पारित आदेश के अनुपालन में किया गया। थाना प्रभारी पंडित त्रिपाठी ने बताया फरार अभियुक्त के विरुद्ध गिरवी गिरफ्तारी का निरंतर प्रयास किया जा रहा था। अपनी चल अचल संपत्ति क्यों इधर उधर करने के फिराक में था।

## जेठ पर मारपीट का लगाया आरोप

**ऊँचाहार (रायबरेली)।** चकमिलिक मजरे कोटराबहादुर गंज निवासी महिला ने जेठ पर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर दी है। गांव निवासी प्रीति देवी का कहना है कि रविवार की सुबह उसके जेठ अपनी बेटी को मार रहे थे, जब उसने बीचबचाव किया तो आरोप है कि जेठ ने उसके साथ भी मारपीट की ।पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्यवाई की मांग की है। इस बाबत कोतवाल अनिल कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है, जांच कराकर आवश्यक कार्यवाई की जायेगी।

## दिनदहाड़े चोरी, चौकी इंचार्ज कर रहे इनकार

**डलमऊ, रायबरेली।** दिनदहाड़े घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने घर के अंदर से हजारों रुपए की चोरी कर ली जानकारी हुई तो हड़काम मच गया सूचना पर पहुंची घोरवारा चैकी इंचार्ज ने जांच पड़ताल की है हालांकि पुलिस ने चोरी की घटना की पुष्टि न होने की बात कह रही है पूरे बक्का मजरे तेरुखा निवासी आशाराम जो ई रिक्शा चला कर जीवन यापन करते हैं शनिवार सुबह ग्यारह बजे वह घर से ई रिक्शा लेकर निकल गया घर की बाकी सदस्य खेतों पर काम करने के लिए चले गए तभी मौका पाकर अज्ञात चोरों ने घर के ताले तोड़कर अंदर रखे हुए नगदी व सामान चोरी कर लिया कुछ देर बाद जानकारी हुई तो सूचना पुलिस को दी गई कुछ देर बाद पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू की है दिनदहाड़े चोरी की वारदात से लोगों में दहशत फैल गई घोरवारा चैकी इंचार्ज हिमांशु मलिक ने चोरी की किसी भी घटना से इनकार किया है उनका कहना है कि ताले चाबी से खोले गए हैं चोरी की कोई घटना नहीं हुई है जांच पड़ताल की जा रही है ।

# बिजली समस्या को लेकर त्राहि-त्राहि कर रही जनता

## भाजपा नेता ने डीएम को फोन कर बयां किया जनता का दर्द



**ऊँचाहार, रायबरेली।** बिजली समस्या को लेकर त्राहि त्राहि कर रही जनता के दर्द पर भाजपा के वरिष्ठ नेता राजा जितेंद्र बहादुर सिंह का शनिवार की रात गुस्सा फूटा , उन्होंने ग्रामीणों के सामने डीएम को फोन करके जनता का दर्द बयां किया और इसमें सुधार के लिए प्रभावी कार्रवाई का अनुरोध किया। इस दौरान ग्रामीणों ने उपकेंद्र पर जमकर हंगामा काटा।

शनिवार की शाम को बिजली समस्या को लेकर सैकड़ों ग्रामीण ऊंचाहार कस्बा स्थित विद्युत उपकेंद्र पहुंच गए। ग्रामीणों के अनुरोध पर अरखा निवासी राजा जितेंद्र सिंह भी उपकेंद्र पहुंचे थे। ग्रामीणों का कहना था कि अरखा फीडर को न के बराबर बिजली मिल रही है। जब बिजली आती है तो कोई न कोई फाल्ट हो जाता है। इस फीडर के संविदा कर्मचारी तक फोन नहीं उठाते हैं। पूरे क्षेत्र की हजारों की आबादी परेशान है।

ग्रामीणों की इस समस्या पर भाजपा नेता ने सीधे जिलाधिकारी हर्षिता माथुर को फोन करके पूरे हालात से अवगत कराया और अनुरोध किया कि इस मामले में आप व्यक्तिगत रुचि लेकर बिजली अधिकारियों को दिशा निर्देश दें। जिस पर डीएम ने आश्वासन दिया कि जल्द ही समस्या के समाधान हेतु प्रभावी कदम उठाए जाएंगे। उसके बाद बिजली अधिकारियों से भी वार्ता की गई। तब ग्रामीणों का गुस्सा शांत हुआ। इस मौके पर भाजपा नेता राकेश मिश्र , नेत्री रीना पाल समेत बड़ी संख्या में मदारीपुर, पूरे चैहानन, अरखा, जसौली आदि गांवों के लोग मौजूद थे।

## महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**लालगंज, रायबरेली।** ग्राम पूरे ओरी मजरे महाखेडा थाना लालगंज रायबरेली विनीता उम्र करीब 20 पुत्री दशरथ पुत्र शुकरू ने घर के अन्दर साड़ी बांधकर छत के पाइप से लटककर फांसी लगा ली वह बीते कुछ दिनों से अवसाद से ग्रसित थी। पुत्री के फांसी लगाने की सूचना मृतका के पिता दशरथ द्वारा कोतवाली लालगंज को दी गई। सूचना पर लालगंज पुलिस द्वारा पंचायतनामा कराकर अग्रिम कार्यवाही की गई।

## अधिवक्ताओं के सम्मान की रक्षा सर्वोपरि : अखिलेश अवस्थी

जिला संवाददाता (vol)

**लालगंज, रायबरेली।** बार काउंसिल उत्तर प्रदेश के वर्तमान सदस्य व पूर्व अध्यक्ष अखिलेश कुमार अवस्थी अपने समर्थकों के साथ रायबरेली कचहरी पहुंचे और अधिवक्ताओं के बीच अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि अधिवक्ताओं के हित के लिए सदैव कार्य करूंगा। इसका मैं आपको भरोसा दिलाता हूं। आप लोगों की जो भी समस्याएं हैं उसका प्राथमिकता के आधार पर समाधान कराया जाएगा। उन्होंने अधिवक्ताओं से बारी-बारी से मुलाकात कर उनकी समस्या भी जानी। कई अधिवक्ताओं ने बेबाकी से अपनी बात भी कही जिसे अवस्थी ने गंभीरता से सुना और कहा कि अधिवक्ता समाज का राष्ट्र के निर्माण में अहम भूमिका है। कानून के रखवालों की समस्या का समाधान सबसे पहले होना चाहिए ।सेंट्रल बार एसोसिएशन रायबरेली के पूर्व महामंत्री विजय कुमार बाजपेई एडवोकेट ने कहा कि वह अधिवक्ताओं के सम्मान में किसी तरह की कमी नहीं आने देगें। भ्रष्टाचार को समाप्त कराया जाएगा। पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए हम हर समय कार्य करेंगे। जनपद का प्रत्येक अधिवक्ता मेरे परिवार का हिस्सा है, हर परिस्थिति में हम उनके साथ हैं ।अधिवक्ता हितों के साथ कभी भी समझौता नहीं होगा। रायबरेली में अधिवक्ताओं के बीच जनसंपर्क के बाद वह विजय बाजपेई एडवोकेट के साथ लालगंज तहसील पहुंचे और अधिवक्ताओं से मेल मुलाकात कर उनका हाल चाल जाना ।इस दौरान अखिलेश कुमार अवस्थी और विजय बाजपेई एडवोकेट का लालगंज में अधिवक्ताओं ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस मौके पर मयंक श्रीवास्तव एडवोकेट, मनीष अवस्थी एडवोकेट, ब्रजेंद्र अवस्थी, विनय भदौरिया, नीरज बाजपेई, शिवेंद्र वर्मा, सिद्धार्थ त्रिवेदी एडवोकेट, जितेन्द्र बाजपेई एडवोकेट, सरोज बाजपेई, संदीप गौतम एडवोकेट, अमित मिश्रा एडवोकेट आदि लोग उपस्थित रहे।

- **अधिवक्ता समाज व राष्ट्र के निर्माण में अहम भूमिका है**
- **कानून के रखवालों की समस्या का समाधान पहले होना चाहिए**

## जमीनी विवाद में मां ने बेटी पर किया कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला

**अमेठी ।** कोतवाली क्षेत्र में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। जहां पर कलयुगी मां ने ही अपनी सगी बेटी के ऊपर कुल्हाड़ी से किया जानलेवा हमला। हमले में बेटी हुई बुरी तरह घायल। बेटी के सिर पर गंभीर रूप से काफी ज्यादा चोटें आई हैं। आपको बता दें कि यह पूरा मामला अमेठी थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 3 कटरा राजा हिम्मत सिंह, अमेठी का है। हमले में गंभीर रूप से घायल का नाम ललिता सरोज पुत्री स्वर्गीय ओमप्रकाश सरोज उम्र 14 वर्ष। आरोपी मां का नाम नीलम सरोज है। यह मामला जमीनी विवाद का है जिसमें जमीन 1 बटा पांच हो गई है। जिसमें सभी बेटियों के नाम जमीन हो गई है। मां जमीन चुपके से बेच रही थी। जिसकी सूचना दोनों बेटियों को मिली। दोनों बेटियों के विरोध करने पर कलयुगी मां ने अपनी ही बड़ी बेटी के ऊपर कुल्हाड़ी से बेटी के सिर पर किया जानलेवा हमला। हमले में बेटी गंभीर रूप से घायल हो गई। यह घटना शाम करीब 7 बजे का बताया जा रहा है। वहीं पीड़िता ने मां के विरुद्ध अमेठी के कोतवाली में तहरीर दी है। तहरीर के बाद में पुलिस ने शिकायत दर्ज करके पीड़िता को मेडिकल जांच के लिए अमेठी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लेकर आई। जहां पर पीड़िता ललिता सरोज का डॉक्टरों के द्वारा उसका मेडिकल जांच किया गया। वहीं मीडिया को बयान देते हुए पीड़िता ने बताया कि मेरे पिता जी नहीं हैं और मेरी मां का किसी और के साथ में चक्कर चल रहा है। पीड़िता का कहना है कि मेरी मां मेरी जमीन को किसी और के हाथ से सभी जमीन बेचना चाहती हैं और मैं अपनी मां को जमीन नहीं बेचने देना चाहती हूं। पीड़िता ललिता सरोज 3 बहन और एक छोटा भाई हैं।



## महावीर चक्र विजेता दिगेंद्र कुमार को प्रदान किया जायेगा राजा बेनी माधव सिंह शौर्य सम्मान



**रायबरेली।** राना बेनी माधव बॉक्सिंग की स्मृतियों को सहेजने एवं उसे आने वाली पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए राजा बेनी माधव बक्स सिंह स्मारक समिति इस वर्ष साप्ताहिक कार्यक्रम आयोजित करने जा रही है। इसी परिपेक्ष में कार्यक्रम आयोजन समिति के सदस्यों की एक बैठक न्यू स्टैंडर्ड बालिका विद्या मंदिर सेमरी कोठी में समिति के अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। समिति के अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि इस वर्ष समिति साप्ताहिक कार्यक्रम का आयोजन करने जा रही है। इस वर्ष का राजा बेनी माधव सिंह षौर्य सम्मान महावीर चक्र विजेता नायक दिगेंद्र कुमार को प्रदान किया जाएगा। डॉ शिव बहादुर सिंह भदोरिया साहित्य सम्मान मध्य प्रदेश के प्रो डा श्रीराम परिहार को दिया जाएगा। हरिहर सिंह ने बताया कि दिलीप सिंह पत्रकारिता सम्मान के लिए दो नामों पर चर्चा चल रही है। वीरा पासी सामाजिक सेवा सम्मान व लालचंद स्वर्णकार सम्मान समिति के लिए भी चयन समिति जल्द ही निर्णय लेगी। आर्थिक रूप से कमजोर छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति के रूप में भी तीन छात्राओं को 11000-11000 की धनराशि प्रदान की जाएगी। पूर्व अध्यक्ष एवं संरक्षक इन्द्रेश विक्रम सिंह ने बताया कि भाषा संस्थान उत्तर प्रदेश एवं समिति संयुक्त रूप से 24 अगस्त को सायंकाल अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन कर रही है जिसमें प्रसिद्ध गीतकार कविता पाठ करेंगे। समिति द्वारा आयोजित होने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा बताते हुए रवीन्द्र सिंह ने बताया कि 16 अगस्त को बच्चों की चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी। बच्चों की चित्रकला प्रतियोगिता चार ग्रुपों में आयेजित होगी। 17 अगस्त को षंकर पुर स्थित दुर्गा माता मंदिर पर राकेश सिंह राना व डॉ. मनीष चौहान के संयोजन में विषाल चिकित्सा षिविर का आयोजन होगा जिसमें ख्याति प्राप्त चिकित्सकों द्वारा जांचकर दवायें दी जायेगी। 18 अगस्त को रवीन्द्र सिंह व डा रवि प्रताप सिंह के नेतृत्व में स्टेडियम, गुरू गोविन्द सिंह पार्क, आईटीआई, राना पार्क, रतापुर चैराहा व प्रावि सरायं मानिक में पौधरोपण किया जायेगा। 20 अगस्त को विषाल रक्तदान षिविर का आयोजन किया गया है।

# केंद्रीय विद्यालय में लगाये गये 51 पौधे



**रायबरेली ।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में आज पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए षएक पेड़ मां के नामष कार्यक्रम के अंतर्गत पौधरोपण किया गया। केंद्रीय विद्यालय संगठन मुख्यालय, नई दिल्ली के निदेर्शानुसार विद्यालय के प्राचार्य संजय कुमार श्रीवास्तव द्वारा उक्त कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों एवं उनकी मां के द्वारा विद्यालय में एक पौधे को रोपण किया गया। ज्ञात हो कि बढ़ते हुए तापमान एवं पर्यावरण संकट को देखते हुए सरकार द्वारा एक पेड़ मां के नाम नामक पौधरोपण अभियान चलाया गया है, जिसमें केंद्रीय विद्यालय संगठन ने अपने सभी विद्यालयों को निर्देशित किया है की सभी विद्यालय इस कार्यक्रम में सहयोग करें और विद्यालय में अधिक से अधिक पौधरोपण करें। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय रायबरेली में इस कार्यक्रम के अंतर्गत लगभग पचास पौधों को लगाया गया, जिसमें पीपल पाकड़, सीता अशोक, कंजी, कचनार, शहतूत, अमरूद, आम, अर्जुन, कदम्ब, नीम और कुरिंदी आदि के पौधे लगाए गए।

कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के ईको क्लब और पंछी क्लब के बच्चों द्वारा वृक्षों तथा पक्षियों एवं पर्यावरण में उनके बारे में जानकारी देने के साथ किया गया । इसी क्रम में बच्चों ने उपस्थित जनों को ष्मिलेट्स या मोटे अनाज स्वास्थ्य के लिए क्यों आवश्यक हैं। इस विषय पर भी जानकारी दी। ततपश्चात प्राचार्य, उप प्राचार्य , प्रधानाध्यापक सहित अनेक शिक्षकों एवं बच्चों एवं उनकी उपस्थित माताओं ने अपने अपने पौधे लेकर पौधरोपण स्थल तक प्रस्थान किया जहां पर प्राचार्य द्वारा कचनार का पौधा लगाकर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस अवसर पर रायबरेली के फॉरेस्ट रेंजर फिरोज खान भी उपस्थित रहे जिन्होंने आज के लिए लगाए जाने वाले पौधों को विद्यालय को प्रदान किया था स्वयं फिरोज खान ने भी कंजी का पौधा लगाकर वृक्षारोपण कार्यक्रम को प्रेरित किया। इसके पश्चात सभी बच्चों ने अपनी अपनी माता के साथ अपने-अपने साथ लिए पौधों का रोपण किया। इस अवसर पर उपप्राचार्य राजेश त्रिपाठी ने नीम, उपप्राचार्य रमेश चंद्र दुबे द्वारा कुरुन्दी, प्रधानाध्यापक राम बहादुर शर्मा पाकड़ तथा प्रधानाध्यापक कमलेश कुमार एवं जीव विज्ञान प्रवक्ता मिनेश सिंह ने सीता अशोक का पौधा लगाया।

## रोस्टिंग के नाम पर कटौती जारी गर्मी से लोगों के हाल बेहाल

**सुलतानपुर (वीओएल)।** फसलों की सिंचाई के मौसम में बारिश न होने से सूखे जैसी स्थिति में बिजली किसानो को खूब रूला रही है। लगातार लो वोल्टेज की समस्या व समय से विद्युत आपूर्ति न होने से किसान की गाढ़ी कमाई खेत में सुख रही है। वहीं बिजली का उपभोग करने वाले उपभोक्ता ब्रेक डाउन, ओवरलोड व रोस्टिंग का मैसेज देख कर संतोष करने को मजबूर है।

मालूम हो की कुड़वार और पलिया पावर हाउस से सैकड़ों गावो को बिजली की सप्लाई होती है। कुड़वार पॉवर हाउस पर कुड़वार कस्बा, बहुबरा, सरैया माफी, भंडरा व राजापुर नाम से चार फीडर संचालित होते है। पलिया पावर हाउस से देवनगर आदि फीडर के सप्लाई होती है। वर्तमान समय में लो वोल्टेज व ओवरलोड की वजह से 33 हजार की सप्लाई आने के बाद भी अभी फीडर एक साथ नहीं चल पाते। पूरे साल भर विभाग द्वारा 33 हजार लाइन के तारों को बदलने का कार्य किया गया, लेकिन सप्ताह में तीन दिन 33 हजार लाइन ब्रेक डाउन का मैसेज जरूर ग्रुप पर आ जाता है। दूसरी तरफ लखनऊ कन्ट्रोल रूम से देहात क्षेत्रों में रोस्टिंग के नाम पर अत्यधिक कटौती की जा रही है। रविवार की ही बात करे तो सुबह 09:00 बजे से 12:15 तक रोस्टिंग की गई। उसके बाद 01 घंटा सप्लाई चलाने के बाद 01:15 से 04:30 बजे रोस्टिंग की गई। दिन भर बिजली गायब रहने से किसानो को मजबूरी में रात में फसलों को बचाने के लिए सिंचाई का जोखिम उठाना पड़ रहा है। वहीं ओवरलोडिंग में जो कटौती की जाती है। उसकी भरपाई विभाग द्वारा नही की जाती। जिससे ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ता परेशान है। स्थानीय लोगो ने जन प्रतिनिधियों से भी शिकायत की लेकीन परीणाम शून्य रहा।

# अवधी साहित्य संस्थान की कवि गोष्ठी में बही कविता की रसधार



**अमेठी।** कालिका धाम,28 जुलाई, रविवार को अवधी साहित्य संस्थान अमेठी की ओर से? मां भगवती कालिका के पावन सभागार में कवि गोष्ठी का शुभारम्भ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती जी, गोस्वामी तुलसीदास जी एवं मलिक मोहम्मद जायसी के चित्र पर पूजा अर्चना एवं माल्यार्पण से हुआ। अतिथियों एवं साहित्य प्रेमियों का स्वागत करते हुए संस्थान के अध्यक्ष डॉ अर्जुन पाण्डेय ने कहा कि अवधी संस्कृति की दुनिया में एक अलग पहचान है,जिसका हिन्दी साहित्य सम्वर्द्धन में सर्वाधिक योगदान है। जहां मलिक मोहम्मद जायसी का पद्मावत ठेठ अवधी का मूल ग्रन्थ है वहीं गोस्वामी तुलसीदास जी द्वारा रचित श्रीरामचरितमानस दुनिया का सर्वश्रेष्ठ ग्रन्थ? है ।हम सभी को निजी भाषा पर गर्व होना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन कवि अनिरुद्ध मिश्रा ने किया । कार्यक्रम में पधारे कवियों में रामेश्वर सिंह निराश ने पढ़ा - कहवा हेरान बचपनवा कै बाग हो ,मकरा कै रोटी करमुआ के साग हो । डॉ केसरी शुक्ला ने पढ़ा - चिमनी मा तेल डारिके काटिथै महीना ।टंकी के मालिकन के तो पेटै नहीं भरत । चंद्रप्रकाश पांडे मंजुल ने पढ़ा - दर्शन मिलै जेकै कुछ पुण्य बाटै ,इ पावन आश्रम च्यवन मुनि के आटै ।जगदंबा तिवारी मधुर ने पढ़ा - बिना तेरे नहीं साजन मधुर अब नींद आती है । राम बदन शुक्ला पथिक ने पढ़ा - मैली हुई गंगा है झुक रहा तिरंगा है । राम कुमारी संसृति ने पढ़ा - सुनो जानकी जनकपुर में ऋषि विश्वामित्र आए हैं। आशुतोष गुप्त ने पढ़ा - सपने जो देखे पूरे कर पाएंगे । सुनीता श्रीवास्तव ने पढ़ा - कभी जमीं तो कभी आसमां के लिए । राजेंद्र शुक्ला अमरेश ने पढ़ा -प्रकट भाई हैं जहां राम भगवान हो , अवध नगरिया कै बाटै बड़ी शान हो ।हरिनाथ शुक्ला हरि ने पढ़ा - आए सावन में सांवरिया झूम के छाई बदरिया ।राधेश्याम दीन ने पढ़ा - घट रहा है मन जाने क्या करेंगी यह हवाएं । डॉ कण्व कुमार मिश्रा इश्क सुल्तानपुरी ने पढ़ा - खेत का खुदा मालिक खाली बार दाना है ।पप्पू सिंह कसक ने पढ़ा- बेरन सुखी तन सुखायगा मनवा सूख गवा , पहले जौन लगाए रहे , ऊं धनवा सूख गवा। कार्यक्रम का संचालन कर रहे कवि अनिरुद्ध मिश्रा ने पढ़ा - भारत मां की पावन छवि सदा मन में बसा कर ही , सभी बलिदानी वीरों का अमर संदेश लिखता हूं ।शिव भानु कृष्णा ने पढ़ा - यारों की दोस्ती पर जां निसार करता हूं , हां यह सच है मैं अपनी मां से प्यार करता हूं ।दिवस प्रताप सिंह ने पढ़ा - सक्रिय फिर से मदारी हो गए हैं , यह बाबा पुनः ब्रह्मचारी हो गए हैं । अभिजीत त्रिपाठी ने पढ़ा - यादें दिल में बो जाते हैं ,यूं ही लड़के खो जाते हैं । सुरेश नवीन जी ने पढ़ा - मां बदरा आइके बरस गयें अंगनवा में ।शब्बीर अहमद सूरी ने पढ़ा - मेरा दिल आईना है टूट सकता है , साथ जो चलता नहीं है छूट सकता है ।सचिन समर्थ, अखिलेश मिश्रा , अयोध्या से पधारे दुर्गेश दुर्लभ ने भी काव्य पाठ किया । कार्यक्रम में श्रोता के रूप में के एन शर्मा, महेंद्र द्विवेदी, एस एन पाल, अनंत राम शुक्ला, विद्यालंकर तिवारी , रामदेव सिंह , अनुभव मिश्रा चतुर्भुजपुर ,डॉ अभिमन्यु पांडे , रीता पांडे , अदिति पांडे सहित सैकड़ो लोगों की उपस्थिति रही ।सभी ने कवियों की कविताओं पर तालियां बजाकर उत्साह वर्धन किया ।

## कांवरियों ने निकाली शोभा यात्रा



**मुसाफिरखाना, अमेठी ।** रविवार को क्षेत्र के निजामुद्दीनपुर चौराहे से सैकड़ों कांवरियों का जत्था शोभा यात्रा के साथ बाबा बैजनाथ धाम के लिए रवाना हुआ। कांवरियों का जत्था पहले हाजीगंज स्थित शिव मंदिर पर हवन पूजन किया। वहां से पैदल गाजे बाजे पर नृत्य करते हुए निजामुद्दीनपुर चौराहे पर पहुंचा जहां हनुमान मंदिर पर सभी कांवरियों ने बजरंगबली का आशीर्वाद लिया। युवा समाजसेवी अभिषेक प्रताप सिंह ने अपने सहयोगियों के साथ कांवरियों को गमछा पहनाकर स्वागत किया तथा कांवरिया भक्तों को जलपान भी कराया। मौजूद ग्रामीणों ने कांवरियों को हर हर महादेव बोल बम आदि जैसे जयघोष के साथ बाबा बैजनाथ धाम के लिए विदा किया। सभी कांवरिये मुसाफिरखाना रेलवे स्टेशन से बाबा बैजनाथ धाम के लिए फरक्का एक्सप्रेस ट्रेन से रवाना हुए। इस जत्थे में रामशंकर निषाद,रामबख्श, जंग बहादुर,जगदीश,विजय,श्रीनाथ, रवींद्र, जोखन,विजय,सतीश,रिंकू अजय,विजय,उमाकांत,विनीत, अरुण, मायावती, राजेंद्र,त्रिभुवन, शुभम,लवकुश,रणजीत,रवि सहित सैकड़ों कांवरिये सम्मिलित रहे ।उक्त अवसर पर आशुतोष सिंह,राणाप्रताप यादव,राहुल गुप्ता,हर्ष यादव,राजेंद्र गुप्ता, मंगल सिंह सहित आदि लोग मौजूद रहे।

## कांवरियों को प्रसाद वितरण



**फुरसतगंज (अमेठी)।** रविवार को क्षेत्र के एफडीडीआई चौराहे पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष के द्वारा आयोजित कांवरियों के लिए भंडारे का आयोजन किया गया जिसमे रायबरेली जनपद के डलमऊ गंगा घाट से जल भरकर 51 किलोमीटर का पैदल सफर कर तपेश्वर नाथ पीढ़ी में जलाभिषेक करने वाले कांवरियों को एफडीडीआई चौराहे पर उन्हें छोला चावल नुक्ती का वितरण किया जा रहा है जिसका सैकड़ों कांवरिया आनंद ले रहे है। इस मौके पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंघल ,पवन शुक्ला,इंद्र प्रसाद माली सहित सेवा में सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद है।

## एक सप्ताह में जनपद की सभी नहरों में पानी पहुंचाने का मेरा लक्ष्य : राकेश प्रताप सिंह

**गौरीगंज, अमेठी।** रविवार को गौरीगंज गेस्ट हाउस में नहर विभाग के उच्चाधिकारियों के साथ सदर विधायक राकेश प्रताप सिंह ने नहरों में पानी की समस्याओं को लेकर एक प्रेसवार्ता किया। राकेश प्रताप सिंह ने कहा कि अभी तक कुछ नहरों में पानी नहीं आ रहा है कुछ समस्या है जिसको लेकर हम मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता, जेई के साथ नहरों का दौरा किया गया अभी तक 30 प्रतिशत से अधिक किसानों के खेत तक पानी पहुंच गया है जबकि दो दिन में काफी प्रयास के बाद 50 प्रतिशत नहरों में पानी पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास जारी हैं एक सप्ताह में विधानसभा के साथ जनपद की सभी नहरों में पानी पहुंचाने का मेरा लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि अपने जीवन में पहली बार इतना सूखा पड़ा है और किसान इससे प्रभावित हैं। मुख्यमंत्री ने नहरों में पानी छोड़ जाने के निर्देश दिया था लेकिन कुछ समस्याओं के कारण नहरों को दस दिन के लिए बंद कर दिया गया था। विधायक ने कहा कि पार्टी नीति पर अधिकारियों की नियति सही होनी चाहिए तभी सरकार इस पर कार्य कर सकती है। उन्होंने कहा कि जहां कहीं अभी नहरों में समस्या है उसे जल्द दूर किया जायेगा, सभी नहर विभाग के अधिकारियों को नहर की देखरेख करने के लिए निर्देशित किया गया है। ? इस मौके पर नहर विभाग के मुख्य अभियंता प्रभाकर प्रसाद, अधिशासी अभियंता संजय श्रीवास्तव, अमित कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## इंटर कॉलेज प्रबंधन तंत्र पर खेल मैदान पर अवैध कब्जा करने का आरोप



**लंभुआ, सुलतानपुर (वीओएल)।** खेल मैदान पर अवैध कब्जा करने का आरोप लगाते हुए विद्यालय प्रबंधन के खिलाफ खिलाड़ी धरने पर बैठ गए और एसडीएम को प्रार्थना पत्र देकर तत्काल अवैध कब्जा हटवाने की मांग की। एसडीएम के निर्देश पर लेखपाल ने हो रहे अवैध कब्जे को मौके पर जाकर रोक दिया। इसी जमीन पर स्टेडियम बनने के लिए विधायक ने खेल मंत्री को पत्र भी लिखा है। लंभुआ नगर पंचायत में स्थित सर्वोदय इंटर कॉलेज के बगल खेलो इंडिया राष्ट्रीय खेल विकास के नाम से जमीन स्थित है और खतौनी में दर्ज भी है। रविवार को इसी जमीन पर विद्यालय प्रबंधन द्वारा लोहे का एंगल लगाकर कटीला तार लगाया जा रहा था। जमीन पर हो रहे अवैध कब्जे का विरोध करते हुए खिलाड़ी धरने पर बैठ गए और एसडीएम को प्रार्थना पत्र देकर अवगत करवाया कि यह जमीन खेल मैदान के नाम से दर्ज है और इसी जमीन पर विधायक सीताराम वर्मा ने भी स्टेडियम बनाने के लिए खेल मंत्री को पत्र लिखा है। खिलाड़ियों का यह भी आरोप था कि कटीले तार लगने से किसी भी खिलाड़ी के साथ दुर्घटना हो सकती है और आवागमन बाधित हो सकता है। खिलाड़ियों द्वारा धरने पर बैठने पर एसडीएम ने लेखपाल को मौके पर भेजो और लेखपाल ने हो रहे कार्य को रोक दिया। इस मौके पर हरिओम अग्रहरि, प्रांजल सिंह, शिवम विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।

## केएनटी पब्लिक स्कूल में पौधरोपण संपन्न

**सुलतानपुर (वीओएल)।** केएनटी पब्लिक स्कूल के प्रबंधक डॉ. पंकज तिवारी के नेतृत्व में चितवन, गोल्ड मुहर, कदम आदि छायादार पौधों का रोपण कर हरियाली का संदेश देते हुए संरक्षण पर जोर दिया। रविवार को कुड़वार ब्लॉक स्थित केएनटी पब्लिक स्कूल में पौधरोपण अभियान चलाया गया। जिसमें स्कूल के प्रबधंक डा. पंकज तिवारी ने अपने सहायोगियों के साथ स्कूल परिसर में पौधरोपण किया। उन्होंने पौधरोपरण करते हुए इनकी देखभाल करने पर जोर दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि पर्यावरण की शुद्धता के लिए ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाए जाने चाहिए और इनके संरक्षण पर विशेष ध्यान देने पर बल देते हुए कहा कि तभी पौध लगाने का उद्देश्य सफल हो सकेगा। इस मौके पर एचडीएफसी बैंक शाखा प्रबंधक मुसाफिरखाना सत्येंद्र तिवारी, प्रधानाचार्य बृजेद्र कुमार सिंह, अनय तिवारी, डा. आरडी बरनवाल, वीरेंद्र वर्मा, शैलेश बरनवाल, रीना बरनवाल, विकास रंजन आदि मौजूद रहे।



संक्षेप

## हिंदू देवी देवताओं पर शिक्षक की अभद्र टिप्पणी से रोष

**महराजगंज, रायबरेली।** सहायक अध्यापक द्वारा हिंदू देवी देवताओ पर अभद्र टिप्पणी करने का मामला प्रकाश में आया है।जिसको लेकर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ सहित भाजपा के पदाधिकारियों ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। बताते चले की रविवार को राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ व भाजपा के पदाधिकारियों ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुए बताया की कोतवाली क्षेत्र के असनी गांव में सहायक अध्यापक के पद पर तैनात कुलदीप कुमार द्वारा सोशल मीडिया पर हिंदू देवी देवताओं पर अभद्र टिप्पणी की गई है। जिससे करोड़ों हिंदुओ की आस्था को चोट पहुंचाई गई है और सामाजिक सौहार्द बिगड़ने का प्रयास किया जा रहा है। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ व भाजपा के पदाधिकारियों ने कोतवाली पुलिस से कार्यवाही की मांग की है।वही कोतवाल बालेंदु गौतम ने बताया है की मामला संज्ञान में आया है जांच कर कार्यवाही की जा रही है।वही इस दौरान पर भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुधा अवस्थी,मंडल अध्यक्ष विवेक पांडेय, आरएसएस से गजेंद्र तिवारी,राघवेंद्र सिंह,राम चंद्र सिंह,विहिप संतोष मौर्य,सुरेश मौर्य सहित कई लोग मौजूद रहे।

## अस्पताल गये युवक बाइक हुई लापता

**अमेठी।** सीएचसी में अपने दोस्त के साथ उसकी पत्नी के इलाज के लिए आए युवक की बाइक लापता हो गई। बाइक चोरी की आशंका जताते हुए पीड़ित ने पुलिस को सूचना दी, वही युवक की सूचना पर पुलिस बाइक चोरी होने या अदला बदली होने की जांच कर रही है । रविवार को अमेठी सामुदायिक स्वास्थ्य में अमेठी कस्बे के रायपुर फुलवारी का निवासी युवक अमित पुजारी पुत्र मनोज कुमार अपने दोस्त के साथ उसके पत्नी का इलाज कराने आया था, करीब 1 घण्टे बाद जब वह वापस जाने लगा तो देखा उसकी बाइक लापता थी । पीड़ित ने उसकी एचएफ डीलक्स कंपनी की बाइक चोरी होने की सूचना 112 पुलिस व अमेठी कोतवाली में दी । पीड़ित की सूचना पर अमेठी कोतवाली पुलिस तुरंत अस्पताल पहुंची और जांच पड़ताल शुरू की।मौके पर पहुंचे उपनिरीक्षक आर.सी. यादव और कांस्टेबल राशिद ने जांच के दौरान बाइक की अदला-बदली की आशंका जताई है ।क्योंकि सेम कंपनी की एक और बाइक युवक की चोरी हुई बाइक के बगल में खड़ी मिली।

# संस्कृति विवि का पांचवां दीक्षांत समारोह आज

## पूर्व राष्ट्रपति कोविंद होंगे मुख्य अतिथि




- अंतर्राष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त छह विभूतियों को विश्वविद्यालय द्वारा मानद उपाधि देकर देकर किया जा रहा है सम्मानित

जिला संवाददाता (vol)

**मथुरा।** संस्कृति विश्वविद्यालय का पांचवां दीक्षांत समारोह 29 जुलाई को होने जा रहा है।समारोह में भारत के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर विद्यार्थियों को उपाधियां देकर सम्मानित करेंगें। इस मौके पर अंतर्राष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त छह विभूतियों को विश्वविद्यालय द्वारा मानद उपाधि देकर देकर सम्मानित किया जा रहा है। ये छहों विभूतियां विशिष्ठ अतिथि के रूप में समारोह में सम्मलित होंगी।

संस्कृति विश्वविद्यालय अपना पांचवा दीक्षांत समारोह विशेष गरिमापूर्ण माहौल में मनाने जा रहा है। समारोह के मुख्य अतिथि भारत के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद दीक्षांत समारोह में भाग लेने के साथ-साथ विश्वविद्यालय में एक पौधा भी रोपेंगे। इस मौके पर मुख्य अतिथि द्वारा स्वामी विवेकानंद की मूर्ति का भी अनावरण करेंगे। समारोह में भाग लेने आ रहे विशिष्ठ अतिथियों में अयोध्या में रामलला मूर्ति बनाने वाले प्रसिद्ध मूर्तिकार अरुण योगीराज, मुंबई में रहने वाली हिंदुजा ग्रुप के अशोक हिंदुजा की बेटी संगीतकार,डीजे सत्या हिंदुजा ( जिन्होंने न्यूरोसाइंटिस्ट के साथ मिलकर भारतीय संगीत के साथ सौर्यमंडल संगीत तैयार कर वैश्विक ख्याति अर्जित की है ), संतूर वादक पद्मश्री स्वर्गीय शिवकुमार के विश्वप्रसिद्ध संतूर वादक पुत्र, राहुल शर्मा, अंतरराष्ट्रीय चित्रकार, विचारक उदयराज गणनिस, विश्वप्रसिद्ध फैशन डिजाइनर कृष्णा मेहता, अंतर्राष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त लेखक रोशेल पोडकर, संस्कृति ग्रुप आफ एजूकेशन के चेयरमैन आरके गुप्ता, संस्कृति विश्वविद्यालय के प्रति कुलाधिपति राजेश गुप्ता के अलावा राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त व्यवसाई एवं हस्तियां भी भाग लेने आ रही हैं।

विश्वविद्यालय में चौथे दीक्षांत समारोह की तैयारी शुरू हो चुकी हैं। दीक्षांत समारोह में 34 पीएचडी शोधार्थियों को डॉक्टरेट उपाधि, ग्रेजुएट एवं पोस्ट ग्रेजुएट में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले 109 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक, रजत पदक एवं कांस्य पदक से सम्मानित किया जाएगा। समारोह की सफलता के लिए बनाई गईं विभिन्न समितियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## चोरी के 24 लाख रुपये जब्त एक अभियुक्त गिरफ्तार



**फिरोजाबाद।** थाना रसूलपुर पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर एक अभियुक्त को चोरी के 24 लाख रुपये सहित गिरफ्तार किया गया। वादी नाजिम द्वारा थाना रसूलपुर पर तहरीर दी गयी कि उसके घर अलमारी में रखे रुपये चोरी कर लिए गये हैं ।

घटना का संज्ञान लेकर थाना रसूलपुर पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए वादी के तहरीर के आधार पर थाना रसूलपुर पर मुकदमा पंजीकृत किया गया।शनिवार रात्रि को थाना रसूलपुर प्रभारी निरीक्षक प्रमोद पंवार पुलिस टीम के साथ चैकिंग कर रहे थे तभी मुखबिर की सूचना पर एक अभियुक्त तारिक पुत्र मो. हारुन निवासी झमैया टोला होली वाली भट्टी थाना रसूलपुर फिरोजाबाद को लालपुर मण्डी के पास बाईपास रोड से गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान अभियुक्त के कब्जे से एक सफेद रंग के थैले के अन्दर रखे पिट्ठू बैग से 500-500 के नोट की 48 गड्डिया कुल 24 लाख रुपये बरामद किए गये हैं। एसपी सिटी ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त तारिक का अपने पडोसी नाजिम के घर आना जाना था कुछ दिन पहले नाजिम रुपए लेकर आया था तब उसने रुपए देखे थे,रुपए अलमारी मे रखे है इसकी जानकारी उसे हो गयी थी। यह बात तारिक ने अपने भाई बाबू उर्फ नूर इस्लाम को बताई दोनों भाइयों पर काफी कर्जा था इसीलिए दोनों भाइयों ने मिलकर रुपये चोरी करने का प्लान बनाया ।21 जुलाई को नाजिम के भाई की सगाई थी जिसमें नाजिम का पूरा परिवार शामिल होने गया था जिसका फायदा उठाकर दोनों भाइयों ने मकान के ऊपर के कमरे का ताला तोडकर अलमारी में रखे रुपए चोरी कर लिये थे । नाजिम ने रुपये चोरी होने पर थाना रसूलपुर में मुकदमा लिखवा दिया था जिससे मोहल्ले में रोज पुलिस जाने लगी पुलिस के पकड़े जाने के डर से तारिक रुपयो को लेकर अपनी रिश्तेदारी में जा रहा था तभी पुलिस ने पकड़ लिया। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्यवाही की है। वहीं फरार अभियुक्त बाबू पुत्र मो0 हारून निवासी झमैया थाना रसूलपुर फिरोजाबाद की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

## छात्रों को पौधे बांट कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



**फिरोजाबाद।** विज्ञान भारती ब्रज प्रान्त के तत्वाधान में विज्ञान भारती के आयाम शक्ति फिरोजाबाद के संयोजन में पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत शक्ति फिरोजाबाद की जिला समन्वयक पूनम जैन एवं जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद के जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन ने विद्यार्थियों को पौधारोपित करने हेतु पौधे भेंटकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। पूनम जैन ने विद्यार्थियों को वृक्ष धरा के भूषण हैं, करते दूर प्रदूषण है, वृक्ष हमारे सबसे अच्छे मित्र हैं कि नारे से प्रेरित करते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने एवं उन्हें संरक्षित करने के लिए कहा। अश्वनी कुमार जैन ने विद्यार्थियों को बताया कि प्रदूषण से बचाव के लिए पौधरोपण के साथ पौधों की देखभाल करने की जिम्मेदारी के निर्वहन को करना है। उन्होंने कहा कि हम सभी को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक होना होगा। हम सभी एक दूसरे को प्रदूषण एवं ग्लोबल वार्मिंग के प्रति जागरूक करके ही इस समस्या को नियंत्रित कर सकते हैं।हम सभी को अधिक से अधिक पौधारोपण करके उनकी देखभाल करके अपने भविष्य को भी सुरक्षित रखना है। इस अवसर पर कु गोसिया फारूकी, अंजली, रोशनी, पायल, खुशी, वर्षा, निशा, शिवानी, करिश्मा, पूजा, ललित कुमार, नीरज कुमार, सुशान्त, अनुज कश्यप, मोहित सिंह, सोनवीर, ब्रजमोहन, विकास कुमार आदि उपस्थित रहे।

## ट्रेन में सवार मजदूर की संदिग्ध परिस्थिति में मौत, दूसरा ट्रेन से कटा

**मथुरा।** पिता के साथ मजदूरी कर ट्रेन में लौटते एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई, वहीं भरतपुर-मथुरा रेलवे ट्रेक पर कल शाम एक युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हुई है। मध्य प्रदेश के दतिया शहर के सिद्धार्थ नगर निवासी भागीरथ अपने बेटे विजय वर्ष के साथ दिल्ली की एक फैक्ट्री में मजदूरी कर वापस लौट रहा था और कोसी रेलवे स्टेशन के पास यकायत उसकी दशा बिगड़ गई। मथुरा जंक्शन पर आपात चिकित्सा टीम ने उसे उतरवाया लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। दूसरी घटना मथुरा-भरतपुर रेलवे ट्रेक पर मगोर्रा थाना क्षेत्र अन्तर्गत कोसीखुर्द पर हुई, जिसमें इसी गांव का रहने वाला लोकेन्द्र ( 25 ) पुत्र सुंदरलाल रेल की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौत हो गई।

## ब्रज भक्ति का हर ओर उद्घोष मध्य काल में हुआ था : श्रीवत्स

**मथुरा।** उप्र ब्रज तीर्थ विकास परिषद के तत्वावधान में परिषद सभागार में 'मध्यकालीन ब्रज भक्ति साहित्य का पुनरावलोकन' विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में अध्यक्षता करते हुए आचार्य श्रीवत्स गोस्वामी ने कहा कि इतिहास हमें बताता है कि भगवान श्री कृष्ण के प्रपौत्र बज्रनाभ, कुछ स्थानों के राजाओं और अंग्रेज फैड्रिक के उपरांत किसी ने ब्रज की सुध नही ली। उन्होंने संगोष्ठी के विषय पर चर्चा में कहा कि मध्यकाल में ब्रज भक्ति चरम पर जा पहुंची थी। हर ओर भक्ति का उद्घोष होने लगा था। परिषद के उपाध्यक्ष शैलजाकांत मिश्र ने अपने उद्बोधन में संत देवरहा बाबा का स्मरण करते हुए बताया कि महाराज ने पहले ही कह दिया था कि भारत एक दिन विश्व गुरू बनेगा और इसकी शुरूआत ब्रज से ही होगी। उम्मीद है महाराज जी की यह बात सार्थक होगी। मुख्य कार्यपालक एस बी सिंह ने बताया कि ब्रज की सांस्कृतिक धरोहरों की पुनर्प्रतिष्ठा का संकल्प लेकर परिषद समूचे ब्रज के लीला स्थल, कुंड व वनों आदि को संवारने के संकल्प को लेकर आगे बढ़ रहा है। इसी क्रम में इस संगोष्ठी के आयोजन का ध्येय ब्रज भक्ति साहित्य का संरक्षण है। सूरदास ब्रज भाषा अकादमी बनायी गयी है जो ब्रज भाषा का संरक्षण करेगी। भारतीय भाषाओं में श्री कृष्ण श्रृंखला में 24 ग्रंथों का प्रकाशन कराया जा रहा है। उन्होंने अन्य कार्य भी गिनाए। वृंदावन निवासी जय किशोर शरण ने निम्बार्क संप्रदाय के कवियों और प्रिया- प्रियतम की लीलाओं पर विचार व्यक्त किये। साहित्यकार नटवर नागर ने कहा कि बल्लभाचार्य व उनके वंशजों के हम ऋणी हैं जो उन्होंने मध्य काल में ब्रज में ब्रज भाषा का प्रचलन शुरू किया था। स्वामी हरिदास संप्रदाय के ललित बिहारी गोस्वामी ने वृंदावन के स्वरूप, ब्रज की भक्ति दर्शन के अलावा नृत्य बिहार लीला आदि पर व्याख्यान दिया। अन्य वक्ताओं में दिल्ली विवि के प्रो. चंदन कुमार ने कृष्ण भक्त ताज बीबी के इतिहास से जुड़े तथ्यों पर प्रकाश डाला। वृंदावन के सुकृत गोस्वामी, वृंदावन शोध संस्थान के राजेश शर्मा ने ब्रज भक्ति साहित्य के संरक्षण पर हुए कार्यों पर विचार रखे। कवि ताराचंद प्रेमी ने कविता- ₹ब्रजमंडल देश हमारौ₹ का गायन किया।

# पीड़ित परिवारों को महापौर ने दिलावायी 25-25 हजार रुपये की सहायता राशि



**मथुरा।** महानगर में बीती 30 जून को बीएसए कॉलेज के पीछे कृष्णा विहार कॉलोनी में स्थित गंगाजल सप्लाई की टंकी धराशाई हो जाने से आसपास के मकान क्षतिग्रस्त होने के साथ साथ करीब दो दर्जन लोग घायल तथा 2 महिला, एक वृद्ध पुरूष की मृत्यु हो गई थी। पानी के प्रेशर से लगभग 30 परिवारों के घरों में रखा सामान क्षतिग्रस्त हो गया था। प्रभावित नागरिको की शासन, प्रसासन एवं नगर निगम द्वारा हर संभव सहयोग एवं सहायता नियमानुसार की जा रही है। लोगों का आर्थिक नुकसान अधिक हुआ है इस स्थिति में लोगों के दुःख दर्द में मरहम लगाने के लिए मथुरा वृन्दावन के महापौर विनोद अग्रवाल द्वारा स्वयं के सहयोग के साथ समाज के सामर्थ्यवान लोगों से आग्रह करते हुए सहयोग प्राप्त किया और 30 परिवारों को 25-25 हजार रुपये आर्थिक सहायता रविवार को प्रदान की गयी। सहयोग करने वाले महापौर के अलावा पार्षद चौ. तिलकवीर सिंह पार्षद मुकेश सारस्वत प्रमोद गर्ग कसेरे आशु गर्ग आशु बगिया सतीश डाबर अतुल अग्रवाल पुरुषोत्तम लाल अग्रवाल सुनील स्वीटी सुपारी राजू रही वाले राजू वृन्दावन प्रमोद बंसल आदि प्रमुख हैं।

## बजट सर्व स्पर्शी और सर्व समावेशी है

**गौरीगंज, अमेठी।** गौरीगंज स्थित जिला भाजपा कार्यालय पर जिला अध्यक्ष राम प्रसाद मिश्रा की अध्यक्षता में केंद्र द्वारा प्रस्तुत बजट पर आधारित बजट संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि के रूप में काशी क्षेत्र के क्षेत्रीय महामंत्री सुशील त्रिपाठी रहे संगोष्ठी को मुख्य अतिथि सुशील त्रिपाठी ने कहा कि 140 करोड़ देशवासियों की आकांक्षाओं को पूरा करने वाला यह बजट विकसित भारत का विजन अंत्योदय का संकल्प और नए भारत को दुनिया का ग्रोथ इंजन बनाने का रोड मैप है। भाजपा अमेठी परिवार नए भारत को पांच ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनाने का मार्ग प्रशस्त करते वाले इस बजट के लिए प्रधानमंत्री का आभार एवं वित्त मंत्री का धन्यवाद व्यक्त करती है।

## पुलिस ने पकड़ी 15 लाख की अवैध शराब




**मथुरा।** छाता कोतवाली पुलिस ने रविवार को मुखबिर की सूचना पर निकट कस्बा चौकी एनएच -19 से प्रातः चंडीगढ़ से बिहार की ओर जा रही अवैध शराब से भरे कैंटर को पकड़ा। इसमें 210 पेटियां लगभग 15 लाख की शराब तस्करी के लिए जा रही थी। सीओ आशीष शर्मा ने बताया कि मुखविर की सूचना मिली थी कि एक कैंटर में अवैध शराब जा रही है, इसको देखते हुए कोतवाली पुलिस ने कैंटर की घेरा बंधी की तो देखा कि कैंटर में मेडिकल ऑक्सीजन यूनिट बॉक्स के अंदर छिपाकर शराब को ले जा रहे थे। पुलिस कर्मियों ने उस बॉक्स की चेकिंग में 210 अवैध इंपेरियल ब्लू शराब की पेटियां निकाली। जो की लगभग 1900 लीटर थी। शराब की कीमत लगभग 15 लाख रुपए बताई गई, अवैध शराब से भरे कैंटर को चालक परिचालक सहित कोतवाली लाया गया। चालक रवि व धर्मेंद्र जो उज्जैन के निवासी हैं।

# विहिप व बजरंग दल की बैठक में अभियुक्तों की गिरफ्तारी की मांग



**फिरोजाबाद ।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की बैठक तिलक नगर, शिशु विहार स्कूल पर संपन्न हुई । बैठक की अध्यक्षता प्रांत सह मंत्री राकेश त्यागी जी द्वारा की गई। बैठक में मुख्य मुद्दा हनुमान टीला प्रकरण एवं होटल स्वामी हरिवंश शर्मा के पुत्र पर मुस्लिम समुदाय द्वारा जानलेवा हमला किया जाने के संबंध में रहा। प्रांत सहमंत्री राकेश त्यागी द्वारा अपनी वार्ता में कहा कि टीले वाले हनुमान प्रकरण में अभियुक्तों पर अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। एवं होटल स्वामी के पुत्र पर मुस्लिम समुदाय द्वारा किए गए जानलेवा हमले में सभी अभियुक्त की गिरफ्तारी की जाए । कार्रवाई न होने की स्थिति में विश्व हिंदू परिषद हिंदू समाज के साथ जी साथ विशाल आंदोलन करने पर बाध्य होगा ।तथा प्रांत सहमंत्री राकेश ने कहा कि इस प्रकरण के संबंध में विश्व हिन्दू परिषद् का एक प्रतिनिधिमंडल प्रदेश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तथा राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से मुलाकात करेगा । बैठक में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद राजीव शर्मा ,जिला मंत्री दीपक झा ,महानगर संयोजक नितिन चौहान ,सह संयोजक मोहन बघेल, सुरक्षा प्रमुख सत्यम शर्मा, प्रांत गौसंवर्धन उपाध्यक्ष दिनेश भारद्वाज, राहुल सविता ,निर्दोष अग्रवाल, अतुल अग्रवाल,दीपक सोलंकी ,अनिल दीक्षित, मनोज शर्मा, गौरव कुलश्रेष्ठ, प्रशांत चौहान, धर्मेंद्र गोस्वामी, ओमवीर राठौर, आजाद शर्मा, मनोज झा, त्रिभुवन शर्मा, विकास राठौर, आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# सफाई कर्मियों को गांवों में उनके मूल तैनाती स्थल पर भेजने का आदेश फाइलों में बंद

**अमेठी।** सफाई कर्मियों को गांवों में उनके मूल तैनाती स्थल पर भेजने का आदेश फाइलों में बंद होकर रह गया है। हकीकत यह है कि जिस दिन सफाई कर्मियों को कार्यालयों से हटा दिया जाएगा,उस दिन जिले में कार्य सरकार की व्यवस्था पूरी तरह चरमरा जाएगी। बहुउद्देशीय कर्मी बने सफाई कर्मी ही सरकारी कार्यालयों की नाव दौड़ा रहे हैं। जिले के किसी भी दफ्तर में पर्याप्त संख्या में चतुर्थ श्रेणी और लिपिकीय स्टाफ नहीं है।

उत्तर प्रदेश शासन ने 2020में सभी सफाई कर्मियों को उनके तैनाती के गांवों में भेजने और किसी भी तरह का सम्बद्धीकरण समाप्त कर उनसे साफ सफाई के अतिरिक्त अन्य काम न लेने के आदेश दिए थे ।इस शासनादेश का क्रियान्वयन चार साल में भी नहीं हो पाया है ।विकास भवन के कार्यालय हों, कलेक्ट्रेट हो या ब्लॉकों के आफिस,हर जगह सफाई कर्मी ही कार्य सरकार की गाड़ी खींचने में लगे हुए हैं। अर्दली, कम्प्यूटर आपरेटर, पत्रवाहक , लिपिक और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी का काम देख रहे इन सफाई कर्मियों को हटाने की हिम्मत किसी भी अफसर में नहीं है। सफाई कर्मियों को गांवों में भेजने से जिला प्रशासन के कई अफसर अर्दली विहीन हो जायेंगे ।कई दफ्तरों में पानी पिलाने वाला भी कोई नहीं रहेगा ।डी पी आर ओ आफिस की व्यवस्था पूरी तरह चरमरा जाएगी ।यही स्थिति ब्लॉक कार्यालयों की होगी ।बी डी ओ और ए डी ओ पंचायत कार्यालय में स्टाफ की कमी पूरी करने का काम इन्हीं सफाई कर्मियों से किया गया है।

## 80 राजस्व गांव खाली,सौ से अधिक सफाई कर्मी दफ्तरों में सम्बद्ध

**अमेठी।** जिले में 682ग्राम पंचायतें और 987राजस्व ग्राम है। वर्तमान में तैनात सफाई कर्मियों की संख्या 907है। पिछले पन्द्रह सालों में रिक्तियों को भरने का कोई काम नहीं हुआ है। जिला पंचायती राज विभाग विशेष संचारी रोग नियंत्रण माह में भी सफाई कर्मियों को गांवों में नहीं भेज पाया है ।इनसेट 2

## वृहद पौधारोपण अभियान में पांच लाख पेड़ लगवाये फिर भी नहीं शुरू हुआ सेवा नियमावली बनाने का काम

**अमेठी।** सफाई कर्मियों की नियुक्ति 2009में सुश्री मायावती ने पंचायती राज विभाग में नया पद सृजित करके किया था। पिछले पंद्रह साल में सफाई कर्मियों की सेवा नियमावली नहीं बन पाई है।

## दिन में उमस और गर्मी, रात्रि में बिजली गोल, कैसे जियें लोग

**मथुरा।** दिन में तेज धूप और भयंकर गर्मी से लोगों का चैन छिन गया है। रात्रि में विद्युत विभाग लोगों को रूला रहा है। स्थिति इतनी खराब हो रही है कि थोड़ी-थोड़ी देर बाद रात भर बिजली आंख मिचौनी करती है। रात भर लोग सो नहीं पा रहे। विद्युत विभाग कभी ट्रांसफार्मरों की खराबी कभी पावर न मिलने तो कभी मैन लाइनें टूटने और क्षमता से अधिक लोड़ के कारण ट्रांसफार्मरों के फुंकने और मरम्मत का बहाना बनाकर जनमानस को संतुष्ट कर रहा है, लेकिन इस सबसे लोगों की नाराजगी बढ़ती जा रही है। पिछले दिनों ऐसे ही शहर में दिन भर और रात को बिजली बंद कर देने से लोग तड़फ गए थे। आए दिन ऐसी स्थिति बनी रहने से लोगों में गुस्सा बढ़ रहा है। अद्योषित विद्युत कटौती का असर पेयजल सप्लाई पर पड़ रहा है। लोगों को इस मौसम में सही समय पर पानी नहीं मिलता। आए दिन इस भीषण गर्मी में बिजली की कटौती लोगों को रूला रही है। पूरे दिन विभाग लोगों को परेशान कर रहा है। लगता है उसके पास संसाधन नहीं है। पर्याप्त स्टाफ की कमी बताती है कि समय पर लाइनें ठीक नहीं होती। गर्मी से पहले इस व्यवस्था को क्यों दुरूस्त नहीं किया गया। रोजाना बिजली घरों पर धरने प्रदर्शन इस बात का संकेत देते हैं कि लोगों में व्यवस्था को लेकर नाराजगी है।

## देश हित में ऐतिहासिक कदम बढ़ाने वाला बजट : अंजुला माहौर




**फिरोजाबाद।** भारतीय जनता पार्टी दबरई स्थित जिला कार्यालय पर 2024:25 केंद्रीय बजट को लेकर एक संगोष्ठी कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे भारतीय जनता पार्टी प्रदेश मंत्री हाथरस सदर विधायक अंजुला माहोर मुख्य रूप अतिथि के रूप में उपस्थित रही। उन्होने बजट को देश हित में बताया और कहा कि यह बजट समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को प्रोत्साहित करने वाला तथा देश के चौमुखी विकास के साथ विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में ऐतिहासिक कदम बढ़ाने वाला बजट है। और बजट के बारे में विस्तार से पार्टी के कार्यकताओं तथा पदाधिकारीयो को बजट के लाभ के बारे में जानकारियां दी। वहीं भाजपा जिला कार्यालय प्रांगण में एक पेड़ मां के नाम के तहत वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह महानगर अध्यक्ष राकेश शंखबार ठा.विश्वदीप सिंह ब्लॉक नारखी प्रतिनिधि सुशील चक युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष आकाश शर्मा भाजपा नगर अध्यक्ष दिनेश गुप्ता नीलम दिवाकर रिंकू उपाध्याय राजीव श्रीवास्तव वीरेंद्र सिंह विश्वनाथ गुप्ता ज्ञानेंद्र सिंह विनोद बाबू महिपाल निषाद शशांक प्रताप सिंह अनंत प्रताप सिंह गुल्लू पवन चक आशूचक विनोद कुमार बिन्नू कौशल तिवारी जुबिन भारद्वाज आदि उपस्थित रहे।

## 70 वर्ष से अधिक आयु वाले किसान परिवार को भी मिले दुर्घटना बीमा का लाभ

**टूंडला।** एक देश एक कानून एक सविधान न्यायिक संगठन की कार्यकारणी बैठक शंकर विहार कॉलीनी, बन्ना रोड टूंडला पर आयोजित हुई। बैठक में एक समाचार पत्र के प्रकाशन में कृषि दुर्घटना बीमा में 70 वर्ष से अधिक आयु वाले किसान परिवारो को दुर्घटना बीमा का लाभ न मिलना अपने में शर्मसार विषयं है।



संगठन इसकी घोर निन्दा करता है। और प्रदेश सरकार से मांग करता कि यह बीमा राशि कृषक परिवारों को आ जीवन होनी चाहिए इधर सरकार 70 वर्ष से अधिक लोगो को अयुष्मान कार्ड प्रदान कर रही है और किसानो को दुर्घटना बीमा 70 वर्ष पर समाप्त करेंगी। संगठन मांग करता है कि 70 वर्ष से अधिक उम्र वाले किसान परिवार को भी दुर्घटना बीमा का लाभ दिया जाएं और एक देश एक कानून एक सविधान न्यायिक संगठन बेनर के तले उक्त समस्या के समाधान हेतु प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री से निराकारण की मांग की है। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष उपाध्यक्ष अनन्त पाल सिंह तौमर ने की। इस मौके पर बाबा चन्दन दास, दिगंविजय सिंह, कैलाश चन्द्र, अंजना कुलकर्णी, (किरन जिन्दल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष), राजेश सेनी, देवेन्द्र चौहान, एम.तौमर, शेरपाल सिंह, कमल पाल सिंह आदि उपास्थित रहे।

# पारसनाथ मंदिर में चल रहा है धर्म का संगम

**टूंडला।** नगर के पारस नाथ मंदिर में बसु विज्ञा चातुर्मास बड़े उत्साह से हो रहा है, जिसमें जैन मुनि पू.उपाध्याय विज्ञानंद महाराज धैयानंद महराज व पुण्यानंद महराज ससंघ विराजमान है सुबह प्रवचन के अवसर पर उपाध्याय विज्ञानंद महाराज ने कहा कि धर्म क्या है जिस संसार के मार्ग से निकलकर धर्म के माध्यम से शांति को प्राप्त कर सकें अगर आपका निवत्त धर्म के लिए बनेगा तो ही आपका भला संभव है यदि आपके मन में संसार के रोगों से भय होगा तो आपको डॉक्टर दवा से बचा सकता है आपका रोगों के क्षय का निवत्त बन सकता है ऐसे ही अगर आपको अपने आप को सुखी बनाना है अपनी आत्मा को निर्मल बनाना है आपके मन में धर्म करने का निवत्त अपने आप बन जाएगा, जैसे अस्पताल में सफाई जरूरी है वैसे ही शरीर में आत्मा की सफाई और निर्मल बनाने के लिए धर्म का अनुसरण करना




बहुत जरूरी है, आपका आचरण ही बताता है कि आप क्या है किस परिवार से ताल्लुक है आपके संस्कार, बोलचाल सब जाहिर करते हैं, इसलिए अपनी वाणी में ऐसी सौम्यता रखो कि किसी को आपके बोलचाल से दुख की अनुभूति न हो और आप किसी के सुख का कारण तो बने दुख का कारण न बने, सम्यक दर्शन, सम्यक ज्ञान सम्यक चारित्र से ही मोक्ष को धारण किए जा सकता है, धर्म रूपी वृक्ष की जड़ आपका सम्यक दर्शन है ,धर्म को सही तरीके से करना जरूरी, आपके धर्म की जड़ गलत होगी तो आपको ज्ञान की प्राप्ति नही हो सकती है, अपने अंदर इतना वात्सल्य भाव लायें कि उन्नति का मार्ग प्रशस्त सिर्फ. सही तरीके से धर्म रूपी ज्ञान का अनुसरण करने से ही होगा, हमारे अंदर से श्रद्धा का सूर्य अस्त नहीं होना चाहिए आपकी श्रद्धा उस काल्पबृक्ष की जड़ें है स्कंद भी मजबूत होगा ही, ऐसी ही आपका धर्म मजबूत है तो आपका कल्याण होगा ही, अगर आपको अपनी आत्मा का कल्याण करना होगा तो आपको मन्दिर भी जाना पड़ेगा देवशाष्ट्र की भक्ति भी करनी पड़ेगी, धर्म का उत्साह जीवन में बना रहना चाहिए उत्साह जीवन को धर्म रूपी वृक्ष से आपके पापो का क्षय करता है, इस मौके पर चातुर्मास कमेटी अध्यक्ष बसंत जैन,सुरेंद्र जैन भईया जी, कमलेश जैन कोल्ड, अनिल जैन राजू, अनिल जैंडल,रविन्द्र जैन, सुभाष जैन, आलोक जैन,नरेंद्र जैन, दिनेश जैन महेश जैन, प्रिंस जैन आशु जैन गोपाल जैन, अंकित जैन, क्षेत्रीय सह संयोजक भाजपा अल्प संख्यक मोर्चा सचिन जैन, विमल जैन बॉबी, आलोक जैन, निखिल जैन,सतेंद्र जैन, राहुल जैन, विनोद जैन,सौरभ जैन, गोलू, सम्यक, समस्त जैन समाज मौजूद रहा।




## भारतीय नौकायन खिलाड़ी पंवार एकल स्कल्स के क्वार्टर फाइनल में



पेरिस। भारत के बलराज पंवार रविवार को पेरिस ओलंपिक में रेपेचेज दो में दूसरे स्थान पर रहते हुए नौकायन (रोइंग) की पुरुष एकल स्कल्स स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए।

बलराज ने सात मिनट 12.41 सेकेंड का समय लिया और वह मानाको के क्वेंटिन एंटोगनेली से पीछे रहे जो सात मिनट 10:00 सेकेंड के समय से शीर्ष पर रहे। प्रत्येक रेपेचेज से शीर्ष दो में रहने वाले खिलाड़ी क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई करते हैं। पंवार पूरी रेस के दौरान दूसरे स्थान पर बने रहे। उन्होंने 500 मीटर की दूरी को एक मिनट 44:13 सेकेंड, 1000 मीटर की दूरी को तीन मिनट 33:94 सेकेंड और फिर 1500 मीटर की दूरी को पांच मिनट 23:22 सेकेंड में पार किया।

इसके बाद उन्होंने 2000 मीटर की दूरी की रेस सात मिनट 12.41 सेकेंड में पूरी की। शनिवार को बलराज इसी स्पर्धा में सात मिनट 07:11 सेकेंड के समय से चौथे स्थान पर रहे थे और रेपेचेज दौर में पहुंचे थे। रेपेचेज एक में स्लोवेनिया के इवान इसाक जवेगेल्ज और पैराग्वे के जेवियन इन्सफ्रान क्रमशः सात मिनट 6.90 सेकेंड और सात मिनट 8.29 सेकेंड के समय से शीर्ष दो स्थान पर रहे।

रेपेचज दो में अल्जीरिया के अली सिद बोदीना ने सात मिनट 10.23 सेकेंड से पहला और चुन विन च्यु ने सात मिनट 12.94 सेकेंड से दूसरा स्थान हासिल करते हुए अंतिम आठ में जगह बनाई।

## नडाल पेरिस ओलंपिक के एकल में लेंगे भाग

पेरिस। रफेल नडाल के मैनेजर बेनिटो पेरेज-बेरबाडिलो ने कहा है कि 22 बार का यह ग्रैंड स्लैम चैंपियन रविवार को पेरिस ओलंपिक में टेनिस एकल स्पर्धा में खेलेगा। नडाल 38 साल के हैं और पिछले दो सत्र में कई चोटों से जूझ रहे हैं।

शनिवार रात को स्पेन के लिए कार्लोस अल्काराज के साथ पहले दौर का युगल मुकाबला जीत के दौरान उनकी दाहिनी जांघ पर टेप लगी थी। नडाल ने उस मैच के बाद कहा था कि उन्होंने फैसला नहीं किया है कि वह एकल में भाग लेंगे या नहीं। नडाल ने शनिवार को कहा, कल, मुझे नहीं पता कि क्या होने वाला है। मुझे नहीं पता कि मैं खेलूंगा या नहीं। उन्होंने तब कहा था कि वह अपनी टीम से सलाह लेना चाहते हैं कि क्या करना है। बेनिटो के अनुसार रविवार सुबह नडाल ने अपनी फिटनेस को परखने के लिए अभ्यास सत्र में हिस्सा लिया और फिर हंगरी के मार्टन फुकसोविक्स का सामना करने का विकल्प चुना। शनिवार रात को स्पेन के लिए कार्लोस अल्काराज के साथ पहले दौर का युगल मुकाबला जीत के दौरान उनकी दाहिनी जांघ पर टेप लगी थी।



# श्रीलंका बना महिला एशिया कप चैम्पियन

एजेंसी

दाम्बुला। हर्षिता समरविक्रमा और कप्तान चमारी अटापट्टू की आक्रामक पारियों और दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 63 गेंद में 87 रन की साझेदारी के दम पर श्रीलंका ने महिला टी20 एशिया कप के फाइनल में रविवार को यहां भारत को आठ विकेट से हराकर पहली बार खिताब अपने नाम किया। गत चैमपियन भारत को छह विकेट पर 165 रन पर रोकने के बाद श्रीलंका ने 18.4 ओवर में दो विकेट पर 167 रन बनाकर यादगार जीत दर्ज की।



भारतीय टीम की इस हार में खराब गेंदबाजी के साथ बेहद लचर क्षेत्ररक्षण का भी हाथ रहा। कप्तान हरमनप्रीत कौर ने समरविक्रमा का आसान कैच टपकाया जिन्होंने 51 गेंद की नाबाद पारी में छह चौके और दो छक्के की मदद से 69 रन बनाये। चमारी ने 43 गेंद में नौ चौके और दो छक्के की मदद से 61 रन बनाकर भारतीय गेंदबाजों को हावी होने का मौका नहीं दिया। कप्तान के आउट होने के बाद प्लेयर ऑफ मैच समरविक्रमा ने कविशा दिलहारी के साथ तीसरे विकेट के लिए 40 गेंद में 73 रन की साझेदारी कर टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। विजयी छक्का लगाने वाली दिलहारी ने 16 गेंद की नाबाद पारी में 30 रन बनाये। दिलहारी ने इससे पहले गेंदबाजी में प्रभावित करते हुए 36 रन देकर दो विकेट चटकाये थे। भारत के लिए सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने 47 गेंद की अपनी पारी 10 चौके की मदद से 60 रन की पारी खेल बड़े स्कोर की नींव रखी। उन्होंने पहले विकेट के लिए शेफाली वर्मा (16) के साथ 44 रन की साझेदारी कर टीम को सधी शुरुआत दिलाई जबकि जेमिमा रोड्रिग्स के साथ चौथे विकेट के लिए तेजी से 41 रन रन जोड़े।

जेमिमा ने 16 गेंद की आक्रामक पारी में तीन चौके और एक छक्का की मदद से 29 रन बनाये। आखिरी ओवरों में रिचा घोष ने 14 गेंद में 30 रन की पारी खेल टीम के स्कोर को 165 तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने अपनी पारी में चार चौकों के साथ एक छक्का लगाया। लक्ष्य का बचाव करते हुए भारत ने दूसरे ओवर विष्मी गुणारत्ने (01) को रन आउट कर पहली सफलता हासिल की।

चमारी पर हालांकि इसका कोई असर नहीं पड़ा उन्होंने शुरू से ही आक्रामर रवैया अपनाये रखा। रेणुका और दीप्ति के ओवर में चौके जड़ने के बाद श्रीलंका की कप्तान ने छठे ओवर में तनुजा कंवर के खिलाफ दो छक्के और चौका लगाकर ओवर से 16 रन बटोरे। पावर प्ले के बाद श्रीलंका स्कोर एक विकेट पर 44 रन हो गया। उन्हें दूसरे छोर से समरविक्रमा का अच्छा साथ मिला। जिन्होंने सातवें और आठवें ओवर में दीप्ति शर्मा (30 रन पर एक विकेट) और राधा यादव के खिलाफ चौके लगाये। चमारी ने 10वें ओवर में रेणुका के खिलाफ चौका जड़ 33 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने 12 ओवर में दीप्ति के खिलाफ दो चौके जड़ भारतीय खेमे की निराशा को बढ़ाया लेकिन भारत की इस अनुभवी हरफनमौला ने श्रीलंकाई कप्तान को बोल्ड कर वापसी करने का मौका दिया। श्रीलंका के बल्लेबाज इस मैच में सकारात्मक रवैये के साथ उतरे थे और उनकी आक्रामक बल्लेबाजी के कारण भारतीय क्षेत्ररक्षक दबाव में गलती करते रहे।

## भारत ने श्रीलंका को 7 विकेट से हराया

एजेंसी

पाजेकल। भारत ने श्रीलंका को दूसरे टी-20 में डीएलएस मेथड के तहत 7 विकेट से हरा दिया है। इसी के साथ भारत ने 3 टी-20 की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली। तीसरा टी-20 मंगलवार को खेला जाएगा। पल्लेकेले में भारत ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी। श्रीलंका ने 9 विकेट के नुकसान पर 161 रन बनाए। कुसल परेरा ने फिफ्टी लगाई। रवि बिश्नोई ने 3 विकेट लिए। हार्दिक पंड्या, अर्शदीप सिंह और अक्षर पटेल को 2-2 सफलताएं मिलीं।



भारत की बैटिंग के दौरान बारिश आ गई, इस कारण टीम को 8 ओवर में 78 रन का रिवाइज्ड टारगेट मिला। 6.3 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर टारगेट हासिल कर लिया। सूर्यकुमार यादव ने 12 बॉल पर 26, हार्दिक पंड्या ने 9 बॉल पर 22 और यशस्वी जायसवाल ने 15 बॉल पर 30 रन बनाए। 3 विकेट गिराने के बाद हार्दिक पंड्या ने भी बैटिंग की। उन्होंने महज 9 गेंद पर 22 रन बनाए और टीम को 7 विकेट से जीत दिला दी। हार्दिक ने मथीश पथिराना के खिलाफ 7वें ओवर में लगातार 2 चौके लगाकर भारत को जीत के पार पहुंचाया। भारत और श्रीलंका के बीच टी-20 सीरीज का दूसरा मैच बारिश के कारण रोका गया है। पल्लेकेले में श्रीलंका ने टॉस हारकर पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 161 रन बनाए। टीम से कुसल परेरा ने फिफ्टी लगाई। भारत से रवि बिश्नोई ने 3 विकेट लिए। बारिश आने से पहले भारत ने अपनी पारी शुरू कर दी थी। टीम ने पहले ओवर की 3 गेंदें खेलने के बाद 6 रन बना लिए। यशस्वी जायसवाल और संजू सैमसन नाबाद लौटे। बारिश के कारण ही मैच 45 मिनट देरी से शुरू भी हुआ था। भारत की बैटिंग शुरू होने के बाद बारिश ने फिर एक बार खलल डाला। टीम इंडिया ने पहले ओवर की 3 गेंदें खेलकर 6 रन बना लिए थे। श्रीलंका से दसुन शनाका पहला ओवर फेंक रहे थे। इसी दौरान बारिश आई और खेल रोकना पड़ा। मैच शुरू होने से पहले भी बारिश से परेशानी हुई थी। जिस कारण मैच 45 मिनट देरी से शुरू हो सका था। टॉस हारकर पहले बैटिंग करते हुए श्रीलंका ने 20 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 161 रन बनाए। टीम से कुसल परेरा ने फिफ्टी लगाई। पथुम निसांका ने 32 और कमिंडु मेंडिस ने 26 रन का योगदान दिया। भारत के लिए रवि बिश्नोई ने 3 विकेट लिए। हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल और अर्शदीप सिंह को 2-2 सफलाएं मिलीं। भारत ने पहला टी-20 मैच 43 रन से जीता था। अक्षर पटेल ने 20वें ओवर में अपना पहला विकेट लिया। उन्होंने ओवर की दूसरी बॉल पर महीश तीक्षणा को बोल्ड किया। तीक्षणा ने 3 बॉल पर 2 रन बनाए। आखिरी बॉल पर उन्होंने फिर रमेश मेंडिस को स्टपिंग आउट भी करा दिया। अर्शदीप सिंह ने 19वें ओवर में चरिथ असलंका को कैच आउट कराया। असलंका ने 12 बॉल पर 14 रन बनाए। श्रीलंका ने 130 रन पर 2 विकेट के स्कोर से 143 रन तक 6 विकेट गंवा दिए। यानी टीम ने महज 13 ही रन बनाने में 4 विकेट गंवाए। इस दौरान रवि बिश्नोई और हार्दिक पंड्या ने 2-2 विकेट लिए। रवि बिश्नोई ने 17वें ओवर में 2 गेंदों पर 2 विकेट लिए। उन्होंने ओवर की दूसरी बॉल पर दसुन शनाका और तीसरी बॉल पर वनिंदु हसरंगा को बोल्ड कर दिया। हार्दिक पंड्या ने 16वें ओवर में 2 विकेट लिए। उन्होंने पहली बॉल पर कमिंडु मेंडिस और आखिरी बॉल पर कुसल परेरा को पवेलियन भेजा। मेंडिस ने 26 और परेरा ने 53 रन बनाए। भारत को दूसरी सफलता 10वें ओवर में मिली।

### संक्षेप

## यूनिटी कालेज को नोएडा की रीजनल एथलेटिक्स में तीन पदक

लखनऊ। नोएडा के सेंट जोजफ्स कालेज में 25 से 27 जुलाई तक आयोजित सीआईएससीई रीजनल एथलेटिक्स प्रतियोगिता में लखनऊ यूनिटी कालेज के दो प्रतिभागियों ने तीन पदक जीतकर कालेज का नाम रोयान किया। यूनिटी कालेज के छात्र कायम अब्बास ने अण्डर-19 के बालक वर्ग में 100 मीटर की हीट में पहला स्थान हासिल कर फाइनल दौड़ में जगह बनायी। 100 मीटर फाइनल में कायम अब्बास जैदी को पिछले वर्ष के एसजीएफआई चैम्पियन मयंक प्रयागराज से पिछड़ना पड़ा और कांस्य पदक पर ही संतोष करना पड़ा। वहीं गोरखपुर के विजय को रजत पदक में सफलता मिली जो कि कई बड़ी प्रतियोगिताओं में पदक जीत चुके हैं। कायम अब्बास ने 4 गुणे 100 मीटर रीले में रजत पदक जीता। वहीं कालेज के मोहम्मद फरहान ने अण्डर 14 वर्ग की 200 मीटर दौड़ में तीसरा स्थान हासिल कर कांस्य पदक हासिल किया। कालेज के सचिव नजमुल हसन, प्रधानाचार्य दीपक मैथ्यूज, उप-प्रधानाचार्य सचिन भारती, खेल अध्यापक व पूर्व हाकी खिलाड़ी आमिर अली कार्यालय अधीक्षक शाहीद हुसैन सहित समस्त अध्यापक व अध्यापिकाओं ने कायम अब्बास व मोहम्मद फरहान के प्रदर्शन की सराहना करते हुए पदक जीतने की मुबारकबाद दी साथ ही आगामी प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन करने और पदक जीतने के लिए शुभकामनाएं दी।

## वॉलीबॉल खिलाड़ी को ओलंपिक में विरोध का करना पड़ा सामना

पेरिस। बलात्कार के आरोप में जेल की सजा काट चुके नीदरलैंड के बीच वॉलीबॉल खिलाड़ी स्टीवन वान डे वेल्डे को पेरिस खेलों में रविवार को उनके शुरुआती मैच से पहले तालियों के साथ हूटिंग का भी सामना करना पड़ा। वैन डे वेल्डे को 2016 में इंग्लैंड में 12 साल की लड़की के साथ यौन संबंध बनाने का दोषी ठहराया गया था। ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाली नीदरलैंड की दो टीमों में एक में उनका नाम होने पर यह मामला फिर से तूल पकड़ रहा है।

## मनु भाकर ने भारत के 12 साल के सूखे को किया खत्म

एजेंसी

शेटराउ (फ्रांस)। स्टार निशानेबाज मनु भाकर ने रविवार को यहां महिला 10 मीटर एयर पिस्टल फाइनल में कांस्य पदक के साथ निशानेबाजी में ओलंपिक पदक के भारत के 12 साल के इंतजार को खत्म किया और पेरिस ओलंपिक में भारत के पदक का खाता खोला। वह ओलंपिक पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला निशानेबाज भी बनीं।

पेरिस से लगभग 300 किमी की दूरी पर स्थित निशानेबाजी रेंज में राइफल निशानेबाजों रमिता जिंदल और अर्जुन बबूता ने भी क्रमशः महिला 10 मीटर एयर राइफल और पुरुष 10 मीटर एयर राइफल के फाइनल में जगह बनाकर पदक की उम्मीद जगाई। यहां के दृश्य तीन साल पहले तोक्यो ओलंपिक से बिल्कुल विपरीत थे जब भारत का प्रतिनिधित्व करने गए 15 निशानेबाजों में से केवल 10 मीटर एयर पिस्टल निशानेबाज सौरभ चौधरी ही फाइनल तक पहुंच पाए थे। मनु भी तोक्यो में भारतीय टीम का हिस्सा थी और पदक जीतने में नाकाम रहने के बाद निशानेबाजी रेंज से रोते हुए बाहर निकलीं थीं। इस



निशानेबाज ने कहा, तोक्यो के बाद मैं बहुत निराश थी और मुझे इससे उबरने में बहुत लंबा समय लगा।

सच कहूं तो मैं यह नहीं बता सकती कि आज मैं कितना अच्छा महसूस कर रही हूं। मनु का तोक्यो ओलंपिक में इसी स्पर्धा के क्वालिफिकेशन के दौरान पिस्टल में खराबी के कारण आंसुओं के साथ अभियान समाप्त हो गया था लेकिन आज उनके चेहरे पर मुस्कान थी। उन्होंने कहा, भगवद गीता में कृष्ण अर्जुन से कहते हैं कि तुम अपने कर्म पर ध्यान दो, कर्म के परिणाम पर नहीं। बस यही बात मेरे दिमाग में चल रही थी। लंदन ओलंपिक 2012 के बाद भारत का निशानेबाजी में यह पहला ओलंपिक पदक है। लंदन में विजय कुमार ने पुरुष 25 मीटर रेपिड फायर पिस्टल में रजत जबकि गगन नारंग ने पुरुष 10 मीटर एयर राइफल में कांस्य पदक जीता था। रियो ओलंपिक 2016 और तोक्यो ओलंपिक से भारतीय निशानेबाज खाली हाथ लौटे थे।

हरियाणा के झज्जर की रहने वाली 22 साल की मनु ने आठ निशानेबाजों के फाइनल में 221.7 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहते हुए कांस्य पदक जीता। भारतीय निशानेबाज जब बाहर हुईं तो दक्षिण कोरिया की येजी किम से सिर्फ 0.1 अंक पीछे थीं जिन्होंने अंततः 241.3 अंक के साथ रजत पदक जीता। किम की हमवतन ये जिन ओह ने 243.2 अंक से फाइनल के ओलंपिक रिकॉर्ड स्कोर के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया। उन्होंने कहा, मैं अपनी पूरी ऊर्जा के साथ लड़ रही थी। मैं आभारी हूं कि कांस्य पदक जीत सकी। मैंने भगवद गीता पढ़ी है और हमेशा वही करने की कोशिश की जो मुझे करना चाहिए, बाकी सब भगवान पर छोड़ दिया। पच्चीस मीटर पिस्टल स्पर्धा की विश्व चैंपियन निशानेबाज ने कहा, हम भाग्य से नहीं लड़ सकते।

## अर्जुन बबूता 10 मीटर एयर राइफल के फाइनल में

शेटराउ (फ्रांस)। भारतीय निशानेबाज अर्जुन बबूता ने रविवार को यहां क्वालीफिकेशन में सातवें स्थान पर रहते हुए पेरिस ओलंपिक खेलों की पुरुष 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा के फाइनल में जगह बनाई। पच्चीस साल के बबूता ने 105.7, 104.9, 105.5, 105.4, 104.0 और 104.6 अंक की सीरीज के साथ कुल 630.1 अंक जुटाए। बबूता सोमवार को आठ निशानेबाजों के फाइनल में पदक के लिए चुनौती पेश करेंगे। वह शनिवार को रमिता जिंदल के साथ मिश्रित टीम फाइनल में जगह बनाने से चूक गए थे। भारतीय जोड़ी क्वालीफिकेशन में छठे स्थान पर रही थी। वर्ष 2016 से राष्ट्रीय टीम में शामिल चंडीगढ़ के बबूता ने पिछले साल चांगवोन में एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप के जरिए ओलंपिक कोटा हासिल किया था। सेना के संदीप सिंह इसी स्पर्धा में 629.3 अंक के साथ 12वें स्थान पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाने से चूक गए। संदीप का इसके साथ ही पेरिस खेलों में अभियान खत्म हो गया। उन्होंने अप्रैल-मई में हुए चयन ट्रायल में विश्व चैंपियन रुद्रांक्ष पाटिल को पछाड़कर पहली बार ओलंपिक में खेलने का हक पाया था।

## पीवी सिंधू की फातिमाथ पर आसान जीत

एजेंसी

पेरिस। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू ने रविवार को यहां पेरिस ओलंपिक की महिला एकल स्पर्धा में अपने अभियान की शुरुआत ग्रुप एम के मैच में मालदीव की फातिमाथ अब्दुल रज्जाक के खिलाफ आसान जीत के साथ की। लगातार तीसरे ओलंपिक पदक के लिए चुनौती पेश कर रही सिंधू और फातिमाथ के बीच का अंतर साफ नजर आया। भारतीय खिलाड़ी ने अपने से कम रैंकिंग वाली खिलाड़ी को सिर्फ 29 मिनट में सीधे गेम में 21-9 21-6 से शिकस्त दी।

सिंधू ने अपने ओलंपिक सफर के बारे में कहा, यह अच्छी शुरुआत थी, मैं खुश हूं। मैं कोर्ट और परिस्थितियों के साथ तालमेल बैठाने में सफल रही। यह एक लंबा समय रहा है, तीन साल बाद वापसी करना, यह बहुत खास है। 2016 (ओलंपिक) अलग था और 2020 (2021) पूरी तरह से अलग था। यह दोनों का एक तरह का मिश्रण है। उन्होंने कहा, मैं इसका आनंद ले रही हूं और दूसरे मैच को लेकर उत्सुक हूं। शुरुआत में कुछ गलतियां करने के बाद सिंधू ने वापसी की और ब्रेक तक 11-4 की



बढ़त बना ली। दुनिया की 111वें नंबर की खिलाड़ी फातिमाथ के पास पूर्व विश्व चैंपियन सिंधू का कोई जवाब नहीं था जिन्होंने पहला गेम सिर्फ 13 मिनट में जीत लिया।

दूसरे गेम में भी सिंधू ने शानदार शुरुआत करते हुए 4-0 की बढ़त बनाई लेकिन फातिमाथ ने वापसी करते हुए स्कोर 3-4 किया। भारतीय खिलाड़ी इसके बाद लगातार छह अंक के साथ 10-3 से आगे हो गईं। सिंधू को 14 मैच प्वाइंट मिले और दुनिया की 13वें नंबर की खिलाड़ी ने पहले ही प्रयास में अंक जुटाकर गेम और मैच जीत लिया। रियो ओलंपिक 2016 में रजत और तोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली 10वीं वरीय सिंधू ग्रुप के अपने दूसरे मैच में बुधवार को दुनिया की 75वें नंबर की खिलाड़ी एस्टोनिया की क्रिस्टिन कूबा से भिड़ेंगी।

### प्रणय ने जीता पहला मैच

भारतीय बैडमिंटन स्टार एचएस प्रणय ने ग्रुप चरण के अपने पहले मैच में जीत दर्ज की। दूसरे गेम में बढ़त बनाते हुए मैच 21-18, 21-12 से समाप्त किया। उन्होंने जर्मनी के फैबियन रोथ को हराया। प्रणय बुधवार को अपने अंतिम ग्रुप चरण मैच में वियतनाम के विश्व रैंकिंग 71 ले डुक फाट से भिड़ेंगे।

### मनिका जीतीं, शरत बाहर

पेरिस ओलंपिक में भारत के ध्वजवाहक रहे अचंता शरत कमल को उनके पहले मैच में हार का सामना करना पड़ा। शरत कमल को टेबल टेनिस के पुरुष एकल के राउंड ऑफ 64 में स्लोवेनिया के कोजुल डेनी ने 4-2 से हराया। कोजुल ने 12-10, 9-11, 6-11, 7-11, 11-8, 10-12 से जीत हासिल की। यह मैच 53 मिनट तक चला। वहीं मनिका बत्रा ने टेबल टेनिस में महिला एकल के राउंड ऑफ 64 में जीत हासिल की। उन्होंने ब्रिटेन की एना हर्से को 4-1 से हराया।

## निकहत जरीन मुक्केबाजी के प्री-क्वार्टर फाइनल में



एजेंसी

पेरिस। दो बार की विश्व चैंपियन निकहत जरीन ने रविवार को यहां जर्मनी की मैक्सी करीना क्लोएट्जर पर जीत के साथ महिलाओं के 50 किग्रा ओलंपिक के प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। इस 28 साल की गैरवरीय मुक्केबाज ने यहां नॉर्थ पेरिस एरेना अंतिम 32 दौर के मुकाबले में जर्मनी की मुक्केबाजी के खिलाफ 5-0 से जीत हासिल की। निकहत के सामने गुरुवार को खेल जाने वाले प्री-क्वार्टर फाइनल में एशियाई खेलों और मौजूदा फ्लाईवेट विश्व चैंपियन चीन की वू यू की चुनौती होगी।

## कल्बर्ग पर आसान जीत से श्रीजा अगले दौर में

पेरिस। भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी श्रीजा अकुला ने रविवार को स्वीडन की क्रिस्टीना कल्बर्ग पर 4-0 की शानदार जीत के साथ पेरिस ओलंपिक खेलों के राउंड ऑफ 32 में प्रवेश किया। डब्ल्यूटीटी कंटेंडर एकल खिताब जीतने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बनकर इतिहास रचने वाली श्रीजा ने स्वीडन की खिलाड़ी को 30 मिनट में 11-4, 11-9, 11-7, 11-8 से पराजित किया। भारतीय खिलाड़ी को पहला गेम जीतने में किसी तरह की परेशानी नहीं हुई लेकिन अगले तीन गेम में उन्हें थोड़ा संघर्ष करना पड़ा। तीसरे गेम में एक समय स्कोर 7-5 था लेकिन इसके बाद भारतीय खिलाड़ी ने शानदार खेल दिखाकर कल्बर्ग को कोई मौका नहीं दिया। श्रीजा ने चौथे गेम में शुरू में अच्छा प्रदर्शन किया और एक समय वह 9-3 से आगे थी।

## रियो ओलंपिक में जीत को कायम रखने उतरेगी भारतीय टीम

एजेंसी

पेरिस। जीत के साथ शुरूआत करने वाली भारतीय टीम पेरिस ओलंपिक पुरूष हॉकी स्पर्धा के दूसरे मैच में रियो ओलंपिक 2016 चैम्पियन अर्जेंटीना के खिलाफ इस लय को कायम रखने उतरेगी। भारत ने रोमांचक पहले मैच में शनिवार को आखिरी सीटी बजने से डेढ मिनट पहले पेनल्टी स्ट्रोक पर कप्तान हरमनप्रीत सिंह के गोल के दम पर न्यूजीलैंड को हराया।

इस मैच में हालांकि तोक्यो ओलंपिक कांस्य पदक विजेता भारत अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर सका और नौ पेनल्टी कॉर्नर गंवाये। न्यूजीलैंड की टीम ने पहला गोल भी जल्दी दाग दिया था और अब आगे कठिन मैचों में भारत को इस गलती से बचना होगा। अर्जेंटीना की टीम मैन टू मैन मार्किंग में मुस्तैद है और भारत को इसमें सेंध लगानी होगी। भारत को ओलंपिक में कठिन पूल बी मिला है



जिसमें मौजूदा चैम्पियन बेल्जियम, आस्ट्रेलिया, अर्जेंटीना, न्यूजीलैंड और आयरलैंड हैं। भारत के लिये न्यूजीलैंड, अर्जेंटीना और आयरलैंड के खिलाफ पहले तीनों मैच काफी अहम है जिसके बाद सामना बेल्जियम और आस्ट्रेलिया से होगा। अर्जेंटीना को हराने पर क्वार्टर फाइनल की राह पक्की हो जायेगी। न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत के अनुभवी गोलकीपर पी आर श्रीजेश एक बार फिर दीवार की तरह गोल के सामने खड़े रहे। श्रीजेश का यह आखिरी अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट है। भारत अभी पूल बी में बेल्जियम के बाद दूसरे स्थान पर है लेकिन अभी सभी टीमों ने एक एक मैच ही खेला है।

## भारतीय मीला तीरंदाजी टीम क्वार्टर फाइनल से बाहर

पेरिस। भारत की सबसे अनुभवी तीरंदाज दीपिका कुमारी ने एक बार फिर निराश किया और उनके खराब प्रदर्शन से भारतीय महिला तीरंदाजी टीम पेरिस ओलंपिक में रविवार को क्वार्टर फाइनल में नीदरलैंड से 0 . 6 से हारकर बाहर हो गई। भारतीय टीम की सबसे युवा खिलाड़ी हरियाणा की 18 वर्ष की भजन कौर ने 60 में से 56 अंक बनाये लेकिन दीपिका और अंकिता भकत जैसे अनुभवी खिलाड़ी कमजोर कड़ी साबित हुए। दोनों का स्कोर 50 के पाद भी नहीं रहा। भारतीय टीम 51 . 52, 49 . 54, 48 . 53 से हार गई। चौथी बार ओलंपिक में उतरी दीपिका ने 48 और भकत ने 46 अंक बनाये। भकत ने तो एक बार चार की रिंग में भी तीर छोड़ा। दूसरी ओर भजन ने 56 अंक बनाये। भारत ने क्वालीफिकेशन में चौथे स्थान पर रहने के बाद क्वार्टर फाइनल में सीधे जगह बनाई थी।

# मनु भाकर की जीत भारत के लिए बेहद खास

## कांस्य पदक मिलने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दी बधाई

एजेंसी



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पेरिस ओलंपिक में भारत के लिए पहला पदक जीतने पर मनु भाकर को रविवार को बधाई दी और कहा कि उनकी सफलता और भी खास है, क्योंकि वह भारत के लिए निशानेबाजी में पदक जीतने वाली पहली महिला बनी हैं।

स्टार निशानेबाज मनु भाकर ने पेरिस में महिला 10 मीटर एयर पिस्टल फाइनल में तीसरे स्थान पर रहते हुए कांस्य पदक के साथ पेरिस ओलंपिक में भारत के पदक का खाता खोला और ओलंपिक पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला निशानेबाज बनीं। मनु ने आठ निशानेबाजों के फाइनल में 221.7 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, एक ऐतिहासिक पदकउ पेरिस ओलंपिक 2024 में भारत का पहला पदक जीतने के लिए, कांस्य पदक के लिए मनु भाकर को बधाई। यह सफलता और भी खास है, क्योंकि वह भारत के लिए निशानेबाजी में पदक जीतने वाली पहली महिला बन गई हैं। एक अविश्वसनीय उपलब्धि है। लंदन ओलंपिक 2012 के बाद भारत का निशानेबाजी में यह पहला ओलंपिक पदक है। रियो ओलंपिक 2016 और तोक्यो ओलंपिक से भारतीय निशानेबाज खाली हाथ लौटे थे।

## नेताजी के प्रपौत्र ने प्रधानमंत्री से जापान से उनके अवशेष वापस लाने की अपील की

कोलकाता। महान स्वतंत्रता सेनानी सुभाष चंद्र बोस के पड़पौत्र चंद्र कुमार बोस ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से 18 अगस्त तक जापान के रेंकोजी से नेताजी के अवशेष वापस लाने की अपील की। उन्होंने यह भी कहा कि इस मामले पर केंद्र सरकार की ओर से एक अंतिम बयान आना चाहिए, ताकि नेताजी के बारे में झूठी कहानियों पर विराम लग सके। बोस ने कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) नीत सरकार ने स्वतंत्रता सेनानी से संबंधित फाइलों को सार्वजनिक करने की पहल की। उन्होंने कहा कि सभी 10 जांच-राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय की रिपोर्ट जारी करने के बाद यह स्पष्ट है कि नेताजी की मौत 18 अगस्त 1945 को ताइवान में एक विमान दुर्घटना में हुई थी।

बोस ने रविवार को प्रधानमंत्री मोदी को लिखे एक पत्र में कहा, इसलिए यह जरूरी है कि भारत सरकार की ओर से अंतिम बयान दिया जाए, ताकि भारत के मुक्तिदाता के बारे में गलत बयानबाजियों पर विराम लग सके। उन्होंने कहा, मेरी आपसे 18 अगस्त 2024 तक रेंकोजी से नेताजी के अवशेष भारत वापस लाने की अपील है।

# स्वतंत्रता दिवस पर मां के नाम 15 लाख पौधे लगायेगा रक्षा मंत्रालय

नयी दिल्ली। रक्षा मंत्रालय ने रविवार को कहा कि वह 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर देश भर में बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण अभियान चलाएगा, जिसमें एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत 15 लाख पौधे लगाए जाएंगे।

यह देश का 78वां स्वतंत्रता दिवस होगा। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा, यह पौधारोपण अभियान एक पेड़ मां के नाम अभियान का हिस्सा है और इसे सेना के तीनों अंगों और डीआरडीओ, रक्षा सार्वजनिक उपक्रमों, सीजीडीए (रक्षा लेखा महानियंत्रक), एनसीसी, सैनिक स्कूलों, आयुध कारखानों जैसे संबद्ध संगठनों के माध्यम से संचालित किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पांच जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर इस अभियान की शुरुआत की थी और भारत तथा दुनियाभर में




सभी लोगों से अपनी माताओं के सम्मान में एक पेड़ लगाने का आग्रह किया था।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने हाल ही में इस अभियान में भाग लिया था और अपनी मां की याद में एक पेड़ लगाया था। बयान में कहा गया है कि उन्होंने लोगों से प्रकृति की रक्षा के लिए इस अभियान में शामिल होने और इसे और अधिक प्रभावी और गतिशील बनाने में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया था।

### संक्षेप

## इजराइल के गोलन हाइट्स पर हमले में 11 की मौत

तेल अवीव। इजराइल नियंत्रित गोलन हाइट्स में शनिवार को एक फुटबॉल मैदान पर हुए रॉकेट हमले में कम से कम 11 बच्चों और किशोरों की मौत हो गई। यह हमला इजराइल और लेबनान के चरमपंथी समूह हिजबुल्ला के बीच लड़ाई शुरू होने के बाद से इजराइल की उत्तरी सीमा पर किया गया सबसे घातक हमला है, जिससे क्षेत्र में व्यापक संघर्ष की आशंका पैदा हो गई है। इस हमले के लिए इजराइल ने हिजबुल्ला को जिम्मेदार ठहराया है, लेकिन चरमपंथी समूह ने इसमें अपनी किसी भी भूमिका से इनकार किया है। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने चेतावनी दी है कि हिजबुल्ला को इस हमले की ऐसी भारी कीमत चुकानी होगी, जो उसने पहले कभी नहीं चुकाई है। इजराइली सेना के मुख्य प्रवक्ता रियर एडमिरल डैनियल हगारी ने इसे सात अक्टूबर को हमास के हमले के बाद इजराइल के नागरिकों पर हुआ सबसे घातक हमला बताया। हमाम के हमले के बाद गाजा में युद्ध छिड़ गया। उन्होंने बताया कि गोलन हाइट्स पर हुए हमले में 11 लोगों की मौत हो गई और 20 अन्य घायल हो गए। इजराइल के विदेश मंत्री इजराइल काट्ज ने चैनल 12 से कहा, इसमें कोई संदेह नहीं है कि हिजबुल्ला ने इस हमले से सभी हदें पार दी हैं और हमारी प्रतिक्रिया से यह बात समझ आएगी।

## अमेरिका व जापान की सुरक्षा वार्ता में सैन्य सहयोग बढ़ाने पर जोर

एजेंसी

तोक्यो। जापान और अमेरिका के रक्षा प्रमुख और शीर्ष राजनयिकों ने चीन से बढ़ते खतरे के बीच अपने सैन्य सहयोग को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से रविवार को तोक्यो में एक बैठक की। इस दौरान उन्होंने अमेरिकी सेना के कमान और नियंत्रण को अद्यतन करने और जापान में अमेरिका से लाइसेंस प्राप्त मिसाइल का उत्पादन बढ़ाने सहित कई मुद्दों पर चर्चा की। जापान-अमेरिका सुरक्षा परामर्श समिति की बैठक में अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने अपने जापानी समकक्षों योको कामिकावा और मिनोरू किहारा से 22 सुरक्षा वार्ता की। बैठक में इस वर्ष नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव से जो बाइडन के अपना नाम वापस लेने के बाद गठबंधन को जारी रखने पर भी सहमति जताई गयी। कामिकावा ने कहा, हम इतिहास के एक महत्वपूर्ण मोड़ पर हैं, क्योंकि नियम-आधारित, स्वतंत्र और खुली अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था पूरी तरह से हिल चुकी है।

○ चीन से बढ़ते खतरे के बीच

## कोचिंग सेंटर हादसे की तय हो जवाब देही : कांग्रेस

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने दिल्ली के ओल्ड राजेंद्र नगर इलाके में एक कोचिंग संस्थान की इमारत के बेसमेंट में पानी भरने के कारण तीन विद्यार्थियों की मौत होने के मामले में जवाबदेही तय किए जाने की रविवार को मांग की और पार्टी नेता राहुल गांधी ने कहा कि हर स्तर पर संस्थानों की गैर-जिम्मेदारी की कीमत आम लोग चुका रहे हैं।

मध्य दिल्ली के ओल्ड राजेंद्र नगर इलाके में शनिवार को भारी बारिश के बाद एक कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में पानी भर जाने से सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कर रहे तीन अभ्यर्थियों की



मौत हो गई। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि यह बहुत दुखद है कि सरकार और प्रशासन की आपराधिक लापरवाही के कारण राजधानी में एक आईएएस कोचिंग संस्थान के बेसमेंट में पानी भरने की वजह से तीन युवाओं की जान चली गई। उन्होंने कहा, हम शोकसंतप्त परिजन के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। उन्होंने बताया कि इससे पहले, पटेल नगर में जलभराव के बाद करंट लगने से एक सिविल सेवा परीक्षा के एक अन्य अभ्यर्थी की मौत हो गई थी। कांग्रेस अध्यक्ष ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, खबरों के मुताबिक, पिछले कुछ दिन में, करंट लगने से आठ लोगों की जान गई है। दिल्ली को कांग्रेस ने अंतरराष्ट्रीय स्तर का शहर बनाया था। आज भारत की राजधानी उदासीनता का दंश झेल रही है। आए दिन हादसे होते रहते हैं।

## विदेश मंत्री ने टोक्यो में महात्मा गांधी की प्रतिमा का किया अनावरण

एजेंसी

टोक्यो। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने रविवार को कहा कि महात्मा गांधी का यह शाश्वत संदेश संघर्ष, ध्रुवीकरण और रक्तपात देख रही दुनिया पर आज भी लागू होता है कि समाधान युद्ध के मैदान से नहीं निकलते और कोई भी युग युद्ध का युग नहीं होना चाहिए। जयशंकर ने यह टिप्पणी टोक्यो के एडोगावा स्थित फ्रीडम प्लाजा में महात्मा गांधी की प्रतिमा का अनावरण करते समय की। जयशंकर क्वाड (चतुष्पक्षीय सुरक्षा संवाद) देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक के लिए लाओस से दो दिवसीय यात्रा पर रविवार को जापान पहुंचे। जापान में भारत के राजदूत सिबी जॉर्ज ने उनका स्वागत किया। जयशंकर ने कार्यक्रम के दौरान गांधी के शाश्वत संदेशों पर बात की। उन्होंने कहा, मैं आज यह कहना चाहता हूं कि जब हम दुनिया में इतना संघर्ष, इतना तनाव, इतना ध्रुवीकरण, इतना खून-खराबा देख रहे हैं, तो गांधी जी का यह संदेश बहुत महत्वपूर्ण है कि समाधान युद्ध के मैदान से नहीं निकलते और कोई भी युग, युद्ध का युग नहीं होना चाहिए। यह संदेश आज भी उतना ही प्रासंगिक है, जितना 80 साल पहले था। जयशंकर ने कहा, उनका (गांधी का) दूसरा संदेश स्थिरता, जलवायु अनुकूलन, हरित विकास, हरित नीतियों के संदर्भ में है। गांधी जी सतत विकास के मूल पैगंबर थे। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी प्रकृति के साथ सामंजस्य स्थापित कर जीने के सबसे बड़े समर्थक थे। विदेश मंत्री ने कहा, इसलिए गांधी जी का संदेश केवल सरकारों के लिए नहीं है, बल्कि इसे हर किसी को अपने निजी जीवन में अपनाना चाहिए। यह एक ऐसी चीज है, जिसे हम (अगली पीढ़ियों को) आगे पहुंचाते हैं। गांधी जी निश्चित रूप से समावेशिता के समर्थक थे और इसी चीज को हम आज भारत और दुनिया भर में देख रहे हैं।



## बाल्मीकि समाज के पैसे में हेराफेरी अन्याय

एजेंसी

बेंगलुरु। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मुख्यमंत्री सिद्धरमैया पर निशाना साधते हुए उनसे पूछा कि क्या आदिवासी वाल्मीकि समुदाय के पैसे की हेराफेरी करना न्याय है।

कर्नाटक महर्षि वाल्मीकि अनुसूचित जनजाति निगम में 88 करोड़ रुपये के अवैध अंतरण सहित 187 करोड़ रुपये के घोटाले का जिक्र करते हुए सीतारमण ने सिद्धरमैया पर तथ्यों को छिपाने और केंद्र सरकार पर दोष मढ़ने की कोशिश करने का आरोप लगाया, क्योंकि इसमें एक राष्ट्रीयकृत बैंक के बैंक अधिकारी शामिल थे।



सिद्धरमैया ने आरोप लगाया था कि केंद्रीय वित्त मंत्री को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए क्योंकि इसमें बैंक शामिल थे। सीतारमण ने कहा, वह ऐसा इसलिए कह सकते हैं क्योंकि उन्हें इस तरह की बातें करने की आदत है, यह बहुत गैरजिम्मेदाराना है। आपके मंत्री ने इस्तीफा दिया, आपके लोग कह रहे हैं कि पैसा निजी खातों में जमा किया गया। मंत्री ने कहा कि बैंक अधिकारियों के खिलाफ पहले ही कार्वाई की जा चुकी है और आगे भी उनके खिलाफ कार्वाई की जाएगी। उन्होंने कहा, निश्चित रूप से उन्हें कोई संरक्षण नहीं दिया जाएगा। हालांकि, उन्होंने सवाल किया, किसकी चूक पर एक मंत्री को इस्तीफा देना पड़ा? दोष मढ़ने का प्रयास किया गया, यह कहा गया कि कोई घोटाला नहीं हुआ है।

○ वित्त मंत्री ने मुख्यमंत्री सिद्धरमैया पर साधा निशाना

## चीन में भूस्खलन से 12 की मौत, छह अन्य घायल

एजेंसी

बीजिंग। चीन के हुनान में रविवार को भारी बारिश के कारण भूस्खलन होने से एक मकान ढह गया, जिसमें 12 लोगों की मौत हो गई जबकि छह अन्य घायल हो गए।

प्रांतीय आपातकालीन कमान केंद्र ने बताया कि भूस्खलन हेंगयांग शहर के यूलिन गांव में सुबह करीब आठ बजे हुआ।

उसने बताया कि भूस्खलन होने से मकान का एक हिस्सा ढह गया, जिससे 18 लोग दब गए। बचावकर्मियों ने 12 शव बरामद किये हैं जबकि छह व्यक्ति घायल हैं। बताया जा रहा है कि भूस्खलन पहाड़ पर अचानक आयी बाढ़ की वजह से हुआ। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

चीन की सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ में प्रकाशित खबर में बताया गया कि घटनास्थल पर राहत एवं बचाव अभियान के लिए 240 से अधिक कर्मी भेजे गए हैं।

चीन में पिछले सप्ताह एक उष्णकटिबंधीय तूफान से कई हिस्सों में बारिश हुई थी।

### इंटरटेनमेंट...

## यश की 'टॉक्सिक' में सेकंड लीड नहीं हैं तारा सुतारिया

मुंबई। बॉलीवुड एक्ट्रेस तारा सुतारिया ने केजीएफ स्टार यश की अगली फिल्म 'टॉक्सिक' का हिस्सा बनने की खबरों पर अपनी चुप्पी तोड़ी है। तारा ने खुद उन अफवाहों का खंडन करते हुए सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर की है जिनमें कहा जा रहा था कि वो फिल्म की सेकंड लीड हीरोइन होंगी।

उन्होंने इंस्टाग्राम स्टोरीज में लिखा, 'एक प्रोजेक्ट के सिलसिले में पिछले दिनों से जो आर्टिकल छप रहे हैं वो गलत हैं और मुझसे पूछकर शेयर नहीं किए गए हैं। जब भी कुछ शेयर करने लायक होगा, मैं आप सबको जरुर बताऊंगी।' दरअसल, कहा जा रहा था कि तारा फिल्म में सेकंड लीड के तौर पर नजर आएंगी जबकि कियारा आडवाणी लीड एक्ट्रेस होंगी। इस पर भी तारा ने अपनी पोस्ट में तंज कसते हुए कहा, 'कोई किसी के बाद सेकंड नंबर पर नहीं है।' 'टॉक्सिक' फिल्म में यश के अपोजिट कौन एक्ट्रेस होंगी,




इसपर कई कयास लगाए जा रहे हैं। कहीं किसी रिपोर्ट में करीना कपूर का नाम लिया जा रहा है, तो कहीं श्रुति हासन, सई पल्लवी और कियारा आडवाणी का। फिल्म के मेकर्स ने 23 मार्च को सोशल मीडिया पर एक ऑफिशियल पोस्ट शेयर किया था। पोस्ट में लिखा था- 'टॉक्सिक' की कास्टिंग से जुड़ी कई झूठी थ्योरी और खबरें हर तरफ फैली हुई हैं। हम वास्तव में 'टॉक्सिक' प्रोजेक्ट के लिए लोगों के एक्साइटमेंट की तारीफ करते हैं। लेकिन इस पॉइंट पर हम सभी से अटकलों से बचने की गुजारिश करेंगे। 'टॉक्सिक' फिल्म गोवा के बैकग्राउंड पर बेस्ड होगी। केजीएफ की तरह ही ये भी एक पीरियड क्राइम ड्रामा होगी। 60 के दशक में गोवा में रशियन और ड्रग्स माफिया की घुसपैठ थी। वहां यश का किरदार किस तरह रशियन साम्राज्य को चुनौती देगा- फिल्म की कहानी इसी के इर्द-गिर्द बुनी होगी।

केजीएफ सीरीज की तरह यह भी फिल्म एक्शन थ्रिलर होगी। सूत्रों ने बताया- इस फिल्म में यश खुद भी एक प्रोड्यूसर के तौर पर रहेंगे। 'टॉक्सिक' को 100 करोड़ से ऊपर के बजट में बनाया जा रहा है। यश को फिल्म का प्लॉट इतना पसंद आया है कि वो बाकी प्रोजेक्ट्स को साइडलाइन कर फिलहाल अपना पूरा ध्यान इसी पर लगा रहें हैं।

## समीर ने फिल्म इंडस्ट्री की कड़वी सच्चाई बतायी

बागबान एक्टर समीर सोनी ने हाल ही में एक्टिंग की दुनिया की कड़वी सच्चाई पर बात की है। उन्होंने बताया कि किसी भी शख्स को गुड लुक्स के आधार पर इस प्रोफेशन में नहीं आना चाहिए। समीर ने आगे राजेश खन्ना का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा एक वक्त लड़कियों के बीच राजेश खन्ना की ऐसी दीवानगी थी कि वे उनकी काम को चूमा करती थीं। वहीं डाउनफॉल के बाद सेट पर कोई राजेश खन्ना के पास बात भी नहीं करने जाता था। इंटरव्यू में समीर ने कहा- एक फिल्म बनाने में 100 दिन लगते हैं। एक एक्टर की असल जिंदगी क्या होती है, क्या कभी किसी ने पूछा? नवाजुद्दीन सिद्दीकी चौकीदार थे और यह हकीकत है, झूठ नहीं है। एक समय था जब लड़कियां राजेश खन्ना की कार रोकती थीं और उसे चूमती थीं।

## डायरेक्शन से ऊब गये हैं महेश भट्ट

मुंबई। हाल ही में फिल्ममेकर महेश भट्ट ने घोषणा की है कि वे अब फिल्म डायरेक्शन की दुनिया में वापसी नहीं करेंगे। 2020 में आई उनकी आखिरी फिल्म 'सड़क 2' को खराब रिस्पॉन्स मिला था। फिल्म में आलिया भट्ट ने मुख्य भूमिका निभाई थी।

इंडियन एक्सप्रेस को दिए इंटरव्यू में भट्ट ने कहा कि वे अब डायरेक्टर के बजाए मेंटर बनकर ज्यादा खुश हैं। उन्होंने कहा, 'जो लोग सफल होते हैं, उनके पास समय के साथ अपनी छाप छोड़ने की तड़प होती है। अब मुझमें एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में अपनी छाप छोड़ने की इच्छा नहीं है। यह तड़प विक्रम (भट्ट) के पास है, अविका



(गौर) के पास भी है। लेकिन, मैं पुराना हो चुका हूं। अब मुझे नए टैलेंट को दिशा देने में खुशी मिलती है। मेरे लिए लोगों को क्रिएट करने से ज्यादा संतोषजनक कुछ नहीं हो सकता।

## मैगजीन ने शाहरुख का इंटरव्यू किया था रिजेक्ट

**मुंबई।** जब फिल्मों से पहले शाहरुख खान टीवी में काम कर रहे थे, तब उनका इंटरव्यू पॉपुलर मैगजीन ने रिजेक्ट कर दिया था। मैगजीन के संपादक का कहना था कि शाहरुख कोई स्टार नहीं हैं, जिनका इंटरव्यू छापा जाए। इस बात का खुलासा हालिया इंटरव्यू में जर्नलिस्ट और राइटर मुश्ताक शेख ने किया है।

बात करते हुए मुश्ताक ने उस घटना को याद किया, जब शाहरुख मुंबई आए ही थे और फिल्मों में पहचान बनाना बाकी था। शाहरुख को उस वक्त टीवी शो फौजी से बहुत पॉपुलैरिटी मिली थी। मुश्ताक उस वक्त एक इंडिपेंडेंट जर्नलिस्ट के तौर पर एक्टिव थे। उन्होंने शाहरुख का इंटरव्यू लिया था। इस बारे में मुश्ताक



ने आगे कहा- जब मैं शाहरुख का इंटरव्यू लेकर अपने संपादक के पास गया तो उन्होंने इसे अच्छा इंटरव्यू नहीं माना। संपादक ने कहा कि शाहरुख फिल्म स्टार नहीं हैं। मुश्ताक ने बताया कि जिस पत्रिका के लिए वे काम करते थे, वो फिल्मी सितारों पर केंद्रित थी। उन्होंने कहा- उस वक्त शाहरुख टीवी का बड़ा चेहरा थे, लेकिन फिल्मों में नहीं आए थे। हालांकि वे उस वक्त भी इतने ही प्रभावशाली और मजाकिया थे, जितने आज हैं। शाहरुख ने उस वक्त इंटरव्यू में कहा था- मैं नंबर वन बनना चाहता हूं, मैं नंबर वन हूं और नंबर वन बनूंगा। उनके पास फिल्म इंडस्ट्री को देखने का एक नजरिया था जो किसी और के पास नहीं था। उन्होंने उस वक्त किसी के बारे में बुरा भी कहा था।

मुश्ताक ने कहा कि संपादक के रिजेक्ट करने के बाद उन्होंने शाहरुख का इंटरव्यू किसी दूसरे मीडिया समूह को दे दिया था।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com